www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –192 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23






एजेंसियां बीजेपी की मुख्य 'पन्ना प्रमुख' पृष्ठ 2
■ राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार?
■ मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका पृष्ठ 6
■ इजरायली टैंकों ने उत्तरी गाजा पट्टी पर हमला किया
■ अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 22 की मौत पृष्ठ 7
थोड़ा हैरान हूं, लेकिन टीम के लिए जो करना होगा करूंगा : स्मिथ पृष्ठ 8

# कतर ने 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को सुनाई फांसी की सजा

## भारतीय दूतावास को गिरफ्तारी की तुरंत नहीं दी गई थी जानकारी



■ भारत सरकार ने फैसले पर जताई हैरानी
■ छुड़ाने के कानूनी रास्ते खोज रही सरकार
■ एक साल से अलग-अलग जेलों में कैद
■ आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया गया

**दोहा, 26 अक्टूबर** (एजेंसियां)। कतर की एक अदालत ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई है। ये एक साल से कतर की अलग-अलग जेलों में कैद हैं।

भारत सरकार ने इस पर हैरानी जाहिर की है। उन्हें छुड़ाने के लिए कानूनी रास्ते खोजे जा रहे हैं। कतर सरकार ने 8 भारतीयों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टेन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टेन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश। कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इंडियन नेवी के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया। हालांकि भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। 30 सितंबर को इन भारतीयों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी देर के लिए टेलीफोन पर बात करने की अनुमति दी गई। पहली बार कॉन्सुलर एक्सेस 3 अक्टूबर को गिरफ्तारी के एक महीने बाद मिला। इस दौरान भारतीय दूतावास के एक अधिकारी को इनसे मिलने दिया गया। इसके बाद इन लोगों को हर हफ्ते परिवार के सदस्यों को फोन करने की अनुमति दी गई। दूसरा कॉन्सुलर एक्सेस दिसंबर में दिया गया।

**कतर की निजी कंपनी में काम करते थे**–भारत के 8 पूर्व नौसैनिक कतर में दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। यह कंपनी डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। उन्हें भी 8 भारतीय नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन नवंबर में उन्हें छोड़ दिया गया।

**पूर्णेन्दु को मिल चुका है प्रवासी भारतीय सम्मान** –दाहरा कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर रिटायर्ड कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी को भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सेवाओं के लिए साल 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार मिला था। यह पुरस्कार पाने वाले वे आर्म्स फोर्सेज के एकमात्र शख्स हैं।

उस वक्त दोहा में तब के भारतीय राजदूत पी कुमारन और कतर डिफेंस फोर्सेज इंटरनेशनल मिलिट्री कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख ने भी पूर्णेन्दु का स्वागत किया था।

# युवाओं को नौकरी नहीं इसलिए कर्ज में डूब रहे किसान: बिस्वा सरमा

## नरवा, गरवा, घुरवा,बाड़ी बना भ्रष्टाचार का पर्याय : चुन्नीलाल



**महासमुंद,26 अक्टूबर** (देशबंधु)। स्थानीय हाईस्कूल मैदान में भाजपा के नामांकन रैली सभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने छग सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने कभी गरीबों की सुध नही ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने छग के गरीब जनता के लिए 16 लाख पक्का मकान भेजा था लेकिन एक भी मकान नही बनाया। वही असम के लिए 15 लाख मकान गरीबों को बनाकर दो साल में दिया गया है। ये वही भूपेश बघेल है जिन्होंने असम के चुनाव में जाकर युवाओं को कहते थे कि असम में कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन हमने 1 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात कही और 90 हजार युवाओं को नौकरी दिया। उन्होंने कहा कि छग में युवाओं को भूपेश बघेल की सरकार ने नौकरी नही दिया जब प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से नौकरी मिली तो अपने लोगों को नौकरी बांट दिया। श्री बिस्वा से युवाओं से पूछा कि यहां नौकरी चाहिए या, बेरोजगारी भत्ता। इसी तरह असम सरकार माता-बहनों को 1250 रुपए देने का वादा पूरा किया है। भूपेश बघेल की सरकार ने यहां लोगों को झूठ बोलकर भ्रष्टाचार किया है। शराब की दुकानें जगह-जगह खोलकर उसमें मिलीभगत कर पैसा कमाने का काम किया है। धान की खरीदी केंद्र सरकार करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धान खरीदी के लिए 80-85 प्रतिशत राशि केंद्र से भेजती है लेकिन कभी भी उनके नाम का जिक्र नही किया गया। 15 फीसदी राशि लगाकर उक्त योजना को राजीव न्याय योजना का नाम देकर लोगों को ग़ुमराह किया जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री ने केंद्र की अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए किसानों के कर्ज माफी की बातों पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने किसी भी किसान के बेटे को छग में नौकरी नही दी इसलिए किसानों को कर्ज लेने की नौबत आई। यदि किसान बेटों को नौकरी दिया गया होता तो किसानों को कर्ज लेने की जरूरत नही पड़ती। उन्होंने छग में धंर्मातरण होने का आरोप सरकार पर लगाते हुए कहा कि यहां सनातन पर हमला हो रहा है और षड़यंत्र करके आदिवासियों का धंर्मातरण कराया जा रहा। नामांकन रैली सभा में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि जब असम के प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज खुल सकता है तो छग में क्यों नही। विकास की ओर कांग्रेस की छग सरकार का ध्यान नही है। इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि छग की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मन जनता ने बना लिया है। जिले चारों सीट पर कमल का परचम लहराएंगे। सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी भ्रष्टाचार के चार चिन्हारी बनकर रह गया है। रेत, मुरम, घोटाले के बाद कोयला के कालिख से मुंह पोते हुए है अब तो गोबर घोटाला भी सामने आ गया है। महासमुंद के भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सभी त्यौहार साल में एक बार आता है किंतु लोकतंत्र का त्यौहार 5 साल में एक बार आता है। आपका प्रत्येक वोट अवैध कारोबारियों को जड़ से उखाड़ फेंकेगा। खल्लारी भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर ने कहा कि छग सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई गंगाजल लेकर दाऊ बंद करने की कसम खाई थी किंतु आज गली-गली में दाऊ बिकवाकर कांग्रेस के लोग जेब भर रहे है। स्वसायतहा बहनों का कर्ज माफ नही हुआ। बसना के भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल ने कहा कि विकास के लिए छग में डबल इंजिन की सरकार चाहिए। सरायपाली प्रत्याशी सरला ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सार संक्षेप**

### कुपवाड़ा के मच्छेल में पांच आतंकी ढेर

**जम्मू।** भारतीय सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में एलओसी पार करने का प्रयास कर रहे आतंकियों में से पांच को ढेर कर दिया है। कुछेक के साथ अभी भी मुठभेड़ जारी थी और कुछेक वापस पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भागने में कामयाब रहे थे। पांच दिनों के भीतर एलओसी पर यह दूसरा घुसपैठ का प्रयास है। इससे पहले दो आतंकियों को उड़ी में मार गिराया गया था।

### भारत हमास को घोषित करें आतंकवादी संगठन : इजरायल

**नई दिल्ली।** हमास के आंतंकी हमले के बाद भारत से मिले समर्थन के बाद इजरायल ने एक बडी मांग की है। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि उनका देश चाहता है कि भारत हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमास को,भारत में भी आधिकारिक तौर पर एक आतंकवादी संगठन के रूप मे नामित किया जाना चाहिए, जैसा कि कई अन्य देशों ने किया है। इनमें अधिकांश यूरोपीय देश, अमेरिका और कनाडा जैसे लांकतंत्र शामिल हैं।

### क्या एक पार्टी तक सीमित हैं भगवान : खुर्शीद

**नई दिल्ली।** अयोध्या में होने जा रहे राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले औपचारिक निमंत्रण के एक दिन बाद इस पर सवाल खडे किए जाने लगे हैं। गुरुवार को कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने आरोप लगाते हुए कहा कि अगले साल 22 जनवरी को होने जा रहे राममंदिर विग्रह प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सिर्फ एक पार्टी का आयोजन बनाया जा रहा है। सलमान खुर्शीद ने सवाल किया कि क्या अब भगवान एक पार्टी तक सीमित हो गए है।

### सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में सजा पर सुनवाई 7 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए पांच व्यक्तियों के खिलाफ सजा की मात्रा पर बहस की सुनवाई 7 नवंबर के लिए तय की है। 18 अक्टूबर को, अदालत ने चार आरोपियों को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया था।

### बीएस येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**बेंगलुरु।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को 'खतरे' को देखते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

# राहुल और नड्डा का 28-29 को प्रदेश दौरा



■ राहुल गांधी भानुप्रतापपुर और कवर्धा में भरेंगे चुनावी हुंकार
■ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। राहुल गांधी चुनाव में कांग्रेस का दबदबा बनाने 28 और 29 अक्टूबर को दो दिनों तक प्रदेश का दौरा करेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 28 और 29 अक्टूबर को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी फरसगांव, भानुप्रतापपुर और कवर्धा में जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ में चुनावी बिगुल बज चुका है। इसके बाद से सभी राजनीतिक दलों के नेता चुनावी मैदान में उतरकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं और अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जारी कार्यक्रम के मुताबिक 28 अक्टूबर को रात 8 बजे से 9.30 बजे तक प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित बैठक में सामिल होंगे। इसके बाद भोजन, फिर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक एकामत्म परिसर में बैठक लेंगे। 11 से 11.30 बजे तक अमलीडीह में मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे, जहां से वे डोंगरगढ़ विधानसभा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### कर्नाटक में खड़े ट्रक में एसयूवी घुसी, 13 की मौत

**चिक्कबल्लापुर,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु के पास चिक्कबल्लापुर के बाहरी इलाके में बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गुरुवार को एक एसयूवी खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि वह मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। इस दौरान सीएम ने सभी मृत व्यक्तियों के परिवारों के लिए 2-2 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की। पुलिस ने 12 शवों की पहचान कर ली है और एक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## कांग्रेस को सता रहा डर, चुनाव के समय ही याद आती है कर्जमाफी : रविशंकर



**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद तीन दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में तीन चार दिन रहूंगा। अलग-अलग विधानसभा जाऊंगा। छत्तीसगढ़ को लेकर मेरा अनुभव है, यहां अच्छी हवा है। भाजपा निश्चित तौर पर जीत रही है। सीएम भूपेश बघेल द्वारा कर्जमाफी सहित अन्य घोषणाओं पर रविशंकर ने कहा, 2018 के चुनाव में भी ऐसी ही कहा था। चुनाव आता है तो कर्जमाफ़ी याद आती है। इनको डर सता रहा है। हताशा का परिचय है। छत्तीसगढ़ की जनता को जितना मैं जानता हूं, वो ऐसे झूठ और जुमलेबाजों से बचते हैं।

# दीवाली में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे पटाखे

## प्रदेश में हरित पटाखों का ही होगा विक्रय एवं उपयोग

■ दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के लिए उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रियूनल के निर्देश
■ रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ तथा कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक पटाखों का जलाना प्रतिबंधित

**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/ क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है। दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/ क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस/नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। शीत ऋतु में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19 की उपधारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह को 10 दिन में मिला तीसरा नोटिस



■ बिना अनुमति प्रचार करने पर निर्वाचन अधिकारी ने मांगा जवाब

**मनेन्द्रगढ़**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर-सोनहत में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रेणुका सिंह द्वारा बिना पूर्व अनुमति लिये प्रचार-प्रसार करने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

रेणुका सिंह के द्वारा 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मंटोलिया, ग्राम पंचायत धोवाताल, ग्राम पंचायत भवरखोह, ग्राम पंचायत चुटकी ग्राम पंचायत खेतौली, ग्राम पंचायत बहरासी, ग्रमा पंचायत जनकपुर, ग्राम पंचायत खादाखोह में प्रचार-प्रसार किया गया था। जिसकी पुष्ट शिकायत रिर्टनिंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर-सोनहत द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखित प्रतिवेदन के साथ की थी। जिला निवार्चन अधिकारी ने प्रत्याशी को 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है।

## भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार करने का काम किया हमारी पार्टी भाजपा को सपोर्ट करेगी : अठावले



**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय न्याय अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले आज रायपुर दौरे पर है, रायपुर प्रेस क्लब, मोती बाग में आयोजित पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, मेरी पार्टी उतनी स्ट्रॉन्ग नहीं है, आरपीआई नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए में चल रही है। हमारी पार्टी ने निर्णय लिया है कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सपोर्ट करेंगे। 90 सीटों पर एक भी कैंडिडेट नहीं खड़े कर बीजेपी का सपोर्ट करेंगे।

उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार करने का काम किया, रमन सिंह ने दारू बंदी करने का काम शुरू किया था, लेकिन इस सरकार ने बढ़ाने का काम किया। रमन सिंह के कार्यकाल में जनजातियों के लिए भी काम हुआ। हाईवे का बनाने का काम भी नितिन गडकरी ने किया। पीएम मोदी की सरकार ने 370 हटाने का फैसला किया, अमित शाह जी ने साथ दिया और अब वहां शांति है, अब हर जगह तिरंगा झंडा लहरा रहा है, आतंकवादी के मरने में सैकड़ों लोग जाते थे, अब कोई नहीं जाता है। आतंकवाद कम हो रहा है लेकिन बीच बीच ने घटनाएं हो जाती हैं।

**हमारी एनडीए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया**–महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, यह बिल बहुमत से नहीं बल्कि एक मत से पास हुआ। सवर्णों के लिए आरक्षण के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

कैश फॉर क्वेरी मामला

## आचार समिति ने महुआ को 31 को किया तलब



**नई दिल्ली**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले की जांच कर रही लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को अपनी सफाई देने के लिए 31 अक्टूबर को तलब किया है। इससे पहले गुरुवार को महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा स्पीकर से शिकायत करने वाले निशिकांत दुबे और एडवोकेट जय अनंत देहाद्राई ने विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाली एथिक्स कमेटी के सामने पेश होकर महुआ मोइत्रा के खिलाफ अपना बयान दर्ज करवाया और सारे तथ्यों को कमेटी के सामने रखा। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे और गिफ्ट लेकर सदन में सवाल पूछने को लेकर की गई शिकायत को जांच के लिए सदन की एथिक्स कमेटी को भेज दिया था।

**निशिकांत दुबे पर उठे सवाल**-कमेटी में शामिल विपक्ष के एक सदस्य ने कहा कि क्योंकि निशिकांत दुबे की डिग्री पर महुआ ने सवाल उठाए गए थे इसलिए यह मामला उन्होंने उठाया है।

**राजस्थान में ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई**

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के घर छापेमारी



■ मुख्यमंत्री अशाक गहलोत के बेटे को हाजिर होने का समन
■ 11 स्थानों पर छापेमारी निर्दलीय विधायक हुडला के घर पर भी छापा

**जयपुर,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। ईडी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के घर छापेमारी की है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव के खिलाफ समन जारी किया है। उन्हें यह समन विदेशी मुद्रा अधिनियम, 1999 की धारा 37(1) और (3) के अंतर्गत जारी किया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने एक्स पर किए एक पोस्ट में प्रवर्तन निदेशाल के समन को लेकर जानकारी दी है। साथ ही इसी पोस्ट में उन्होंने ईडी की सिलसिलेवार कार्रवाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना भी साधा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा 'भाजपा नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।' मुख्यमंत्री ने गुरुवार की घटना पर चर्चा के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। छापेमारी की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, सत्यमेव जयते।

### मोदी के सभी वादे 'खाली लिफाफे' हैं: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को दावा किया कि उनके खाली लिफाफे वाले बयान से भाजपा उनसे इतनी नाराज हो गई कि उन्होंने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए महिला आरक्षण, ओबीसी जाति जनगणना, ईआरसीपी जैसे सभी वादे केवल 'खाली लिफाफे' हैं।

**प्रदूषण** कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचंकाक 300 के पार

# दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई खराब

■ आगे और होंगे हालात खराब, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार है। बृहस्पतिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जबकि चार इलाकों में 300 के पार रहा जोकि खराब श्रेणी है।**

वहीं, बुधवार के मुकाबले 12 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, चार इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके साथ ही, 26 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार तक बनी रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली का धुआं धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे स्मॉग देखने को मिल रहा है। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है।

**आनंद विहार में सूचकांक 311 दर्ज**–सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इनमें आनंद विहार व शादीपुर में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें आनंद विहार में सूचकांक 311, शादीपुर में 303, नेहरू नगर में 302 और बवाना में 301 दर्ज किया गया। वहीं, जहांगीरपुरी में 297, द्वारका सेक्टर-8 में 224, मुंडका में 291, एनएसआईटी द्वारका में 291, पंजाबी बाग में 273, नरेला में 265, पटपड़गंज में 259 समेत 26 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 171, डीटीयू में 193 व दिलशाद गार्डन में 198, पूसा में 184 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा।

**ग्रेटर नोएडा में सूचकांक 260 रहा**–केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 260 रहा। वहीं, दिल्ली में 256, फरीदाबाद में 254 गाजियाबाद में 235 व गुरुग्राम में 230 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# देश

**उवाच** "वैज्ञानिक तरीके से फसलों के बीज उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि इससे देश की जरुरतों को पूरा किया जा सकेगा और दुनिया को इनका निर्यात भी किया जा सकेगा जिसका सबसे अधिक लाभ किसानों को मिलेगा। देश में वैज्ञानिक ढंग से तैयार बीज भरपूर मात्रा में किसानों को उपलब्ध नहीं है जिससे नुकसान हो रहा है। प्रमाणिक बीज किसानों तक उपलब्ध कराने के लिए इसका उत्पादन बढाना होगा:- **अमित शाह, गृह एवं सहकारिता मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.8 | 15.8 |
| मुंबई | 36.1 | 22.4 |
| कोलकाता | 32.7 | 24.4 |
| चेन्नई | 32.6 | 24.1 |

# देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों पर फोकस की जरूरत: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हवाई युद्धनीति के क्षेत्र में नए रुझान सामने आए हैं और रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। सिंह ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से देश के वायु क्षेत्र की रक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, ड्रोन के उपयोग और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। दिल्ली में गुरुवार को शुरू हुई दो दिवसीय एयरफोर्स कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में राजनाथ ने यह बात कही। सत्र के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने रक्षा मंत्री को भारतीय वायुसेना की परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी। कमांडरों को संबोधित करते हुये राजनाथ सिंह ने परिचालन तैयारियों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और तीनों सेवाओं द्वारा संयुक्त योजना और संचालन के कार्यान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वायुसेना कमांडरों से तेजी से बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने और भारतीय संदर्भ में उनका आकलन करने का आग्रह किया।



**रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। देश के वायु क्षेत्र की रक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, ड्रोन के उपयोग और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया:- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने कहा, 'वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।' सिंह ने हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हाल के मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशनों के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा निभाई गई शानदार भूमिका की सराहना की। उन्होंने प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड और एयर डिस्प्ले के सफल आयोजन के लिए भी भारतीय वायुसेना को बधाई दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि द्विवार्षिक रूप से आयोजित सम्मेलन में वर्तमान भू-राजनीतिक वातावरण और तकनीकी अनिवार्यताओं को देखते हुए एलएएफ के आगे का मार्ग तैयार करने पर चर्चा शामिल है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की निपुण हस्तियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### खराब वाहनों की नीलामी से मिला 55 करोड़ रुपए का राजस्व : रक्षा मंत्रालय

रक्षा मंत्रालय के ऐसे वाहन जो खराब हो चुके हैं, उन्हें बेचकर 55 करोड रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। यह प्रक्रिया रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। इसी अभियान के अंतर्गत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 अक्टूबर को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के सचिवालय में सफाई का निरीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंत्रालय ने साउथ ब्लॉक में फर्नीचर स्क्रैप और फोटोकॉपियर मशीनों जैसे अप्रचलित और बेकार आईटी उपकरणों के निपटान से 5.34 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। मंत्रालय ने बताया कि खराब हो चुके वाहनों की नीलामी से भी 55 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। स्वच्छता की इसी भावना को ध्यान में रखते हुए चल रहे विशेष अभियान 3.0 के दौरान एक पुराने अप्रयुक्त कमरे का कचरा साफ किया गया और उसका नवीनीकरण किया गया तथा उसे 'महिला विश्राम कक्ष' में रूपांतरित कर दिया गया, जहां कर्मचारी दोपहर के भोजन के दौरान खुद को तरोताजा कर सकते हैं।

**फलैग-कांग्रेस ने चुनावी राज्य राजस्थान में ईडी की छापेमारी की निंदा की, कहा**

# एजेंसियां बीजेपी की मुख्य 'पन्ना प्रमुख'

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चुनावी राज्य राजस्थान में पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के परिसर सहित 11 स्थानों की तलाशी लेने और पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गेहलोत को तलब करने पर अपना गुस्सा व्यक्त किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, 'जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता है, ईडी, सीबीआई और आईटी भाजपा के लिए मुख्य 'पन्ना प्रमुख' बन जाते हैं। राजस्थान में अपनी निश्चित हार को देखते हुए, भारतीय जनता पार्टी ने अपना आखिरी दांव खेला।' उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ के बाद, ईडी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान में भी कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मोदी सरकार की तानाशाही लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। हम एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे और जनता भाजपा को इसका कड़ा जवाब देगी।' कई स्थानों पर ईडी की तलाशी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, गहलोत ने कहा, 25 अक्टूबर को, कांग्रेस ने राज्य में महिलाओं के लिए गारंटी की शुरुआत की। 26 अक्टूबर को, राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के परिसरों की ईडी ने तलाशी ली। मेरे बेटे वैभव गहलोत की भी तलाशी ली गई। ईडी के सामने पेश होने के लिए समन भेजा गया।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'अब आप समझ सकते हैं कि मैं क्यों कह रहा हूं कि राजस्थान में ईडी की छापेमारी होती रहती है, क्योंकि भाजपा नहीं चाहती कि महिलाओं, गरीबों, किसानों को कांग्रेस द्वारा वादा किया गया गारंटी मिले।' उन्होंने अपने बेटे वैभव को फेमा के तहत ईडी के समन की प्रति भी संलग्न की।



**जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता है, ईडी, सीबीआई और आईटी भाजपा के लिए मुख्य 'पन्ना प्रमुख' बन जाते हैं। राजस्थान में अपनी निश्चित हार को देखते हुए, भारतीय जनता पार्टी ने अपना आखिरी दांव खेला:-मल्लिकार्जुन खड़गे**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी सरकार पर पलटवार करते हुए कहा, 'पिछले हफ्ते अशोक गहलोत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे., आज एक बार फिर राजस्थान में ईडी सक्रिय हो गई है, मोदी जी सीधे चुनाव लड़ें' केंद्रीय एजेंसियों की मदद न लें।'

# राम मंदिर पूरे देश और सनातनियों का है: कमलनाथ



छिंदवाड़ा। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि राम मंदिर पूरे देश और सनातनियों का मंदिर है। छिंदवाड़ा के शिकारपुर में अपने आवास पर अयोध्या राम मंदिर और भाजपा की बयानबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने सवाल करते हुए कहा कि राम मंदिर क्या बीजेपी का मंदिर है, यह राम मंदिर पूरे देश का है, सनातनियों का है। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से घोषित किए गए उम्मीदवारों में बदलाव किए जाने के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि जिन उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई और जिन स्थानों को लेकर न्यायालय के फैसले आए हैं, वहां पर उम्मीदवारों को बदला गया है। दरअसल, राज्य में कांग्रेस अब तक सात उम्मीदवारों को बदल चुकी है और आने वाले दिनों में कुछ उम्मीदवारों को बदला जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने आगे कहा कि प्रदेश की तस्वीर हर मतदाता के सामने है और वह भ्रष्टाचार से लेकर बेरोजगारी, कमीशनखोरी से परेशान हैं।

# कांग्रेस ने दलितों के लिए कुछ नहीं किया: केसीआर

**अचम्पेट,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने वृहस्पतिवार को अचम्पेट में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दलितों के लिए कुछ नहीं किया। दलित समाज को सोचना चाहिए कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने दलितों के बारे में नहीं सोचा, उनका वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। यदि नेहरू के समय में दलित बंधु योजना लागू किया गया होता तो दलितों की स्थिति बेहतर होती। केसीआर ने दलित बंधु योजना को जन्म दिया। हमने आदिवासियों को पोडु भूमि दी। क्या किसी ने दिया है ? साथ ही आदिवासियों को भी रायथु बंधु का भुगतान किया।



मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि तेलगूदेशम और कांग्रेस के शासन के समय उन्होंने किसानों को एक रुपया भी नहीं दिया। केसीआर ने किसानों के चेहरे पर निखार लाने के लिए रायथु बंधु योजना शुरू की। हम रायतु बंधु योजना के लिए पंद्रह हजार करोड दे रहे हैं। हमने इसमें पांच हजार रुपये प्रति एकड़ की बढ़ोतरी की और हमने इसे घोषणा पत्र में रखा है। हमने इसे 16 हजार रूपए प्रति वर्ष तक बढ़ाने का वादा किया है। इसे एक निश्चित तरीके से बढ़ाने का वादा किया गया है। तेलंगाना में तीन करोड़ टन धान की कटाई कर देश को आपूर्ति की जायेगी। 93 लाख राशन कार्डधारी परिवारों को छोटा चावल देने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया। जब भी तेलंगाना चाहिए था, कई लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 1969 में चेन्ना रेड्डी के नेतृत्व में 400 लोगों को पीट-पीट कर मार डाला गया। लाखों लोगों को जेलों में डाल दिया गया। जनता को सही व्यक्ति को चुनाव जिताना चाहिए, तभी जीवन बेहतर बनेगा। जब तक मैने अपना सिर मौत के मुंह में नहीं डाल दिया और तेलंगाना जययात्रा का नारा लगाते हुए आमरण अनशन पर नहीं बैठ गया, तब तक तेलंगाना नहीं आया। मैने पूरे तेलंगाना में आंदोलन की लहर बना दी। तब तेलंगाना आया और पूरा राज्य बच गया। मैंने तेलंगाना और आपके बच्चे की रक्षा के लिए अपनी भूमिका निभाई है। क्या मुझे लड़ाई खुद ही लड़नी चाहिए ? अब आपको लड़ना होगा और तय करना होगा कि केसीआर जो कहते हैं वह सच है या झूठ। दस साल पहले तेलंगाना में न बिजली थी न पीने का पानी और न सिंचाई का पानी। बिजली आती थी तो भगवान की दया से आती थी। आज तेलंगाना एकमात्र राज्य है जो 24 घंटे बिजली प्रदान करता है। कर्नाटक में पांच घंटे भी बिजली भी नहीं दे रहे हैं। 24 घंटे का वादा करने वाले कर्नाटक में कांग्रेसी परेशान हैं। वहां फसलें सूख रही हैं। तेलंगाना को भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में दस वर्षों में बनाया गया है। 30 नवंबर को बलराज की भारी बहुमत से जीत होनी चाहिए।

## जेडीयू ने मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने के लिए जारी की 10 उम्मीदवारों की लिस्ट

**पटनी,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा सीट नहीं दिए जाने से नाराज जेडीयू ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। दूसरी लिस्ट में भी जेडीयू ने पांच सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इससे पहले जेडीयू ने पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें भी पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया था। अबतक कुल 10 उम्मीदवारों की लिस्ट जेडीयू जारी कर चुकी है और जल्द ही तीसरी लिस्ट भी जारी होने की बात कही जा रही है। दरअसल, मध्य प्रदेश चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर I.N.D.I.A गठबंधन में संग्राम छिड़ गया है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के बाद जेडीयू ने भी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने के लिए पांच सीटों की मांग की थी लेकिन जब बात नहीं बनी तो जेडीयू ने पिछले दिनों पांच उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी थी।

# भारत पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा : मोहन भागवत

**सहारनपुर,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। सरसंघचालक मोहन भागवत गुरुवार को सहारनपुर के पंत विहार स्थित श्री कृष्ण ज्ञान मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सारी दुनिया का धर्म एक है, जबकि पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता है। धर्म शाश्वत है। इसका अंत होगा तो सृष्टि समाप्त होगी। संत भी अलग-अलग संप्रदाय के होते हैं, लेकिन अंदर से सब एक हैं। उन्होंने कहा कि भागवत गीता में भारत के जीवन का निचोड़ है। जिसमें कहा गया है कि कुशलता पूर्वक काम करो। जो भी करो उत्तम करो। जीवन में किसी भी स्थिति से भागना नहीं है। डटकर मुकाबला करना है। स्थिति बदलती रहती है। भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। संघ प्रमुख ने कहा कि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करता है।



प्रकृति के साथ मानवता चले, यह भारत का कर्तव्य है। सृष्टि को धर्म की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म साश्वत है, अगर यह खत्म हुआ तो श्रृष्टि भी खत्म हो जाएगी। इसलिए कुशलतापूर्वक कार्य करें। कभी भी अपने अंदर अंहकार मत लाओ। पवित्रता जरूरी है। व्यक्ति को श्रद्धा, दान और त्याग की भावना रखनी होगी। जीवन मे आने वाली परिस्थितियों से भागना नहीं है, इनका मुकाबला करो।

यदि भाग गए तो जिंदा होते हुए भी मौत के समान है। प्रकृति के साथ चलें, यह धर्म की आवश्यकता है। दुनिया में ऐसे भी लोग हैं जो दुष्ट हैं, उनसे घबराना नहीं है। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। सभी को साथ लेकर चलें।

# येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**बेंगलुरु,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को 'खतरे' को देखते हुये जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, 'उनके आवास पर 10 सशस्त्र गार्ड तैनात किए जाएंगे और तीन शिफ्टों में 12 सशस्त्र गश्ती कमांडो तैनात किए जाएंगे। दो व्यक्ति चौबीसों घंटे सुरक्षा की निगरानी करेंगे।' येदियुरप्पा कर्नाटक में राज्यव्यापी दौरा शुरू कर रहे हैं और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) द्वारा खतरे के आकलन के जवाब में सुरक्षा प्रदान की गई है। सुरक्षा घेरा केवल कर्नाटक तक ही सीमित रहेगा। इससे पहले, राज्य सरकार ने कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) के कर्मियों को येदियुरप्पा की सुरक्षा में तैनात किया था। येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा पहली बार दक्षिण भारत में सत्ता में आई थी।


**ICICI Home Finance** | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें, अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह–कर्जदार), ऋण खाता सं. एलएचआरपीआर00001356205, एलएचआरपीआर00001356204, एलएचआरपीआर00001356202 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग–491111 | रू. 10,23,452/– 20–10–2023 | रू.15,31,530/– / रू.1,53,160/– | 20–11–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 05–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 04–12–2023 के अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित चुकाने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001 में 04–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001 में 04–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 27–10–2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दुर्ग — आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



**ICICI Home Finance** | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें, अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | विजय कुमार गोपले (कर्जदार), ज्योति गोपले (सह–कर्जदार), ऋण खाता सं. एनएचडीआरजी00001263777 एवं एनएचडीआरजी00001263790 | सम्पत्ति फ्लैट नंबर 209, ब्लॉक नंबर ए, द्वितीय तल, आनंद विहार फेज–2, पोटियाकला, दुर्ग, सी.जी. | रू. 20,79,209/– 20–10–2023 | रू.17,38,440/– / रू.1,73,850/– | 20–11–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 05–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 04–12–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट–एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 04–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट–एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 04–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 27–10–2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दुर्ग — आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



**केनरा बैंक Canara Bank** — केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648 — **ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

[illegible] संपत्तियों का विक्रय दिनांक 17/11/2023 को केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स श्री अम्बा राईस प्रा. लि.** खसरा नं. 795/3 का भाग, प.ह.नं. 45, ग्राम- [illegible], जिला-दुर्ग; **श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री अरुण कुमार शर्मा**; **श्री अमित शर्मा पुत्र अरुण कुमार शर्मा**; **श्रीमती सारिका शर्मा पत्नि श्री अभिषेक शर्मा**; सभी का पता - [illegible], BMY [illegible], जिला-दुर्ग | 1. भूमि स्थित खसरा नं. 37/1 खसरा नं. 2/13, जीई रोड के उत्तर में, महाराजपुर, ग्राम-भुरिया तालुक, जिला-दुर्ग क्षेत्रफल- 49220 वर्गफिट, चतुर्सीमाएं- (डीड के अनुसार) [illegible] 2. बंधक संपत्ति स्थित खुली भूमि प.ह.नं. 37/1, प.ह.नं. 2/14, (भाग) (वर्तमान नं. 2/18) [illegible] क्षेत्रफल-5660 वर्गफिट [illegible] | 19/08/2014 / 14/01/2022 / दि. 21/09/2023 को ₹ 14,76,46,337/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | 1. ₹ 32.00 लाख / ₹ 3.20 लाख / ₹ 10000/- ; 2. ₹ 8.70 लाख / ₹ 0.90 लाख / ₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 15/11/2023 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 17/11/2023, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

[illegible] SPLSD, ARM Branch (6816) [illegible] 209272434 IFSC Code: CNRB0006816 [illegible]
[illegible] (https://www.canarabank.com) [illegible] (Ph. No 8989014648 / 9993000127 / 8449087876 / 9137453982)
स्थान : भोपाल दिनांक : 26/10/2023 — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक



**ICICI Home Finance** | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें, अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | अखिलेश ठाकुर (कर्जदार) बीना ठाकुर (सह–कर्जदार) ऋण खाता सं. LHRPR00001314957 | प्लॉट नंबर 523, 524 तथा 525, पीएच नंबर 20, आरएनएम धारसीवा, जीके टाउनशिप, निकट रायपुर बिलासपुर हाईवे, मौजा शिलतारा, खसरा नंबर 562/75–76 रायपुर –492001 | रू. 38,21,042/– 20–10–2023 | रू.8,10,000/– / रू.81,000/– | 06–11–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 21–11–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 2. | मिथिलेश सिंह (कर्जदार) राहुल सिंह (सह–कर्जदार) मान सिंह (सह–कर्जदार) ऋण खाता सं. LHRPR00001318646 | प्लॉट नंबर 323 और 324, खसरा नंबर 15001/1 का भाग, जीके टाउनशिप, पीएच नंबर 20, निकट रायपुर बिलासपुर हाईवे, आरएनएम धारसीवा, मौजा शिलतारा, रायपुर–492001 | रू. 18,61,947/– 20–10–2023 | रू.5,40,000/– / रू.54,000/– | 06–11–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 21–11–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 3. | दीपेन्द्र ताओरी (कर्जदार) प्रीति ताओरी (सह–कर्जदार) ऋण खाता सं. LHRPR00001346175 | खसरा नंबर 555/2, पी.एच. नंबर 14/19, मौजा कुरूद, भिलाई दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 | रू. 36,18,795/– 20–10–2023 | रू.10,80,000/– / रू.1,08,000/– | 06–11–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 21–11–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 20–11–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001 में 20–11–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001 में 20–11–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में रायपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 27–10–2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : रायपुर, दुर्ग — आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## 100 मिलियन क्लब में शामिल हुआ नीलकमल सिंह का गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला

**मुंबई।** नीलकमल सिंह और शिल्पी राज का गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला ने 100 मिलियन क्लब एंट्री कर ली है। गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला को मई में टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया था।गाने के म्यूजिक वीडियो में नम्रता मल्ला नजर आती हैं, वहीं नीलकमल सिंह भी इस गाने में जमकर मस्ती करते नज़र आये हैं। इस गाने को मिली सफलता के लिए टी-सीरिज हमार भोजपुरी के प्रोजेक्ट मैनेजर सोनू श्रीवास्तव ने खुशी जाहिर की और कहा कि 100 मिलियन का आंकड़ा छू लेना बड़ी बात है। गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला ने यह कर दिखाया। इससे साफ जाहिर होता है कि यदि गानों की प्रस्तुति संयमित और तरीके से हो तो गाना लोगों को खूब पसंद आएगा।

आईआईटी के शोधकर्ताओं ने की बायोकेमिकल प्रक्रिया की खोज

# डेंगू मच्छर के अंडे सह लेते हैं कठिनाई

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने ऐसी बायोकेमिकल प्रक्रियाओं की खोज की है जो डेंगू पैदा करने वाले मच्छर के अंडों को कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने और अनुकूल परिस्थितियों में फिर से जीवित होने में सक्षम बनाती हैं। इस रिसर्च में इंस्टीट्यूट फॉर स्टेम सेल साइंस एंड रीजनरेटिव मेडिसिन, बेंगलुरु आईआईटी मंडी का सहयोगी है।

आईआईटी का कहना है कि यह शोध मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारियों के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है जो अधिक प्रभावी वेक्टर नियंत्रण उपायों के लिए एक नई आशा प्रदान करता है। मच्छर विभिन्न बीमारियों के महत्वपूर्ण वाहक होते हैं। वो अपने अंडे पानी में देते हैं और जब वह फूटते तो लार्वा उत्पन्न होते हैं। डेंगू और जीका के अंडे एडीज मच्छर द्वारा दिए जाते हैं जोकि बिना पानी के लंबे समय तक रह सकते हैं। यह प्रक्रिया ठीक उसी प्रकार है जैसे पौधे के बीज नमी के अभाव में धैर्यपूर्वक अंकुरण की प्रतीक्षा करते हैं। इस घटना की जानकारी होने के बावजूद, शुष्कन सहनशीलता और पुनर्जलीकरण के बाद जीवित रहने के पीछे मौलिक कारण अब तक एक रहस्य बने हुए हैं।

शोध टीम ने नए प्रयोगों की एक श्रृंखला के माध्यम से




**अनुकूल माहौल में हो जाते हैं पुनर्जीवित**

एडीज एजिप्टी मच्छरों को पाला और इसमें उनके अंडों का अध्ययन किया। इस दौरान पहले अंडों को निर्जलीकरण किया गया और उसके बाद उनका पुनर्जलीकरण किया गया। इस प्रक्रिया में टीम ने यह पाया कि विकासशील लार्वा जीवित रहने के लिए आवश्यक विशिष्ट मेटाबोलिक परिवर्तनों से गुजरते हैं।

इस सम्बन्ध में आईआईटी मंडी के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. बास्कर बक्तवाचलू ने बताया कि मूल रूप से सभी का जीवन पानी पर निर्भर है। हालांकि, अत्यधिक पर्यावरणीय परिस्थितियों ने जीवों को पानी के बिना जीवित रहने के तरीके खोजने की अनुमति दी है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक जीव ने पानी की कमी से उबरने का अपना अनूठा तरीका ढूंढा है। इस मूलभूत प्रक्रिया के बारे में हमारी समझ सीमित है। मच्छर के अंडे सूखे की स्थिति का सामना करने के लिए एक परिवर्तित मेटाबोलिक अवस्था में प्रवेश करते हैं जिससे पॉलीमाइन्स का उत्पादन काफी बढ़ जाता है। यह भ्रूण को पानी की कमी से होने वाले नुकसान का सामना करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, वे पुनर्जलीकरण होने के बाद अपने विकास को पूरा करने के लिए ऊर्जा स्रोत के रूप में उच्च कैलोरी लिपिड का उपयोग करते हैं। इस शोध के दूरगामी परिणाम हैं। इन जीवन बचाने वाले प्रक्रियाओं को समझना नवीन मच्छर नियंत्रण रणनीतियों के लिए एक आधार प्रदान करता है। मच्छरों के अंडों की सूखे की सहनशीलता को बाधित कर शोधकर्ताओं ने मच्छरों की आबादी और रोग संचरण में उल्लेखनीय कमी का अनुमान लगाया है। इस शोध से प्राप्त जानकारी से संभावित रूप से मानसून की बारिश के बाद मच्छरों के पुनः प्रसार को रोका जा सकता है। यह वह अवधि है जो पारंपरिक रूप से रोग संचरण के जोखिमों में वृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। इस शोध से प्राप्त जानकारी का रोग नियंत्रण से इतर भी प्रयोग हो सकता है। कृषि कीटों के मामले में भी इसी तरह के रास्ते मौजूद हैं, जो कृषि चुनौतियों के लिए संभावित समाधान सुझाते हैं। इन बायोकेमिकल प्रक्रियाओं को समझकर वैज्ञानिक स्थायी कृषि पद्धतियों को सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल, लक्षित कीट नियंत्रण उपायों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

# स्कीजोफ्रेनिया, मनोविकृति के रोगियों में कोविड से मृत्यु का खतरा 50 प्रतिशत अधिक

**लंदन,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि स्कीजोफ्रेनिया (मेंटल डिसऑर्डर) और मनोविकृति (भ्रम), से पीड़ित लोगों में अन्य लोगों (बीमारी रहित) की तुलना में कोविड-19 संक्रमण के बाद मृत्यु का खतरा 50 प्रतिशत अधिक होता है।



ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकाइट्री में प्रकाशित शोध में पाया गया कि एक से अधिक दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थिति (मल्टीमॉर्बिडिटी) वाले लोगों में मृत्यु का खतरा अधिक था। गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए मृत्यु का जोखिम 6 प्रतिशत और बिना गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए 16 प्रतिशत बढ़ गया। किंग्स कॉलेज लंदन की टीम ने फरवरी 2020 और अप्रैल 2021 के बीच यूके के 660,000 से अधिक रोगियों के डेटा का विश्लेषण किया। गंभीर मानसिक बीमारी वाले 7,146 लोगों में, बिना गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों की तुलना में कोविड-19 संक्रमण के बाद सभी कारणों से मृत्यु का जोखिम 50 प्रतिशत अधिक था।

कैरेबियन/अफ्रीका के रंग के लोगों में अन्य लोगों की तुलना में कोविड-19 संक्रमण के बाद मृत्यु का जोखिम 22 प्रतिशत अधिक था, और यह गंभीर मानसिक बीमारी वाले और बिना गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए समान था। हालांकि, लगभग 30 प्रतिशत रोगी डेटा में जातीयता दर्ज नहीं की गई थी। अध्ययन किए गए अन्य जातीय समूह एक 'दक्षिण एशियाई' समूह थे जिसमें भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और एशियाई 'अन्य' समूह और एक 'मिश्रित' जातीय समूह शामिल थे।

किंग्स में ईएसआरसी सेंटर फॉर सोसाइटी एंड मेंटल हेल्थ से मुख्य लेखिका डॉ. जयति दास मुंशी ने कहा कि ये स्पष्ट निष्कर्ष गंभीर मानसिक बीमारी से पीड़ित लोगों, नस्लीय समूहों के लोगों और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के लिए मौजूद स्वास्थ्य असमानताओं को उजागर करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें अभी भी इन समूहों के अनुभवों के बारे में और अधिक जानने की जरूरत है जो हम गहन साक्षात्कार अनुसंधान के माध्यम से कर रहे हैं। दास मुंशी ने कहा कि महामारी ने इन असमानताओं पर प्रकाश डाला और हमें नई नीतियां विकसित करने और सेवा प्रावधान में सुधार करने के लिए इससे सीखना चाहिए।

# जी सिनेमा एक शानदार अंदाज में लेकर आ रहा है 'गदर 2' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक महायुद्ध, एक मेगा ब्लॉकबस्टर और एक ऐसी फिल्म, जिसने सारे देश को एकजुट कर दिया... अब फिर मचेगा गदर, क्योंकि ज़ी सिनेमा ने शनिवार 4 नवंबर को रात 8 बजे 'गदर 2' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर दिखाने का ऐलान कर दिया है। लोगों के लिए बनाई गई और लोगों द्वारा बेहद पसंद की गई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस के सभी कलेक्शन्स से पार निकल गई और लोगों को थिएटर में वापस ले आई! 'गदर 2' एक फिल्म से कहीं ज्यादा बन गई है। यह एक जज़्बात, एक आंदोलन बन गई है। फिल्म के ग्रैंड टेलीविजन प्रीमियर से पहले ज़ी सिनेमा ने बड़े खास तरीके से 'गदर 2' की दुनिया को दर्शाया है। मुंबई के कार्टर रोड पर इस फिल्म की भव्यता की झलक दिखाता एक खास टैंक प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों को इस फिल्म की आन, बान और शान से रूबरू करा रहा है। इस मौके पर उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर और मनीष वाधवा जैसे DSDS सितारों की मौजूदगी ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया। इस शानदार शाम में फैंस के बीच गज़ब का उत्साह था, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा एक्टर्स को करीब से देखा। इस दौरान फैंस इस फिल्म के डायलॉग्स बोलते और फिल्म के स्टेप्स करते नजर आए। इस नज़ारे ने हमें उसे दीवानगी की याद दिला दी, जिसे हम 'गदर' के नाम से जानते हैं। लेकिन सिर्फ इतना ही नहीं! जब यह पूरी कास्ट टैंक पर सवार हुई तो माहौल में एक अलग तरह का जोश भर गया! इस कार्यक्रम ने उस खास अनुभव की झलक दिखाई, जो जी सिनेमा पर 'गदर 2' के प्रीमियर के साथ दर्शकों का इंतजार कर रहा है।



# कंगना रनौत ने की रामलला के दर्शन

मंदिर के लिए शताब्दियों से हिंदुओं ने किया संघर्ष




**अयोध्या,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की प्रसिद्ध अदाकारा कंगना रनौत ने कहा कि अयोध्या में रामलला का मंदिर बन गया। यह हिंदुओं का सदियों पुराना संघर्ष है और हमारी पीढ़ी इस दिन को देख पा रही है। मैंने अयोध्या पर एक स्क्रिप्ट लिखी है और बनाई भी है। कंगना गुरुवार को अयोध्या पहुंची, जहां उन्होंने रामलला के दर्शन और पूजन किए। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के कामकाज को भी देखा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आखिरकार रामलला का मंदिर बन गया। इसके लिए शताब्दियों से हिंदुओं ने संघर्ष किया। कंगना ने कहा कि मंदिर के लिए 600 वर्षों का लंबा संघर्ष रहा है। अगर यह आज संभव हुआ है तो मोदी और योगी सरकार की वजह से। जैसे ईसाईयों का सबसे बड़ा धर्मस्थल वेटिकन सिटी है, वैसे ही राम मंदिर हिंदुओं के लिए है। यह देश और सनातन धर्म के लिए विश्व के सामने सबसे बड़ा सिंबल होगा।

कंगना ने कहा कि यह पूरे विश्व में हमारे सनातन संस्कृति का प्रतीक बनेगा। यह दिन 22 जनवरी 2024 को आ रहा है जब प्रधानमंत्री जी यहां आएंगे। मेरी फिल्म 'तेजस' में भी राम मंदिर की भूमिका है, जो भारतीय वायुसेना पर आधारित है।

# एक्स पर ऑडियो और वीडियो कॉल की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप को टक्कर देने के लिए एलन मस्क के स्वामित्व वाली एक्स कॉर्प ने ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए समर्थन देना शुरू कर दिया है। कई एक्स यूजर्स को सोशल मीडिया ऐप खोलते समय एक सूचना मिली जिसमें लिखा था, 'ऑडियो और वीडियो कॉल यहां हैं।'

ऐप की सेटिंग में एक नया 'ऑडियो और वीडियो कॉलिंग सक्षम करें' टॉगल भी है। द वर्ज की रिपोर्ट में कहा गया है कि आप 'सुविधा को चालू कर सकते हैं और फिर चुन सकते हैं कि आप किसके साथ इसका उपयोग करने में सहज हैं।' मस्क ने पोस्ट किया, 'एक्स पर वीडियो और ऑडियो कॉलिंग का शुरुआती संस्करण।'




एक्स ने एक गूढ़ पोस्ट के साथ उपयोगकर्ताओं को कहा कि क्या आप इसके लिए तैयार हैं... ?

नई सुविधा आपकी एड्रेस बुक में मौजूद लोगों, आपके द्वारा फॉलो किए जाने वाले लोगों, वेरीफाइड यूजर्स सभी के लिए ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति देती है। एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने पिछले महीने पुष्टि की थी कि 'एवरीथिंग ऐप' में परिवर्तन के हिस्से के रूप में वीडियो कॉल प्लेटफॉर्म पर आएंगे। एक्स सीईओ ने कहा कि जल्द ही, 'आप प्लेटफॉर्म पर किसी को अपना फ़ोन नंबर दिए बिना वीडियो चैट कॉल करने में सक्षम होंगे'।

मस्क हमेशा चाहते थे कि ट्विटर चीन के वीचैट की तरह 'एक ऐप' बन जाए। एक्स जल्द ही दो नए भुगतान वाले प्रीमियम टियर लॉन्च करेगा और विज्ञापनों के साथ उस टियर में से एक की लागत मौजूदा 8 डॉलर प्रति माह से कम होगी। अरबपति ने कहा, दूसरा स्तर अधिक महंगा होगा, जो सभी विज्ञापनों को हटा देगा। एक्स मालिक ने पोस्ट किया, एक्स प्रीमियम सब्सक्रिप्शन के दो नए स्तर जल्द ही लॉन्च होंगे। एक तो सभी सुविधाओं के साथ कम लागत है, लेकिन विज्ञापनों में कोई कमी नहीं है, और दूसरा अधिक महंगा है, लेकिन कोई विज्ञापन नहीं है।

अजब प्रेम की गजब कहानी

# मामा ने कराई मामी-भांजे की शादी

**रांची,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू में 'अजब प्रेम की गजब कहानी' सामने आई है। एक व्यक्ति को जब पता चला कि उसकी पत्नी और उसके भांजे के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है, तो उसने खुद दोनों की शादी करवा दी। बुधवार को उसने नम आंखों से पत्नी को भांजे के साथ विदा कर दिया।



**समाज के लोगों के सामने भांजे ने मामी की मांग में सिंदूर भरकर जयमाला पहनाई**

यह वाकया पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरी गांव का है। गांव के सुबई भुइयां की शादी करीब छह साल पहले रीता कुमारी से हुई थी। इस बीच पिछले कुछ साल से उसका भांजा प्रिंस कुमार अपने मामा के घर आकर रहने लगा था। यहां रहते हुए प्रिंस और उसकी मामी के बीच प्रेम प्रसंग विकसित हो गया। तीन दिन पहले सुबई भुइयां ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो उसने पहले दोनों की जमकर पिटाई की। इसके बाद गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत में प्रिंस और उसकी मामी ने परस्पर रिश्ते को स्वीकार किया और कहा कि वे हमेशा एक साथ रहना चाहते हैं। पंचायत ने सुबई भुइयां की राय जाननी चाही तो वह पहले इसके लिए तैयार नहीं हुआ, लेकिन अंततः उसने दोनों की शादी पर रजामंदी दे दी। बुधवार को यज्ञ मंडप में दोनों की बकायदा शादी रचा दी गई। समाज के लोगों के सामने प्रिंस ने मामी की मांग में सिंदूर भरा और जयमाला पहनाई। इसके बाद वह मामी से पत्नी बनी रीता कुमारी को साथ लेकर अपने गांव के लिए रवाना हो गया।

# दिव्य कला मेला 2023 का उद्घाटन बेंगलुरु में होगा कल

मेले का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक किया जाएगा

■ डॉ. कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिव्यांग उद्यमियों को सशक्त बनाने के प्रयासों को जारी रखने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कर्नाटक के बेंगलुरु में दस दिवसीय दिव्य कला मेला आयोजित कर रहा है। 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक आयोजित कला मेले का उद्घाटन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, ए. नारायणस्वामी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, के.एम. प्रतिमा भौमिक करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर/कलाकार और उद्यमी बेंगलुरु में अपने उत्पाद और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जहां व्यापक श्रेणियों में उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। गृह सजावट और जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन और जैविक उत्पाद, खिलौने और उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण - आभूषण, क्लच बैग पेंटिंग आदि होंगे। यह सभी के लिए 'वोकल फॉर लोकल' अपनाने का एक अवसर होगा और दिव्यांग कारीगरों द्वारा उनके अति दृढ़ संकल्प के साथ बनाए गए उत्पादों को देखा जा सकता है। 10 दिवसीय 'दिव्य कला मेला', बेंगलुरु, कर्नाटक में दिव्यांगजन कलाकारों और प्रसिद्ध पेशेवरों के प्रदर्शन सहित कई सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित होंगी। कार्यक्रम में पर्यटक देश के विभिन्न क्षेत्रों के अपने पसंदीदा भोजन का आनंद भी ले सकते हैं। यह दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एक अनूठी पहल है। दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के उत्पादों और कौशल के विपणन और प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है। दिव्य कला मेला, बेंगलुरु 2022 से शुरू होने वाली श्रृंखला में नौवां मेला है। विभाग के पास इस अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक योजनाएं हैं, जिसके हिस्से के रूप में देश भर में 'दिव्य कला मेला' का आयोजन किया जा रहा है। 2023-2024 के दौरान यह कार्यक्रम 12 शहरों में आयोजित किया जाएगा।

# 49 साल की हुई रवीना टंडन

**मुबई,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री रवीना टंडन आज 49 वर्ष की हो गई। रवीना टंडन का जन्म 26 अक्टूबर 1974 को मुंबई में हुआ। पिता रवि और मां वीणा टंडन के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना टंडन रखा गया। रवीना को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जाने-माने फिल्म निर्माता थे। रवीना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के जमनाबाई स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के मशहूर मिट्ठीभाई कॉलेज में दाखिला लिया। इस दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक शांतनु शोरी से हुई। उन्होंने रवीना को फिल्मों में काम करने की सलाह दी। इसके बाद कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर रवीना फिल्मों में अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखने लगी।



रवीना ने अपने सिने करयिर की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म 'पत्थर के फूल' से की। जी.पी. सिप्पी निर्मित इस फिल्म में नायक की भूमिका सलमान खान ने निभाई थी। यह फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सफल नहीं हो सकी लेकिन रवीना टंडन के अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। इसके साथ ही वह नवोदित अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1994 रवीना के सिने करियर के लिए अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी 'मोहरा', 'लाडला', 'दिलवाले' और 'अंदाज अपना -अपना' जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। 'लाडला' में दमदार अभिनय के लिए रवीना अपने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं।

वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म 'मोहरा' रवीना टंडन के करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुई। मारधाड़ और एक्शन से भरपूर इस फिल्म में रवीना पर फिल्माया यह गीत 'तू चीज बड़ी है मस्त मस्त' उन दिनों श्रोताओं के बीच क्रेज बन गया था। इसके बाद रवीना फिल्म इंडस्ट्री में 'मस्त-मस्त गर्ल 'के नाम से मशहूर हो गयीं।वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म 'रक्षक' रवीना की एक और महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। अशोक होंडा के निर्देशन में सुनील शेट्टी और करिश्मा कपूर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में यूं तो रवीना ने अतिथि कलाकार के तौर पर काम किया था लेकिन फिल्म में उन पर फिल्माया गीत 'शहर की लड़की' श्रोताओं के बीच काफी क्रेज बन गया था और वह दर्शकों के बीच शहर की लड़की के नाम से मशहूर हो गई। वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म 'दमन' रवीना के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। कल्पना आजमी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने दुर्गा नामक एक ऐसी महिला का किरदार निभाया था जिसे उसका पति बेहद प्रताड़ित करता है। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए रवीना सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 2001 में ही रवीना के करियर की एक और अहम फिल्म 'अक्स' प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था। वह दर्शकों का दिल जीतने में सफल रही और वह फिल्म फेयर के विशेष पुरस्कार से सम्मानित की गईं। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म 'सत्ता' भी रवीना के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। राजनीति से प्रेरित मधुर भंडारकर निर्मित इस फिल्म में रवीना अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों के साथ ही समीक्षकों का भी दिल जीतने में सफल रहीं। वर्ष 2003 में रवीना ने फिल्म 'स्टंपड' के जरिये फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। फिल्म ने टिकट खिड़की पर औसत व्यापार किया। इस दौरान वह फिल्म वितरक अनिल थडानी की तरफ आकर्षित हो गई और 2004 में रवीना ने अनिल से शादी कर ली।

# युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ रहा ब्रेन स्ट्रोक

**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्ट्रोक के बारे में यह कहा जाता था कि यह बुजुर्गों को अपना शिकार बनता है, लेकिन हाल के मेडिकल ट्रैंड्स देखें तो युवा पीढ़ी भी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रही है। दुनियाभर में स्ट्रोक को मृत्यु का एक प्रमुख कारण माना जाता रहा है और पिछले एक-दो दशकों में भारत में इसके मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। इसका कारण तेज रफ्तार लाइफस्टाइल और उसके चलते पैदा होने वाला तनाव तथा अन्य कई परेशानियों से बचने के उपायों का अभाव बताया जाता है।



- **रफ्तार लाइफ स्टाइल और तनाव का कारण**
- **स्ट्रोक के लक्षण दिखते ही 4.5 घंटा गोल्डल पीरियड**

पहला मामला 25 साल की एक युवती का है जिन्हें तेज सिरदर्द और आंखों से धुंधला दिखाई देने की शिकायत के दो घंटे के भीतर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती किया गया था। उनकी तत्काल जांच करने पर पाया गया कि उनका हीमोसिस्टिन लेवल काफी बढ़ गया था, जो कि स्ट्रोक के लिए कोलेस्ट्रॉल की तरह ही रिस्क फैक्टर है। डॉक्टरों ने मरीज की जांच करने पर यह भी पता लगाया कि उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इलाज के दौरान उन्हें खून के थक्कों (क्लॉट्स) को घुलाने में मददगार इंजेक्शन दिए गए जिसके बाद उनकी हालत में तत्काल सुधार हुआ।

दूसरा मामला 28 वर्षीय युवक का था जो गिरने के बाद बायीं तरफ लकवाग्रस्त हो गए थे। उनकी पत्नी ने मामले की गंभीरता को भांपकर उन्हें एक घंटे के अंदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनके ब्रेन की एमआरआई से स्ट्रोक का पता चला। उन्हें भी तुरंत क्लॉट्स को घुलाने वाले इंजेक्शन दिए गए, जिनसे उनकी हालत में सुधार आया और धीरे-धीरे उनके बाएं पैर और हाथ में ताकत भी लौट आयी।

तीसरा मामला 29 वर्षीय महिला का है जिन्होंने अचानक महसूस किया कि वह अपने शरीर के दाएं भाग को हिला नहीं पा रही थी। उन्हें फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया जहां उनके ब्रेन की एमआरआई से स्ट्रोक का पता चला। उन्हें भी तुरंत क्लॉट बस्टर इंजेक्शन दिया गया। धीरे-धीरे उनकी हालत में काफी हद तक सुधार हुआ और अब वह अपने सभी काम स्वयं करने लगी हैं।

चौथा मामला 48 वर्षीय एक महिला मरीज का था जिन्हें घर में काम करते हुए महसूस हुआ कि उनकी बायीं बाजू और पैर हिलाने में उन्हें तकलीफ हो रही थी और धुंधला दिखने लगा था। उनके पति उन्हें तुरंत फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा इलाज के लिए ले गए जहां तत्काल ब्रेन एमआरआई किया गया जिससे उन्हें स्ट्रोक होने की पुष्टि हुई। उन्हें डॉक्टरों ने क्लॉट घुलाने वाली दवाएं दी और उपचार शुरू हुआ, जिसके बाद धीरे-धीरे स्वास्थ्य लाभ शुरू हुआ।

डॉ. ज्योति बाला शर्मा, डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा, एक्यूट स्ट्रोक एक इमरजेंसी वाली स्थिति है और अगर किसी को भी अचानक बाजुओं, पैरों, चेहरे में कमजोरी महसूस हो या बोलने में परेशानी हो तो उन्हें (फेशियल डूपिंग यानी चेहरा लटकना, बाजू में कमजोरी, बोलने में कठिनाई, समय पर इलाज) के अनुरूप, लक्षणों के दिखाई देने के 4.5 घंटों के भीतर अस्पताल ले जाना चाहिए।

देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल-सत्यपाल वार्ता से उभरती सियासी तस्वीर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का बुधवार को लिया गया साक्षात्कार अगर जमकर वायरल हो रहा है तो सिर्फ इसलिये नहीं कि इससे कई नये खुलासे हुए हैं और कुछ पुराने तथ्यों की पुष्टि हुई है, वरन इसलिये भी कि वह देश की भावी राजनैतिक तस्वीर को भी बयां कर रहा है। दोनों ही दो अलग-अलग पीढ़ियों तथा एकदम भिन्न किस्म की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं जो इस बातचीत को महत्वपूर्ण बनाते हैं। सबसे बड़ी समानता तो यह है कि दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेखौफ़ लड़ रहे हैं और मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का जमकर विरोध कर रहे हैं। राहुल के एक सवाल के जवाब में मलिक का यह कहना कि 'चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी,' इस बात की पुष्टि करता है कि जो राजनैतिक घटनाक्रम ज़मीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं, एक तरह से पुरानी पीढ़ी के एक ईमानदार नेता द्वारा राहुल के संघर्ष का गौरवगान है।

मलिक ने पुलवामा के उस घटनाक्रम को एक बार फिर दोहराया जिसमें 14 फरवरी, 2019 को सड़क मार्ग से जा रहे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने साफ किया था कि यह सरकार की गलती से हुआ है क्योंकि सीआरपीएफ द्वारा उन्हें ले जाने के लिये हवाई जहाज मांगे गये थे जो मुहैया नहीं कराये गये थे। इसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से ले जाया गया था। रास्ते में कोई सुरक्षा नहीं थी जो अमूनन ऐसे काफिले के गुजरने के वक्त की जाती है। मलिक ने पहले की तरह फिर से बताया कि उस वक्त मोदी जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग कर रहे थे। बाद में जब उनसे और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात हुई तो उन्हें चुप रहने को कहा गया था। राहुल ने भी बताया कि पहले उन्हें भी एयरपोर्ट पर लाये गये शहीदों के शवों को श्रद्धांजलि के लिये जाने से मना किया गया था। बाद में हवाई अड्डे पर उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था। राहुल ने आशंका जताई कि इस खुलासे के बाद मलिक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच हो सकती है, मलिक ने कहा कि वे इसकी परवाह नहीं करते।

बातचीत में दोनों नेताओं का एक दूसरे के लिये आदर साफ झलक रहा था। राहुल ने जब उनके राजनैतिक कैरियर की शुरुआत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जरिये वे इसमें आये थे। जब राहुल ने चरण सिंह की शख्सियत के बारे में जानना चाहा तो मलिक का कहना था कि वे सरल व ईमानदार व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार करीब ढाई वर्ष चलकर गिर गई थी तब कांग्रेस के समर्थन से चौधरी पीएम बने थे- केवल 5 माह के लिये। इंदिरा गांधी द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उनका आरोप था कि इंदिरा उनके खिलाफ आपातकाल संबंधी मामलों को समाप्त करने का दबाव डाल रही थी। उन्होंने दबाव में आने की बजाय त्यागपत्र देना बेहतर समझा था। देश के संसदीय इतिहास के इन काले पन्नों के बावजूद राहुल और सत्यपाल में इसे लेकर कोई कड़वाहट नहीं दिखी। दोनों ने चरण सिंह को लेकर सहजतापूर्वक बातचीत की। राहुल ने उनसे यह जानना चाहा कि लोग पद पाने के लिये इतने लालायित क्यों होते हैं, मलिक ने कहा कि राजनीति पहले देश सेवा थी जो अब व्यवसाय बन गई है। उन्होंने राहुल की इसलिये तारीफ की कि वे ऐसे वक्त में एक अपवाद है जो उन्हें सबसे अलग बनाता है।

दोनों के बीच किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातिगत जनगणना आदि को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई जिसमें दोनों नेताओं के बीच वैचारिक समानता दिखाई पड़ी जो इस बात के संकेत हो सकते हैं कि भविष्य में दोनों को एक दूसरे का साथ मिलता रहेगा। अगर ऐसा होता है तो यह मोदी और भाजपा के लिये ज्यादा मुश्किलों वाले दिन हो सकते हैं क्योंकि ये दोनों (राहुल-सत्यपाल) मोदी सरकार के कट्टर आलोचक हैं। जहां एक ओर राहुल मोदी राज के कथित भ्रष्टाचार, खासकर प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ संबंधों पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं, उसी तर्ज़ पर मलिक भी कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा लाये गये तीन कृषि कानून, जो किसानों के विरोध के चलते सरकार को वापस लेने पड़े थे, अदानी के लाभ के लिये ही लाये गये थे।

राहुल-सत्यपाल के बीच का यह वार्तालाप न केवल कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन के भविष्य में और मजबूत होने की ओर इशारा करता है वरन यह भी बतलाता है कि कई दलों के साथ रहने के बावजूद अपनी ईमानदारी के कारण सम्मानित सत्यपाल मलिक जैसे नेता लोकसभा चुनावों के वक्त खुले आम कांग्रेस-इंडिया का साथ देकर प्रतिपक्ष को और मजबूती प्रदान करेंगे। मलिक का यह कहना कि 'यह सरकार जा रही है', उसी दावे की पुष्टि है जो राहुल गांधी भी करते आ रहे हैं और जिसकी वे कोशिश कर रहे हैं।

# राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार?

राजस्थान में मतदान की तारीख़ '25 नवंबर' है और अब तक न कांग्रेस और न भारतीय जनता पार्टी के सारे उम्मीदवारों के नाम तय हो पाये हैं। होता यूं है कि टिकट मिलते ही जीत का रास्ता नहीं खुलता, बगावत का बिगुल बज जाता है। इससे जूझते हुए दोनों ही पार्टियां आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं और इन सबसे बड़ा सवाल सर उठा रहा है कि राजस्थान का गढ़ कौन जीतेगा? प्रदेश में बीते 30 वर्षों से जनता एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा की सरकार बना रही है। यहां के बच्चे जो अब जवान हो चुके हैं उन्हें दो ही मुख्यमंत्रियों के नाम याद हैं- अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे सिंधिया। पिछली बार जब वसुंधरा राजे चुनाव लड़ रहीं थीं, प्रदेश में एक नारा चला था- 'मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं।' नारे चलते रहते हैं लेकिन नतीजों में यह सच भी हो गया। वसुंधरा राजे दोबारा सरकार नहीं बना पाईं। भाजपा ने इसी नारे को इस बार अपना ध्येय वाक्य बना लिया जिसका नतीजा ये हुआ कि इस बार राजस्थान का चुनाव सीधे-सीधे अशोक गहलोत बनाम नरेंद्र मोदी हो गया है। यह चुनाव दो स्थानीय नेताओं के बीच नहीं बल्कि सीएम और पीएम के बीच है। राजस्थान में 25 में से 24 सांसद भाजपा के हैं। कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं। जीत का जोश भी शायद इसी संख्या से आता है। यहीं से प्रेरणा लेकर भाजपा ने अपने सात नेताओं की सांसदी को विधायकी में बदलने का फैसला कर लिया है। क्या वाक़ई इन फैसलों और मोदी की लोकप्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा या अंतत: विभाजन की राजनीति ही टेका लगाएगी?

एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं। चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली, महिलाओं को कनेक्शन के साथ मोबाइल फोन देना और हर बिल पर पहले 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने का असर साफ़ देखा जा सकता है। जिन लोगों की सरकारी योजनाओं में कोई आस्था नहीं रही, उन्होंने भी मुफ्त बिजली और अच्छे इलाज की चाहत में राजस्थान सरकार के जनाधार नंबर से खुद को जोड़ लिया है। निजी अस्पतालों को भी इस योजना में शामिल करना बेहतरीन सोच है लेकिन इसमें अड़चनें भी आ रही हैं। इसकी तुलना में राजस्थान शासकीय स्वास्थ्य योजना के तहत अच्छी सुविधा राज्य के कर्मचारियों को मिल रही है। कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को तो इस बार साध लिया गया है। एक और अच्छी पहल थी जिसे लागू करने में भी व्यवहारिक दिक्कतें रही हैं। इसके तहत सड़क पर घायलों को किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल में तुरंत चिकित्सा मुहैया करानी थी। अक्सर कई मरीज़ सरकारी औपचारिकताओं के चलते और इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इस कायदे का दम भी टूटता हुआ ही नज़र आता है क्योंकि निजी अस्पताल इस हक़ में नहीं हैं जबकि 2022 में स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम (राइट टू हेल्थ बिल) पास करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया था। कानून और व्यवस्था को मज़बूत करने में भी सरकार का ध्यान कम ही रहा। जैसी सक्रियता स्वास्थ्य के लिए रही वैसी कानून के लिहाज़ से भी होती तो राजस्थान की कहानी और बेहतर हो सकती थी। तब क्या रास्ता भाजपा के लिए आसान है?

राजस्थान की शहरी जनता के बड़े हिस्से को इस बात से ज़्यादा फर्क नहीं पड़ता कि वोट मोदी के नाम पर मांगा जा रहा है। उसे लगता है कि किसी भी स्थानीय नेता में वैसा चुम्बक नहीं जैसा कि मोदी जी में है। वसुंधरा राजे पूरे राजस्थान में लोकप्रिय हैं लेकिन मोदी ही हैं जो राजस्थान में पार्टी की नैया पार लगा सकते हैं। इस विमर्श के हिसाब से मध्यप्रदेश में 18 साल के शिवराज सिंह चौहान शासन के दूसरी तरफ भी मोदी ही हैं क्योंकि इस बार वे भी हाशिये पर हैं। गहलोत के ख़िलाफ़ भी मोदी और शिवराज के खिलाफ भी। यह दिलचस्प है कि प्रदेश में कोई भी नेता या विश्लेषक गहलोत सरकार के लिए 'एंटी इंकम्बेंसी' की बात नहीं कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो नाराज़गी वाला बड़ा वोट नहीं है कि मतदाता गुस्से में है और बाज़ी पलट देगा। सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आतुरता की कमी ही भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए भाजपा की केंद्रीय योजनाओं के अलावा प्रधानमंत्री की विदेश में साख को भी वोटर अच्छा बताते हैं। पार्टी के पास एक बड़ा अस्त्र है जिसे वह समय-समय पर धार देती रहती है और राजस्थान को भी अलग नहीं रखा गया है। यूं प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में साफ़ कह दिया है कि वे राजस्थान सरकार की वर्तमान योजनाओं को बंद नहीं करेंगे और मतदाता को सिर्फ़ कमल का फूल देखना चाहिए। यह सोच किसी बड़े 'शिफ्ट' का संकेत है कि पांच साल में रोटी पलटने की रवायत के बावजूद पार्टी आश्वस्त नहीं है।

कर्नाटक से पहले गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी मोदी ही पार्टी का चेहरा थे लेकिन केवल गुजरात में ही सफलता मिली। पार्टी का यह मज़बूत विचार है कि असफल चेहरों को दृश्य से गायब कर दो तो सफलता मिलती है। गुजरात में तो मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्रियों के ही चेहरे गायब हो गए। यह मॉडल खूब सफल रहा। कर्नाटक में 19 रैलियों और छह रोड शो के बावजूद भाजपा की सरकार बची नहीं रह सकी और बंगाल में दीदी तीसरी बार भी अपनी गद्दी बचने में कामयाब रहीं। तब क्या राजस्थान में यह असफल चेहरा वसुंधरा राजे थीं? शुरुआत में पार्टी ने ऐसा ही माना था लेकिन दूसरी सूची में गलती सुधार ली। उनके हिसाब से टिकट भी मिले और उन्हें कुछ तवज्जो भी। चर्चा यह भी है कि अब जयपुर के पूर्व राजघराने की राजकुमारी दीया कुमारी को पार्टी आगे लाना चाहती हैं। वे राजसमंद से सांसद हैं और अब पार्टी ने उन्हें जयपुर की एक सीट से विधायक का टिकट दिया है। जयपुर से ही सांसद राज्यवर्धन भी अब विधायकी की दौड़ में शामिल हैं। यूं वसुंधरा राजे के आगे दीया कुमारी फिलहाल एक कमज़ोर चयन इसलिए भी हैं कि वसुंधरा राजपूती विरासत के साथ गुर्जर बहू होकर कई चुनावी गणित साध लेती हैं। उनकी भाषा और वेशभूषा उन्हें हर वर्ग में स्वीकार्य बनाती हैं। वे एक चुनरी से ही अपना कनेक्ट जनता, खासकर महिलाओं से बना लेती हैं। इस बार उनके मतदाताओं को पता है कि वे मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं तब फिर कौन और क्या मुद्दे हैं जो रण जितवाएंगे।

पिछले महीने जयपुर में एक अठारह साल के लड़के इकबाल की हत्या हो गई। भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। यूं राजस्थान अपने लोक संगीत, साहित्य और कलात्मक अभिरुचि वाली कई खूबियों के साथ सांप्रदायिक तौर पर बेहद सद्भावी प्रदेश है। तमाम सम्प्रदाय यहां मिल-जुलकर रहते हैं। मलिक मोहम्मद जायसी की पद्मावत (1540) जन-जन में लोकप्रिय है। अकबर के सेनापति मानसिंह रहे तो हाकिम खां महाराणा प्रताप के। वीरता के साथ सद्भाव की बेहतरीन गाथा इस प्रदेश ने लिखी है। 'धरती सुरगा री..' यह गीत तारा प्रकाश जोशी ने इस धरती के सौंदर्य और सद्भाव के लिए ही लिखा है। उस दिन इकबाल और उसका भाई दोनों बाइक पर सवार थे कि सड़क पर कहा-सुनी हो गई। भाई तो जान बचाकर भाग गया लेकिन इकबाल को भीड़ ने मार दिया। हो सकता है कि दुर्घटना के बाद इक़बाल ने अपशब्द कहे हों लेकिन उसकी जान ले ली जाए, यह दुखद था। गहलोत सरकार ने बतौर मुआवज़े पचास लाख रूपए और परिजन को नौकरी देने की घोषणा की। शहर में व्यापारियों के एक हिस्से ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए इसे तुष्टिकरण का नाम दिया। कहा गया कि पुलिस हिंदुओं को परेशान कर रही है, उन्हें जबरन गिरफ्तार किया जा रहा है। जो भी हो, कानून इतना सशक्त होना चाहिए कि जांच पर सबका भरोसा हो।

विकास के मुद्दों पर ये मुद्दे हावी हैं। उदयपुर में दर्ज़ी कन्हैया लाल की हत्या भी नफरत का नतीजा थी। जोधपुर का दंगा भी। सरकार की पकड़ कानून व्यवस्था पर होनी चाहिए। अपराधियों को पकड़ने में भी और अपराध न हों उसमें भी। विकास के तमाम सुरीले सुरों के बीच नफ़रत के ये बेसुरे बोल का सर क्यों उठना चाहिए था? सरकार की जनकल्याण की नीतियों की सराहना के बीच तुष्टिकरण का मुद्दा जगह बना रहा है। बहुत दुखद होगा जो चुनाव विकास बनाम सांप्रदायिकता में बदल गया तब कोई दल जीतेगा या हारेगा लेकिन यहां के रंग उदास और किलों के कंगूरे सूने पड़ जाएंगे।

राजस्थानी डिंगल कविता का अपना तेज है जिसने सामाजिक जनजागृति के साथ संकट के समय अंग्रेज़ सत्ता के ख़िलाफ़ भी सबको एक करने का काम किया था। इस दौर में जब इंसान मृत देह में भी मज़हब ढूंढ रहा है, मनुज देपावत की डिंगल कविता की ये पंक्तियां बहुत मायने रखती हैं-

ऐ इंकलाब रा अंगारा, सिलगावे दिल री दुखी हाय।
अब छांट्या-छिड़किया नहीं बुझेला जो डूंगर लागी आज लाय।
इक दिन ऐड़ो आवैला धोरां री धरती धूजैला।
ऐ सदा पत्थरां रा सेवग पण आज मिनख नैं पूजैला।

अर्थ- मिट्टी के पुतलों को इंसान बनाने आया हूं। इंकलाब के अंगारे अब दिल में दहक रहे हैं और ये छीटों से नहीं बूझने वाले। देश का भाग उस दिन जागेगा जिस दिन पत्थरों की बजाय इंसान की पूजा होगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> **एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं।**

# मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका

■ आशीष विश्वास

यह कोई रहस्य नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश ईसाई संगठन और समुदाय के नेता मणिपुर में हाल ही में भड़की जातीय हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाराज हैं। यह वर्तमान में इस क्षेत्र में टिकाऊ राजनीतिक एकीकरण की चाह रखने वाली भगवा पार्टी की दीर्घकालिक योजनाओं के लिए एक झटका है।

नागालैंड से लेकर त्रिपुरा तक, ईसाई समुदाय के नेताओं और समूहों ने केन्द्र और राज्य सरकार की निंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जो देख रहे हैं कि कैसे ये सरकारें मणिपुर में हिंसा के बाद की अवधि के दौरान कुकी, ज़ो, और अन्य जनजातियों को हाशिए पर रखने के लिए जानबूझकर आधिकारिक कदम उठा रहे हैं। अब मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने बीबीसी को दिये अपने एक साक्षात्कार के दौरान भाजपा के प्रति कड़ा आलोचनात्मक रुख अपनाते हुए उग्र राजनीतिक विवाद में नया ईंधन डाल दिया है।

ज़ोरमथांगा की इस स्पष्ट घोषणा पर स्थानीय स्तर पर काफी आश्चर्य हुआ है कि वह चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ किसी भी संयुक्त सार्वजनिक रैली को संबोधित नहीं करेंगे। एक विदेशी चैनल के सामने इस तरह की घोषणा करना हर किसी को मंजूर नहीं है, जिसके कथित 'पक्षपातपूर्ण कवरेज' को लेकर दिल्ली के अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं थीं।

श्री मोदी अक्टूबर के अंत तक मिजोरम यात्रा पर जाने वाले हैं। उन्हें यह जानकर खुशी नहीं होगी कि स्पष्टीकरण के माध्यम से, मिज़ो नेता ने कुछ हद तक विस्तार से कहा था कि पड़ोसी मणिपुर में चर्चों और ईसाइयों पर हमले उनके राज्य के लिए भी बुरे थे। इसलिए, इस स्तर पर संयुक्त रैलियां आयोजित करना अच्छा विचार नहीं होगा और एमएनएफ अपने स्वयं के अभियान कार्यक्रम का पालन करेगा।

स्थिति न तो मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पार्टी के लिए अच्छी दिखती है, जिसका मुख्यमंत्री नेतृत्व करते हैं और न ही भाजपा के लिए, जिसके साथ वह राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में राजनीतिक रूप से जुड़े हुए हैं। राज्य में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। दोनों पार्टियां केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सहयोगी हैं। लेकिन मिजोरम के संदर्भ में, बड़ी पार्टी के रूप में एमएनएफ की ही चलती है।

हालांकि, ज़ोरमथांगा की टिप्पणियों के स्थानीय पूर्वोत्तर-आधारित मीडिया कवरेज ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के समर्थकों को बहुत खुश नहीं किया है। एमएनएफ ने लगातार कांग्रेस का विरोध किया है, यह रुख उसने वर्तमान चुनाव पूर्व अभियान चरण के दौरान भी दोहराया है।

मणिपुर में प्रमुख मैतेई और कुकी समूहों के लोगों से जुड़ी प्रमुख जातीय हिंसा फैलने से बहुत पहले, एमएनएफ ने राज्य के शासन से संबंधित मामलों में बड़ी पार्टी होने को नाते भाजपा के मुकाबले अपनी लगभग स्वतंत्र लाइन अपना रहा है। केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्य सरकारों को विशेष रूप से निर्देश दिया था कि वे म्यांमार में सत्तारूढ़ सेना जुंटा और पश्चिम की समर्थक नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) के बीच गृहयुद्ध के मद्देनजर म्यांमार से भारत में आने वाले शरणार्थियों को प्रोत्साहित न करें।

केंद्र के निर्देश का मिजोरम के लिए विशेष महत्व था, जहां से भागे हुए बड़ी संख्या में बर्मी आदिवासी शरणार्थियों को पहले विभिन्न शिविरों में आश्रय दिया गया था और बाद में उनकी संख्या बढ़ने पर उन्हें कहीं और स्थानांतरित कर दिया गया था। ज़ोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ ने नई स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली से अधिक वित्तीय और अन्य सहायता के लिए बार-बार दबाव डाला, क्योंकि ये शरणार्थी जल्दी घर नहीं लौट सकते थे।

ऐसा आरोप है कि एनडीए सरकार ने कुछ प्रारंभिक मदद भेजने के बाद, ऐज़वाल के अधिक सहायता के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। पूर्वोत्तर भारत की मीडिया रपटों के अनुसार, स्थानीय चर्च अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, आम लोगों और विदेशी दानदाताओं ने शरणार्थियों की मदद की।

वर्तमान में, कुछ अनुमानों के अनुसार मिजोरम में राहत सुविधाओं का आनंद ले रहे लोगों की संख्या लगभग 45,000 है। 3 मई से शुरू हुई और कई महीनों तक जारी रहने वाली जातीय समस्याओं के बाद मणिपुर से कुकी और अन्य जनजातियों के मिज़ोरम में बड़े पैमाने पर आगमन के बाद यह संख्या बढ़ गई है।

मिजोरम के अधिकारियों ने अक्सर मीडियाकर्मियों को समझाया है कि उन्होंने शरणार्थियों की आमद से निपटने के लिए केवल दिल्ली द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का पालन किया है।

बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा क्योंकि म्यांमार में अशांति समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे थे।

पर्यवेक्षकों ने यह समझाते हुए कि एमएनएफ और भाजपा के बीच मतभेदों से विपक्ष को मदद क्यों नहीं मिलेगी, इशारा किया कि आर्थिक विकास के सवाल पर मिज़ो सहित क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के बीच मतभेद हैं। महत्वाकांक्षी, शिक्षित युवा आदिवासियों का एक वर्ग पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे, पर्यटन या संबंधित क्षेत्र में नई विकास परियोजनाओं के पक्ष में था, जो एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तावित थे। मोटे तौर पर, वे खुद को स्थानीय परियोजनाओं से जोड़ते थे, जबकि आम तौर पर संसद के अंदर और बाहर राष्ट्रीय मुद्दों पर एनडीए का समर्थन करते थे।

दूसरी ओर, क्षेत्र में ईसाइयों के बीच अधिक रूढ़िवादी समूह रेलवे के विस्तार से लेकर जलविद्युत उत्पादन तक, सभी नयी परियोजनाओं का विरोध करने लगे, खासकर यदि वे एनडीए द्वारा प्रायोजित हों। मेघालय एक ऐसा क्षेत्र था जहां आर्थिक विकास के लिए प्रस्तावित अधिकांश परियोजनाओं पर स्थानीय लोगों का विरोध हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे मजबूत रहा है।

मेघालय, भारत के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक, शिलांग का घर होने के बावजूद, वर्तमान में पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे गरीब राज्य है!

> **बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा।**

## पावन प्रसंग

### मानव जीवन का लक्ष्य

मनुष्यों और पशु-पक्षियों की तुलना करते हुए शास्त्रकार ने लिखा है-'ज्ञानं हि तेषांधिको विशेष:।' अर्थात आहार-विहार, भय, निंद्रा, कामेच्छा की दृष्टि से मनुष्य और पशु में कोई विशेष अंतर नहीं पया जाता। शारीरिक बनावट में भी कोई बड़ी असमानता दिखाई नहीं पड़ती। खाने-पीने, चलने, उठने-बैठने, बोलने अन्य शारीरिक नित्यक्रिया के सभी साधन पशु और मनुष्यों की प्राय: एक जैसे ही मिलेहैं, पर मनुष्य में कुछ विशेषताएं उन प्राणियों से भिन्न हैं। उसकी रहन-सहन की रुचि, उचित-अनुचित का भय, भाषा-भाव आदि कितनी ही विशेषताएं यह सोचने को विवश-करती हैं कि वह इस सृष्टि का श्रेष्ठ प्राणी है। उसकी रचना किसी उद्देश्य पर आधारित है।

मनुष्य का प्रत्येक कार्य विचारों से प्रेरित होता है। यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य को विचारशक्ति इसलिए मिली है कि उचित-अनुचित को ध्यान में रखकर वह सृष्टि-संचालन को सहयोग देता रहे। जो केवल खाने-पीने और मौज उड़ाने की ही बात सोचते हैं, इसी को जीवन का श्रेय मानते हैं, उनमें और मनुष्येतर पशुओं-पक्षियों तथा कीट-पतंगों में अंतर कहां रहा? ये क्रियाएं तो पशु भी कर लेते हैं। विचारबल संसार का सर्वश्रेष्ठ बल है। विचार शक्ति का सूचक है। पशु निर्विचार होते हैं, इसलिए वे परस्पर अपनी भावनाओं का आदान-प्रदान नहीं कर सकते, उनकी कोई लिपि नहीं, भाषा नहीं। किसी प्रकार का संगठन बनाकर अपने प्रति किए जा रहे अत्याचारों का वे प्रतिकार नहीं कर सकते। इसीलिए शारीरिक शक्ति में मनुष्य से अधिक सक्षम होते हुए भी वे पराधीन हैं। विचारशक्ति के अभाव में उनका जीवनक्रम एक बहुत छोटी सीमा में अवरुद्ध बना पड़ा रहता है।

विशृंखलित, ऊबड़-खाबड़ धरती को क्रमबद्ध व सुसज्चित रूप देने का श्रेय मनुष्य को है। घर, गांव, शहर, देश आदि की रचना सुविधा और व्यवस्था की दृष्टि से कितनी अनुकूल है। अपनी इच्छाएं, भावनाएं दूसरों से प्रकट करने के लिए भाषा- साहित्य और लिपि की महत्ता किसी से छिपी है? आध्यात्मिक अभिव्यक्ति और सांसारिक आह्लाद प्राप्त करने के लिए कला-कौशल, लेखन, प्रकाशन की कितनी सुविधाएं आज उपलब्ध हैं। यह सब मनुष्य की विचारशक्ति का परिणाम है। मनुष्य को ज्ञान न मिला होता तो वह भी रीछ- बंदरों की तरह जंगलों में घूम रहा होता। सृष्टि को सुंदर रूप मिला है तो वह मनुष्य की विचारशक्ति का ही प्रतिफल है। विचारों का उपयोग निस्संदेह अतुल्य है।

विचारों की विशिष्ट शक्ति का स्वामी होते हुए भी मनुष्य का जीवन निरुद्देश्य गिखाई दे तो इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। जिसके कार्यों में कोई सूझ न हो, विशिष्ट आधार न हो, उस जीवन को पशु जीवन कहें तो इसमें अतिशयोक्ति क्या है? हवाई जहाज निराधार आकाश में उड़ता है। अभीष्ट स्थान तक पहुंचकर उसे निर्देश न मिलता रहे तो वह कही से कहीं भटक जाएगा। कुतुबनुमा की सुई वायुयान चालक को स बताती रहती है कि उसे किस दिशा में चलना है? इस निर्देश के आधार पर ही वह सैकड़ों मील का सफर पार कर लेता है। प्रत्येक पाकृतिक पदार्थ किसी न किसी उद्देश्य से निर्मित है।

मानव जीवन की महत्ता इस पर है कि हम वर्तमान साधनों का उपयोग अंतर्दर्शन या आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए करें। उद्देश्य का मार्ग बहुधा किसी विशिष्ट दिशा की ओर ही होता है। प्रकृति जिस ओर से जाना चाहे उधर ही चलते रहें, तो इन प्राप्त शक्तियों की सार्थकता कहां रही?

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### चीन, रूस और ईरान का अमेरिका के विरुद्ध षड्यंत्र, परिणाम हमास-इजरायल युद्ध

अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास, हिजबुल्ला और फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इजराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इजराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है। लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इजराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट दे रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इजराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले। चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़का कर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इजराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया है। 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इजराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैं। हमास इजराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिराकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इजरायल के सर पर फोड़ दिया गया है। इजरायल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इजरायल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## मंगोलिया की राजधानी में आग लगने से सात लोगों की मौत

**उलानबटोर।** मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में गुरुवार को एक इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी है। आपातकालीन एजेंसी ने कहा कि आग उलानबटोर के सोंगिनोखैरखान जिले में स्थानीय समयानुसार बजे लगी। एजेंसी ने कहा कि जैसे-जैसे ठंड का मौसम आता है, घरों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। लोग घर को गर्म रखने के लिए आग जलाते हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### आईडीएफ ने एक बयान में दी जानकारी

# इजरायली टैंकों ने उत्तरी गजा पट्टी पर हमला किया

**जेरूसलम**, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। सेना ने एक बयान में कहा, इजरायली टैंकों और पैदल सेना ने गुरुवार को तड़के उत्तरी गाजा पट्टी में लक्षित हमला किया और उसके बाद वहां से हट गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने अपने बयान में कहा कि छापेमारी लड़ाई के अगले चरण की तैयारी का हिस्सा थी, इसमें यहूदी राष्ट्र गाजा में जमीनी हमले की योजना बना रहा है। आईडीएफ ने कहा, छापे के दौरान, सैनिकों ने कई आतंकवादियों, बुनियादी ढांचे और एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्च पोस्टों पर हमला किया और युद्धक्षेत्र तैयार करने के लिए काम किया। बयान के अनुसार, सैनिक तब से क्षेत्र से बाहर निकल गए हैं और इजरायली क्षेत्र में लौट आए हैं।

इज़रायली पक्ष में किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईडीएफ द्वारा प्रकाशित वीडियो में बुलडोजर सहित टैंक और बख्तरबंद वाहनों को एक बाड़ के पास सड़क पर चलते हुए दिखाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, टैंकों ने तोपें दागीं और आसपास कुछ विनाश देखा जा सकता है। आईडीएफ के प्रवक्ता पीटर लर्नर ने छापेमारी को बड़ा लेकिन सीमित दायरे वाला बताते हुए कहा कि यह एक स्पष्ट और व्यापक ऑपरेशन था, इसका उद्देश्य जमीनी संचालन के लिए बेहतर शर्तें बनाना था, जब भी ऐसा होता है। उन्होंने सीएनएन को बताया, हमने वास्तव में दुश्मन से मुकाबला किया, उन आतंकवादियों को मार गिराया,जो हमारे खिलाफ एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों से हमला करने की योजना बना रहे थे। इज़राइल ने 7 अक्टूबर के घातक आतंकवादी हमलों और अपहरण की घटनाओं के जवाब में गाजा को नियंत्रित करने वाले आतंकवादी समूह हमास को खत्म करने की कसम खाई है।



### गजा हमले में मारा गया अल जजीरा पत्रकार का परिवार

**गजा।** इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन हमास और इजरायली सेनाओं के बीच जारी संघर्ष में गाजा पर इजरायली हमले में अल जज़ीरा पत्रकार का परिवार मारा गया है। अल जज़ीरा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसके अरबी भाषा चैनल के गाजा संवाददाता वाएल अल-दहदौह की पत्नी और दो बच्चे गाजा पट्टी में नुसीरत शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में मारे गए। बयान में कहा गया, अल जज़ीरा मीडिया नेटवर्क अपने सहयोगी वाएल अल-दहदौह के प्रति इजरायली हवाई हमले में उनके परिवार के सदस्यों की मौत पर अपनी गंभीर संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता है।

### 'गजा में लोगों को निकलने से रोक रहा है हमास'

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हमास गाजा के नागरिकों को वहां से निकलने से रोक रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि सेना ने लोगों से गाजा पट्टी खाली करने की अपील की थी। लेकिन हमास के लोग लोगों को दक्षिण की ओर जाने से रोक रहा है। सेना ने कहा कि उसने गाजा पट्टी में रहने वाले लोगों से संपर्क किया लेकिन उन्होंने जवाब दिया कि सभी सड़कें अवरुद्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल को चेतावनी दी थी कि गाजा की आधी आबादी को उत्तर से निकालना संभव नहीं है और अपील की थी कि गाजा पट्टी में सैन्य आक्रमण न करें क्योंकि यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। हालांकि इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले ही घोषणा कर दी है कि हमास को नष्ट करने और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए गाजा पट्टी में जमीनी सैन्य आक्रमण जरूरी है।




## सुडोकू 6358

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 27 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष -आज के दिन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। आज पैसे का लेन-देन टाल दें। तन-मन में भय अनुभव होगा। धार्मिक काम के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृषभ -आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा। मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। उनके साथ आनंद के पल गुजार सकेंगे।

मिथुन -आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क -आज आपका भाग्य चमकेगा और आकस्मिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह -आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या -आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। मनोरंजन सम्बंधी मामलों में आप रुचि लेंगे। वाहन और आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं।

तुला -स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी। काम-काज में सफलता और प्रशंसा दोनों से उत्साह में वृद्धि होगी।

वृश्चिक -आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है, इसलिए लोगों से बातचीत में ध्यान रखें।

धनु -आज भावनाओं का अतिरेक रहेगा और पारिवारिक चिंता से मानसिक तनाव की आशंका बनी रहेगी। बेचैनी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मां की तबीयत की चिंता हो सकती है।

मकर -आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ -आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं, तो परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी। धार्मिक कामों पर खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन -आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक उद्देश्य से प्रवास होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिलीपींस में भूस्खलन से चार लोगों की मौत



**मनीला,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलीपींस के क्यूज़ोन प्रांत के एक दूरदराज के गांव में हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई है।

फिलीपीन वायु सेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

फिलीपीन वायु सेना के सार्वजनिक मामलों के कार्यालय के प्रमुख कर्नल मा् कॉन्सुएलो कैस्टिलो ने कहा कि मंगलवार रात गांव में हुए भूस्खलन में दबे चार लोगों के शव बुधवार को निकाले गए।

प्रांत के स्थानीय और सैन्य अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि भूस्खलन से पहाड़ की तलहटी में पांच घर दब गए। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों में एक गर्भवती महिला, उसका पति और दो अन्य पुरुष, पहाड़ी किसान थे। अधिकारियों ने कहा कि भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ।

# अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 22 की मौत

### अधिकारियों ने कहा, संदिग्ध की पहचान हुई

**वाशिंगटन,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य मेन में सामूहिक गोलीबारी की दो घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा एक संदिग्ध की पहचान की गई है।



सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, लेविस्टन पुलिस विभाग ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि 40 वर्षीय संदिग्ध रॉबर्ट कार्ड फरार है। बयान में कहा गया है, पुलिस रॉबर्ट कार्ड का पता लगाने का प्रयास कर रही है, जो स्कीमेंजीस बार और स्पेयरटाइम रिक्रिएशन में गोलीबारी का संदिग्ध है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार दोनों घटनास्थल एक दूसरे से 6.5 किमी की दूरी पर हैं।

घटना की पुष्टि करते हुए, मेन स्टेट पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- लेविस्टन में एक सक्रिय शूटर है। हम लोगों से जगह-जगह छिपने के लिए कहते हैं। कृपया दरवाजे बंद करके अपने घर के अंदर रहें। सेंट्रल मेन मेडिकल सेंटर ने यह भी कहा कि वह बड़े पैमाने पर हताहत, बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया कर रहा था और घायलों के इलाज के लिए क्षेत्र के अन्य अस्पतालों के साथ समन्वय कर रहा है। रिपोर्टों से पता चला है कि कम से कम 50 से 60 लोग घटना मेंघायल हुए हैं।

इस बीच, एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक संदिग्ध की दो तस्वीरें जारी कीं, जिसमें भूरे रंग के स्वेटर में एक दाढ़ी वाला व्यक्ति बंदूक लेकर एक इमारत में प्रवेश कर रहा है।

कार्यालय ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, एंड्रोस्कोगिन काउंटी में पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है। पुलिस ने एक सफेद वाहन की तस्वीर भी साझा की, इसमें कहा गया कि ऐसा लगता है कि इसका अगला बम्पर काले रंग से रंगा हुआ है।

## वर्ग पहेली 6358

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
३. मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड, भ्रष्ट, हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियोंका बना परदा (उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक, जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का लिबास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११. चमड़े-मांस, चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान, हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अत्यावश्यक, अटल
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6357

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | ह | २ मि | स | 3 त | ■ | ४ अ | व | ५ सा | न |
| भि | ■ | ली | ■ | ६ ब | धि | र | ■ | जिं | ■ |
| ७ प्रा | रं | भ | ■ | स्सु | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| य | ■ | ग | ■ | १० म | का | न | ■ | ■ | क्ष |
| ■ | ११ अं | त | १२ स | ■ | ■ | ■ | १३ पा | व | क |
| ■ | ज | ■ | मी | ■ | १४ वै | भ | व | ■ | द |
| १५ व | न | १६ च | र | ■ | दे | ■ | १७ स | १८ ज | ल |
| नो | ■ | तु | ■ | १९ वि | ही | २० न | ■ | न्मां | ■ |
| २१ प | रा | स्त | ■ | रा | ■ | २२ य | शो | ध | २३ रा |
| ज | ■ | २४ ना | स | म | झ | ■ | ■ | ■ | ह |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**युवाओं को नौकरी नहीं...**

कोसरिया ने नारियों पर हो रहे अत्याचार और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए छग में भाजपा का सरकार चाहिए। सरकार बनने पर पीएम आवास का सपना पूरा होगा। सभा को महासमुंद के पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा ने भी संबोधित किया। संचालन संदीप दीवान ने व आभार प्रदर्शन प्रदीप चंद्राकर ने किया। इस मौके पर जगन्नाथ पाणीग्रही, प्रफूल विश्वकर्मा, संतोष उपाध्याय, भूषण जांगड़े, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, शंकर अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर, निरंजना शर्मा, ललिता अग्रवाल, माधवराव टांकसाले, पवन पटेल, सुजाता विश्वनाथन, राहुल चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, ऐतराम साहू, सतपाल पाली, त्रिलोचन पटेल, प्रीतम दीवान, गुड्डा सिन्हा,महेद्र जैन, जितेंद्र साहू, रमेश साहू, गोपाल वर्मा आदि उपस्थित थे। नामांकन रैली में जिले के 1 हजार 75 मतदान केंद्रों से भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे।

**राहुल और नड्डा का ...**

के ठेलकाडीह गांव में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पडंरिया में स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल में आयोजित जनसभा को भी वे संबोधित करेंगे। यहां से वे चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा जाएंगे और सभा को संबोधत करेंगे। इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

**दीवाली में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे...**

किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लीथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये हैं।

**भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार करने का...**

ईडब्ल्यूएस सिस्टम लागू किया जिसमें10 प्रतिशत आरक्षण मिला। एससी और एसटी वर्ग के लोगों के लिए भी हमारी सरकार ने काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के बारे में लिफाफा को लेकर 21 रुपए डालने का आरोप लगाया था और कांग्रेस ने भरा हुआ लिफाफा डाला था। तो कांग्रेस पार्टी के पास भ्रष्टाचार का बहुत पैसा है तो उन्होंने भर कर डाला था।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि, रमन सिंह, अरुण साव से मुलाकात कर बीजेपी के पक्ष में प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ आऊंगा, कांग्रेस की सरकार जाएगी। कांग्रेस उनकी बात करेगी हम अपनी बात करेंगे। जनता का इमोशन हम समझते हैं। अल्पसंख्यकों के खिलाफ कांग्रेस गलत बात बोलती है कि बीजेपी मुसलमानों का विरोध करती है। महागठबंधन मोदी जी हराने के लिए बना है, हम मैदान में उतरे हैं विपक्ष को हटाने के लिए, रमन सिंह मुख्यमंत्री बनते हैं तो अच्छा है, भ्रष्टाचार हम नहीं करते हम लोगों की सेवा के लिए काम करते हैं।

**राहुल गांधी कब शादी करेंगे**

राहुल गांधी का प्रधानमंत्री बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा जब तक हम लोग हैं, जब मैं कांग्रेस में था तो बोला था सोनिया गांधी को कि ट्रेनिंग दे दीजिए प्रधानमंत्री की लेकिन नहीं दिए।

## आज का इतिहास


1795-अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1806-फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
1920-भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म।
1947-जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
1959-पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
1968-मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
1978-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
1984-भारत के प्रतिभाशाली आल राउंडर क्रिकेटर इरफ़ान पठान का जन्म।
1995-यूक्रैन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयंत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णत- बन्द किया गया।
1997-एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
2001-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का निधन।
2003-चीन में भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित, बगदाद में बम धमाकों से 40 लोगों की मृत्यु।
2004-चीन ने विशालकाय क्रेन का निर्माण किया।
2008-केन्द्र सरकार ने अख़बार उद्योग के पत्रकारों और ग़ैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की।
2018-दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना का निधन।
2021-उच्चतम न्यायालय ने पेगासस जासूसी मामले में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई।

### आयोजन | किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक को किया संबोधित

# जयशंकर ने एससीओ देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर ( एजेंसियां )। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशियाई देशों के हितों के केंद्र में होना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक के उद्घाटन को संबोधित करते हुए, जयशंकर ने कहा, आज जब दुनिया चुनौतियों का सामना कर रही है, बढ़ती आर्थिक मंदी, टूटी आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा का सामना कर रही है तो एससीओ के साथ घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता है।**

संदर्भ में, मध्य एशियाई राज्यों के हितों की केंद्रीयता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, विदेश मंत्री ने आगे कहा, हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि वैश्विक दक्षिण को अपारदर्शी पहलों से उत्पन्न होने वाले अव्यवहार्य ऋण के बोझ से नहीं दबाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा आर्थिक समृद्धि लाने में सहायक बन सकते हैं। क्षेत्र के लिए। एससीओ देशों के साथ संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत स्थायी, पारस्परिक रूप से लाभप्रद और वित्तीय रूप से व्यवहार्य समाधानों के लिए सदस्य देशों के साथ साझेदारी करने का इच्छुक है। जैसा कि हम क्षेत्र के भीतर व्यापार में सुधार करने का प्रयास करते हैं, हमें मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। भारत ने अपनी विकास यात्रा में इन डोमेन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, साथ ही कनेक्टिविटी पहल को हमेशा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। जयशंकर ने आगे कहा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, विदेश मंत्री ने कहा, विश्व बैंक के नवीनतम अपडेट के अनुसार, भारत एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण की पृष्ठभूमि के खिलाफ लचीलापन दिखा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.3 प्रतिशत है। एससीओ सदस्यों के साथ हमारे कुल व्यापार में बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई है, खासकर रूस के साथ। पिछले साल एससीओ के सभी सदस्यों के साथ इसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है...इसमें कई गुना बढ़ने की क्षमता है। इससे पहले बुधवार को बिश्केक पहुंचने के बाद जयशंकर ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात की थी और बैंकिंग, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की थी।



'आज जब दुनिया चुनौतियों का सामना कर रही है, तो एससीओ के साथ घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता'

## दुनिया को जानें

# चीन ने शेनझोउ-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन ने शेनझोउ-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान गुरुवार को प्रक्षेपित किया। इसमें सवार तीन अंतरिक्ष यात्रियों को एक अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पर लगभग छह महीने तक कक्षा में रहने के लिए भेजा गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के ऊपर अंतरिक्ष यान, उत्तर पश्चिम चीन में जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से प्रक्षेपित किया गया। सीएमएसए के उप निदेशक लिन ज़िकियांग ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यान में तांग होंगबो, तांग शेंगजी और जियांग शिनलिन अंतरिक्ष यात्री हैं। वे विभिन्न कक्षा में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुप्रयोग पेलोड परीक्षण तथा प्रयोग करेंगे।

श्री लिन ने कहा कि तीनों यात्री अतिरिक्त वाहन संबंधी गतिविधियां करेंगे, अतिरिक्त वाहन पेलोड स्थापित करेंगे और अंतरिक्ष स्टेशन के रखरखाव और अन्य कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शेनझोउ-17 अंतरिक्ष यात्री पहली बार अतिरिक्त वाहन प्रायोगिक रखरखाव करेंगे, जो एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। अंतरिक्ष में कचरा बढ़ने के साथ, दीर्घकालिक परिचालन अंतरिक्ष यान पर उनका प्रभाव अपरिहार्य है।

# खेल जगत

## पहली 20 गेंदों तक मैंने खुद को शांत रखा और फिर अटैक किया : मैक्सवेल

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के धुरंधर ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्वीकार किया कि विश्व कप इतिहास में सबसे तेज शतक जड़ने से पहले अपनी पारी की पहली 20 गेंदों में खुद को शांत रखना उनके लिए थोड़ा अजीब था। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम के सबसे तेज़ वनडे विश्व कप शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो इस महीने की शुरुआत में इसी पिच पर केवल 49 गेंदों पर आया था। मैक्सवेल ने 44 गेंदों पर नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से 106 रन बनाए, जो अब कुल मिलाकर पुरुषों के एकदिवसीय क्रिकेट में चौथा सबसे तेज़ शतक है। मैक्सवेल ने कहा, यह थोड़ा अजीब है कि मुझे पहली 20 गेंदों के लिए खुद को शांत करना पड़ा और पुनर्निर्माण करना पड़ा।



# लाहिरू के गेंद से कमाल व निसंक की बेहतरीन पारी से श्रीलंका ने इंग्लैंड को दी आठ विकेट से शिकस्त

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमार (3/35) की गेंद से धार और सलामी बल्लेबाज पथुम निसंक की 77 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत श्रीलंका ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बृहस्पतिवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में आठ विकेट से हरा पांच मैचों की दूसरी जीत दर्ज कर पांचवें स्थान पर पहुंच गई। वहीं इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में लगातार तीसरी और कुल चौथी हार और मात्र एक जीत से नौवें स्थान पर खिसक गई। मैन ऑफ द' मैच तेज गेंदबाज लाहिरू कुमार (3/35) की अगुआई में अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज (2/15) और कसुन रजिता (2/36) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में श्रीलंका के लिए रफ्तार के साथ दिखा कर बेन स्टोक्स की 73 गेंदों छह चौकों की 43 रन की संघर्षपूर्ण पारी के बावजूद इंग्लैंड कों 33.2 ओवर में मात्र 156 रन पर समेट दिया। डेविड विली 17 गेंद खेल एक छक्के और एक चौके की बदौलत 14 रन बनाकर अविजित रहे।

सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका(अविजित 77 रन,83 रन, दो छक्के और 7 चौके) और सदीरा समरविक्रम(अविजित 67, 54 गेंद,एक छक्का , सात चौके) की तीसरे विकेट की 137 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत श्रीलंका ने 25.4 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 160 रन बनाकर मैच जीत लिया। निसंक ने लेग स्पिनर आदिल रशीद के पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का जड़ श्रीलंका को शानदार जीत दिलाई। डेविड विली(2/30) से दिए दो शुरुआती झटकों से श्रीलंका को उबार कर जीत दिला दी। जब इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने अपने पहले ओवर में कुशल परेरा(4) को बेन स्टोक्स के हाथों कैच मिड ऑफ पर और तीसरे ओवर में कप्तान कुशल मेंडिस(11 रन, 12 गेंद,2 चौके) को आउट कर दो विकेट मात्र 23 रन पर निकाल दिए जब श्रीलंका की टीम गहरे संकट में लगी। सलामी बल्लेबाज निसंका बहुत समझबूझ से खेलते हुए सदीरा के साथ मिलकर श्रीलंका को जीत दिला कर दम लिया। इससे पहले डेविड मलान(28 रन, 25 गेंद, छह चौके) और जॉनी बैरिस्टो(30 रन, 31 गेंद, तीन चौके) की सलामी जोड़ी की 6.3 ओवर में 45 रन की तेज भागीदारी को अनुभवी ऑलराउंडर तेज मैथ्यूज ने विकेटकीपर मेंडिस के हाथों कैच करा तोड़ा। तीन ओवर बाद मैथ्यूज की गेंद पर एक रन चुराने के फेर में भरोसेमंद जो रूट(3) के रूप में इंग्लैंड ने दूसरा विकेट 57 रन पर क्या गंवाया कि फिर विकेटों की झड़ी ही लग गई। जॉनी बैरिस्टो ने रजिता की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मिडऑन पर डिसिल्वा को कैच थमाया और इंग्लैंड ने तीसरा विकेट 68 रन पर गंवाया। अनुभवी बेन स्टोक्स ने एक छोर संभाल कर इंग्लैंड की पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन दूसरे छोर से बराबर बल्लेबाज आते रहे और आउट होकर जाते रहे। तेज गेंदबाज कुमार ने कप्तान जोस बटलर (8) को विकेटकीपर कुशल मेंडिस के हाथों, लियाम लिविंगस्टन (1) को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड का स्कोर 17 वें ओवर में पांच विकेट पर 85 रन कर दिया। बेन स्टोक्स ने मोइन अली (15 रन, 15 गेंद, एक चौका) के साथ छठे विकेट के लिए 37 रन जोड़ कर स्कोर को 122 रन पर पहुंचाया था कि तभी मोइन ने मैथ्यूज की गेंद को उड़ाने की कोशिश में परेरा के हाथों कैच करा इस भागीदारी को तोड़ा और टीम के स्कोर में एक रन ही जुड़ा था कि क्रिस वॉक्स (0)ने रजिता की गेंद पर बड़ा स्ट्रोक खेलने की कोशिश में पॉइंट पर समरविक्रमा को कैच थमा दिया। लाहिरु कुमार ने पारी के31 वें ओवर में स्टोक्स को स्थानापन्न फील्डर हेमंत के हाथों कैच करा अपना तीसरा विकेट लेकर इंग्लैंड का आठ विकेट पर 137 कर उसका सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने की उम्मीद पर पानी फेर दिया और टीम के स्कोर में दस और जुड़े थे कि आदिल रशीद (2) एक तेज रन दौडने् के फेर में रन आउट हो गए। ऑफ स्पिनर महिश तीक्ष्णा ने मार्क वुड(5) को विकेटकीपर मेंडिस के हाथों स्टंप कर इंग्लैंड की पाारी 33 वें ओवर में समेट दी।





## थोड़ा हैरान हूं, लेकिन टीम के लिए जो करना होगा करूंगा : स्मिथ



**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि जब उनसे कहा गया कि टीम में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की संभावित वापसी को समायोजित करने के लिए उन्हें निचले क्रम में बल्लेबाजी करने की जरूरत होगी तो उन्हें थोड़ा झटका लगा। ऑस्ट्रेलिया का वर्ल्ड कप का अगला मुकाबला न्यूजीलैंड से शनिवार को धर्मशाला में होगा। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में, स्मिथ ने नीदरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 399-8 के कुल स्कोर में 309 रन की विशाल जीत में तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में 68 गेंदों में 71 रन बनाए। लेकिन अगर हेड डेविड वार्नर और मिशेल मार्श के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए वापस आते हैं और तीसरे नंबर पर आते हैं तो स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर आना पड़ सकता है।

क्रिकेट.कॉम.एयू ने स्मिथ के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि जब आप तीन से चार पर आते हैं तो यह एक अलग तरह की मानसिकता होती है। तो हां, अगर ट्रैव खेल रहा होता तो मुझे बताया जाता कि मुझे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है। मैं वही करूंगा जो टीम चाहेगी। मैंने ऐसा किया है। तीसरे नंबर पर मेरा रिकॉर्ड काफी अच्छा है, इसलिए मैं एक तरह से थोड़ा हैरान था, लेकिन मुझे टीम के लिए जो करना होगा वह करूंगा। हालाँकि उन्होंने विश्व कप में अपनी बल्लेबाजी की स्थिति में फेरबदल पर आश्चर्य व्यक्त किया, स्मिथ प्रतियोगिता में अपने बढ़ते फॉर्म से खुश थे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने अब तीन जीत हासिल की हैं - श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ - भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद।

आप सब कुछ एक साथ लाने की कोशिश करना चाहते हैं और (टूर्नामेंट के) बैक-एंड की ओर जितना संभव हो सके लगातार खेलना चाहते हैं। एक बल्लेबाज के दृष्टिकोण से, आप एक दिवसीय क्रिकेट में स्कोर बना सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैंने ऐसा पहले 2015 में किया है (विश्व कप, लगातार पांच 50 से अधिक स्कोर के साथ), मैंने इसे 2019 में थोड़ा सा किया है (विश्व कप, चार पारियों में तीन 50+ स्कोर के साथ), और एक बार जब आप वह लय हासिल कर लेते हैं और खेलने के उस तरह के क्षेत्र में, जिस तरह से आप खेलना चाहते हैं - मुझे लगता है कि डेवी (वार्नर) इस समय उसी तरह के पैच में हैं - आप उछाल पर कुछ स्कोर प्राप्त कर सकते हैं, और जाहिर है जब आपका शीर्ष क्रम अच्छा स्कोर कर रहा हो चलता है, आपने खुद को अच्छी तरह से स्थापित कर लिया है।

## हम महिला एशियन चैंपियंस में हर मैच जीतना चाहते हैं : सविता

■ ओलंपिक क्वॉलिफायर की तैयारियों को आंकने लिए अहम है एशियन चैंपियंस ट्रॉफी



सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई में भारत की निगाहें रांची में शुक्रवार से शुरू हो रही झारखंड महिला एशियन चैंपियन ट्रॉफी हॉकी, रांची 2023 में दूसरी बार खिताब जीतने पर लगी हैं। भारतीय महिला टीम अपने अभियान का आगाज थाईलैंड के खिलाफ मैच से शुक्रवार को करेगी।ारतीय महिला हाॅ टीम रने इससे पहले 2016 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीता था और 2013 और 2018 के संस्करण में उपविजेता और 2010 में उपविजेता रही थी।

भारत की कप्तान सविता ने महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी मैचों की अहमियत की बाबत कहा, % इस तरह के टूर्नामेंट में आप किसी भी टीम को हल्के नहीं ले सकते हैं। हमारी निगाहें इस टूर्नामेंट के मैचों पर लगी है क्योंकि इन मैचों से हमें एशिया कुछ बेहद मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलेगा। हम रांची में ही हाशेने वाले 2024 के ओलंपिक क्वॉलिफायर्स की तैयारियों में जुटे हैं और इसीलिए हम रांची में महिला एशियन चैंपियंस में हर मैच जीत इसमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमारे लिए यह टूर्नामेंट खुद ओलंपिक में स्थान पाने के ओलंपिक क्वॉलिफायर की अपनी तैयारियों को आंकने के लिहाज से बेहद अहम हैं।।'

कप्तान सविता की राय से इत्तफाक जताते हुए भारतीय हॉकी टीम की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने कहा, %ओलंपिक क्वॉलिफायर से पहले हमारे लिए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेलना अन्य टीमों को आंकने के साथ यह भी जानने का मौका है कि खिलाडियों को जो रोल दिया गया है उसे वे कैसे निभाती हैं। एशियाई खेलों में हमारा प्रदर्शन उत्साहवर्द्धक रहा और अब अपनी टीम को रांची में एशियन चैंपियिंस में खेलते देखने को बेताब हूं।'

दस दिन तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया ,मलयेशिया और थाईलैंड सहित छह टीमें राउंड रॉबिन लीग आधार पर चलेंगी। अंकों के आधार शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। मौजूदा चैंपियन जापान और अपने घर में 19 वें हांगजू एशियाई खेलों स्वर्ण पदक जीतने वाली चीन के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। चीन और जापान के साथ एशियाई खेलों में कांसा जीतने वाली भारतीय टीम भी रांची में खिताब की प्रमुख दावेदारों में से एक है। गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम मजबूत ढंग से अपने अभियान का आगाज करने को बेताब है।

# हार पर आलोचना के बीच पीसीबी ने क्रिकेट जगत, प्रशंसकों से पाकिस्तान टीम के लिए मांगा समर्थन

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। लगातार तीन हार पर आलोचना के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को क्रिकेट जगत और प्रशंसकों से मौजूदा विश्व कप में बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम का समर्थन करने का आग्रह किया है। पाकिस्तान, 1992 का चैंपियन, वर्ल्ड कप 2023 में पांच मैच खेलने के बाद वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और केवल दो बार जीत हासिल की है। उसका वर्तमान नेट रन रेट नेगेटिव है।

वहीं पाकिस्तान का आगे मुकाबला दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश से होगा। पीसीबी आईसीसी विश्व कप 2023 में राष्ट्रीय टीम को मिली लगातार तीन हार के बाद क्रिकेट प्रशंसकों की भावनाओं और संवेदनाओं को स्वीकार करता है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में बोर्ड को उम्मीद है कि क्रिकेट बिरादरी और प्रशंसक कप्तान बाबर आजम का समर्थन करना जारी रखेंगे। गुरुवार को एक बयान में पीसीबी ने कहा, राष्ट्रीय टीम के पास अभी भी राउंड-रॉबिन चरण में चार महत्वपूर्ण मैच शेष हैं और पीसीबी आशावादी है कि टीम फिर से संगठित होगी, असफलताओं से उबरेगी और आगामी मुकाबलों में सकारात्मक और प्रभावी प्रदर्शन करेगी। प्रतियोगिता में लगातार तीन हार झेलने के बाद पाकिस्तान टीम को अपने अप्रभावी प्रदर्शन और रणनीतियों के कारण भारी आलोचना का सामना करना पड़ा था। विशेषकर पीसीबी प्रमुख जका अशरफ द्वारा विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टीम की योजना की रूपरेखा तैयार करने के लिए कई पूर्व क्रिकेटरों से मुलाकात करने की खबरें आने के बाद आलोचना और अधिक बढ़ने लगी।

2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान का अगला मैच शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होगा।

विश्व कप 2023 में राष्ट्रीय टीम को मिली लगातार तीन हार के बाद क्रिकेट प्रशंसकों की भावनाओं और संवेदनाओं को स्वीकार करता है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में बोर्ड को उम्मीद है कि क्रिकेट बिरादरी और प्रशंसक कप्तान बाबर आजम का समर्थन करना जारी रखेंगे। राष्ट्रीय टीम असफलताओं से उबरेगी और आगामी मुकाबलों में सकारात्मक और प्रभावी प्रदर्शन करेगी : पीसीबी

## पाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है : मिकी आर्थर

चेन्नई। पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर को उम्मीद है कि उनकी टीम शुक्रवार को विश्व कप 2023 के अपने छठे मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलकर अपने अभियान को पटरी पर लाएगी। टीम ने हैदराबाद में नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन जब उन्हें लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा तो उनके प्रदर्शन में भारी गिरावट आई जिससे टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान को एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान से करारी हार का सामना करना पड़ा। आर्थर ने कहा, हमें विश्व कप जीतने के लिए छह मैच मिले हैं। हमें लय में बने रहना होगा और लगातार छह मैच जीतने होंगे। हम जानते हैं कि एक टीम के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपनी रणनीति पर शत-प्रतिशत अमल करें और अगर हम ऐसा करते हैं, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम विश्व कप नहीं जीत सकें। मुझे नहीं लगता कि पिछले तीन मैचों में हमारा कौशल वहां रहा है जहां उन्हें होना चाहिए था, लेकिन इन खिलाड़ियों के पास कौशल है। मिकी आर्थर का मानना है कि पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफिकेशन की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए खेल के तीनों पहलुओं पर ध्यान देना होगा।

### सार संक्षेप

#### अच्छा टीम वर्क रहेगा तो परफॉर्मेंस भी अच्छी होगी : रोहित

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के लिए अब तक विश्व कप 2023 शानदार रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने अपने सभी पांच लीग मैच जीते हैं, जिसमें कप्तान की बल्ले से भी अहम भूमिका रही है। भारत अपने अगले मैच में 29 अक्टूबर को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है। रोहित ने टूर्नामेंट में मेजबान टीम का नेतृत्व करने पर अपने विचार साझा किए और बताया कि वह टीम में सभी को कैसे मैनेज कर रहे हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि जब खिलाड़ियों को प्रबंधित करने की बात आती है, तो यह काफी महत्वपूर्ण है कि आप पहले व्यक्ति और उनकी आवश्यकता को समझें, उस विशेष व्यक्ति की पसंद और नापसंद क्या है क्योंकि आप जानते हैं कि टीम के खेल में यह सिर्फ एक या दो व्यक्तियों या कुछ के बारे में नहीं है। यह हर किसी के बारे में है। हम यह भी समझते हैं कि जब आप चैंपियनशिप, बड़े टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं, तो हर किसी को पार्टी में आना होगा और अपनी भूमिका निभानी होगी। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी को अच्छी मानसिक स्थिति में रखें। इसलिए, हर किसी की बात सुनना, यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि वे क्या चाहते हैं, वे कैसे काम करना चाहते हैं और इस तरह की चीजें और फिर आप हर चीज को ध्यान में रखते हैं और आगे बढ़ते हैं और यह कुछ ऐसा है जो मैं हमेशा करता हूं।

#### ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड को हुआ 16.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर का घाटा : रिपोर्ट

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को 2022 पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी के माध्यम से 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के बावजूद 2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए 16.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी है। एक बयान में कहा गया कि गैर-एशेज वर्ष के दौरान कम मीडिया अधिकारों और मैच राजस्व के साथ राजस्व चक्र में अपेक्षित कम अंक के कारण नुकसान हुआ। हालांकि पुरुषों के टी 20 विश्व कप में स्टेडियमों में भारी भीड़ देखी गई।

## भारत की गेंदबाजी लाइन-अप सबसे संतुलित : बद्रीनाथ



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने मौजूदा क्रिकेट विश्व कप में भारत के प्रभावशाली प्रदर्शन पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, विशेष रूप से टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन और रोहित शर्मा के नेतृत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मौजूदा आईसीसी विश्व कप में अपने आक्रामक और हमलावर इरादे के साथ शानदार लय में दिख रहे हैं। उन्होंने 5 पारियों में कई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 311 रन बनाए हैं। 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रनों की पारी के दौरान उन्होंने पांच छक्के लगाए, जिससे उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के 553 छक्कों के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय छक्कों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह वनडे विश्व कप में डेविड वार्नर के साथ संयुक्त रूप से सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।

शर्मा की कप्तानी और एक सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभाव के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, बद्रीनाथ ने कहा, सबसे पहले, उनकी कप्तानी बहुत अच्छी रही है। वह प्रक्रिया पर अड़े रहे और सही खिलाड़ियों का समर्थन किया। विशेष रूप से, वह शार्दुल ठाकुर पर बहुत भरोसा दिखा रहे हैं और शायद उस कदम का फल मिलने का समय आ गया है। मुझे लगता है कि उनके बीच कप्तान-खिलाड़ी का रिश्ता वास्तव में मजबूत है। कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि रोहित एक बड़े भाई प्रकार के कप्तान हैं। वह सहज स्वभाव का है और लड़कों के साथ उसके अच्छे संबंध हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसकी बल्लेबाजी फॉर्म जबरदस्त है। उन्होंने पहले भी इस बारे में बात की है और कहा है कि वह शुरू से ही सकारात्मक रूप से खेलेंगे और वह यही कर रहे हैं। बद्रीनाथ ने स्पिनर कुलदीप यादव के पुनरुत्थान और भारत की गेंदबाजी लाइनअप में संतुलन पर भी चर्चा की।

बद्रीनाथ ने कहा, दो बातें। यदि आप तकनीकी दृष्टिकोण से इस पर विचार करते हैं, तो उन्होंने अपने रन-अप पर काम किया है, इसे अधिक सीधा बनाया है, जिससे उनकी गेंदबाजी को और अधिक गति मिलती है। इसके अलावा, उन्होंने अपनी गैर-गेंदबाजी भुजा में सुधार किया है, जो अब और अधिक सीधा हो गया है। इन दो तकनीकी समायोजनों से उनकी हवाई गति बढ़ गई है। बद्रीनाथ ने हार्दिक पांड्या की चोट के कारण अनुपस्थिति के बारे में भी बात की और उनका मानना है कि टीम को इंग्लैंड के खिलाफ मैच को उनकी अनुपस्थिति में अपनाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बद्रीनाथ ने अपरीक्षित मध्यक्रम और भारत के विश्व कप अभियान को लेकर सतर्क आशावाद पर प्रकाश डाला।

हार्दिक एक बड़ी कमी है, वह प्रमुख खिलाड़ी है जो रोहित और टीम इंडिया के लिए संतुलन प्रदान करता है। लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से एक गेंदबाज को खिलाना चाहूँगा, चाहे वह शमी हो या अश्विन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मैं एक ऐसा गेंदबाज चाहता हूँ जो 10 ओवर गेंदबाजी कर सके क्योंकि मैं शार्दुल को मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए नहीं देखता क्योंकि वह ऐसा करेगा। मुश्किल हो सकता है। भारत के मध्यक्रम का परीक्षण नहीं किया गया है, लेकिन यह चिंता की बात नहीं है, क्योंकि भारत हावी रहा है और शीर्ष क्रम रन बना रहा है इसलिए इसे चिंता का विषय नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह एक सच्चाई है। लेकिन ये चीजें खेल में होती हैं, आप बहुत अच्छा क्रिकेट खेलने की कीमत नहीं चुका सकते। मुझे उम्मीद है कि 2019 के राक्षस आकर भारत को परेशान नहीं करेंगे, यही मेरी एकमात्र चिंता है। भारत रविवार को लखनऊ के एकाना स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा।

## वेनेजुएला शीर्ष 50 में लौटा, अर्जेंटीना की बढ़त बरकरार



**ज्यूरिख,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस महीने की शुरुआत में 165 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिनमें फीफा विश्व कप के 26 क्वालीफायर, महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के प्रारंभिक दौर के मुकाबले और कॉनकाकाफ नेशंस लीग के मुकाबले मुख्य आकर्षण रहे। इन फिक्स्चर ने निश्चित रूप से एक छाप छोड़ी, जिसमें फीफा विश्व रैंकिंग का नवीनतम संस्करण भी शामिल है।

हालांकि, शीर्ष तीन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अर्जेंटीना (प्रथम) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी फ्रांस पर अच्छी बढ़त (8.18 अंक) बनाए रखी है। इस बीच, लेस ब्लेस ने दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, जिससे उनके और ब्राजील (तीसरे) के बीच का अंतर (जो अब 40.91 अंक है) बढ़ गया है। वेनेजुएला से घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर छूटने और उरुग्वे से 2-0 से हार के बावजूद इंग्लैंड (चौथे) अपने स्थान पर बना हुआ है। बेल्जियम शीर्ष 5 में बना हुआ है, लेकिन पुर्तगाल (6वें, 2वें स्थान ऊपर) दरवाजे पर दस्तक दे रहा है और बेल्जियम की नजरें भी पुर्तगाल पर होंगी। अपने इबेरियन पड़ोसियों की तरह, स्पेन (8वें, 2वें स्थान ऊपर) ने भी प्रगति की है - वे अब नीदरलैंड्स (7वें) के बाद अगले स्थान पर हैं। इसके बाद इटली (9वें) और क्रोएशिया (4 स्थान नीचे, 10वें) आते हैं, 2018 फीफा विश्व कप के उपविजेता रूस ने हाल की असफलताओं के बावजूद शीर्ष दस में अपना स्थान बरकरार रखा है।

### सुडोकू 6358 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 1.74 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.35 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.20 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.10 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.09 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.06 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.54 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 3.36 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 3.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.81 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।




# सहकारिता के माध्यम से प्रमाणिक बीजों का उत्पादन हो : शाह

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारी समितियों के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से फसलों के बीज उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि इससे देश की जरुरतों को पूरा किया जा सकेगा और दुनिया को इनका निर्यात भी किया जा सकेगा जिसका सबसे अधिक लाभ किसानों को मिलेगा।

श्री शाह ने भारतीय बीज सहकारी समिति द्वारा %सहकारी क्षेत्र में उन्नत एवं पारंपरिक बीजोत्पादन% पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश में वैज्ञानिक ढंग से तैयार बीज भरपूर मात्रा में किसानों को उपलब्ध नहीं है जिससे नुकसान हो रहा है। प्रमाणिक बीज किसानों तक उपलब्ध कराने के लिए इसका उत्पादन बढाना होगा। प्रमााणिक बीज से किसानों की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि परम्परागत बीज के संरक्षण तथा इसके उत्पादन बढाने की जरुरत है क्योंकि इसमें भारी मात्रा में पोषक तत्व पाये जाते हैं जिसकी विश्व में भारी मांग है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के माध्यम से आसानी से वैज्ञानिक ढंग से बीज उत्पादन को बढावा दिया जा सकता है जिसका पूरा लाभ किसानों को मिलेगा। निजी क्षेत्र में जो बीज तैयार किया जाता है उसका लाभ छोटे और सीमांत किसानों को नहीं मिलता है।



**देश में सालाना करीब 465 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है जिसमें सरकारी क्षेत्र के बीजों का हिस्सा केवल 165 लाख क्विंटल ही है। सहकारिता के माध्यम से देश की जरुरतों का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही उपलब्ध हो पाता है। तीन गुना अधिक बीज की जरुरत है जिसे सहकारिता समितियों से पूरा किया जा सकता है। सहकारिता के माध्यम से देश में अनुसंधान एवं विकास के बल पर आधुनिक तकनीक से विश्व स्तरीय बीज तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए उपयुक्त तंत्र विकसित किया जायेगा :-**
**अमित शाह, केंद्रीय मंत्री, सहकारिता**

उन्होंने कहा कि देश में सालाना करीब 465 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है जिसमें सरकारी क्षेत्र के बीजों का हिस्सा केवल 165 लाख क्विंटल ही है। सहकारिता के माध्यम से देश की जरुरतों का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही उपलब्ध हो पाता है। उन्होंने कहा कि तीन गुना अधिक बीज की जरुरत है जिसे सहकारिता समितियों से पूरा किया जा सकता है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि सहकारिता के माध्यम से देश में अनुसंधान एवं विकास के बल पर आधुनिक तकनीक से विश्व स्तरीय बीज तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए उपयुक्त तंत्र विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश के अलग अलग हिस्सों में परम्परागत बीजों का उत्पादन किया जाता है लेकिन इसके बारे में लोगों को सही जानकारी नहीं है।

उन्होंने कहा कि बीजों के विकास में जलवायु परिवर्तन तथा आनुवांशिक का पूरा ध्यान रखा जा रहा है जिससे लोगों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न मिल सके। उन्होंने कहा कि देश में परम्परागत किस्म के मोटे अनाजों के कुछ ऐसे बीज उपलब्ध हैं जिसकी आपूर्ति विश्व को की जा सकती है। इस अवसर पर सहकारिता क्षेत्र के नेता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एसपीडीए ने अपने ब्रांड को दी नई पहचान

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर ,(एजेंसियां)। नवीकरणीय उर्जा को बढ़ावा देने वाले स्वतन्त्र संगठन एसपीडीए ने अपने ब्रांड को 'सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स डेवलपर्स एसोसिएशन' के रूप में नई पहचान दी है।

ब्रांड की यह नई पहचान नवीकरणीय उर्जा के डेवलपर से आगे बढ़कर विकार्बोनीकरण स्पैक्ट्रम में आधुनिक समाधान प्रदाता के रूप में संगठन के बदलाव के अनुरूप है। स्वच्छ उर्जा प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एसपीडीए- सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स डेवलपर्स एसोसिएशन उभरते विकार्बोनीकरण समाधानों जैसे हरित हाइड्रोजन एवं इसके व्युत्पन्न, पवन, सौर, हाइब्रिड समाधान, उर्जा संग्रहण जैसे पम्प्ड स्टोरेज एवं बैटरी, कार्बन मार्केट, सोलर मोड्यूल निर्माण एवं इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण में अग्रणी रहा है। अब उर्जा रूपान्तरण से जुड़े मुद्दों पर नीतियों, चर्चाओं एवं आम सहमति को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। एसोसिएशन हरित उर्जा की तरफ बदलाव को गति प्रदान करने और अपनी आउटरीच का लाभ उठाने में अग्रणी रहा है। साथ ही भारत में नवीकरणीय उर्जा एवं हरित ईंधन परियोजनाओं के लिए निवेश और नीतिगत सहयोग भी प्रदान करता रहा है। एसपीडीए की नई पहचान हरित सेवा क्षेत्र में इसकी स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगी तथा इसे विश्वस्तरीय संगठन के रूप में स्थापित कर विकार्बोनीकरण की दिशा में भारत के नेतृत्व को प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर एसपीडीए के महानिदेशक एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त ने कहा, एसपीडीए का उद्देश्य देश में उर्जा रूपान्तरण में सक्रिय कंपनियों को एक निष्पक्ष मंच प्रदान करना और उनकी आवाज़ बनना है। यह नई पहचान एसपीडीए की विश्वस्तरीय पहुंच को बढ़ाने में कारगर होगी, जहां स्वच्छ उर्जा की दिशा में बदलाव सरकारों का नया मंत्र बन गया है। एसपीडीए भावी उर्जा के संदर्भ में विकार्बोनीकरण को समर्थन प्रदान करेगा।

संगठन के अध्यक्ष एवं अवादा ग्रुप के अध्यक्ष विनीत मित्तल ने कहा, जलवायु परिर्वन की समस्या को हल करना जल्द से जल्द ज़रूरी है। दुनिया भर की सरकारें एवं कारोबार सभी के लिए समृद्धि एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक स्थायी दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

## यूएनएकेडमी के ग्राफी ने पुनर्गठन के बीच लगभग 30 प्रतिशत नौकरियों में कटौती की : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। एडटेक प्लेटफॉर्म यूएनएकेडमी के स्वामित्व वाले सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म ग्राफी ने पुनर्गठन अभ्यास के क्रम में पिछले कुछ हफ्तों में अपने लगभग 20 से 30 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 50 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। यह जानकारी गुरुवार को मीडिया रिपोर्ट में दी गई। इंक42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ग्राफी, जो एडटेक रचनाकारों को शिक्षण प्रबंधन प्रणाली सेवाएं प्रदान करती है, राजस्व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है, जिससे कंपनी के भीतर पुनर्गठन हो रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि ग्राफी की अधिग्रहीत कंपनियों - स्पायी और सीन्स में पुनर्गठन किया गया था या नहीं। यह खबर कुछ महीने पहले यूएनएकेडमी के सीईओ गौरव मुंजाल ने सोशल मीडिया पर ग्राफी की प्रशंसा करते हुए दावा किया था कि क्रिएटर्स ग्राफी पर पाठ्यक्रम बेचकर प्रतिमाह लगभग 30 लाख डॉलर (24 करोड़ रुपये) कमा रहे थे। जनवरी में ग्राफी के सीईओ सुमित जैन ने ट्वीट किया था कि कंपनी ने परिचालन लाभप्रदता हासिल कर ली है। वित्तवर्ष 22 में कंपनी का राजस्व 3.6 करोड़ रुपये के घाटे के मुकाबले 8.86 करोड़ रुपये रहा।

इससे पहले यूएनएकेडमी ने अपनी अन्य प्रमुख समूह कंपनियों, जैसे रिलेवेल और प्रेपलैडर से कई कर्मचारियों को निकाल दिया था।

जनवरी में एडटेक प्लेटफॉर्म ने रीलेवल से 40 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के 20 प्रतिशत को निकाल दिया।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PARVINDER SINGH S/O GURUCHARAN SINGH PADAM resident of LIG-I/319 TATIBANDH NEAR THIRD WATER TANK TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name PARVINDER SINGH S/O GURUCHARAN SINGH PADAM so in future I should be recognized by my new name that is PARVINDER SINGH PADAM S/O GURUCHARAN SINGH PADAM in all Government and other documents.

**PARVINDER SINGH PADAM**
LIG-I/319 TATIBANDH
NEAR THIRD WATER TANK
TATIBANDH RAIPUR (C.G.)
492099

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, GURUCHARAN SINGH S/O SARDARA SINGH resident of LIG-I/319 TATIBANDH NEAR THIRD WATER TANK TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name GURUCHARAN SINGH S/O SARDARA SINGH so in future I should be recognized by my new name that is GURUCHARAN SINGH PADAM S/O SARDARA SINGH in all Government and other documents.

**GURUCHARAN SINGH PADAM**
LIG-I/319 TATIBANDH
NEAR THIRD WATER TANK
TATIBANDH RAIPUR (C.G.)
492099

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आरिफा नाजमा पिता लियाकत अली पता वार्ड क्र. 14, हॉस्पिटल दफाई चिरमिरी, हल्दीबाड़ी, कोरिया छत्तीसगढ़-497451 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम अरीफा नाजमा पिता लियाकत अली रख लिया है।
अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम अरीफा नाजमा पिता लियाकत अली से ही जाना व पहचाना जावें।

**अरीफा नाजमा**
वार्ड क्र. 14, हॉस्पिटल दफाई चिरमिरी
हल्दी बाड़ी कोरिया (छ.ग.)
पिन: 497451

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAKESH KUMAR LAKHISARANI S/O GURUMUKH DAS LAKHISARANI resident of FLAT NO 107 BALAJI HOMES BEHIND CG HOTEL VISHAL NAGAR RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my son old name SOUMYA LAKHISARANI S/O RAKESH KUMAR LAKHISARANI so in future I should be recognized by my son new name that is SOUMYA KUMAR LAKHISARANI S/O RAKESH KUMAR LAKHISARANI in all Government and other documents.

**RAKESH KUMAR LAKHISARANI**
FLAT NO 107 BALAJI HOMES
BEHIND CG HOTEL VISHAL
NAGAR RAIPUR 492001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHYAM GATTANI S/O SHARAD CHANDRA GATTANI resident of BUNGALA NO.26 PLOT AVANTI GARDEN, DALDAL SEONI ROAD, NEAR KALYAN GAS GODOWN, MOWA DALDAL SEONI, RAIPUR, (C.G.), 492001 have changed my son old name SOUMIL SHYAM GATTANI so in future I should be recognized by my son new name that is SOUMIL GATTANI S/O SHYAM GATTANI in all Government and other documents.

**SHYAM GATTANI**
BUNGALA NO.26 PLOT AVANTI GARDEN, DALDAL SEONI ROAD, NEAR KALYAN GAS GODOWN, MOWA , DALDAL SEONI, RAIPUR, (C.G.), 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANJULATA JAIN W/O MILAP CHAND JAIN resident of BUNGLOW NO. D-101, 1ST FLOOR AMRAPALI ROAD NEAR KALDA HOSPITAL LAL GANGA REGILA PACHPEDI NAKA RAIPUR (C.G.) have changed my old name MANJULATA JAIN W/O MILAP CHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is MANJU DEVI JAIN W/O MILAP CHAND JAIN in all Government and other documents.

**MANJU DEVI JAIN**
BUNGLOW NO. D-101, 1ST FLOOR AMRAPALI ROAD NEAR KALDA HOSPITAL LAL GANGA REGILA PACHPEDI NAKA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHETNA KHATRI D/O BABULAL KHATRI resident of 89 STATION WARD, BHATAPARA, BHATAPARA(M) BHATAPARA, BALODA BAZAR (C.G.) 493118 have changed my old name CHETNA KHATRI D/O BABULAL KHATRI so in future I should be recognized by my new name that is PREET KANCHWANI W/O VINAY KANCHWANI in all Government and other documents.

**PREET KANCHWANI**
89 STATION WARD,
BHATAPARA, BHATAPARA(M)
BHATAPARA, BALODA BAZAR
(C.G.) 493118

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, UMESH THOURANI S/O TIKAM DAS THOURANI resident of VALLABH NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name UMESH THOURANI S/O TIKAM DAS THOURANI so in future I should be recognized by my new name that is UMESH KUMAR THOURANI S/O TIKAM DAS THOURANI in all Government and other documents.

**UMESH KUMAR THOURANI**
VALLABH NAGAR
RAIPUR (C.G.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/अ-6/2022-2023
ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67
तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बजाज टाउनशिप प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री मुकेश बजाज पति कटोरा तालाब रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67 स्थित भूमि खसरा नंबर 133 रकबा 0.028, खसरा नंबर 134/1 रकबा 0.217 हे. भूमि खसरा 134/2 रकबा 0.157 हे. भूमि कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.402 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को क्रय/तबादला पश्चात न्यायालय तहसीलदार रायपुर के नामांतरण पश्चात् आवेदक का नाम बी-1 में दर्ज हुआ है। आवेदक द्वारा क्रय/तबादला दिनांक से उक्तभूमि पर दाखिल वो काबिज है। आवेदक द्वारा उक्त खसरा नंबर 133 रकबा 0.028 हे. भूमि खसरा नंबर 134/1 रकबा 0.217 हे. भूमि 134/2 रकबा 0.157 हे. भूमि कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.402 हे. भूमि का ऑनलाईन दर्ज कराये जाने का निवेदन किया है। जिसकी प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.11.2023 को होगी।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244407 22500030

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी नितिन सिहानी पिता/पति राजकुमार सिहानी पता भाठागांव रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 325/356 0.0046 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ऋषि कुमार जायसवाल पिता/पति श्री रामचंद्र जायसवाल पता नेहरू वार्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00084 डोमा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072720 0003

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00084 के अंतर्गत ग्राम डोमा के वर्तमान भूमिस्वामी नंदनी पिता/पति-पति तेजसिंह सिन्हा पता सा. पंडरी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 196/94 0.0090 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सरिता खरवार पिता/पति श्री भूपेन्द्र खरवार पता मयूर क्लब पंडरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/202310111000803/
अ-6 ( अ )/2022-2023
ग्राम पुरेना प.ह.नं. 67
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगणा श्री राजेश मिश्रा पिता स्व. आर.पी. एवं श्रीमती कविता मिश्रा पति राजेश मिश्रा निवासी पुरेना रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक के हमारे द्वारा ग्राम पुरेना प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर में परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नंबर 215/2 का भाग 1000 वर्गफीट को 06 जनवरी 2006 को विक्रेता सूरज नेभानी पिता गुरूमुखदास नेभानी निवासी श्याम नगर से पंजीकृत बैनामा से प्राप्त किया है। विक्रेता सूरज नेभानी ने उपरोक्त संपत्ति मनीष्ष कुमार पिता अशोक कुमार दमानी से 05/12/2005 को किया था। परिवर्तित राजस्व अभिलेख में खाता क्रमांक 479 भाग 1 में राजेश मिश्रा पिता स्व. श्री आर.पी. मिश्रा नाम दर्ज है। अतः संलग्न दस्तावेजों के आधार पर आवेदक का नाम ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु का निवेदन किया है। जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 20.11.2023 को नियत है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./20231011020050/
अ-6/वर्ष 2022-23
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 16.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानग्रहिता श्री प्रहलाद साहू पिता श्री बिहारी लाल साहू निवासी शीतला मंदिर के पीछे गली नंबर 02 कांपा लोधीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 01 भूखण्ड क्रमांक 1 एवं 2 खसरा नंबर 20/2, 30 रकबा 05 वर्गफुट एवं 170 वर्गफुट कुल रकबा 236 वर्गफुट भूमि को दानदाता श्री बिहारी लाल साहू पिता स्व. भगेला राम साहू निवासी शीतला मंदिर के पीछे गली नंबर 02 कांपा लोधीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत दान पत्र दिनांक 04.07.2022 एवं पंजीकृत संशोधित पत्र दिनांक 12.01.2023 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त दान में प्राप्त भूमि को पंजीकृत दान पत्र दिनांक 04.07.2022 एवं पंजीकृत संशोधित पत्र दिनांक 12.01.2023 के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक/दानग्रहिता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31.10.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./20231011020050/
अ-6/वर्ष 2022-23
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 16.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानग्रहिता श्री ईश्वर लाल साहू पिता श्री बिहारी लाल साहू निवासी शीतला मंदिर के पीछे गली नंबर 02 कांपा लोधीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 01 भूखण्ड क्रमांक 1 खसरा नंबर 28/2 रकबा 238 वर्गफुट भूमि को दानदाता श्री बिहारी लाल साहू पिता स्व. भगेला राम साहू निवासी शीतला मंदिर के पीछे गली नंबर 02 कांपा लोधीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत दान पत्र दिनांक 04.07.2022 एवं पंजीकृत संशोधित पत्र दिनांक 09.01.2023 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त दान में प्राप्त भूमि को पंजीकृत दान पत्र दिनांक 04.07.2022 एवं पंजीकृत संशोधित पत्र दिनांक 09.01.2023 के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक/दानग्रहिता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31.10.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./20231011020058/
अ-6/वर्ष 2022-23
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 16.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानग्रहिता चन्द्रप्रकाश साहू पिता श्री बिहारी लाल साहू निवासी शीतला मंदिर के पीछे गली नंबर 02 कांपा लोधीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 01 भूखण्ड क्रमांक 2 खसरा नंबर 30 रकबा 238 वर्गफुट भूमि को दानदाता श्री बिहारी लाल साहू पिता स्व. भगेला राम साहू निवासी शीतला मंदिर के पीछे गली नंबर 02 कांपा लोधीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत दान पत्र दिनांक 04.07.2022 एवं पंजीकृत संशोधित पत्र दिनांक 09.01.2023 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त दान में प्राप्त भूमि को पंजीकृत दान पत्र दिनांक 04.07.2022 एवं पंजीकृत संशोधित पत्र दिनांक 09.01.2023 के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक/दानग्रहिता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31.10.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
ई-कोर्ट मा.क्र./202310113700015/
अ-6/वर्ष 2022-2023
ग्राम बनरसी प.ह.नं. 77
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 13.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पूर्णिमा राय पति श्री दुखीराम राय निवासी वृंदावन कालोनी माना कैम्प रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा ग्राम बनरसी, प.ह.नं. 79 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 48/1 रकबा 1750 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री दुखीराम सरकार पिता श्री तारापद सरकार निवासी माना कैम्प रायपुर छ.ग. से पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.07.2014 को क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। इस प्रकार उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 31.10.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**आम सूचना**
**नाम परिवर्तन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती तेजेश्वरी बाई पति श्री स्व. राधेश्याम सिंह गौर उम्र 64 वर्ष निवासी म.नं. 70 लक्ष्मी निवास पचपेड़ी नाका रायपुर छ.ग. की निवासी हूं। पूर्व में मेरा नाम श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर पति श्री राधेश्याम सिंह ठाकुर था जो कि मेरे आधार कार्ड में अंकित है। मैं अपना नाम परिवर्तन कर श्रीमती तेजेश्वरी बाई पति श्री स्व. राधेश्याम सिंह गौर हो गयी हूं तथा मैं अब श्रीमती तेजेश्वरी बाई पति श्री स्व. राधेश्याम सिंह गौर के नाम से ही जानी पहचानी एवं संबोधित की जाउंगी।
वर्तमान में मैं श्रीमती तेजेश्वरी बाई पति श्री स्व. राधेश्याम सिंह गौर के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूँ व संशोधित किये जाने के संबंध में यह आम सूचना मेरे द्वारा प्रकाशित की जा रही है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो।

सो सूचना जाने।

रायपुर ( छ.ग. )
दिनांक ............

श्रीमती तेजेश्वरी बाई
पति श्री स्व. राधेश्याम सिंह गौर
पता म.नं. 70 लक्ष्मी निवास, पचपेढ़ी नाका रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00083 काठाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440 726800003

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00083 के अंतर्गत ग्राम काठाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी महावीर, महादेव, सुदर्शन, नकुल, अशोक पिता/पति लखन दुलौरिन, गुलालवती, संतोषी पिता लखन साहू पता सा. देह पी-063886 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 74/4 0.0040, 106/13 0.1950, 106/51 0.1520, 106/8 0.0760, 106/52 0.1800, 106/53 0.3550 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता महावीर, महादेव, नकुल, अशोक, दुलौरिन, गुलालबती पिता/पति स्व. लखन साहू पता सा. देह, हेमिन बाई साहू बेवा सुदर्शन साहू, हरीलाल साहू, मीना साहू, अर्चना साहू, पवन साहू, कुंती साहू पिता/पति स्व. सुदर्शन साहू पता काठाडीह बस्ती रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
क्रमांकः 20231011080081
विषय-अ-6 सन-2022-2023
लाभांडी प.ह.नं. 00065 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-हंसा चावड़ा पति स्व. राजेश चावड़ा, अनावेदक पक्षकार-राजेश कुमार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हंसा चावड़ा पति स्व. राजेश चावड़ा निवासी बालाजी गार्डन फाफाडीह रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम लाभांडी प.ह.नं. 65 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 353/1, 353/2, 353/3 का भाग रकबा 10068 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता दोनों पिता हरिप्रसाद गुप्ता एवं सुनीता कंस्ट्रक्शन डिवीजन ऑफ सुनीता फिनलीज लि. द्वारा राजेश गुप्ता पिता हरिप्रसाद गुप्ता साकिन सुनीता केमीकल्स, निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.08.1998 को क्रय किया गया है। अतः आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./अ-6 ( अ )/2022-2023
ग्राम पिरदा प.ह.नं.-76
रायपुर, दिनांक 26.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार छबलानी पिता स्व. श्री चंद छबलानी निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा माननीय न्यायालय अपर कलेक्टर रायपुर के समक्ष अपने अधिवक्ता श्री अजीत सिंह के माध्यम से आवेदन पत्र वास्ते धारा 107 ( 05 ) भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पिरदा प.ह.नं. 76 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 259/5 शामिल 260/3, 261/15, 262/17, 263/38, 264/2 का रकबा 0.0930 हे. भूमि आवेदक के द्वारा संयुक्त भूमिस्वामी हक में धारित की जाती है। आवेदक की भूमि से लगी भूमि का ऑनलाईन नक्शा बटांकन खसरा नंबर 259/60 का रकबा 0.0465 हे. भूमि त्रुटिपूर्वक बटांकित दर्शित हो रही है। बटांकन पंजी की सत्य प्रतिलिपि के अवलोकन से ज्ञात होता है कि बना किसी राजस्व अधिकारी के आदेश के नक्शा बटांकित हुआ है, जिसे सुधार किया जाना मूलरूप से आवश्यक है। आवेदक द्वारा धारित भूमि नक्शा में बटांकित भूमि खसरा नंबर 259/60 से प्रभावित हो रही है तथा आवेदक की अनुपस्थिति में बिना किसी विधिक आदेश के ऑनलाईन बटांकन किया गया है जिसे सुधार किया जाना न्यायाहित में आवश्यक है। अतः राजस्व अधिकारी के विधिक आदेश के बिना ऑनलाईन त्रुटिपूर्ण खसरा नंबर 259/60 का बटांकन निरस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20.11.2023 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-प्रकाशन**
राजस्व प्र.क्रं./अ-6/2022-2023
रायपुर, दिनांक 29.09.2023
प्रति,

01. मुन्ना साहू पिता श्री गणेशु राम साहू निवासी ग्राम धरमपुरा, रायपुर 02. श्रीमती कुमारी बाई पति श्री दुधेलाल निवासी ग्राम धरमपुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदक श्री सत्येन आहूजा पिता श्री कन्हैया लाल जी आहूजा निवासी म.नं. ई-6 सेक्टर-2 अवंति विहार कालोनी रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम धरमपुरा, प.ह.नं. 78 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 284/9, 284/12 का भाग रकबा 0.019 हे. भूमि को विक्रेतागण 01. मुन्ना साहू पिता श्री गणेशु राम साहू निवासी धरमपुरा रायपुर छ.ग. 02. श्रीमती कुमारी बाई पति श्री दुधेलाल निवासी धरमपुरा रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05.07.2008 को क्रय किया है। अतः आवेदक द्वारा विक्रेता का नाम विलोपित कर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु आप सुनवाई दिनांक 31.10.2023 को अनिवार्य रूप से स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-पत्र**
क्रमांक/वाचक/ना.तहसीलदार/2023
रायपुर, दिनांक 19.10.2023

मेसर्स जैनम बिल्डर्स पार्टनर दिनेश रामपुरिया जिला-रायपुर ( छ.ग. )
विषयः- राजस्व मामला क्रमांक/20230101149 00020/अ-6/वर्ष 2022-2023 पक्षकार विजय जायसवाल पिता स्व. लालजी प्रसाद जायसवाल विरूद्ध पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फायनेंस लि. नवम तल अंतरिक्ष भवन 22 सुभाष पाण्डेय पिता श्री रामपलट पाण्डेय ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय जायसवाल पिता स्व. लालजी प्रसाद जायसवाल निवासी सेक्टर-03 विद्या नगर अंबिकापुर तहसील व जिला अंबिकापुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 663/1 रकबा 0.0111 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि विक्रेता पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फायनेंस लि. नवम तल अंतरिक्ष भवन 22 कस्तुरबा गांधी मार्ग न्यू दिल्ली के द्वारा दिनांक 30.10.2010 को आवेदक विजय जायसवाल पिता स्व. लालजी प्रसाद जायसवाल के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सुभाषचन्द पाण्डेय पिता श्री रामपलट पाण्डेय निवासी ब्लाक नंबर 14 रिद्धीसिद्धी रेसीडेंसी अवंति विहार रायपुर तहसील व जिला रायपुर के नाम पर दर्ज है। जिसने दिनांक 15.02.2009 को मेसर्स जैनम बिल्डर्स द्वारा भागीदारी श्री दिनेश रामपुरिया पिता श्री त्रिलोकचंद रामपुरिया निवासी गुढ़ियारी रायपुर से क्रय किया गया था। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम आवेदित भूमि पर दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06.11.2023 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00023 बरौंदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444071890004

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00023 के अंतर्गत ग्राम बरौंदा के वर्तमान भूमिस्वामी विकास चंद्राकर पिता/पति सोहन लाल चंद्राकर पता सा. देह , मेसर्स चन्द्राकर बिल्डर्स द्वारा पार्टनर सोहन लाल चंद्राकर पिता/पति स्व. कुलेश्वर प्रसाद चंद्राकर पता सा. देह, प्रशांत चंद्राकर पिता/पति सोहन लाल चंद्राकर पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 229/43 0.0089 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता श्रीमती सुनीता सादानी पिता/पति केदार सादानी पता-18 द्वितीय तल, कोटा रोड श्री कृष्णा लैंडमार्क गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, POOJA KADHI W/O PRASHANT RAMESHCHANDRA KADHI resident of VILLA 32 MARUTI LIFE STYLE KOTA, GUDHIYARI ROAD, RAIPUR (C.G.) have changed my old name POOJA KADHI W/O PRASHANT RAMESHCHANDRA KADHI so in future I should be recognized by my new name that is POOJA PRASHANT KADHI W/O PRASHANT RAMESHCHANDRA KADHI in all Government and other documents.

**POOJA PRASHANT KADHI**
VILLA 32 MARUTI LIFE STYLE
KOTA, GUDHIYARI ROAD,
RAIPUR (C.G.)

# नगर में विराजित सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन एक साथ जुलुस की शक्ल में शांति पूर्ण हुआ



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कसडोल नगर का दुर्गा प्रतिमा विभिन्न प्रकार की झाकियों के साथ बड़े धूमधाम से नगर भ्रमण करते हुए स्थानीय रामसागर तालाब में विसर्जित किया गया। जिसे देखने नगर सहित आस पास गावों से भारी संख्या में लोग पहुंचकर झांकी का आनंद लिए।

ज्ञात हो कि नगर का दुर्गा विसर्जन क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है यहां प्रतिवर्ष दशहरा पर्व के दूसरे दिन नगर में स्थापित सभी दुर्गा प्रतिमाओं को एक साथ विभिन्न झाकियों के बीच नगर भ्रमण करते हुए विसर्जन किए जाने की परंपरा पिछले करीब 20 वर्ष से चली आ रही है। जिसके लिए यहां एक निर्णायक समिति बनी हुई है जो झाकियों तथा दुर्गा प्रतिमाओं की आकर्षता के आधार नंबर दिया जाता है और प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त करने वाली समितियों को पुरुस्कार दिया जाता है इसके अलावा अन्य प्रतिभागी समितियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाता है। यहां की झाकी देखने नगर सहित आस पास गावों के लोग बड़ी संख्या में पहुंच झांकी और दुर्गा विसर्जन का आनंद लेते है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विभिन्न समितियों द्वारा बड़ी संख्या में झाकी निकल कर दुर्गा विसर्जन किया गया। इसमें मुख्य रूप से आकर्षक महिला पारस नगर सेक्टर 2 द्वारा निकाली गई 14 प्रकार की झांकी रही जिसमे सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य, राउत नाचा, श्री गणेश जी एवम श्री कार्तिक जी, छत्तीसगढ़ महतारी, वीर शिवाजी की जीवंत झांकी के अलावा मतदाता जागरूकता अभियान, महाकाल ज्योतिर्लिंग, चंद्रयान 3, सहित विभिन्न झाकियां निकाली गई। जिससे इस वर्ष भी एकता नव दुर्गा उत्सव समिति पारस नगर सेक्टर 2 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए एकता नव दुर्गा उत्सव समिति के राजकुमार जायसवाल, अध्यक्ष संतोष कश्यप, संरक्षक परमानंद कैवर्त्य, जी आर जाटव, शीला वर्मा सहित समिति के सदस्यो को निर्णायक समिति द्वारा रुपए पुरुस्कार दिया गया। वही दूसरे स्थान पर मां अम्बे दुर्गा उत्सव समिति राउत पारा बलार रोड कसडोल, तीसरे स्थान पर युवा शक्ति दुर्गा उत्सव समिति गौरव पथ कसडोल, चतुर्थ स्थान पर नव युवा मित्र मंडल सिरपुर रोड, एवम् पंचम स्थान पर मां शेरावाली दुर्गा उत्सव समिति डोम शेड बलार रोड रहे जिसे क्रमशः प्रथम 20 हजार रुपए पुलिस थाना कसडोल की ओर से द्वितीय 15 हजार रुपए नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू की ओर से, तृतीय 10 हजार रुपए राजू माधवानी की ओर से, चतुर्थ 5 हजार रुपए कपड़ा व्यापारी संघ की ओर से एवम् पांचवा साढ़े तीन हजार रुपए फैंसी एवम जनरल स्टोर्स संघ की ओर से पुरुस्कार दिया गया। वही अन्य प्रतिभागी सभी समितियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में तीन तीन रुपए दिया गया। एवम प्रतिभागी सभी समितियों को करसा ट्रेक्टर की ओर से शील्ड एवम राजकुमार साहू ठेकेदार की ओर से गिफ्ट दिया गया। निर्णायक समिति में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र साहू, कमलेश साहू, आलोक मिश्रा, सुशील प्रसाद साहू अधिवक्ता रहे। वही उद्घोषक के रूप में अशोक यादव एवं रमेश साहू रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू पार्षद प्रदीप मिश्रा, चंदन साहू, नीरेंद्र क्षत्रिय पार्षद प्रतिनिधि, विमल वैष्णव पार्षद प्रतिनिधि, निर्मला साहू, द्वारिका निर्मलकर, नन्द कुमार धीवर, किशन साहू, कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू की माता पार्वती साहू, विमल अजय, मुरारी धीवर, प्रशांत जायसवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन और नगर प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

- एकता नवदुर्गा समिति की अलग–अलग 14 झाँकियां मोह लिए लोगों के मन को
- नपं. द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का दुर्गा समितियों ने किया बहिष्कार

हर साल की तरह इस वर्ष भी नगर पंचायत की ओर से समितियों के लिए इनाम की व्यवस्था की गई थी और वे विसर्जन स्थल रामसागर तालाब से पहले बलार रोड पर प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित की थी किन्तु इस साल नजारा कुछ और देखने मिला। कारण है कुछ दिन पूर्व नगर में गरबा उत्सव न करने की बात पर नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवी पत्रकार एवं पार्षद गुनीराम साहू के साथ हुए मारपीट की घटना को लेकर नगर में नगर पंचायत से नाराजगी के चलते दुर्गा समितियां प्रतियोगिता का बहिष्कार करने के निर्णय लिए जिसका फल स्वरूप नगर के सबसे पुरानी दुर्गा समिति सहित 10 समितियों ने प्रदर्शन न कर बाजा गाजा बंद कर प्रतियोगिता स्थल से निकल गए। सूत्रों से पता चला है कि जो समितियां जाने अनजाने भाग लिए थे वे भी इनाम लेने से मना कर दिए हैं। बाकी शांत माहौल में दुर्गा विसर्जन किए गए और भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने विसर्जन जुलुस का भरपूर आनंद उठाए।

# निर्वाचन कार्य के लिए मतदान दल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**महासमुंद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त मतदान दल क्रमांक 2 और 3 को बुधवार 25 अक्टूबर को वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। महासमुंद सहित चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त कुल 1846 मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र.42 में दो पालियों में कुल 688 इनमें प्रथम पाली में 350 और द्वितीय पाली में 338 मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। इसी प्रकार खल्लारी विधानसभा क्षेत्र.41 में 437, बसना विधानसभा क्षेत्र.40 में 372 एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र.39 में 349 मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को पिथौरा में 457 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों, तकनीकी जानकारी के साथ बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को ईव्हीएम से मतदान कराने की विधिवत प्रक्रिया, मशीन के सिलिंग करने, वोटिंग करने एवं वोटिंग के पश्चात् मशीन के सिलिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही सभी निर्देशों और बारीकियों को भली.भांति समझ कर प्रयोग के तौर पर मशीन का संचालन, वोटिंग करने के तरीके से रू.ब.रू होने कहा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन प्रशिक्षण प्रभारी एनके सिन्हा एवं मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने किया और आवश्यक निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट को वीवीपैट से कनेक्ट और वीवीपैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करने की प्रक्रिया बताई गई है। साथ ही वीवीपैट के पेपर रोलए कंपार्टमेंटए बैलेट स्लीप कंपार्टमेंटए पावर पैक कंपार्टमेंट और कंटेनर कंपार्टमेंट के संबंध में अवगत कराया गया। मॉक पोल शुरू करने के पहले पावर स्विच ऑन करना और मॉक पोल के बाद पॉवर स्विच ऑफकरने के साथ ही निर्धारित समय पर मॉक पोल की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करने की सलाह दिए। इस दौरान मशीन सिलिंग, एड्रेस ट्रैकए एजेंट का हस्ताक्षर, पीठासीन अधिकारी का घोषणा पत्र के साथ निर्वाचन कार्य में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईव्हीएम,.वीवीपैट के संबंध में अधिकारी.कर्मचारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

# विजयादशमी पर युवाओं ने लिया नशा न करने का संकल्प



**गायत्री शक्ति पीठ में की गयी यह पहल**

**बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। गायत्री परिवार प्रमुख डॉ.प्रणव पंडया एवं शैल जीजी के निर्देशन में देशभर में फैले प्रज्ञासंस्थानों में 'व्यसन मुक्ति' कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे है। इसी क्रम में 24 अक्टूबर विजयादशमी के पावर अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार में एक कुण्डीय यज्ञ के साथ युवाओं ने नशा न करने का संकल्प लिया गया।

गायत्री परिवार की ओर से कौशल साहू, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी द्वारा युवाओं को बताया गया कि बिड़ी, सिगरेट, गुटका, तम्बाकु, शराब, गांजा, भांग, अफीम, चरस जैसे नशीले पदार्थों से हमारे देश में प्रतिवर्ष 14 खरब रूपये नशे की होली में जलायी जा रही है। प्रतिवर्ष डेढ़ लाख व्यक्ति धुम्रपान जन्य रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। बीड़ी, सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपनी आयु के 10 वर्ष कम कर लेता है। भारत में 60 प्रतिशत पागल शराब पीने के कारण होते हैं। केंसर से मरने वालों में नशा न करने वाले से 27 गुना अधिक नशा करने वाले होते है। हर पांच व्यक्तियों की मृत्यु में एक कारण तम्बाकु होता है। प्रतिवर्ष दुर्घटना में लगभग 58 हजार होती है जबकि तम्बाकु से 10 लाख लोग मरते हैं। गुटका सेवन से भारत में 13-14 वर्ष के बच्चों को भी कैंसर हो रहा है तथा रोज होने वाली दुर्घटना में मुख्य कारण नशा होता है। समाज में हो रहे अपराध के लिये भी मुख्य जिम्मेदार नशा है। इस तरह नशा रूपी डायन रोज लाखों लोगों को चपेट में ले रही है। भारत के लाखों युवाओं का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। जिससे प्रेरित होकर गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार में विजयादशमी के पावन अवसर पर युवाओं के द्वारा नशा न करने का संकल्प लिया गया व दूसरों को भी नशा न करने के लिये प्रेरित करने की बात कही। इसी क्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों ने दशहरा उत्सव सकरी, डमरू, असनींद में जनसमूह के बीच नशा न करने की सलाह देते हुए संकल्प कराया गया।

# वर्तमान में त्रिकोणी संघर्ष के कगार पर है बिलाईगढ़ विधानसभा



**आंकडा बताता है कि यह क्षेत्र किसी पार्टी विशेष का गढ़ नहीं है**

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधान सभा क्षेत्र का इतिहास देखा जाए तो यह क्षेत्र किसी पार्टी विशेष का गढ़ नहीं है। जन मन ने जिसे चाहा उसी के शीश पर ताज पहनाया था। बिलाईगढ़ विधानसभा पूर्व में भटगांव विधानसभा के नाम से जाना जाता है। 2008 से से पूर्व हुए परिसीमन में भटगांव विधानसभा का नाम विलोपित कर बिलाईगढ़ विधान सभा दिया गया। भटगांव बिलाईगढ़ विधान सभा 1951 से विधानसभा सीट रहा है। लक्ष्मी नारायण दास कांग्रेसी नेता यहां के पहले विधायक हुए। यह सच है और इतिहास गवाह है कि बिलाईगढ़ भटगांव विधान सभा में कांग्रेस के 9 विधायक विधानसभा पहुंचे। वही जितेंद्र विजय बहादुर और रेशम लाल जांगड़े निर्दलीय विधायक बनके विधानसभा पहुंचे। भाजपा के चार विधायक विधानसभा पहुंचे।

बिलाईगढ़ विधानसभा जो पूर्व में भटगांव विधानसभा के नाम से जाना जाता था। 19 51 में कांग्रेस विधायक लक्ष्मी नारायण दास बने, 19 57 जितेंद्र विजय बहादुर निर्दलीय विधायक बने, 19 62 रेशम लाल जांगड़े कांग्रेस विधायक बने, 1967 पी मंगली राम कांग्रेस विधायक बने, 1972 में रेशम लाल जांगड़े निर्दलीय विधायक बने, 1977 में कन्हैया लाल कोसरिया कांग्रेस विधायक बने, 1980 में कुमार भारती कांग्रेस विधायक बनें, 1985 में रेशम लाल जांगड़े भाजपा से विधायक बने, 1990 में डॉ हरि दास भारद्वाज भाजपा से विधायक चुने गये, 1993 में मायाराम नेगी कांग्रेस से विधायक बने, 1998 में डॉ. हरिदास भारद्वाज भाजपा से विधायक बने, 2003 में डॉ हरिदास भारद्वाज कांग्रेस से विधायक बने। भटगांव विधानसभा विलोपित हो जाने के बाद बिलाईगढ़ विधानसभा के प्रथम विधायक 2008 में डॉ. शिव डहरिया कांग्रेस से विधायक बने, 2013 में डॉ. सनम जांगड़े भाजपा से विधायक बने, 2018 में चंद्रदेव राय कांग्रेस विधायक बने। इस बार 2023 विधानसभा चुनाव में बसपा, कांग्रेस और भाजपा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष के आसार दिखाई दे रहे हैं।

बिलाईगढ़ विधानसभा का इतिहास देखने से लगता है कि यहां जनता सर्वोपरि है इनके समक्ष किसी भी पार्टी का वर्चस्व दिखाई नहीं पड़ता और ना हीं सहानुभूति लहर यहां के मतदाताओं के लिए मायने रखता है। 1985 के चुनाव में पूरे देश में इंदिरा लहर चल रही थी, उसके बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी कुमार भारती को पराजय का मुख देखना पड़ा और भाजपा प्रत्याशी रेशम लाल जांगड़े विजयी हुए थे। आसन चुनाव में 72 साल बाद बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने महिला प्रत्याशी कविता प्राण लहरे पर दांव लगाया है। कविता प्राण लहरें राजनीति की मंजी हुई खिलाड़ी है। वही बसपा ने श्याम टंडन को पुन: टिकट प्रदान किया है। टंडन जी अनुभवी राजनीतिज्ञ है, वें दो बार विधान सभा चुनाव हार चुके हैं। संभव जनता अब उन्हें पसंद कर ले। वैसे भाजपा ने दिनेश कुमार जांगड़े पर अपना दांव लगाया है, वैसे भी भटगांव बिलाईगढ़ विधान सभा में भाजपा से रेशम लाल जांगड़े और भाजपा से ही डॉक्टर सनम जांगड़े विजयी होकर विधायक बन चुके हैं, तो संभव है जांगड़े का फायदा पाने के लिए दिनेश कुमार जांगड़े को भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है ।चुनावी समर में तीनों पार्टी के दावेदार एक दूसरे से कम दिखाई नहीं दे रहे हैं। जीत और हार समय के गर्भ में समाया है, यह तो समय ही बताएगा विजय मुकुट किसके मस्तक पर सजेगा।

विदित हो कि- आदर्श आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग पुलिस, आयकर विभाग एवं अन्य एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है और यह एजेंसियां चुनाव के दौरान बाटें जाने वाले धन अथवा सामग्रियों की जप्ती कर रही है, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि सारा पैसा जप्त नहीं किया जाता होगा जो मतदाताओं को बांटने के लिए एक से दूसरे स्थान पर पहुंचाया जाता है। निर्वाचन आयोग के समक्ष समस्या केवल यही नहीं है कि मतदाताओं के बीच पैसे या सामग्री बांटकर उनके वोट खरीदने की प्रवृत्ति बढ़ती चली आ जा रही है, बल्कि एक समस्या राजनीतिक दलों की ओर से किए जाने वाले अनाप-शनाप चुनावी वादे भी हैं, विभिन्न दल अपने घोषणा पत्रों में मुफ्त बिजली, पानी, ऋण माफी के साथ अन्य सामग्री अथवा सुविधा देने की वादे करने लगे हैं, यह लोग लुभावन वादे जिस पर अंकुश लगाया जाना निहायत जरूरी है अन्यथा रेवडी बांटने की यह संस्कृति प्रदेश और देश के माली हालात को खराब कर सकती है।

# अर्जुनी में किया गया हर्षोल्लास दुर्गा विसर्जन



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम अर्जुनी में दशहरे के दिन दुर्गा विसर्जन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ विभिन्न मोहल्ला एवं गलियों चौक चौराहा का दुर्गा एक साथ विसर्जित किया गया। बाजार चौक का मां दुर्गा की प्रतिमा सबसे बड़ी और भव्य सुंदर प्रतिमा थी। जिसे रामसागर तालाब में गंगा स्नान कर विसर्जित किया गया। इसी प्रकार से काली मंदिर वार्ड, गोदाम पारा, इंदिरा कॉलोनी, सड़क पारा सहित लगभग पांच मोहल्ला मां, दुर्गा की स्थापना किया गया था। और विभिन्न मंदिर जैसे महामाया मंदिर, काली मंदिर, आदिशक्ति, शीतला मंदिर, मां शारदा मंदिर, एवं दुर्गा मंदिर की ज्योति-जेवारा को भी विसर्जित किया गया है। विसर्जन के दौरान परंपरा के अनुरूप सुंदर लड़कियों द्वारा सिर पर जेवरा लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा के पीछे-पीछे तालाब तक सेवा गीत गाते हुए मृदंग-ताल की धुन के साथ किया गया। दुर्गा विसर्जन गांव की गली चौक चौराहा में शोभायात्रा निकालते हुए विसर्जित किया हुआ।

# मां दुर्गा को सभी समितियों ने दी नम आंखों से विदाई



**कटगी/बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्र सहित अंचल के गावों में नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद मंगलवार 24 अक्टूबर को मां दुर्गा के भक्तो ने दुर्गा मां को पंडालो से विदाई दी। दुर्गा सुमिति शामता नगर चौक, महामाया चौक, आजाद चौक, नाटक चौरा पारा, बीच पारा, पचरी पारा, खलबली चौक, आमा चौक, सोना चौक, दुर्गा चौक, न्यू बस स्टेन्ड, पुराना बस स्टैंड आदि दुर्गा समितियों द्वारा मंगलवार 24 अक्टूबर को विर्सजन के लिये बने बाजे गाजे के साथ नाचते गाते हुऐं दुर्गा मां की प्रतिमाएँ को जोंक नदी में 6 बजे तक विर्सजन किया गया। दुर्गा मां का विर्सजन यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विदाई के पहले पंडालों में हवन पूजा कन्या भोज व भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अलावा महामाया मंदिर में स्थापित जोत जवारा का विर्सजन एक दिन पहले गांव मे ही स्थित जोंक नदी में विधी विधान से विसर्जन किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.अ/6 अ वर्ष 2022-2023
आरंग, दिनांक 15.10.2023
ग्राम आरंग, प.ह.नं. 29

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार पिता कार्तिक राम लोधी निवासी आरंग, रा.नि.मं. आरंग तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या बैंक संस्था को आपत्ति दावा हो तो दिनांक 09.11.2023 को अपना आपत्ति दावा पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक:202301029080038
विषय-नया साहूकारी लाइसेन्स
सन्-2022-2023
छुईखदान प.ह.नं. 0.0014 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार उमेश सिंह,अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश सिंह पिता संगम लाल सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 02 छुईखदान तहसील छुईखदान के द्वारा मध्यप्रांत तथा खसरा साहूकारी अधिनियम 1934 क्रमांक 13 सन् 1934 की धारा 11 (बी) एक के अधीन पां वर्षों के लिये साहूकारी लायसेंस हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपतित हो तो नियत पेशी दिनांक 31.10.2023 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपतित प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार छुईखदान

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, मैं अनमोल शर्मा पिता श्री अनुप कुमार शर्मा, निवासी क्वॉटर-2/ए, सड़क-25, सेक्टर-1, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरा पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अनुप शर्मा दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता के आधार कार्ड में मेरे पिता के नाम अनुप कुमार शर्मा है। अत: इस सूचना प्रकाश के बाद मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता के नाम अनुप कुमार शर्मा के नाम से जाना पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**
**अनमोल शर्मा निवासी**
**क्वॉटर-2/ए, सड़क-25,**
**सेक्टर-1, भिलाई,**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक:20230929080031
विषय-ब-121 सन-2022-2023
बोरई प.ह.नं. 00021 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार शत्रुहन राम साहू, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्लूराम पिता पिरीतराम जाति तेली निवासी बोरई तहसील छुईखदान के द्वारा अपने पिताजी पिरीतराम पिता सरवन का मृत्यु दिनांक 06.08.1998 को ग्राम बोरई में होना उल्लेखित करते हुए अपने पिताजी का मृत्यु दिनांक ग्राम पंचायत में पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28.11.2023 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार छुईखदान

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 महासमुंद, जिला महासमुंद (छग)**

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक:19-अ/2022
विविध व्यवहार प्रकरण क्रमांक:04/2023
पेशी तारीख:27.11.2023
प्रोसेस नंबर:708/20234

खेलावन सिन्हा आयु 42 वर्ष पिता जगदीश सिन्हा, पेषा नौकरी (भृत्य) निवासी भलेसर, थाना तहसील व जिला महासमुंद (छग) आवेदक/वादी

विरूद्ध

1. जगदीश आयु 69 वर्ष पिता स्व. श्री भुखन सिन्हा व्यवसाय कृषि 2. नीलकंठ सिन्हा आयु 50 वर्ष पिता जगदीश सिन्हा पेशा पाईवेट नौकरी दोनों निवासी ग्राम भलेसर तहसील व जिला महासमुंद छग 3. नरसिंग सिन्हा आयु 46 वर्ष पिता जगदीश सिन्हा व्यवसाय कृषि एवं मजदूरी निवासी ग्राम भलेसर पोस्ट आफिस कनेकेरा, तहसील एवं जिला महासमुंद छग 4. गौरी सिन्हा आयु 44 वर्ष पुत्री जगदीश सिन्हा पत्नी लखन सिन्हा पेशा गृहणी, निवासी ग्राम व पोस्ट भेण्ड्री तहसील राजिम, जिला गरियाबंद (छग) 5. छग शासन द्वारा कलेक्टर महासमुंद जिला महासमुंद (छग) अनावेदकगण/ प्रतिवादीगण

आवेदिका द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध आदेश 09 नियम 04 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत आवेदन पत्र दिनांक 03.03.2023 को प्रस्तुत किया गया है। अनावेदक क्रमांक 02 नीलकंठ सिन्हा को पंजीकृत डाक से सूचना पत्र प्रेषित किया जा रहा है व तामिली से बचने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए तुम्हें सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 27.11.2023 को 11 बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत जिसको मुकदमे का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो, अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित नही होने पर आवेदक के आवेदन पर आपके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही किया जाकर सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जावेगा।

दिनांक 27.11.2023 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
चित्रलेखा सोनवी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
महासमुंद, जिला महासमुंद (छग)

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-दुर्ग तहसील पाटन प.ह.नं. 00003 अमलेश्वर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324430301400004

तहसील पाटन के प.ह.नं. 00003 के अंतर्गत ग्राम अमलेश्वर के वर्तमान भूमिस्वामी जी.एस. सोलंकी पिता/पति टी.एस. सोलंकी पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 628/7 0.0300 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता यशवंत लाल साहू पिता/पति-पिता स्व. टी.आर. साहू पता निवासी ग्राम गेरवा प्रोजेक्ट जिला कोरबा छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार पाटन

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ. ग.)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1) श्रीमती व्ही. वेंकटरत्नम् पति स्व. व्ही.लोकेश्वर राव 2) कुमारी व्ही. मेघना आ. स्व. व्ही.लोकेश्वर राव एवं 3) कुमारी व्ही. उपासना आ. स्व. व्ही.लोकेश्वर राव, निवासी- एल.आई.जी.- I/3023, हा.बो.औ.क्षे. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.- I/3023, जिला-दुर्ग में आबंटित था। आबंटी 1) श्रीमती व्ही. वेंकटरत्नम् 2) कुमारी व्ही. मेघना 3) कुमारी व्ही. उपासना द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 20.12.2017 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 01.08.2023 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 03.08.2023 को श्रीमती हेमावती पति श्री के. देवराजू के नाम विक्रय के दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती हेमावती द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्रीमती हेमावती के नाम हस्तान्तरण/नामातंरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 17/10/23 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ. ग.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ. ग.)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रतीक कुमार अर्मो आ. श्री जगत सिंह अर्मो, निवासी-लोट्स-44, ब्लाक 'ए', तालपुरी रूआबांधा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा तालपुरी रूआबांधा, भिलाई में स्थित लोट्स भवन क्रमांक-44, जिला- दुर्ग में आबंटित किया गया है। आबंटी श्री प्रतीक कुमार अर्मो द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 30.01.2014 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 06.10.2016 अनुसार, उक्त भवन दान पत्रक रजिस्ट्री दिनांक 20.07.2023 को श्री जगत सिंह अर्मो आ. स्व. खिलपत सिंह अर्मो के नाम पर दान कर दिया गया है। दानप्राप्तकर्ता श्री जगत सिंह अर्मो द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: दानप्राप्तकर्ता श्री जगत सिंह अर्मो के नाम हस्तान्तरण/नामातंरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 25/10/23 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ. ग.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I ABHAY KUMAR THITE S/o APPA RAO THITE Resident of HOUSE NO. 135, RISAI PARA WARD 30 DHAMTARI, District-Dhamtari- 493773 (C.G.) Have Changed My Old Name ABHAY KUMAR THITE S/o APPA RAO THITE. HOUSE NO 135 RISAI PARA WARD NO. 30 So, in Future I Should be recognized by my New Name That is ABHAY THITE S/o APPA RAO THITE in at Government and other Documents.

**ABHAY THITE**
**S/O APPA RAO THITE**
**HOUSE NO. 135**
**RISAI PARA WARD 30,**
**DHAMTARI**
**District-Dhamtari**
**Pincode-493773**

# कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करती है भाजपा उद्योगपति अडानी-अंबानी का: भूपेश



- अडानी अंबानी का कर्ज माफ करती हैः भूपेश
- कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन रैली में शामिल हुए भूपेश बघेल
- बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के समक्ष किया कांग्रेस प्रवेश
- बलौदाबाजार एवं कसडोल विधानसभा के भाजपाईयों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार को बलौदाबाजार में आयोजित कांग्रेस की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहर के दशहरा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। भूपेश बघेल ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों का कर्ज माफी करने की घोषणा करते हुए कहा की कांग्रेस किसानों का कर्ज माफी करती है तो भाजपा अडानी अंबानी का कर्ज माफी करती है। मुख्यमंत्री ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को आडे हाथों लेते हुए छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। आगे कहा कि हमने पहले साल में 82 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी की शुरुआत की जो आज 130 लाख मैट्रिक टन तक पहुंच गयी है। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 86 लाख से घटाकर इसे 61 लाख कर दिया है। वहीं महंगी बिजली के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अडानी से अधिक दामों में कोयला खरीदने के चलते बिजली की कीमत बढ़ गई है। मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार जिले की तीनो विधानसभा सीटों में कांग्रेस की जीत का दावा किया।

कांग्रेस की इस नामांकन रैली में बलौदाबाजार जिले के तीनो सीट बलौदाबाजार विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र कुमार साव, कसडोल विधानसभा से संदीप साहू ने अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन सभा एवं नामांकन रैली में तीनों विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भींड़ से नगर में कांग्रेस का वातावरण दिखने लगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, प्रभारी अशोक आहूजा, विधायक शकुंतला साहू, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, भुनेश्वर वर्मा, केके नायक, विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी, देवा टंडन, बलदाउ साहू, सुनील कुर्रे, गुरुदयाल यादव, रामप्रसाद वर्मा, दिनेश यदु, सीमा वर्मा, परमेश्वर यदु, जितेंद्र नवरत्न, प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, रोहित साहू, नीलेश बंजारे, तुलसी वर्मा, जुगल भट्टर, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, मनोज प्रजापति, शैलेंद्र बंजारे, देवेंद्र बंजारे,उमेश जैन, रामबिसाल साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, रामचंद्र पटेल, आर्यन शुक्ला, राकेश वैष्णव, पलारी जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, डा. फारूकी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु, कालिंद्री वर्मा, ललिता यदु, पदमेश्वरी साहू, आशा यादव, शारदा सोनी, सुमित्रा घृतलहरे, सहित कांग्रेस की इस नामांकन रैली में बड़ी संख्या में तीनों विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं के अलावा एनएसयुआई, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं महिला कांग्रेस के लोग शामिल हुए। बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा हुए कांग्रेस में शामिल-रैली के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष आज बलौदाबाजार विधानसभा के विधायक प्रमोद शर्मा ने अपने हजारो कार्यकर्ताओ के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की उन्हे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर पार्टी में विधिवत् प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनकी मातृ संस्था है उन्होने अपनी राजनैतिक जीवन की शुरूआत कांग्रेस पार्टी से ही की थी। आज उन्हे अपने घर वापसी पर अत्यंत प्रसन्नता है साथ ही उन्होने जिले की तीनो विधानसभाओं में विशेषकर बलौदाबाजार विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। वहीं भाजपा नेता अनिल दिवाकर, कसडोल भाजपा उपाध्यक्ष अहमद खान, नंदकुमार यदु, निखलेश त्रिवेदी आदि अपने साथियों सहित कांग्रेस प्रवेश किया।

# केरल में राष्ट्रीय विद्यार्थी जलवायु समागम में नर्रा स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

**बागबाहरा,** 26 अक्टूबर (देशबंधु)। ओड़िशा सीमा से लगे शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। जो जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी है। जिसके कारण यह स्कूल शिक्षा के मामले में कई बार सम्मानित एवं पुरस्कृत हो चुके हैं। यह विद्यालय इस क्षेत्र को गौरवान्वित कर चुका है। जिसकी प्रशंसा चारों तरफ हो रही है। शासकीय कुलदीप निगम उच्च माध्यमिक विद्यालय नर्रा के छात्रों ने केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित नेशनल स्टूडेंट्स क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव 23 में अपनी छाप छोड़ी। केरल के त्रिवेंद्रम स्थित विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए देश भर से छात्र एक साथ आए। जलवायु परिवर्तन पर स्कूली छात्रों और विशेषज्ञों का एक साथ ऐसा आयोजन पूरे देश में एक अनूठा आयोजन रहा। इसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर किए अपने शोध पत्रों का वाचन किया।



नित्या देवांगन, दीपांशी साहू, उल्सी यादव, दिव्यांश साहू ने, *इफेक्ट ऑफ माइक्रो फॉरेस्ट ऑन बायोडायवर्सिटी कंपोजिशन एंड माइक्रो क्लाइमेट* (जैव विविधता संरचना और सूक्ष्म जलवायु पर सूक्ष्म वन का प्रभाव) विषय पर अध्ययन कर एक सूक्ष्म शोध पत्र प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के दौरान उपस्थित निर्णायकों, केरल के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मौसम वैज्ञानिक तथा केरल विश्वविद्यालय के पर्यावरण वैज्ञानिक ने छात्रों के लघु शोध प्रस्ताव की सराहना की, तथा इसे निरंतर जारी रखने का सुझाव देते हुए कहा कि अगले छह माह बाद पुनः इनके विस्तृत अध्ययन परिणामों के साथ चर्चा करने, एवं सभी सहयोग देने की बात कही।

कॉन्क्लेव का उद्घाटन चीफ सेक्रेटरी केरल शासन श्रीमती रानी जॉर्ज आईएएस और केरल के लोक निर्माण विभाग के मंत्री, एडवोकेट जी.आर. अनिल ने किया, जिसमें केरल के मुख्यमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार और विक्रम साराभाई साइंस के पूर्व निर्देशक श्री एम. सी. डेल्टन, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्ट ( समग्र शिक्षा केरला) श्रीमती सुप्रिया सहित प्रतिष्ठित वक्ता शामिल थे। और अंतरिक्ष केंद्र. डेल्टन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने की तात्कालिकता पर जोर दिया और पूरे केरल में 150 से अधिक मौसम स्टेशनों की स्थापना जैसी पहल के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में 90 से अधिक सरकारी स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें 450 से अधिक छात्रों ने अपने शोध पोस्टर और पेपर प्रस्तुत किए। कॉन्क्लेव के दौरान, तिरुवनंतपुरम में स्कूलों में स्थापित मौसम स्टेशन का दौरा करने का सौभाग्य मिला। जहां उन्हें मौसम निगरानी तकनीकों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त हुए। गौरतलब है की केरल शिक्षा विभाग ने अपने स्कूलों में वेदर स्टेशन स्थापित किए हैं, जिसमे छात्र प्रतिदिन तापमान, आर्द्रता, वर्षा, हवा की दिशा, आदि का मापन करते हैं तथा अपने स्कूल के डिस्प्ले बोर्ड में डिस्प्ले किया जाता है। कार्यक्रम के समापन में, छात्रों और शिक्षक को केरल के माननीय शिक्षा मंत्री श्री शिवनकुट्टी द्वारा केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का चिन्ह एवं प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने घोषणा कि, इस कॉन्क्लेव में प्रस्तुत किए गए सभी शोध कार्यों को पुस्तक के रूप में केरल के सभी सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में रखा जायेगा। ताकि भविष्य में छात्रों के लिए ये शोध पत्र संदर्भ के रूप में काम आ सकें।

### सूक्ष्म वन क्या है

सूक्ष्म वन एक छोटा, रोपित वन है जो वृक्ष घनत्व और जैव विविधता को अधिकतम करता है। सूक्ष्म वन शहरी क्षेत्रों में कार्बन शमन को बढ़ाने, असाधारण वायु गुणवत्ता और जैव विविधता लाभ प्रदान करने के लिए वृक्षारोपण का एक अभिनव और प्रभावी तरीका है हमारे सूक्ष्म वन जैव विविधता के लिए मरूद्यान के रूप में कार्य करते हैं, कई प्रत्यक्ष तरीकों से पर्यावरण को ठीक करते हैं और स्थानीय समुदाय को प्रकृति से वापस जोड़ने में मदद करते हैं इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काफी घने तरीके से विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाने की आवश्यकता होती है ताकि भूमि के भूखंड में जंगल की विभिन्न परतें जैसे झाड़ियाँ और छतरियाँ हों, न कि केवल पेड़। यहां विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में लगभग 70 सरकारी कार्यालय भवनों को बीच में लेन वाली 19 एकड़ जमीन की भूमि पर एक ऑक्सी-जोन बनाने के लिए भारत का पहला सूक्ष्म जंगल बनाया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहर के केंद्र में भीड़ भाड़ वाले इलाके में स्वच्छ ऑक्सीजन पैदा करना है ।

# 29 व 30 को भगवंतमान करेंगे रोड शो

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी के द्वारा अब तक 45 उम्मीदवारों की घोषणा एवं नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रथम चरण के मतदान 7 नवंबर के क्षेत्रों में सभी उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा कर दिए गए हैं। जिसमें भानुप्रतापपुर में प्रदेश अध्यक्ष कमल हुपेंडी शामिल हैं। दूसरी ओर 17 नवंबर के द्वितीय चरण के मतदान हेतु कुछ उम्मीदवारों की घोषणा हुई है। कुछ के शीघ्र होने की संभावना है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता सूरज उपाध्याय एवं प्रवक्ता विजय कुमार झा ने बताया है कि 30 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र दाखिला की अंतिम तिथि है। 28 और 29 अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं भरे जाएंगे नामांकन के अंतिम चरण में पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवत मान दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। वह चांपा जांजगीर भानु प्रतापुपर जिले में रोड शो करने के बाद 30 अक्टूबर को संध्या रायपुर राजधानी में रोड शो करेंगे। उनके रोड शो के पूर्व सभी घोषित उम्मीदवारों द्वारा 30 अक्टूबर अंतिम तिथि को नामांकन दाखिल कर दिया जाएगा। चूंकि 28 एवं 29 अक्टूबर सार्वजनिक अवकाश है। इसलिए मात्र अब तीन दिवस 26 27 एवं 30 अक्टूबर ही केवल 3 दिवस नामांकन हेतु शेष है। रायपुर जिला अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह ने बताया है कि श्री भगवत मान के प्रवास व रोड शो की तैयारी व प्रशासनिक अनुमति आदि की कार्यवाही शीघ्र की जावेगी



# करंट की चपेट में आने से हाथी समेत 3 अन्य मवेशियों की मौत



**रायगढ़,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल परिक्षेत्रान्तर्गत छाल रेंज में करंट की चपेट में आने से मादा हाथी सहित 3 अन्य मवेशियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों द्वारा जंगली सूअर के शिकार के लिए ये तार बिछाए गए थे। मौके पर पहुंचे छ्स्न्ह ने दलील दी कि हाथी लाश महज 2 -3 दिन पुरानी है मगर लाश की हालत देखकर जानकार इसके और भी पुराना होने की बात कह रहे हैं।


NECC

| 27.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.20 | 88 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 103 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA








प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

देशबन्धु | रायपुर, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 3

# प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

उल्टा पुल्टा

दादी और पोता आपस में बात करते हुए...
**दादी**- लगता है उस लड़की को लकवा हो गया है। देख कैसे उसका एक हाथ ऊपर हो रहा है और मुंह पिचका सा हो गया है।
**पोता**- दादी लकवा नहीं मारा वो तो सेल्फी ले रही है!!!

## संपादकीय

## किसानों को कर्ज माफी होगी फिर कारगर?

छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के लिये अगले महीने होने जा रहे चुनावों में दोनों प्रमुख राजनैतिक दल- कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों की घोषणा हो जाने से अब साफ हो गया है कि कौन किससे लड़ेगा। कुछ अन्य दलों एवं निर्दलीयों के मैदान में होने के बावजूद यह साफ है कि मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा के बीच है। एक के खिलाफ एक का संघर्ष होने से यह तो तय है कि सभी स्थानों पर कांटे की टक्कर होगी। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि कौन सा दल मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिये पर्याप्त प्रभावित कर सकता है। 15 वर्षों तक राज चलाने वाली भाजपा पिछले 5 वर्षों से विपक्ष में है और उसकी संख्या कांग्रेस के सामने बेहद कम है- भारी-भरकम 71 के मुकाबले केवल 13।

ऐसे में भाजपा जहां कांग्रेस को शराब, कथित भ्रष्टाचार आदि के मामलों पर घेरने की कोशिश कर रही है वहीं कांग्रेस ने फिर से किसानों को कर्ज माफ करने का संकेत दिया है। शीघ्र ही जारी होने वाले घोषणापत्र में इसका वादा होने के अनुमान हैं। देखना यह है कि क्या कांग्रेस इसके बल पर वापस सरकार बना लेगी क्योंकि पिछले यानी 2018 के चुनाव में इस घोषणा ने बाजी पलटकर रख दी थी। पहले जहां भाजपा काफी मजबूत लग रही थी और 15 वर्षों तक विपक्ष में बैठने से कांग्रेस कमजोर दिखती थी, जिसका मनोबल भी बहुत ऊंचा नहीं लगता था। ऐसे में कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान भाजपा को ले डूबा था। उस समय प्रदेश में किसानों की संख्या करीब 20 लाख थी जो अब बढ़कर 23 लाख के आसपास हो चुकी है।

पिछले चुनाव में कांग्रेस बतौर विपक्षी दल के रूप में गई थी जबकि अब वह सत्तारुढ़ पार्टी के रूप में जनता के सामने जा रही है। विपक्ष में रहते अगर उसकी कर्ज माफी की घोषणा का असर इतना हुआ है तो सम्भव है कि इस बार भी उसका यह ऐलान कारगर सिद्ध हो जाये। पिछले पांच साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों का विश्वास इस लिहाज से हासिल किया है कि उसने न सिर्फ किसानों के कर्ज माफ किये बल्कि यहां की मुख्य फसल धान की खरीदी का वह अच्छा न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) मूल्य भी दे रही है। कई फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। कृषि उत्पादों की तर्ज़ पर करीब 56 तरह के वनोपजों के लिये भी आदिवासियों को अच्छा एमएसपी मिल रहा है। इसके अलावा किसान न्याय योजनाओं से किसानों तथा खेतिहर मजदूरों को नगद राशि मिल रही है। इससे उन्हें खेती-किसानी करने में आसानी हुई तथा उनका सशक्तिकरण भी हुआ है। देखना होगा कि भाजपा इसकी क्या काट निकालती है।

# बस्तर दशहरा अंतर्गत पथरागुड़ा में हुआ काछन जात्रा पूजा विधान





**सैकड़ों देवी-देवता हुए शामिल**

**जगदलपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर में इस वर्ष 107 दिनों तक मनाए जाने वाला दशहरा पर्व अंतर्गत सालों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बाहर रैनी के साथ बस्तर दशहरा पर्व निर्विघ्न रूप से संपन्न होने पर काछन देवी को आभार प्रकट करने के लिए गुरुवार को पथरागुड़ा में स्थित काछन मंडप में काछन जात्रा पूजा विधान किया गया, जिसमें दंतेश्वरी मंदिर के पुजारियों ने काछन जात्रा पूजा कर देवी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। पथरागुड़ा स्थित काछन मंडप में मां दंतेश्वरी के छत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र से दशहरा में शामिल देवी-देवताओं के छत्र और अस्त्र की पूजा विधि-विधान से की गई। इस विधान में करीब दो दर्जन गांवों के 100 से अधिक देवी-देवता शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर देवी-देवताओं के दर्शन करने के साथ आशीर्वाद लिया। सारा वातावरण बस्तर की पारंपरिक मोहरी और नगाड़ा वाद्य की मधुर ध्वनि से गुंजायमान हुआ। पूजा में इस दौरान कई गांव के लोग इस दौरान नगाड़े बजाते रहे। ग्रामीणों ने कहा कि बस्तर दशहरा में होने वाले हर विधान में नगाड़े बजाने का विधान है। गौरतलब है काछन मंडप में कुछ देवी-देवताओं को चबूतरे पर तो कई को चबूतरे के नीचे रखा गया था।

**आज गंगामुंडा तालाब किनारे होगा कुटुंब जात्रा :** बस्तर दशहरा पूजा विधान में शामिल होने के लिए बस्तर संभाग के सातों जिलों के अलावा सीमावर्ती राज्य ओडिशा के देवी-देवताओं का छत्र, कुर्सी, देवी लाट और डोली लेकर पुजारी और श्रद्धालु पहुंचे हैं। जिनकी पूजा पुजारियों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर उन्हें बस्तर की परंपरा के अनुसार सम्मान के साथ विदा किया जाएगा। इस दौरान बस्तर राज परिवार के कमल चंद्रभान देव एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित कोलावल सहित अन्य चेक पोस्ट का लिया जायजा



**जगदलपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने छत्तीसगढ़ और ओड़िसा राज्य की सीमा पर स्थित कोलावल चेक पोस्ट सहित जिले के बस्तर एवं करपावंड चेक पोस्ट का जायजा लिया और स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वाहनों की जांच इत्यादि के लिए संधारित पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान स्थैतिक निगरानी दलों को सतर्कतापूर्वक दायित्व निर्वहन किये जाने निर्देशित करते हुए सभी वाहनों की जांच करने सहित संदिग्ध नकदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से सम्बन्धित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# पोलिंग बूथ पर नजर रखेंगे माइक्रो आब्जरवर्स



**मास्टर ट्रेनर्स ने कार्यशाला में दी अहम जानकारी**

**दंतेवाड़ा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माइक्रो आब्जरवर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स आलोक सोनवानी ने माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिये ईव्हीएम हैंड्स आन सहित मतदान प्रक्रिया की हरेक पहलुओं के बारे विस्तृत जानकारी दी।

इसके साथ ही श्री सोनवानी ने मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, माकपोल, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्ति के पश्चात के सभी कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण को जरूरी बताते हुए माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ की हर गतिविधियों की निगरानी रखने सहित रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जरवर्स सीधे तौर पर आब्जर्वर को रिपोर्ट करते हैं। अत: इसके लिए किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन के लिये मोबाइल पर सम्पर्क अथवा संदेश भेजा जा सकता है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल सहित 100 माइक्रो आब्जरवर्स एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# चुनावी शोर के बीच मतदाताओं की खामोशी के कई मायने

**दंतेवाड़ा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में विधानसभा चुनाव के शोर के बीच मतदाताओं की खामोशी कई नये संकेत दे रही है। नाम वापसी की तारीख खत्म होने के बाद इस विधानसभा में कुल 7 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें कांग्रेस, भाजपा, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, छग जनता कांग्रेस, सीपीआई और एक निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। आज से शहरी इलाकों में चुनावी प्रचार वाहन की दस्तक सुनाई दी। इससे लगने लगा है कि अब चुनाव आ गया।





- दंतेवाड़ा में 7 उम्मीदवार विधायक बनने का संजो रहे सपना
- कांग्रेस-भाजपा में ही सीधा मुकाबला, आप भी असरकारी
- सीपीआई से सिंबाल छिना तो ऐन वक्त में बढ़ी दिक्कत

दंतेवाड़ा विधानसभा में कांग्रेस से छविन्द्र कर्मा, भाजपा से चैतराम अटामी, बहुजन समाज पार्टी केशव नेताम, आम आदमी पार्टी से बल्लू भवानी, छगजकां से बेला तेलाम, सीपीआई (जो बिना अपने प्रतीक चिन्ह के चुनाव लड़ रही है) से भीमसेन मंडावी तथा अमूलकर नाग निर्दलीय उम्मीदवार हैं। मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में है। भाजपा को जहां केन्द्र सरकार की योजनाओं का सहारा है, तो कांग्रेस प्रदेश सरकार के कार्यों के दम पर मतदाताओं के बीच पहुंच रही है। भाजपा का शहरी इलाकों में मोदी फेक्टर के चलते वोट बैंक बना हुआ है तो कांग्रेस ग्रामीण इलाकों में ज्यादा फोकस कर रही है।

जन संपर्क की बात करें तो कांग्रेस, भाजपा के साथ ही अन्य दलों के उम्मीदवार भी बराबर लोगों तक अपनी पहुंच दिखा रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने अंदरूनी इलाकों में पहले ही अपना जन संपर्क कर लिया था और अब दूसरे दौर का उनका प्रचार जारी है। इधर कांग्रेस ने छविन्द्र कर्मा को मैदान में उतारा है। कर्मा परिवार की राजनीतिक विरासत अब छविन्द्र के जिम्मे है। नक्सल हमले में महेन्द्र कर्मा की शहादत के बाद उनकी पत्नी श्रीमती देवती कर्मा राजनीति में आयी और 2013 में उन्हें जीत मिली। 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी हार हुई, लेकिन 2019 के उप चुनाव में फिर जीत दर्ज करते हुए विधायक बनी। अभी छविन्द्र का यह पहला विधानसभा चुनाव है। जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा था। अब एक बार फिर पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं।

इधर भाजपा से चुनाव लड़ रहे चैतराम अटामी के लिए भी यह पहला चुनाव है। श्री अटामी आरएसएस, विहिप, वनवासी कल्याण आश्रम जैसी भाजपा के अनुशांगिक संगठनों से लंबे से जुड़े रहे हैं। वर्तमान में भाजपा के जिलाध्यक्ष हैं। पूरी पार्टी एकजुट होकर श्री अटामी के लिए मेहनत कर रही है। छविन्द्र के नामांकन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तो श्री अटामी के नामांकन के लिए केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया दंतेवाड़ा पहुंचे थे। छविन्द्र को प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ कांग्रेस के अपने परम्परागत वोट पर पूरा भरोसा है, वहीं चैतराम केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ लोगों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व का ऐतिहासिक मुरिया दरबार संपन्न





- आस्था का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा : कलेक्टर
- मुरिया दरबार में कलेक्टर सहित माटी पुजारी और मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन एवं गणमान्य नागरिक हुए शामिल

**जगदलपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व आस्था और परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है,जो सर्वाधिक लम्बी अवधि तक मनाया जाता है। इस बस्तर दशहरा पर्व को बस्तर अंचल के सभी लोग पूरी श्रद्धा-आस्था के साथ मनाते हैं और इसमें सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा आस्था का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। सभी लोगों के सहयोग से इस वर्ष भी बस्तर दशहरा पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुरिया दरबार के दौरान मां दंतेश्वरी मावली माता के जयकारे लगाते रहे। यह बात कलेक्टर विजय दयाराम के. ने ऐतिहासिक सिरहासार भवन में आयोजित विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के मुरिया दरबार को सम्बोधित करते हुए कहा।

उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में सम्मिलित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे एक अनोखी गतिविधि निरूपित किया। वहीं बस्तर दशहरा पर्व में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी लोगों के प्रति आभार जताया। बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और माटी पुजारी कमलचन्द्र भंजदेव, बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मंगडू मांझी और बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये मांझी चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर माटी पुजारी कमलचन्द्र भंजदेव ने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए इसे सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण रेखांकित किया। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने के लिए आने वाले मांझी-चालकी, पुजारी, गायता सहित ग्रामीणों के ठहरने के लिए बेहतर सुविधाओं की सुलभता हेतु सुझाव दिया। इस दौरान बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मंगडू मांझी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व सभी के सहयोग तथा व्यापक सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आने वाले साल में इसे और भव्य और बेहतर तरीके से मनाएंगे। मुरिया दरबार में बलराम मांझी, अर्जुन मांझी सहित अन्य मांझी-चालकी एवं मेम्बर-मेम्बरीन ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा पर्व के संबंध में नए मांझियों को जानकारी दिए जाने की व्यवस्था की जाये। सभी 7 जिला के कलेक्टर एवं अधिकारियों को भी दायित्व सौंपते हुए शामिल किया जाए। एक मांझी ने दशहरा समिति के अध्यक्ष के पद पर बस्तर राजपरिवार के कमल चंद्र भजदेव को बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे दशहरा के सारे विधान सहित परंपरा और नियम के साथ निभाए जाएंगे क्योंकि अधिकांश अधिकारी जो पदभार ग्रहण करते हैं। बस्तर में उन्हें किस मंदिर में क्या पूजा विधान करना है। क्या-क्या सामग्री लगेगी कहां-कहां लगेगी इसकी जानकारी सही ढंग से नहीं होती है। कोई जानकारी व्यक्ति दशहरा समिति का अध्यक्ष बने और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्माण करें तो हमारा यह ऐतिहासिक दशहरा पर और आकर्षण होगा तथा अधिक से अधिक लोग जुड़ेंगे। एक माझी ने कहा कि दंतेवाड़ा क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जानी चाहिए क्योंकि हमारे आदिवासी बच्चे पढ़ाई तो करते हैं, लेकिन अधिक अंक नहीं मिलने के कारण उन्हें रोजगार से वंचित होना पड़ता है। अर्जुन मांझी ने भी कुछ इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विभिन्न जिलों में बेरोजगार आदिवासियों को रोजगार में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आरंभ में उपस्थित सभी लोगों ने माई दंतेश्वरी पूजा-अर्चना की।

वहीं तहसीलदार एवं सचिव बस्तर दशहरा समिति यूके मानकर ने बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन सम्बन्धी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी और विभिन्न क्षेत्रों से आये मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने बस्तर दशहरा पर्व के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ में बदलाव की लहर, बन रही है भाजपा की सरकार : रूपसिंह मंडावी



**जगदलपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा जिला कार्यालय में 26 अक्टूबर की शाम आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाअध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर है। जनता ने मन बना लिया है कांग्रेस से मुक्ति पाने हेतु जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने भूपेश बघेल के नेतृत्व में कार्यकारी कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जमीन स्तर पर छत्तीसगढ़ का कोई विकास नहीं हुआ है। कांग्रेस के नेता झूठ बोलने और अफवाह फैलाने में माहिर है। 5 साल के अंदर कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के पूरे विकास को ठप कर दिया। कांग्रेस ने अपनी 22 सिटिंग एमएलए का टिकट काट दिया है इससे साफ जाहिर होता है कि वह बैक फुट पर है। कांग्रेस का 5 साल का शासन जनता ने देखा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस द्वारा गंगाजल हाथ में लेकर झूठी कसम खाकर झूठा वादा किया। 36 झूठे वादा किया इसका जवाब इस चुनाव में जनता देने को तैयार है, कांग्रेस वैसे भी झूठ का ढिंढोरा पीटने में माहीर है।

भाजपा का एक मंडल अध्यक्ष पीसीसी अध्यक्ष को पटखनी देने वाला है। जनता का विश्वास कांग्रेस ने पूरी तरह से खो चुका है। पूरी जनता का रुझान इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के ऊपर है। नरवा, गरबा, धूरुवा बाड़ी योजना चलाई थी, जो केवल कागजों पर रहा। हमने पूरा गोठानों का दौरा किया एक भी गोठान सही नहीं मिला। पूरे पैसे का बंदर बांट किया गया। सरपंचों के ऊपर दबाव बनाकर अपने चेहतों को काम दिया। जगदलपुर के विधायक भी 27000 वोट से जीते थे जो विकास कार्य करने थे उन्होंने नहीं किया। उनका टिकट काटकर कांग्रेस में ही इसकी पुष्टि कर दी है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को बेरोजगार कर दिया गया। उनका भी कर्ज माफ नहीं किया गया बेरोजगार युवाओं को छला गया। कर्ज माफ करेंगे बोल कर्ज माफ करने का बारी आया तो केवल कोऑपरेटिव का ही कर्ज माफ हुआ है। कांग्रेस का झूठा वादा जनता पूरा जान गई है। इस बार जानता कांग्रेस को जवाब देगी।

श्री मुंडा ने कहा कि हमारे जन घोषणा पत्र में जनता के मूलभूत सुविधाएं एवं छत्तीसगढ़ में विकास की दृष्टि से क्या किया जा सकता है यह सब रहेगा। जनता के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए, बुजुर्गों के साथ सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विकास के रूपरेखा बनाई जाएगी।

कांग्रेस के शासनकाल में एक भी धर्मांतरण नहीं हुआ है ऐसा लखमा कह रहे हैं। इस पर श्री मंडावी ने कहा कि बस्तर में जितने भी नए चर्च खुल रहे हैं उसका उद्घाटन कवासी लखमा एवं दीपक बैज द्वारा किया जा रहा है। अगर धर्मांतरण नहीं हो रहा है तो चर्च इतना ज्यादा क्यों बन रहा है। सभी धर्मांतरण अवैध तरीके से करवाए जा रहे हैं। सुकमा में धर्मांतरण के बारे में लिखा कि धर्मांतरण तेजी से बढ़ रहा है। जिस वर्ग संघर्ष बढ़ सकता है यह उनके शासन में ही हुआ है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पत्रकार वार्ता में उपस्थित विद्या शरण तिवारी ने कहा कि भोले भाले गरीब आदिवासियों को विभिन्न तरीके से लोभ लालच देकर के धर्मांतरण >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# चित्रकोट विधानसभा प्रत्याशी दीपक बैज का ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क जारी



**जगदलपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश अध्यक्ष व चित्रकोट विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी दीपक बैज गुरुवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र से बास्तानार ब्लॉक के ग्राम पटेलपारा में सघन जनसंपर्क किया। चित्रकोट विधानसभा प्रत्याशी दीपक बैज ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारी प्रदेश सरकार की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र खुशहाल हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों की दशा बदली है। श्री बैज ने जनसंवाद कर कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने अपील किया। इस दौरान विधायक राजमन बेंजाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तथाकथित बातों पर बिना साक्ष्य आरोप लगाना छोड़, अपनी राजनीतिक भविष्य की चिंता करे एमडी ठाकुर : देवानंद कौशिक



**अंबागढ़ चौकी,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से केंद्रीय गोंडवाना महासभा धमधागढ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बीजेपी के अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर के बयान पर जिला कांग्रेस कमेटी एमएमसी के प्रवक्ता देवानंद कौशिक ने कड़ा पलटवार किया है उन्होंने कहा की एमडी ठाकुर के द्वारा मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी पर आरोप बेबुनियाद और तथ्यहीन है।

बिना साक्ष्य के आरोप लगाना एक समाज प्रमुख तथा राजनीति में भी ऊंचे ओहदे पर पदासीन व्यक्ति को शोभा नहीं देता है उन्हें अनर्गल तथाकथित बातों पर बिना साक्ष्य आरोप लगाना छोड़ अपने राजनितिक भविष्य की चिंता करना चाहिए। बिरझु तारम की हत्या नक्सलियों के द्वारा किया गया है जो अशोभनीय है लोकतंत्र में ऐसा कृत्य सरासर गलत है परंतु एमडी ठाकुर के द्वारा इस प्रकरण में विधायक के ऊपर एफआईआर जैसी बातें केवल उनकी राजनीतिक खीझ को दर्शाता है। ऐसे नेता केवल आदिवासी वर्ग को अपने राजनीतिक हित के लिए गुमराह करना चाहे रहे है जबकि इन्हें 15 साल के स्थिर शासन काल में आदिवासी हित में कार्य करना चाहिए था इन्होंने तो केवल कमीशन के चक्कर में पेट भरने का कार्य किया है। आज कांग्रेस की सरकार आदिवासी हित की बात करती है, आदिवासी भाईयो के हितों की रक्षा करती है तो इनके पेट में दर्द होता है और ये अपनी झल्लाहट दिखाने के लिए उलूल जुलुल बयानबाजी करते है। आदिवासी भाइयों को वनोपज का सर्वाधिक मूल्य हमने दिया, 65 प्रकार के लघु वनोपज को अधिकतम समर्थन मूल्य पर खरीदने वाली कांग्रेस की सरकार है सामूदायिक वन पट्टा, व्यक्तिगत वन पट्टा बांटने वाली भी कांग्रेस की सरकार है। आदिवासी संस्कृति तीज त्योहार, घोटूल जैसे परंपराओं को सहेजने वाली कांग्रेस की सरकार है आदिवासी समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज कांग्रेस सरकार के कार्यप्रणाली से खुश है। जो भी मामले क्षेत्र में घटित हुए है उस पर पुलिस प्रशासन अपना जांच कर रही है जांच उपरांत जो भी तथ्य सामने आयेंगे कानूनन उस पर कार्रवाई होगी भाजपाई कानून से बढ़कर तो नहीं है। हर जगह सांप्रदायिक, धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक रंग देने में रुचिकर भाजपा के लोगों को विकास से कोई वास्ता नहीं है। मां दुर्गा की मूर्ति विखंडन की बात पर पुलिस प्रशासन ने जांच उपरांत दोषियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा था जबकि इस मामले को भी भाजपाइयों ने तिल का ताड़ बनाने का प्रयास किया था। शासन प्रशासन अपने स्तर पर सारे मामलों को लेकर मुस्तैद है नक्सली हिंसा पर आरोप लगाने वाले नेता चुनाव आयोग से शिकायत करें चुनावी आचार संहिता के दौरान शासन प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन होता है। एमडी ठाकुर के द्वारा बिना किसी तथ्य के केवल स्थानीय विधायक की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास हेतु बयानबाज़ी किया जा रहा है, जिसका क्षेत्रवासी 7 नवंबर को पंजा के छाप पर बटन दबाकर जवाब देगी।

# मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण, साथ में सुरक्षा जवान रहेंगे, मतदान प्रक्रिया की होगी पूरी वीडियो ग्राफी

**कवर्धा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग (दिव्यांग प्रमाण पत्र अनिवार्य है) और अस्सी वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं को इस बार घर बैठे मतदान कराने की सुविधा प्रदान की गई है। जिले के पंडरिया एव कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग (दिव्यांग प्रमाण पत्र अनिवार्य है) और अस्सी वर्ष से अधिक बुजुर्ग कुल 450 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान कराने के लिए बीएलओ के माध्यम से सहमति दी है।

**जिले के दोनों विस के 450 मतदाता घर बैठे डाक मतपत्र के माध्यम से करेंगे मतदान**

कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के ऐसे दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान का दिवस आगामी 30 अक्टूबर और 31 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई है। मतदान का समय सुबह 8 बजे शाम 5 बजे निर्धारित है। मतदान की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर मतदान दिवस एवं समय की जानकारी कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को दी जा चुकी हैं। मतदान दलों के लिए रूटचार्ट तैयार कर लिया गया है।

आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण मतदान कराने के लिए पीठासीन एवं मतदान दल का गठन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर आज बुधवार को पीठासीन, मतदान दल तथा पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डाकमत पत्र के जिला नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एम.के.गुप्ता, उपसंचालक राकेश शर्मा, एसडीओपी पंडरिया, कवर्धा एवं मतदान दल उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग एवं अस्सी वर्ष के अधिक बुजुर्ग मतदाताओं के घर पहुंचने के लिए रूटचार्ट तैयार कर लिया गया है। कवर्धा 72 के लिए 19 रूट निर्धारित किए गए है एवं पंडरिया के लिए 14 रूट निर्धारित किए गए है। सभी रूट में एक मतदान दल 30 एवं 31 अक्टूबर को भ्रमण कर मतदान कराएगें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि जिले के 450 मतदाताओं ने घर से मतदान करने के लिए बीएलओ के माध्यम से सहमति प्रदान की है। जिले के दोनो विधानसभा-71 पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा से 450 दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक डाक मतपत्र के माध्यम से घर बैठे ही मतदान करेंगे। इन मतदाताओं में विधानसभा-71 पंडरिया से 30 दिव्यांग मतदाता और 80 वर्ष से अधिक 129 मतदाता कुल 159 मतदाताओं ने सहमति प्रदान की है जो घर से मतदान करेंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा से 51 दिव्यांग मतदाता और 80 वर्ष से अधिक 246 कुल 291 मतदाताओं ने घर से मतदान करने के लिए सहमति प्रदान की।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर के ज्योति कलशों का विसर्जन



**डोंगरगढ़,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंवार नवरात्रि पर्व के चलते मां बमलेश्वरी मंदिर की मनोकामना ज्योत सोमवार को नवमी वाले दिन पूरी आस्था के साथ विसर्जित की गई। सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में सभी ज्योति कलश उठाने वाली महिलाओं को कतारबद्ध बैठाकर ज्योति कलश दिया गया। जिसके बाद विधिवत पूजा अर्चना कर नीचे मंदिर प्रांगण से महावीर तालाब तक ज्योति कलशो की शोभायात्रा निकाली गई। हर बार की तरह इस बार भी यहां रेलवे द्वारा मंदिर से निकली शोभायात्रा को देखते हुए ट्रेनों का ब्लॉकेज किया गया था सभी ज्योति कलश कतारबद्ध होकर महावीर तालाब में पहुंची जहां पूजा अर्चना के बाद विधिवत एक-एक कर ज्योति कलशो का विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ पहाड में विराजमान मां बम्लेश्वरी का दरबार को नवरात्र के उत्सव के लिए भव्य रूप से सजाया गया। ऊपर पहाड़ व नीचे बमलेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र मध्यप्रदेश, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों से देवी भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना ज्योति प्रचलित की गई थी। इस नवरात्र उपर पहाड स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में 7501, नीचे मंदीर मे 901 व सीतला मंदीर में 65 मनोकामना ज्योति कलश रखी गई। जिसका नवमी वाले दिन आस्था के साथ पूरी विधिविधान से स्थानीय महावीर तालाब में विसर्जन किया गया। जानकारों की माने तो नवरात्र में पूरे 9 दिन प्रदेश के साथ-साथ आसपास के राज्यों से आने वालों देवी भक्तों की लगभग 7 लाख संख्या आंकी गई है मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के पदाधिकारीयो ने कंवार नवरात्रि पर्व को सफल बनाने के लिए जिला व स्थानीय प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों एव नगर की जनता का आभार वक्त व्यक्त किया है।

# दूरदर्शन व आकाशवाणी पर मान्यता प्राप्त दलों को नि:शुल्क प्रसारण के लिए मिलेगा समय

**बिलाईगढ़,** 26 अक्टूबर(देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय दलों और संबद्ध राज्य के मान्यता प्राप्त राज्यीय राजनीतिक दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण के लिए समय उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण के माध्यम से मतदाताओं को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों, घोषणा पत्रों और प्रमुख मुद्दों के संबंध में अपने विचारों के बारे में जानकारी देने का अवसर प्राप्त होता है। निर्वाचकों के लिए भी विभिन्न दलों के नीति संबंधी मुद्दों को समझने के लिए यह सूचना का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु सभी राष्ट्रीय दलों और छत्तीसगढ़ में मान्यता प्राप्त राज्यीय दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर प्रचार के लिए प्रारंभिक रूप से 45 मिनट की एक समान अवधि उपलब्ध कराए जाने के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं। साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा पिछले विधानसभा निर्वाचनों या लोकसभा के पिछले साधारण निर्वाचनों, जैसी भी स्थिति हो, में दलों के मतदान निष्पादन के आधार पर अतिरिक्त समय आबंटन का निर्णय आयोग द्वारा लिया जाता है। प्रसारण के लिए एक बार में 15 मिनट से अधिक का समय नहीं दिया जाएगा। राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारण के लिए निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों की सूची के प्रकाशन के दिन से लेकर प्रत्येक चरण के मतदान दिवस के दो दिन पहले तक दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक दलों को प्रसारण के लिए दूरदर्शन पर कुल 629 मिनट तथा उसी प्रकार रेडियो पर प्रसारण हेतु कुल 629 मिनट निर्धारित किया गया है। इसमें सभी दलों के लिए अनुपातिक रूप से समय दिया गया है। उक्त दिशा निर्देशों के परिपालन में प्रसारण हेतु दिन एवं समय का निर्धारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में दूरदर्शन एवं प्रसार भारती के अधिकारियों द्वारा लॉट निकालकर दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को किया गया। प्रदेश में राजनीतिक दलों को प्रसारण की यह सुविधा दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय प्रसारण केन्द्रों तथा राजधानी रायपुर स्थित प्रसारण केन्द्र से दी जाएगी। इसे छत्तीसगढ़ में स्थित दूरदर्शन और आकाशवाणी के अन्य रिले केन्द्र भी प्रसारित करेंगे। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के संशोधित प्रावधानों के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण माध्यमों (दूरदर्शन एवं आकाशवाणी) पर प्रचार के लिए समुचित समय उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ में भी आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त प्रादेशिक दलों को सार्वजनिक (शासकीय) क्षेत्र के प्रसारणकर्ता प्रसार भारती निगम द्वारा प्रचार के लिए नि:शुल्क समय उपलब्ध कराया जाएगा।। राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। प्रसारण के लिए रिकॉर्डिंग एवं उसकी ट्रांसक्रिप्ट (अनुलिपि) पहले ही जमा कराना होगा। आयोग ने प्रसारण की विषयवस्तु के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रसारण में दूसरे देशों की आलोचना, धर्मों एवं समुदायों पर आक्षेपण, कोई अश्लील व अपमानजनक चीज, हिंसा भड़काना, न्यायालय की अवमानना, राष्ट्रपति एवं न्यायालय की सत्यनिष्ठा के प्रति निंदा, राष्ट्र की एकता, संप्रभुता एवं अखण्डता को प्रभावित करने वाली कोई चीज, किसी व्यक्ति का नाम लेकर कोई आलोचना करने की अनुमति नहीं होगी।

# जनसंपर्क में लगे नीलकंठ, सीएम की घोषणा से किसानों में उत्साह, भूपेश है तो भरोसा है ट्रेंड

**पंडरिया,** 26 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते दिन सोमवार को शक्ति के सभा को सम्बोधित करते हुए किसानों को बड़ी सौगात देने का ऐलान किया। सीएम ने सरकार बनते ही एक बार फिर किसानों के कर्जा माफ की घोषणा की, जिससे पूरे प्रदेश भर में किसानों के चेहरे खिल गए व सोशल मीडिया पर आभार देते हुए च्भूपेश है तो भरोसा हैज्ञ ट्रेंड होने लगा हैं।

किसानों ने सीएम को दिया आशीर्वाद -

वही आज पंडरिया कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर ग्राम मथानी और ढोलबज्जा पहुँचे, जहां मंदिर पहुँच पूजा अर्चना कर किसानों से भेंट किया। इस दौरान किसानों द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रगट करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया गया।

नीलकंठ ने इस बात का दिया आश्वासन वही, गांव के कुछ छोटे समस्याओं को ग्रामीणों ने अवगत कराते हुए कहा सरकार बनते ही हमारी गांव की समस्या से तत्काल निजात करें। नीलकंठ ने जल्द समस्या से निजात दिलाने का भी आश्वासन दिया।

# बीआरसीसी सतीश बने उत्कृष्ट शिक्षक



**सरायपाली,** 26 अक्टूबर (देशबंधु)। जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी एवं जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड सरायपाली शैक्षणिक गतिविधियों में नित नये कीर्तिमान बना रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला के द्वारा चलाए जा रहे नवाचारी एवं उत्कृष्ट शिक्षकों के परिचय की कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न शिक्षकों और उनके कार्यों को पहचान मिल रही है। जिसमें सरायपाली क्षेत्र के बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल एवं 20 नवाचारी शिक्षकों को स्थान मिल चुका है।

इसी कड़ी में विकासखण्ड सरायपाली बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल, सहा. बीईओ देवनारायण दीवान, जितेंद्र रावल के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षिक गतिविधियों का क्रियान्वयन विद्यालयों में किया जा रहा है। इस सत्र में छ विद्यालयों (मिडिल स्कूल कुसमीसरार, तोषगांव, कन्या तोषगांव, केदुवां, लांती एवं मोहदा) का चयन पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के लिए किया गया है, जिनमें मिडिल स्कूल लांती में पुरानी साड़ियों से पैरदान, ऊन से बने सामान एवं कार्पेट, कुसमीसरार में झाड़ू निर्माण कार्य उल्लेखनीय हैं। निक्लर एप द्वारा चिज़ निर्माण और कक्षा में प्रयोग कर बच्चों को नवीन तकनीक के माध्यम से विषयों में पारंगत करना लगभग सभी विद्यालयों में उपयोग किया जा रहा है।

बीईओ एवं बीआरसीसी के विशेष प्रयासों से सुदूर ग्रामीण अंचल में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय - मुंधा, बोडेसरा, पाटसेंन्दी, लिमउगुडा, एवं कसडोल के शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय भवनों को विद्यार्थियों के अनुकूल मॉडल स्कूल के रूप में तैयार किया गया है। सरायपाली विकास खण्ड के 100 प्राथमिक शालाओ में बालवाडी संचालित हो रही है जिसमें बहुत ही कम लागत एवं श्रम के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के चित्रों एवं विषयों को दीवारों पर उकेरा गया है। बच्चों को पसंद आने वाले कार्टून कैरेक्टर्स, नवाचारी गतिविधियों युक्त शिक्षण सामग्री, रंगरोगन आदि से सजाया गया है। इन्हीं उपलब्धियों के नेतृत्व व मार्गदर्शक की भूमिका के लिए सरायपाली के बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल को स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने अपने वेबसाइट पर च्उत्कृष्ट शिक्षकज की श्रेणी में स्थान दिया है। इनसे प्रेरित होकर विकासखण्ड में अन्य शासकीय विद्यालयों में भी परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। विद्यार्थियों के शिक्षण रुचि को बढ़ाने और गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जनसमुदाय का समर्थन मिल रहा है। बच्चों की उपस्थिति भी नियमित हो रही है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा विभाग महासमुन्द के अधिकारियों एवं समस्त प्राचार्य सरायपाली ने बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया है।

# 40वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने मनाया 62वां स्थापना दिवस



**डोंगरगढ़,** 26 अक्टूबर। 62वें बल स्थापना दिवस को 40वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वाराथाना डोंगरगढ़ परिसर में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें श्री तरूण कुमार बन्जारी, द्वितीय कमान, द्वारा सर्वप्रथम बल ध्वज को जोशपूर्ण सलामी देकर और मधुर बल गीत बजाकर ध्वज का सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व जवानों ने सम्मान व्यक्त किया। महोदय ने सभी हिमवीरों व उनके परिवारों को बल स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी एवं बल स्थापना दिवस की बधाई देकर सभी को अपने संबोधन में इसके महत्व व गरिमा को समझाया। उन्होंने भाषण में बताया कि हमारे भारत देश की उन्नत्ति में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल का महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान में भा0ति0सी0पु0 बल अपने 60 वटालियनों के साथ काराकोरम दर्रा (लद्दाख) से अरूणाचल प्रदेश तक 3488 कि0मी0 लम्बी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा के अतिरिक्त निक्सल विरोधी अभियान व वी0आई0पी0 सुरक्षा की जिम्मेवारी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा है। उंहोनेत् बताया कि भा0ति0सी0पु0बल का सिद्धांत च्शौर्य, दृढ़ता कर्मनिष्ठाज हम बल कर्मियों का मार्गदर्शक है। ये ही हमें किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में हम बल कर्मी 40वीं वाहिनी के अधीन नक्सल विरोधी अभियान हेतु तैनात हैं और हमारा ध्येय इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त बनाना एवं स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है। अन्त में महोदय द्वारा 62वें बल स्थापना दिवस तथा शस्त्र पुजन पर सभी हिमवीरो को मिठाई वितरित किया गया व मधुर देश भक्ति संगीतों से आयोजन का समापन की।


## निधन

### श्रीमती केवला सिंह



**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर। एमआई जी 1/436 हुड़को निवासी श्रीमती केवला सिंह का आज निधन हो गया। वे 80 साल की थी उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वरिष्ठ अधिवक्ता भिलाई इस्पात साइंस के संयंत्र के पूर्व विधि अधिकारी गिरजा शंकर सिंह की पत्नी, प्रेमशंकर सिंह, दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रवि शंकर सिंह की मां, जबलपुर के सांसद राकेश कुमार सिंह की सास थी।

### हज्ज़न कहकशां अंजुम



**भिलाई नगर,** 26 अक्टूबर। सेक्टर-6 सड़क-35 निवासी कांग्रेस नेता कलाम खान की हमराह हज्जन कहकशां अंजुम का इंतकाल आज दोपहर लगभग ढाई बजे बीएम शाह अस्पताल मे हो गया। फातिमा ज़ोहरा कमेटी की पूर्व अध्यक्षा कहकशा अंजुम फिलहाल मदरसा दारुल राहत की प्रेसिडेंट थीं। वो अपने पीछे एक बेटी और 3 बेटों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनकी जनाज़े की नमाज़ सेक्टर-6 जामा मस्ज़िद मे जुमे की नमाज़ के बाद अदा की जाएगी और उसके बाद रामनगर स्थित हैदर गंज कब्रिस्तान मे उन्हे सुपुर्द ए खाक़ किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### चुनावी शोर के बीच...

तक अपनी बात रख रहे हैं। आम आदमी पार्टी के बल्लू भवानी पहले भी 2018 में चुनाव लड़ चुके हैं। आम आदमी पार्टी का कैडर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस और भाजपा जिन इलाकों में अभी पहुंचने की कोशिश कर रही है, वहां आम आदमी पार्टी पहले ही पहुंच चुकी है।

सीपीआई को ऐन वक्त में अपना सिंबाल नहीं मिला। सीपीआई के उम्मीदवार भीमसेन नये प्रतीक चिन्ह के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। इस चिन्ह को लोगों को तक पहुंचाने उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ रही है। कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ रहे अमूलकर नाग, बारसूर के आसपास के इलाकों में काफी वोट बटोर सकते हैं। कुल मिलाकर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही है, लेकिन इनके जीत-हार में आम आदमी पार्टी और सीपीआई का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। एक खास बात यह भी भाजपा और कांग्रेस में समान रूप से दिख रही है और वह है भीतर घात का खतरा। इससे उबरने दोनों ही राजनीतिक दल जितनी मजबूती से रणनीति बनायेंगे, वह उनके लिए फायदेमंद होगा।

### छत्तीसगढ़ में बदलाव की लहर...

करवाया जा रहा है हम उस चीज का विरोध कर रहे हैं। स्वेच्छा से कोई भी किसी भी धर्म के क्षेत्र पर जा सकता है, हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन अगर उसे लालच देकर धर्मांतरण करवाया जाएगा तो हम उसका विरोध करेंगे।

# 10 साल के सूखे को खत्म करके कमल खिलाना ही लक्ष्य : हेमलाल



**डोंगरगढ़,** 26 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव प्रचार जोरों पर है इसी क्रम में डोंगरगांव विधानसभा में भी कार्यकर्ता लगातार बैठक ले रहे हैं। शक्ति केंद्र प्रभारी और युवा किसान नेता हेमलाल वर्मा ने लाल बहादुर नगर शक्ति केंद्र का बैठक लिया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्य को जन जन तक पहुंचाने एवं कांग्रेस के पांच सालों में जो विकास कार्य ठप हुए हैं, जो भ्रष्टाचार, घोटाले कांग्रेस ने किए हैं उसे जन जन तक पहुंचाने संकल्प दिलवाया।

हेमलाल वर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डोंगरगांव विधानसभा में 10 साल से कांग्रेस का विधायक दलेश्वर साहु है जिन्होंने सिर्फ अपने परिवार एवं कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिसे इसबार बदलना है और भाजपा प्रत्याशी श्री भरत लाल वर्मा को जिताने आह्वान किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्री खेदुराम साहू जी, पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू जी, ग्राम पटेल हुकुम साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम वैष्णव, कार्यालय प्रभारी चेतन साहू, संयोजक उमेंद्र सिंह देवांगन, सहसंयोजक व बुथ अध्यक्ष अवध राम साहू, बूथ अध्यक्ष राजकुमार ताम्रकार, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ रजक, वरिष्ठ कार्यकर्ता वेदराम ताम्रकार, अंडी सरपंच जसबीर चौहान, पूर्व सरपंच रामाधार ओझा, शत्रुघ्न वर्मा, घमोतिन चंद्रवंशी, कविता यादव, माना यादव, सोना बाई पटेल, अमर बाई सिन्हा बड़ी संख्या में जेस्ट एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## वीनू मांकड़ ट्रॉफी (अंडर 19)

# विकल्प के शतक के बदौलत छतीसगढ़ क्वाटर फायनल में




**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर। बी.सी.सी.आई द्वारा आयोजित वीनू मांकड ट्रफी (अंडर-19) के अन्तर्गत इंदौर में खेले गए प्री चार्टर मैच में छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 20 रनों से हराकर चार्टर फायनल में प्रवेश किया। मैच में पहले बैटिंग करते हुए छत्तीसगढ़ ने निर्धारित 50 ओव्हर में 05 विकेट खोकर 272 रन बनाए। जिसमें विकल्प तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी करते लगातार तीसरा शतक जड़ा। उन्होंने 101 रनों की नाबाद पारी खेली। इस टूर्नामेंट में तीन शतक लगाने वाले वे पहले बल्लेबाज हैं। इस तरह विकल्प तिवारी के कुल बनाए गए रनों के चलते तो पूरे टूर्नामेंट में नवें नंबर के बल्लेबाजी के क्रम में है। छत्तीसगढ़ का चार्टर फाइनल मैच 26 अक्टूबर से इंदौर में ही आंध्र प्रदेश की टीम से होगा। विकल्प तिवारी के शानदार प्रदर्शन (लगातार तीन शतक) बनाने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी व चयनकर्ता धनश्याम लाल, भरत कथारानी, सी.एम. मोरवी, दुर्गेश शुक्ला व कोषाध्यक्ष दिनेश जैन तथा सभी सम्मानित सदस्यों ने उन्हें बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# मड़ानार में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




## महिलाओं व बच्चों को दी गई विधिक जानकारी

**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम मड़ानार जिला कोण्डागांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जहां उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को विधिक जानकारी दी गई।

26 अक्टूबर को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा श्रीमती अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव के साथ एक टीम गठित कर ग्राम मड़ानार जिला कोण्डागांव में विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि वे अपने पति से भरण-पोषण/गुजारा भत्ता पाने की हकदार होती है, जब तक कि वह दूसरी शादी नहीं कर लेती है। गुजारा भत्ता में जीने की जरूरी आवश्यकताएं जैसे- भोजन, रहने के लिए घर, कपड़े, शिक्षा आदि सुविधाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। घरेलु हिंसा के खिलाफ अधिकार 2005 में घरेलु हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाये गये इस अधिनियम के आधार पर हर महिला घरेलु हिंसा के खिलाफशिकायत करने की हकदार है, घरेलु हिंसा में न केवल शारीरिक शोषण बल्कि मानसिक यौन और आर्थिक शोषण भी शामिल है। इसके अलावा महिला हेल्प लाईन नम्बर 1091 पर संपर्क कर उक्त संबंध में जानकारी ले सकते है तथा उपस्थित बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, तथा पीड़ितों को राहत देने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में व बाल मजदूरी/निषेध अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, गुड टच बैड टच, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में तथा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 संबंध में व नि:शुल्क अधिवक्ता की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पी.एल.व्ही. सुनील मरकाम, हसीना बेगम, जरीना बानो, पारेश्वर देवांगन, रविन्द्र बघेल, विवेक कश्यप उपस्थित थे।

# भीरागांव ब में हुआ जन चौपाल का आयोजन

**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत भीरागांव ब में पिरामल फाउंडेशन एसपिरेसनल भारत कोलाबोरेटीव से गांधी फेलो सूरज झरिया के द्वारा 20 दिनों तक कम्युनिटी इमर्सन एवं पीएसपी के दौरान मॉडल स्कूल (अमचो सक्षम स्कूल) शिक्षा के स्तर को सुधारने और उनको विकसित करने के लिए ग्राम भीरागांव के मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल में कार्य किया।



जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिरामल फाउंडेशन (एस्पिरेषनल भारत कोलेबोरेटिव) के सदस्य सूरज झरिया के द्वारा सचिव, सरपंच एवं प्रधान अध्यापक अशोक साहू के साथ मिलकर स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया, स्कूल में बाल संसद का गठन किया गया, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के साथ बैठक की एवं उन्हें एक्टिव करने के लिए प्रयास किया गया। जिसके तहत स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों द्वारा स्कूल के अंदर साफसफाई की गई एवं उचित व्यवस्था किया गया। इसमें विद्यालय के लिए किचन गार्डन भी बनाया गया एवं विद्यालय से गांव के पढ़े लिखे युवाओं को जोड़कर वॉलिंटियर का महत्व एवं स्कूल में उनका क्या योगदान हो सकता है, की जानकारी दी गई। 20 दिनों तक सामुदायिक विसर्जन के दौरान घर-घर जाकर लोगों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया गया एवं उनकी समस्याएं सुनी एवं उनके निराकरण के उपाय उनको बताया गया। पिरामल फाउंडेशन से सूरज झरिया के द्वारा बताया गया कि गांधी फेलो को 1 साल में 1 बार 1 गांव में जाकर रहना होता है, जिसे कम्युनिटी इमर्सन कहते हैं, यहां कोई परिवार के साथ 20 दिनों तक उनके घर पर रहना होता है, उनके जैसे जीवन जीना होता है। रहने खाने का पैसे दिए बिना, सेवा भाव से और समुदाय में क्या चल रहा है ? क्या समस्याएं हैं ? उनके रीति रिवाज परंपरा भौगोलिक एवं संस्कृति सभी बातों को जानना होता है। वहीं पंचायत की सहायता से शौचालय मरम्मत किया गया एवं स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में एक मॉडल स्कूल के उदाहरण के रूप में भीरागांव ब, स्कूल का नाम आगे आए। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका सरपंच मेहतुराम सोढ़ी, सचिव आयतुराम सोढ़ी, सीएचओ अनसूया नेताम, प्रधान अध्यापक अशोक साहू एवं (समस्त शिक्षक) आदि का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

# मतदान कार्मिकों के दूसरे चक्र का रेण्डमाईजेशन कार्य पूर्ण



**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण का रेण्डमाईजेशन का कार्य गुरुवार को पूर्ण कर लिया गया। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक एसडी मांढरे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण के रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई। इसके तहत प्रत्येक दल के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 और 3 का चिन्हांकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, केशकाल विधान सभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी शंकरलाल सिन्हा, कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित निर्वाचन अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्ता उपस्थित थे।

# ईवीएम के दूसरे चक्र का रेण्डमाईजेशन कार्य पूर्ण

**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के तहत केशकाल और कोंडागांव विधान सभा के लिए ईवीएम के दूसरे चक्र का रेण्डमाईजेशन का कार्य निर्वाचन अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरा किया गया। गुरुवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के प्रेक्षक एसडी मांढरे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी की मौजूदगी में ईवीएम का रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने बताया कि दूसरे चरण में ईवीएम को मतदान केन्द्रवार आबंटित किया गया है। दोनों विधान सभा के लिए 20-20 प्रतिशत बैलट यूनिट और कंट्रोल यूनिट आरक्षित रखे गए हैं, जबकि 30 प्रतिशत वीवीपैट को आरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि अब ईवीएम को कंट्रोल रुम में बुधवार शिफ्टिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, वहीं शुक्रवार 27 अक्टूबर से इनकी कमिशनिंग का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने शिफ्टिंग और कमिशनिंग के दौरान सभी अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को उपस्थित रहने की अपील की। प्रेक्षक श्री मांढरे ने कहा कि निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं को निश्चित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए आवश्यक है कि सभी अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता समय पर कार्यस्थल में पहुंचे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, केशकाल विधान सभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी शंकरलाल सिन्हा, कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित निर्वाचन अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्ता उपस्थित थे।



# बचेली-किरंदुल में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

## जिलाध्यक्ष अवधेश के साथ पहुंचे छविन्द्र



**दंतेवाड़ा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस उम्मीदवार छविन्द्र कर्मा ने आज बारसूर, बचेली और किरन्दुल में जन संपर्क किया। सभी वरिष्ठ-कनिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में छविन्द्र ने बचेली व किरन्दुल में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पापाचन, जिला प्रभारी शंकर राव, किरन्दुल पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, उपाध्यक्ष श्री कश्यप, ब्लाक अध्यक्ष तपन दास, विप्लव मल्लिक, इंटुक सचिव एके सिंह, जोबिंस पापाचन, बबलू सिद्दीकी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। बचेली में कार्यालय उद्घाटन के दौरान सलीम रजा उस्मानी, उस्मान खान सहित कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने दी है।

# विजयादशमी पर थाने में किया गया शस्त्र पूजन

**नवापारा राजिम**, 26 अक्टूबर। स्थानीय नवापारा पुलिस थाना परिसर में विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन किया गया दशहरा के मौके पर मंगलवार सुबह पुलिस थाने के शस्त्रागार में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। जहा थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत सहित सभी थाना स्टाफ शस्त्र पूजा में शामिल हुए पण्डित पदुम महराज की उपस्थिति में मंत्रोचार के साथ माँ भवानी की पूजा अर्चना कर आराधना शुरू हुई इस अवसर पर थाने के सारे अस्त्र शस्त्र शस्त्रागार में जमा किए गए थे वही कानून व्यवस्था बनाए रखने में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को भी थाना परिसर में खड़ा किया गया था, जिसमे अक्षत पुष्प चढ़ाकर सभी अस्त्र शस्त्र के साथ वाहनों की पूजा की गई उक्त पूजा पुलिस थाने में दशहरे के दिन शस्त्र पूजा की परंपरा है इसमें सभी पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति में शस्त्रों का हवन के पश्चात विधि-विधान से पूजन किया।

# व्यय प्रेक्षक द्वारा दोनों विधान सभाओं के सभी प्रत्याशियों के लेखाओं का किया प्रथम अनुवीक्षण

**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए अभ्यर्थियों के लेखा संबंधी विवरणों की जांच हेतु व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार जांगिड़ द्वारा गुरुवार को अनुवीक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों विधान सभाओं के सभी प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं द्वारा अपने अपने अभी तक के सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किये। जिनकी जांच व्यय प्रेक्षक के द्वारा की गई। इसके साथ ही सभी से चर्चा कर उन्होंने सभी को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।



## 30 को द्वितीय चरण एवं 3 नवंबर को तृतीय चरण की होगी लेखा जांच

ज्ञात हो कि व्यय प्रेक्षक द्वारा तीन चरणों में लेखाओं की जांच की जानी है। जिसके तहत 26, 30 अक्टूबर एवं 03 नवम्बर 2023 को सभी प्रत्याशियों को तीनों चरणों में अपने लेखा संबंधी विवरणों को व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना है। इस हेतु अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता अपने विवरणों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक जिला कार्यालय कोण्डागांव में व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत हो सकेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन विभिन्न व्यय संबंधी प्रकारणों की भी जांच की जा रही है। इस अवसर ओर एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 125 से अधिक मोटरसाइकिल पर हुई कार्रवाई, वसूला डेढ़ लाख जुर्माना



**जगदलपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने चलानी कार्रवाई की जा रही है। पिछले 2 दिनों में मॉडिफाई साइलेंसर लगे बुलेट वाहनों और मोटरसाइकिल, ड्रंकन ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, बिना नंबर प्लेट के वाहन, काली फिल्म लगे वाहन के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवधि के दौरान 125 से अधिक मोटरसाइकिल और बुलेट वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई और मोटर यान अधिनियम के अलग-अलग धाराओं के तहत 1,50,000/- रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया गया।

# युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश मोहन मरकाम की उपस्थिति में

**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी की योजनाओं और सरकार के कार्यों को देख युवाओं का कांग्रेस की ओर लगाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसी क्रम में कोंडागांव शहर के युवाओं द्वारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के सम्बन्ध में पार्टी प्रवक्ता ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को मोहन मरकाम एवं जिला अध्यक्ष झूमकलाल दिवान ने पुष्प माला एवं कांग्रेस गमछा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। कांग्रेस में प्रवेश करने वालों में युवाओं की संख्या अधिक है। नवप्रवेशी युवाओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार प्रदेश में बनते ही लगातार सभी क्षेत्रों के चहुमुखी विकास हेतु कार्य करते आ रही है, सभी योजनाएं जनता के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गयी है। किसानों के कर्ज माफी हो या युवाओं के रोजगार की बात हो, या महिला सशक्तिकरण की बात हो सभी क्षेत्रों में काम हुआ है। कोंडागांव विधान सभा की बात करें तो मोहन मरकाम की अगुवाई में सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास हुआ है। मोहन मरकाम कोंडागांव विधान सभा के विकास पुरुष हैं, कोंडागांव का विकास मोहन मरकाम से बेहतर दूसरा कोई नहीं कर सकता। नव प्रवेशियों में उमर मेमन, हरदीप कोर्राम, महेश बंजारे, निलेश ठाकुर, संदीप कुंजाम, विक्रम मंडावी, परमेश निषाद, दीपक ध्रुव, श्रवण ठाकुर, बजरंग कुंजाम, मंगल लहरे, तरुण मंडल, चैतराम कोर्राम, नसीम कुरैशी, चन्द्रकला चौहान शामिल हैं।



# सेक्टर अधिकारियों को दिया गया ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण



**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के लिए सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार 25 अक्टूबर को जिला कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभा कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रोनिक कॉरपोरेशन ऑफइंडिया के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा ईवीएम की कमिशनिंग की जाएगी। इसके पश्चात् पांच प्रतिशत ईवीएम पर 1000 वोटों की मॉक पोल सेक्टर अधिकारी और मास्टर ट्रेनरों द्वारा की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे सभी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरतापूर्वक पूरा करें। उन्होंने संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी प्रक्रिया में लापरवाही न बरतें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर उपस्थित थीं।

# पूर्व नपं अध्यक्ष पवन सोनकर ने भाजपा का दामन छोड़, कांग्रेस प्रवेश कर की घर वापसी



**राजिम**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। 25 अक्टूबर को राजिम के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एव पूर्व सोसायटी अध्यक्ष पवन सोनकर ने छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा राजिम के विकास पुरुष के नाम से प्रख्यात अमितेश शुक्ल के जनहितैषी कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा से स्वीकार देकर कांग्रेस प्रवेश कर घर वापसी की। यहां यह बताना लाजिमी होगा की पवन सोनकर राजिम नगर पंचायत के तथा राजिम सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष रहे है। विधानसभा चुनाव के ऐन पहले उनका भाजपा को छोड़ कांग्रेस में प्रवेश करना, भाजपा के लिए एक बड़ा झटका है। मिली जानकारी के अनुसार पवन सोनकर पिछले चुनाव के बाद कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश किए थे मगर भाजपा ने उन्हें किसी प्रकार की तवज्जो नहीं दी जिसके चलते वे भाजपा से नाराज चल रहे थे चुनाव के दौरान भी उनकी कोई पूछ परख नहीं होने के कारण उन्होंने भाजपा छोड़ वापस कांग्रेस प्रवेश किया। श्री सोनकर ने इसे अपने घर वापसी बताया।

# शीतला पारा में शानदार रामलीला मंचन

**नवापारा-राजिम**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के शीतला पारा स्थित रावण भांठा में राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में पारम्परिक रामलीला मंचन का आयोजन हुआ। मंदिर ट्रस्ट के मोहन अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल सभी परिवार सहित पं. ब्रह्मदत्त शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कुम्हार पारा से आए रामलीला मंडली के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मंडली में आए भगवान श्रीराम के दल से राम के पात्र में जिनेंद्र चक्रधारी, लक्ष्मण भागवत चक्रधारी, अंगद लोकेश महार, सुग्रीव चंदन चौहान, जामवंत नरेश चक्रधारी, हनुमान बंटी प्रजापति आदि ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इसी प्रकार रावण दल से रावण के पात्र में चेतन कुमार चौहान, मेघनाथ प्रीतम चौहान, कुंभकरण अजय कुंभकार, द्वारपाल अक्षय प्रजापति और बसंत चक्रधारी भी अपने-अपने वेशभूषाओं में सुसज्जित नजर आए। रामलीला के मंचन में दर्शक काफी लोटपोट हुए। अंत में रावण वध के पश्चात उपस्थित दर्शकों द्वारा वहां पर लगे सोन पत्ता को तोड़कर एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी। रामलीला को सफल बनाने में भूषण चक्रधारी, विजय चौहान, प्रेम देवांगन, प्रकाश बर्या, नूतन ताम्रकार, कौशल साहू, प्रमेन्द्र बर्या, टीकम चक्रधारी, सीताराम सोनकर, रामाधार कहार एवं रामायण मंडली का विशेष सहयोग रहा।



# पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**कोण्डागांव**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। 26 अक्टूबर 2023 को पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस सेक्टर अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका बताई। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान सेक्टर अधिकारी और मतदान दल के साथ समन्वय के साथ कार्य करना है। मतदान दिवस में कोई शिकायत या समस्या होने पर तत्काल निदान करना है। कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों से मोबाइल फोन और शेडो एरिया में व्हीएचएफसेट के माध्यम से लगातार संपर्क में रहना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव दौलत राम पोर्ते सहित जिले के सभी 77 पुलिस सेक्टर अधिकारीगण उपस्थित थे।

संता- अच्छा बच्चों बताओ, ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है?
पप्पू- अंकल जी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जायेगा।

संपादकीय

# किसानों को कर्ज माफी होगी फिर कारगर?

*छत्तीसगढ़ विधानसभा की 9 सीटों के लिये अगले महीने होने जा रहे चुनावों में दोनों प्रमुख राजनैतिक दल- कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों की घोषणा हो जाने से अब साफ हो गया है कि कौन किससे लड़ेगा। कुछ अन्य दलों एवं निर्दलीयों के मैदान में होने के बावजूद यह साफ है कि मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा के बीच है। एक के खिलाफ एक का संघर्ष होने से यह तो तय है कि सभी स्थानों पर कांटे की टक्कर होगी। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि कौन सा दल मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिये पर्याप्त प्रभावित कर सकता है। 15 वर्षों तक राज चलाने वाली भाजपा पिछले 5 वर्षों से विपक्ष में है और उसकी संख्या कांग्रेस के सामने बेहद कम है- भारी-भरकम 71 के मुकाबले केवल 13।*

*ऐसे में भाजपा जहां कांग्रेस को शराब, कथित भ्रष्टाचार आदि के मामलों पर घेरने की कोशिश कर रही है वहीं कांग्रेस ने फिर से किसानों को कर्ज माफ करने का संकेत दिया है। शीघ्र ही जारी होने वाले घोषणापत्र में इसका वादा होने के अनुमान हैं। देखना यह है कि क्या कांग्रेस इसके बल पर वापस सरकार बना लेगी क्योंकि पिछले यानी 218 के चुनाव में इस घोषणा ने बाजी पलटकर रख दी थी। पहले जहां भाजपा काफी मजबूत लग रही थी और 15 वर्षों तक विपक्ष में बैठने से कांग्रेस कमजोर दिखती थी, जिसका मनोबल भी बहुत ऊंचा नहीं लगता था। ऐसे में कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान भाजपा को ले डूबा था। उस समय प्रदेश में किसानों की संख्या करीब 2 लाख थी जो अब बढ़कर 23 लाख के आसपास हो चुकी है।*

*पिछले चुनाव में कांग्रेस बतौर विपक्षी दल के रूप में गई थी जबकि अब वह सत्तारुढ़ पार्टी के रूप में जनता के सामने जा रही है। विपक्ष में रहते अगर उसकी कर्ज माफी की घोषणा का असर इतना हुआ है तो सम्भव है कि इस बार भी उसका यह ऐलान कारगर सिद्ध हो जाये। पिछले पांच साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों का विश्वास इस लिहाज से हासिल किया है कि उसने न सिर्फ किसानों के कर्ज माफ किये बल्कि यहां की मुख्य फसल धान की खरीदी का वह अच्छा न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) मूल्य भी दे रही है। कई फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। कृषि उत्पादों की तर्ज़ पर करीब 56 तरह के वनोपजों के लिये भी आदिवासियों को अच्छा एमएसपी मिल रहा है। इसके अलावा किसान न्याय योजनाओं से किसानों तथा खेतिहर मजदूरों को नगद राशि मिल रही है। इससे उन्हें खेती-किसानी करने में आसानी हुई तथा उनका सशक्तिकरण भी हुआ है। देखना होगा कि भाजपा इसकी क्या काट निकालती है।*

# कांग्रेस के छह प्रत्याशियों ने एक साथ दाखिल किया नामांकन





**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में रायपुर जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस प्रत्याशियों ने गुरुवार को नाामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वालों में धरसींवा से छाया वर्मा, रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा, रायपुर उत्तर से कुलदीप जुनेजा, पश्चिम से विकास उपाध्याय, रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास, अभनपुर से धनेंद्र साहू से शामिल थे। आरंग से प्रत्याशी शिव डहरिया कल शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे।

नामांकन दाखिल से पहले सभी प्रत्याशी शहर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी मैदान में में एकत्र हुए जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसभा को संबोधित किया गया। इसके बाद सभी प्रत्याशी अपने-अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टोरेट परिसर पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया।

**देरी से पहुंचे रामसुंदर दास**

नामांकन के दौरान रायपुर दक्षिण प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास देरी से पहुंचे ।तय समय पर बाकी प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी क्लेक्टर कार्यालय में जाकर नामांकन पत्र दाखिल कर दिया ।बाहर निकल कर जब अपनी गाड़ी में बैठने वाले थे तभी महंत सर्मथको के साथ वहा पहुंचे ।हालाकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फिर से वापस लौट कर महंत के नामांकन में भी शामिल हुए।

धरसीवा अनिता के साथ छाया वर्मा

धरसीवा से मौजूदा विधायक अनिता शर्मा गुरुवार को नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा के साथ नजर आई। पार्टी ने अनिता शर्मा को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह छाया वर्मा को टिकट दी गई है। जिसके चलते वे नाराज थी।

**शिव डहरिया आज जमा करेंगे नामांकन**

नगरीय निकाय मंत्री व आरंग से प्रत्याशी बनाए गए शिव डहरिया ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। हालाकि वे आज रायपुर जिले के बाकी सभी प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल किया तो वे रैली में शामिल हुए ।लेकिन उन्होंने अपना नामांकन पत्र जमा नहीं किया। वे शुक्रवार 27 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे।

# दिल्ली, मुंबई सहित अन्य शहरों के लिए हवाई सफर 30 फीसदी महंगा

**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में चुनाव के साथ ही त्योहारी सीजन का असर भी हवाई किराए पर पड़ रहा है। दिल्ली, मुंबई, इंदौर सहित कई शहरो का हवाई किराया 30 फीसद से ज्यादा महंगा हो गया है।

बताया जा रहा है कि सामान्य दिनों में रायपुर से दिल्ली का हवाई किराया 6,000-6,500 रुपये रहता है, जो वर्तमान में 8 हजार से लेकर -9 हजार रुपये तक पहुंच गया है। साथ ही बहुत से शहरो के लिए फ्लाइटें फुल होने के कारण सस्ते फेयर ही खत्म हो गए हैं। नेताओं और वीआइपी का दौरा अधिक होने के कारण यह स्थिति बनी है।

दिल्ली के साथ ही रायपुर से इंदौर और रायपुर से मुंबई का किराया भी आसमान छूता जा रहा है। इन दिनों रायपुर से इंदौर का किराया 6,000 रुपये पार हो गया है। ट्रैवल्स कारोबारी कीर्ति व्यास ने बताया कि चुनावी सरगर्मी तेज होने के साथ ही अब त्योहारी सीजन भी चल रहा है। इसके चलते यात्रियों की आवाजाही बढ़ने से हवाई किराया महंगा होने लगा है।

**उड़ानों की आवाजाही भी बढ़ी**

चुनावी सरगर्मी तेज होते ही रायपुर विमानतल से अब उड़ानों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है। पिछले माह तक रोजाना लगभग 25 से 27 उड़ानों की आवाजाही होती थी, जो वर्तमान में 28 से 30 उड़ानों की आवाजाही हो रही है। विमानन अधिकारियों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तो रायपुर विमानतल से उड़ानों की यह आवाजाही और भी ज्यादा बढ़ने वाली है। रायपुर सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में वीआइपी का दौरा बढ़ने वाला है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में वीआइपी के चुनावी दौरे के कारण विशेष विमानों के आने जाने का भी सिलसिला बढ़ने वाला है।

**बेंगलुरु से वापसी का किराया 10 हजार पार**

दिल्ली के ही साथ ही इन दिनों बेंगलुरु से रायपुर वापसी का किराया काफी ज्यादा बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु से रायपुर वापसी का हवाई किराया 10 हजार रुपये पार हो गया है।

बताया जा रहा है कि बैंगलुरू से वापसी का किराया इसलिए बढ़ा है, क्योंकि त्योहारी सीजन में रायपुर से बैंगलुरू रहने वाले छात्रों के साथ ही नौकरीपेशा छुट्टियां मनाने घर आ रहे हैं। रायपुर से दुर्गापुर और राउरकेला के लिए 29 अक्टूबर से कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू हो रही है। गो एयरलाइंस ने यह उड़ान शुरू करने की घोषणा की है।

# निगरानी दलों ने 32 करोड़ 75 लाख की नगदी और वस्तुएं की जब्त

**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर 25 अक्टूबर तक की स्थिति में 32 करोड़ 75 लाख रूपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है, जिसमें 8 करोड़ 54 लाख रूपए की नगद राशि शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 25 अक्टूबर तक की स्थिति में 25 हजार 101 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 76 लाख रूपए है। साथ ही 2946 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ 47 लाख रुपए है भी जब्त किया गया है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 46 लाख रूपए कीमत के 181 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 6 करोड़ 50 लाख रूपए है भी जब्त की गई हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में 12499 लाइसेंसी हथियारों में 10854 हथियार जमा किये गये हैं, 3 जब्त किये गये हैं और 28 कैंसल किये गये हैं। आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 1354 प्रकरण बनाये गये हैं और इसके अंतर्गत 1411 हथियार जब्त किये गये हैं। 81 लोगों को जिलाबदर किया गया है। एमवी एक्ट के अंतर्गत 4 लाख 74 हजार 84 प्रकरणों में 20 करोड़ 71 लाख 7 हजार 384 रुपए की कार्रवाई की गई है। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अंतर्गत 1 लाख 49 हजार 478 प्रकरणों में 1 लाख 91 हजार 108 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है तथा 1 लाख 13 हजार 210 बाउंड ओवर किये गये हैं।

# द्वितीय चरण के लिए आज चौथे दिन 203 नामांकन पत्र हुए दाखिल

## 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 246 अभ्यर्थियों ने भरे 367 नामांकन पत्र

**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज चौथे दिन कुल 203 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सबसे अधिक कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 9 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार विधानसभा निर्वाचन-2023 के द्वितीय चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 246 अभ्यर्थियों ने 367 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

आज चौथे दिन महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में 8 नामांकन पत्र, गुण्डरदेही में 7, कोटा, लोरमी, मुंगेली, बिल्हा, बिलासपुर, राजिम में 6-6, मस्तुरी, आरंग, दुर्ग शहर में 5-5, भटगांव, कटघोरा, जैजेपुर, बसना, धरसींवा, रायपुर नगर उत्तर, पाटन, भिलाईनगर, अहिवारा, बेमेतरा, नवागढ़ से 4-4, खरसिया, बेलतरा, अकलतरा, पामगढ़, खल्लारी, कसडोल, बलौदाबाजार, रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, कुरूद, धमतरी, दुर्ग ग्रामीण में 3-3, बैकुण्ठपुर, प्रेमनगर, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, लैलूंगा, मरवाही, जांजगीर-चांपा, सरायपाली, भाटापारा, रायपुर नगर दक्षिण, सिहावा, संजारी बालोद, वैशालीनगर में 2-2, मनेन्द्रगढ़, कुनकुरी, पत्थलगांव, सारंगढ़, धरमजयगढ़, रामपुर, पाली तानाखार, तखतपुर, सक्ती, बिलाईगढ़, रायपुर नगर पश्चिम, साजा विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रदेश में द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर 2023 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

# छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति दिलाना है : ओम माथुर

## बृजमोहन अग्रवाल के चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ



**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओमप्रकाश माथुर ने आज रायपुर दक्षिण विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके विधानसभा कार्यालय तत्पर के समक्ष आयोजित सभा में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा कि चुनाव को अब केवल 20 दिन बचे हैं। इन 20 दिनों में हमको छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति दिलाना है और भाजपा के सुशासन की वापसी सुनिश्चित करना है।

अपने उद्बबोधन में ओम माथुर ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अभी कर्ज माफी को बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे हैं जबकि पिछले चुनाव में उन्होंने जो वादा किया था वो पूरा नहीं किया है। हमारे कार्यकर्ता जब प्रचार में जब निकलें तो कांग्रेस सरकार के झूठे वादों की लिस्ट लेकर निकलें और जनता को याद दिलाते रहें। उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल को आठवी बार प्रचंड जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी जीत निश्चित रूप से समूचे छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक होगी। यहीं से जीत का आगाज होगा और प्रदेश में कमल खिलेगा।

अपने संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मेरी हर जीत में रायपुर शहर के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की महती भूमिका रही है। इस बार भी कार्यकर्ता मेरी आठवीं जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बचाना है तो प्रदेश भर में कमल फूल खिलाना ही होगा। उन्होंने कहा कि 15 साल की भाजपा सरकार में रायपुर शहर एक सुंदर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में पहचाना जाता था परंतु आज हमारा रायपुर शहर दुर्दशा का शिकार है। चारों तरफ सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते हैं। जनता सड़कों पर धूल खाने मजबूर है। यहा अपराधियों का हौसला बुलंद है। रायपुर को लोग चाकूपुर के रूप में पहचानने लगे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर शहर में आज जो भी विकास कार्य दिख रहा है वह भारतीय जनता पार्टी सरकार के दौरान ही किया गया है। इस कांग्रेस की सरकार ने रायपुर के विकास के लिए एक ईंट तक नहीं रखी है। सभा को सांसद सुनील सोनी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा, बिहार के विधायक दिलीप जायसवाल, राजीव अग्रवाल, सच्चिदानंद उपासने, जयंती पटेल, सुभाष तिवारी, मोहन एंटी, मीनल चौबे, सीमा साहू, रमेश ठाकुर, मृत्युंजय दुबे, मनोज वर्मा, रामकृष्ण धीवर, सालिक सिंह ठाकुर, ललित जैसिंग, संजू ठाकुर, महेश शर्मा, मुकेश पंजवानी, सरिता वर्मा, सरिता दुबे, चंद्रपाल धनगर, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**गोविंद मिश्रा भाजपा में**

इस अवसर पर पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य गोविंद मिश्रा एवं श्रद्धा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। इन नव प्रवेशियों का छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने भगवा गमछा पहनकर अभिनंदन किया।

# धार्मिक और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर इंटरनेट मीडिया मानिटरिंग सेल कर रही निगरानी

**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंटरनेट मीडिया का चुनाव में तेजी से उपयोग होता है। ऐसे में लोग एक दूसरे पर आरोप.प्रत्यारोप लगाते हैं। कई बार अपराधिक और भड़काऊ पोस्ट की वजह से कानून व्यवस्था बिगड़ने के हालात हो जाते हैं। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद पुलिस ने हर स्तर पर निगरानी शुरू कर दी है। रायपुर की इंटरनेट मीडिया मानिटरिंग सेल की टीम अब तीन शिफ्ट में ऐसे लोगों और उनकी पोस्ट पर नजर रख रही है। संवेदनशील जगहों की पोस्ट पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन लोगों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर भी नजर रखी जा रही है जो धार्मिक पोस्ट करते हैं। चुनाव से पहले भी टीम लगातार काम करती आ रही है।

**पूर्व में बंद करवा जा चुके अकाउंट**- इंटरनेट मीडिया में अपराधिक और भड़काऊ या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों की निगरानी के लिए इंटरनेट मीडिया निगरानी सेल भी सक्रिय है। फेसबुक इंस्टाग्राम एक्स ट्विटर वाट्सएप आदि में फर्जी आइडी बनाकर आपत्तिजनक अपराधिक पोस्ट करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जा रही है। सेल ने आचार संहिता से पहले ही फेसबुक के 55 इंस्टाग्राम के 110 एक्स ट्विटर के दो फर्जी अकाउंट को बंद करवा चुकी है।



**इन टूल किट से निगरानी**

इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रखने के लिए 25 से ज्यादा टूल किट्स और साफ्टवेयर हैं। इसमें टेलविंडए यूनियन मैट्रिक्स आडियंस कनेक्ट सोशल मैशन टाकवाकर खाडर सोशल ब्रांडवाच की.हाल की.वर्ड डिजीमाइड आदि शामिल हैं। यूनिट इंटरनेट मीडिया पर धार्मिक पोस्ट जातिगत पोस्ट राजनीतिक पोस्ट और जनप्रतिनिधियों के नाम से अपलोड किए गए पोस्ट पर एक्शन ले रही है। इस तरह के पोस्ट को फारवर्ड करने और कमेंट करने पर भी पुलिस अधिकारियों द्वारा एक्शन लिया जा रहा है।

**किसी मैसेज को फैलाने के लिए संदेही की.वर्ड का करते हैं इस्तेमाल**

साइबर एक्सपर्ट मोहित साहू ने बताया कि निगरानी के लिए इंटरनेट मीडिया में कई टूल हैं। लेकिन पुलिस ज्यादातर सामान्य टूल का उपयोग करती है। इंटरनेट मीडिया में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला प्लेटफार्म फेसबुकए एक्सए इंस्टाग्राम है। इसकी निगरानी पुलिस हैशटैग और की.वर्ड के माध्यम से करती है। किसी मैसेज को फैलाने के लिए संदेही की.वर्ड का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं की.वर्ड के सहारे वो शिकंजे में आते है।

**उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की नजर**

आदर्श आचार संहिता के बाद मानिटरिंग सेल लगातार निगरानी करती है। आपत्तिजनक पोस्ट पर टीम की नजर है। भड़काऊ पोस्ट और आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की नजर है।

-**गौरव तिवारी**,
प्रभारी साइबर सेल रायपुर

# चुनाव कराने पहुंचीं सुरक्षाबलों की 25 से अधिक कंपनियां

## 10 हजार जवानों के कंधे पर होगी सुरक्षा की जिम्मेदारी



**रायपुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में दो चरणों में सात और 17 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव की मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियों का छत्तीसगढ़ पहुंचने का सिलसिला हुआ शुरू हो चुका है। ये टुकड़ियां स्पेशल ट्रेनों के ज़रिए रायपुर पहुंच रही हैं। इस बार पूरे प्रदेश में क़रीब 10 हज़ार से ज्यादा अर्ध सैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है। विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों का पहुंचना पिछले एक हफ्ते से शुरू हो गया है। अब तक 25 से अधिक कंपनियां अपने जरूरी सामान और अस्त्र.शस्त्र के साथ पहुंच चुकी हैं। उपस्थिति दर्ज कराने के बाद उन्हें संबंधित जिलों में रवाना कर दिया गया है। प्रदेश में केंद्रीय सुरक्षा बल की 150 कंपनियों को विभिन्न जिलों में तैनात किया जाना है।

**वाहनों का अधिग्रहण जारी**

केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को प्रदेशभर के अलग.अलग अतिसंवेदन और संवेदनशील मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए छोटे.बड़े वाहनों की व्यवस्था पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर कर रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सभी जिलों के आरटीओ को निर्देश दिया है कि अधिगृहीत वाहनों का पीएलओ खर्च वाहन मालिक वहन करेंगेए परंतु यदि पीएलओ शासन उपलब्ध कराया जाता है तो पीएलओ का व्यय घटाकर शेष किराया का भुगतान किया जाएगा। साथ ही चालक परिचालकों के प्रतिदिन भोजन भत्ता 375 रुपये दिया जाएगा।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्रीय फोर्स के जवानों की तैनाती की जा रही है। सात नवंबर को प्रथम चरण के होने वाले मतदान के लिए पिछले दिनों अर्धसैनिक बल के छह सौ से अधिक जवान विशेष ट्रेन से दुर्ग के मरोड़ा स्टेशन में उतरे थे। वहां से सभी जवानों को अलग.अलग क्षेत्रो में ड्यूटी करने रवाना किया गया था। ये जवान चुनाव होने तक तक मोर्चा संभालेंगे।

**नाबालिग से छेड़छाड़ अपराध पंजीबद्ध**

**रायपुर,** 26 अक्टूबर। राजधानी में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 13 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोप है। मुजगहन पुलिस ने कारोबारी पंकज चंदनानी के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि पंकज चटनानी के खिलाफपूर्व में भी गोलबाजार थाने में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज है।



# छग को बेचने वालों के हाथ में देना है या बचाने वालों के हाथ में जनता करें तय

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने हिंदुस्तान को लूटने वालों अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी थी। कांग्रेस आज भी छत्तीसगढ़ को लूटने वालों से लड़ाई लड़ रही है। इस चुनाव में आपको तय करना है कि छत्तीसगढ़ बेचने वालों के हाथ में देना है या बचाने वालों के हाथ में।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि हम किसानों का कर्ज माफ करते हैं तो भाजपा के पेट में दर्द होता है, जबकि मोदी ने साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया, किसी ने सवाल नहीं खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यदि गलती से भी भाजपा की सरकार आ गई तो छत्तीसगढ़ के खदान, नगरनार स्टील प्लांट सब निजी हाथों में बेच दिया जाएगा। कांग्रेस की लड़ाई हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ रही है। हमने पहले पहले अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। हमारे नेता राहुल गांधी और खडगे आज भी हिंदुस्तान और छत्तीसगढ़ को लूटने वालों से लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल खड़ा किया कि आज खदान, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, फैक्ट्री किसे बेचा जा रहा है। इस पर जनता ने जवाब दिया अडानी को।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ नेहरू जी का बनाया हुआ भिलाई स्टील प्लांट है, जिससे लाखों परिवार चल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ नगरनार स्टील प्लांट का उद्घाटन करने मोदी जी आए थे, जिसके निजीकरण के विरोध में बस्तर बंद था। नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण न हो इस पर प्रधानमंत्री ने एक शब्द नहीं बोला।

**हार के सदमे से उबर नहीं पाई भाजपा**

बघेल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भीषण संघर्ष के कारण 15 साल तक सरकार में रहने के बाद भी भाजपा 15 सीटों पर सिमट गई। अभी तक हार के सदमे से उबर नहीं पाई है। छत्तीसगढ़ में इतनी बुरी हार किसी राजनीतिक दल की कभी नहीं हुई।



- **मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में जनसभा को किया संबोधित**
- **किसानों की कर्जमाफी से भाजपा के पेट में दर्द होता है,छत्तीसगढ़ को लूटने वालों से लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस**

**रमन सिंह सबसे बड़े भ्रष्टाचारी**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सबसे बड़े भ्रष्टाचारी तो रमन सिंह हैं, जिन्होंने चिटफंड कंपनी के पैसे खाए, नान घोटाला, चावल घोटाला किया। यहां तक कि टिफिन, चप्पल, मोबाइल वितरण तक में घोटाला किया। राजनांदगांव में उनके नामांकन में आए गृहमंत्री अमित शाह भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाने की बात कह रहे थे जबकि रमन सिंह उनके बगल में ही खड़े थे।

**हमारे बटन दबाने से हितग्राहियों की जेब में पैसा जाता है**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार में आम जनता की आय बढ़ी है। हम बटन दबाते हैं तो किसानों, भूमिहीन मजदूरों, गोबर विक्रेताओं की जेब में पैसा जाता है। कोरोना के समय में कांग्रेस की सरकार ने तीन महीने का राशन एडवांस में जरूरतमंदों को पहुंचाया। 26 लाख लोगों को मनरेगा से काम दिया। आज हर परिवार को 35 किलो चावल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, अंग्रेजी कॉलेज, हाफ बिजली बिल, हाट बाजार क्लिनिक का लाभ मिलता रहे इसलिए फिर से कांग्रेस की सरकार लाना जरूरी है।

**ईडी, आईटी से हम डरने वाले नहीं**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ईडी, आईटी के छापे से कांग्रेस और छत्तीसगढ़ की जनता को डराते हैं। लेकिन यह छत्तीसगढ़ है यहां लोहे का उत्पादन होता है, हम फौलादी लोग हैं किसी से डरने वाले नहीं हैं।

# आतिशबाजी के लिए मिलेंगे 2 घंटे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका

## दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व व नया वर्ष. क्रिसमस के लिए निर्देश जारी

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पिछले साल की तरह इस साल भी दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व व नया वर्ष.क्रिसमस के दौरान आतिशबाजी के लिए 2 घंटे का समय मिलेगा। इसके आलावा राज्य में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है। दीपावली छठ पूजा गुरु पर्व नया वर्ष क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है।



दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तकए छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। शीत ऋतु में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वायु; प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 19 की उपधारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई.दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्रीए उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लीथियमए आर्सेनिकए एन्टिमनीए लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई.व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये हैं।

# संपूर्ण फर्नीचर एक छत के नीचे- बलदेव फर्नीचर



**रायपुर,** 26 अक्टूबर। गुरुनानक चौक स्थित बलदेव फर्नीचर 44 वर्षो से आपके घर,ऑफिस के फर्नीचर की शोभा बड़ा रहा है। जिनका प्रमुख काम सेल्स उपरांत सर्विस हैं। लखविंदर सिंह ने बताया की हम हर वर्ष ग्राहकों के अनुरूप नए नए फर्नीचर उपलब्ध कराते हैं । हमारे यहां सम्पूर्ण बैड सेट, डायनिंग टेबल, सोफा सेट, अलमारी, आउटडोर सेट, मंदिर सेट, आकर्षण झूले, ऑफिस टेबल, सेंटर टेबल, रेकलाइनर ब्रांड में गोदरेज के सेफ, नीलकमल के मॉड्यूलर फर्नीचर, ईजी की रिवॉल्विंग चेयर, इटालिका के फर्नीचर नए मॉडल डिजाइन उपलब्ध हैं। इस दिवाली में विशेष डिस्काउंट भी दिए जा रहे है ।

# चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से हुआ। विसर्जन स्थल महादेव घाट में अब तक एक हजार से अधिक बड़ी प्रतिमाएं विसर्जित हो चुकी है। जिला प्रशासन के तय मापदंडों के अनुरूप ध्वनि विस्तार यंत्रो के प्रयोग को नियंत्रित किये जाने से आम नागरिकों को ध्वनि प्रदूषण से इस बार बड़ी राहत मिली। रायपुर में दुर्गा पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा चाक.चौबंद व्यवस्था की गई प्रतिमाओं का विसर्जन 23 अक्टूबर से लगातार किया गया। इसके लिए कलेक्टर डा सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्ग दर्शन में नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने व्यवस्थाओं के संचालन के लिए रायपुर जिला प्रशासनए पुलिसए यातायात सहित अन्य विभागों से समन्वय की जिम्मेदारी अपर आयुक्त विनोद पांडेय को दी थी।

**प्रशासन व पुलिस ने निभाई बड़ी ज़िम्मेदारी**

शांतिपूर्ण ढंग से प्रतिमाआ विसर्जन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन में पर्याप्त बल की तैनाती महादेवघाट व शहर में की गई थी। इसके चलते बिना किसी अप्रिय घटना के शांति व सद्भावना पूर्वक प्रतिमाएं विसर्जित हुईं।

**निगम आयुक्त ने सभी जोन को सौंपी थी ज़िम्मेदारी**

व्यवस्था निर्धारण हेतु जोन क्र 8 के जोन कमिश्नर अरुण धुव्र के नेतृत्व में सभी 10 जोन के अधिकारियों को विभिन्न पालियों में विसर्जन स्थल पर उनकी टीम के साथ तैनात किया गया था।

**दक्ष कमान सेंटर और दो दर्जन कैमरों से हुई निगरानी**

दुर्गा प्रतिमाएं पूर्ण आस्था के साथ शांतिपूर्ण सुरक्षित व व्यवस्थित रूप से विसर्जित हो सके इसके लिए दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों से पूरे विसर्जन स्थल की निगरानी रखी गईए विसर्जित मूर्तियो के ढांचा पूजन सामग्री व अन्य अवशेष इस बार विसर्जन कुंड से तुरंत निकालने की व्यवस्था नगर निगम द्वारा पहली बार की गई जिससे कुंड का पानी प्रदूषण मुक्त रहा एवं आसपास फूल वह अन्य पूजा सामग्रियों का ढेर न होने से विसर्जन क्षेत्र पूरी तरह साफसुथरा रहा।

**30 गोताखोर 6 क्रेन और एन डी आर एफकी टीम रही मौके पर**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु भी इस बार विशेष दस्ते तैनात किए गए। नगर निगम के 30 गोताखोर व एन डी.आर.एफ की टीम भी मौके पर पूरे समय तैनात रही। महादेव घाट में मूर्तियों के विसर्जन हेतु पूरे समय 6 क्रेन की व्यवस्था भी नगर निगम प्रशासन ने कर रखी थी जिस वजह से विसर्जन की पूरी प्रक्रिया सुगमता पूर्वक संपन्न होती रही।जिला प्रशासन की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस के साथ विसर्जन स्थल पर पूरे समय अपना कैंप कर 24 घंटे लगातार अपनी सेवाएं दी। श्रद्धालुओं को पेयजल प्रसाधन की सुविधा देने पर्याप्त टैंकर व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था उक्त स्थल पर रखी गईए साथ ही पूरे क्षेत्र में निर्बाध रोशनी हेतु नगर निगम द्वारा अपनी विभागीय व्यवस्थाओं के साथ राज्य विद्युत मंडल की सेवाएं भी विसर्जन स्थल पर ली गई।

**ट्रैफ़िक व्यवस्था दुरुस्त होने से नहीं लगा जाम**

प्रतिमा विसर्जन के दौरान आवागमन बाधित न होए इसके लिए स्थानीय पुलिस व यातायात विभाग ने पूरे मार्ग पर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के दक्ष कमान सेंटर के हाई टेक कैमरों के माध्यम से विसर्जन स्थल आवागमन व जनसमूह की लगातार निगरानी की गई।

**ज़िला प्रशासन की सख़्ती से डीजे का शोर रहा नियंत्रित**

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण प्रबंधों हेतु विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिसका पालन सुनिश्चित कराने हेतु नगर निगम व पुलिस की टीम की समझाईश का असर भी व्यापक तौर पर दिखा एवं बिना शोर शराबे के शांतिपूर्ण ढंग से प्रतिमाएं विसर्जन कुंड तक पहुंची। नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित विसर्जन हेतु नियुक्त सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों सहित शहर के जनप्रतिनिधियों दुर्गा पूजन आयोजन समितियों के पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सार-संक्षेप

**डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड को छग में क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉक के लिए आशय पत्र मिला**

**रायपुर,** 26 अक्टूबर। भारत की एकमात्र सूचीबद्ध सोने की खोज और खनन करने वाली कंपनी, डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड (डीजीएमएल) (स्क्रिप कोड डेक्कन गोल्ड 512068 आईएनई 945 एफ 01025), को छत्तीसगढ़ सरकार के भूविज्ञान और खनन निदेशालय से छत्तीसगढ़ के भालुकोना - जमनीडीह निकेल, क्रोमियम और एसोसिएटेड पीजीई ब्लॉक के लिए दिनांक 5 अक्टूबर, 2023 का आशय पत्र प्राप्त हुआ है (26 अक्टूबर, 2023 को प्राप्त हुआ)। डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, हनुमा प्रसाद मोदाली ने कहा, यह आशय पत्र (एलओआई) उच्च प्रभाव वाले, राष्ट्रीय भागीदार के रूप में हमारी प्रगति को दर्शाता है, जो भारत को महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की आवश्यकता के मामले में आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए समर्पित है।

# विधायक किस्मतलाल जनता कांग्रेस में शामिल, सरायपाली से टिकट भी मिला

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। टिकट नहीं मिलने से नाराज सरायपाली से कांग्रेस विधायक किस्मत लाल नंद गुरुवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) में शामिल हो गए हैं। पार्टी ने उन्हें सरायपाली से टिकट भी दे दिया है।



जानकारी के अनुसार, महासमुंद जिले के सरायपाली सीट से कांग्रेस विधायक किस्मत लाल नंद टिकट कटने से नाराज थे। कांग्रेस ने यहां से चातुरी नंद को अपना उम्मीदवार बनाया है। किस्मत लाल नंद ने विधायक रेणु जोगी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की मौजूदगी में जेसीसीजे का दामन थामा। कांग्रेस के किस्मत लाल नंद ने पिछले चुनाव में बीजेपी के श्याम तांडो को यहां से हराया था। वहीं बीजेपी ने इस बार सरला कोसरिया को यहां से टिकट दिया है।

**28 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

सरायपाली सीट में प्रत्याशी के ऐलान के साथ ही जेसीसीजे ने अब तक 28 सीटों पर प्रत्याशी के नाम तय कर दिए हैं। जेसीसी (जे) ने पिछला चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन में लड़ा था और सात सीटें जीतकर तीसरे मोर्चे के रूप में उभरी थी, लेकिन इस बार वह कांग्रेस और भाजपा के प्रभुत्व वाली राजनीति में राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है।

**भाजपा ने नहीं दिया टिकट तो राजेन्द्र राय पार्टी में लौटे, गुंडरदेही से लड़ेंगे चुनाव**

बालोद जिले में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। गुंडरदेही के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेन्द्र राय ने भाजपा का दामन छोड़ फिर से जनता जोगी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। जोगी कांग्रेस ने उन्हें गुंडरदेही विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया हैं। जनता कांग्रेस ने बुधवार को अपनी दूसरी लिस्ट में 11 प्रत्याशियो की घोषणा की है, जिसमें गुंडरदेही विधानसभा से राजेन्द्र राय को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। राजेन्द्र राय के इस निर्णय से बालोद जिले में खासकर गुंडरदेही विधानसभा में एक बड़ा झटका लगा है।

गुंडरदेही से भाजपा ने पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है, जिसके बाद से लगातार प्रत्याशी को बदलने की मांग उठने लगी, राजेन्द्र राय सहित पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन, जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज, पुष्पेंद्र चन्द्राकर, नीतीश ग्वालेन्द्र समेत भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश आलाकमान को प्रत्याशी को बदलने आवेंदन सौंपे है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में नो-पार्किंग से रेल कर्मचारी की गाड़ी उठाने को लेकर विवाद



**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर रेलेव स्टेशन में नो.पार्किंग से एक रेल कर्मचारी की गाड़ी उठाने को लेकर विवाद हो गयाअप्रार्थी के मुताबिक वे एक आरक्षण केंद्र में पदस्थ स्टॉफका भाई है और वे स्टेशन पहुंचकर आरटीआई की रसीद कटवाने के लिए ऊपर काउंटर में गया था प्रार्थी एम हुसैन का दावा है कि उन्होंने गाड़ी ट्रांसफार्मर के पास अंदर में रखी थी जहां गाड़ी रखने से कोई भी ट्रैफिक्र अवरोध नहीं हो रहा था उनका आरोप है कि आरपीएफइंस्पेक्टर सिविल ड्रेस में ट्रैफिक्र पुलिस की गाड़ी लेकर आए और सबकी गाड़ियां उठवाई और जब उन्होंने अपनी गाड़ी छोड़ने की बात कही तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया प्रार्थी ने दावा किया है कि इसके बाद उन्होंने आरपीएफ के उच्च अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दे दी है और वे इस संबंध में शिकायत भी दर्ज करवाएंगे वहीं रायपुर पोस्ट के इंस्पेक्टर आरपीएफ का कहना है कि उन्होंने ने ही ट्रैफिक्र पुलिस को बुलावाकर कार्रवाई करने का निवेदन किया था प्रार्थी ने नो.पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी की थी और उनका पहले विवाद ट्रैफिक्र पुलिस से हुआ और वे वहीं निरीक्षण कर रहे थे और वे मौके पर पहुंचे उन्होंने किसी भी प्रकार के अभद्र व्यवहार के आरोप को नकारा है और उन्होंने कहा कि उल्टे प्रार्थी ने उन्हें कोर्ट में खड़ा करवाने की बात कही उन्होंने ये भी कहा कि अभी चुनाव का समय है और वे गुप्त तरीके से चेकिंग कर रहे है इसलिए वे वर्दी में नहीं थे।


## निधन

**श्रीमती केवला सिंह**



**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर। एमआईजी 1/436 हुड़को निवासी श्रीमती केवला सिंह का आज निधन हो गया। वे 80 साल की थी उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वरिष्ठ अधिवक्ता भिलाई इस्पात साइंस के संयंत्र के पूर्व विधि अधिकारी गिरजा शंकर सिंह की पत्नी, प्रेमशंकर सिंह, दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रवि शंकर सिंह की मां, जबलपुर के सांसद राकेश कुमार सिंह की सास थी।

**हज़्ज़न कहकशां अंजुम**



**भिलाई नगर,** 26 अक्टूबर। सेक्टर-6 सड़क-35 निवासी कांग्रेस नेता कलाम खान की हमराह हज्जन कहकशां अंजुम का इंतकाल आज दोपहर लगभग ढाई बजे बीएम शाह अस्पताल मे हो गया। फातिमा ज़ोहरा कमेटी की पूर्व अध्यक्षा कहकशा अंजुम फिलहाल मदरसा दारुल राहत की प्रेसिडेंट थीं। वो अपने पीछे एक बेटी और 3 बेटों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनकी जनाज़े की नमाज़ सेक्टर-6 जामा मस्जिद मे जुमे की नमाज़ के बाद अदा की जाएगी और उसके बाद रामनगर स्थित हैदर गंज कब्रिस्तान मे उन्हे सुपुर्द ए खाक़ किया जाएगा।

# विवादित भाषण पर फंसे हिमंता बिस्वा सरमा, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

## मंत्री अकबर पर दिया था बयान



**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में 'अकबर' वाले दिए गए बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा फंस गए हैं।इस मामले में चुनाव आयोग ने हिमंत बिस्वा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 30 अक्टूबर शाम पांच बजे तक नोटिस का जवाब मांगा है। कांग्रेस ने हिमंत बिस्वा सरमा की टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी उन्होंने चुनावी प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के मंत्री मोहम्मद अकबर पर विवादित टिप्पणी की थी। कवर्धा जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि च्च्एक अकबर अगर एक जगह पर आता हैं तो वे सौ अकबर को बुला कर लाते हैं, ये बात भूलिए मत। इसलिए जितनी जल्दी हो सके उस अकबर को आप विदा कीजिए नहीं तो मां कौशल्या की यह भूमि अपवित्र हो जाएगी।

शर्मा ने आगे कहा कि च्च्हमारे देश में कांग्रेस के शासन काल में लव जिहाद की शुरुआत हुई। आज छत्तीसगढ़ के आदिवासियों और हमारे असम जैसे राज्यों में आदिवासियों को हर दिन धर्मांतरण के लिए उकसाया जाता है। जब उनके खिलाफ आवाज उठती है तो भूपेश बघेल बोलते हैं हम लोग सेक्यूलर हैं। हिंदू को मारना-ठोकना क्या आपका सेक्यूलरिज्म है? ये देश हिन्दू का देश है और ये देश हिन्दू का ही रहेगा। ये सेक्यूलरिजम की भाषा हमें मत सिखाइए।

# मारपीट के एक दर्जन अधिक मामले अपराध पंजीबद्ध

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी और उसके आसपास लगे थाना इलाकों में एक दर्जन से अधिक जबरन गाली गलौज कर मारपीट के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दशहरा के दूसरे दिन यानी 25 अक्टूबर को एक ही दिन में दर्जनों मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

**पठान बोलने पर चाकू मारा**

मंदिर हसौद के ग्राम नवागांव ओव्हर बृज के पास मामूली बात को लेकर मारपीट हो गई। अब्बास और उसके अन्य साथी ने महेंद्र से गाली गलौज कर मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे किसी धारदार चीज से महेंद्र पर वार कर घायल कर वहां से फरार हो गए। बकरा निवासी महेंद्र ने मंदिर हसौद थाना जाकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को ग्राम नवागांव के ओव्हर बृज के पास गया था। जहाँ पर अब्बास और उसके साथी वहीं पर थे। जिसे पठान कहकर आवाज देने पर वे नाराज हो गए और गाली गलौज करने लगे थे। जिसका विरोध करने पर उसके साथी मारपीट करने लगे इसी बीच उसने अपने पास रख ले किसी धारदार चीज से मारकर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने अब्बास और उसके साथी के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

**रिक्शा में बैठ सिगरेट पीने पर विवाद**

इलाके के विजय नगर अतिविहार के पास एक ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट हो गई। ई रिक्शा चालक ने सवारी को आटो में सिगरेट पीने से मना किया तो प्रिंस बाग राम का युवक जो आटो में या ने इस बात पर जबरन गाली गलौज कर मारपीट की।

**बदला लेने युवक को पीटा**

इलाके में रेलवे स्टेशन के पास पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। सागर मानिकपुरी जीतू और मोना ने रामनगर निवासी जगदीश पीटर के साथ गली गली कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। जगदीश ने इस रिपोर्ट जाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने सागर मानिकपुरीए जीतू और मोना के खिलाफ 294, 506, 323, 34 अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

**रास्ता रोक पिटाई**

कुशालपुर आदर्श नगर के पास ही लड़की में मामूली बात पर मारपीट हो गई। पवन गोस्वामी ने मोहल्ले के ही रहने वाले पैतन्य गोस्वामी को बाइक से जाते समय रास्ता रोकर किसी पुरानी बात को लेकर जबरन गाली गारपीट। जिसके बाद परवस गोस्वामी ने चेतना के बाइक में भी तोडफोड कर दी इसकी रिपोर्ट चैतन्य ने पुरानी बस्ती थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने परवस मोस्वामी के खिलाफ141, 294, 506, 323, 427 को अपराध दर्ज किया है। इसी तरह के प्रकरण विधानसभा खरोरा नेवरा उरला धरसीवा और सिविल लाइन थानों में भी दर्ज किए गए।

# कस्टम मिलिंग भ्रष्टाचार की जांच करने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कस्टम मिलिंग भ्रष्टाचार की जांच के लिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2022 में राज्य सरकार में धान की कस्टम मिलिंग की दरें 30 रू. प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 120 रू. प्रति चिंटल की थी। जिससे यह लाभ हुआ था कि पूर्ववर्ती भाजपा शासन काल में जहां 60-70 लाख टन धान खरीदी होने पर उसकी मिलिंग में दो-दो साल लग जाते थे। जिससे सरकार को सैकड़ो करोड़ की क्षति प्रतिवर्ष होती थी। मिलिंग चार्जेस बढ़ाने से यह फायदा हुआ की पिछले वर्ष खरीदा गया 107 लाख टन धान बारिश के पहले ही उठ गया, जिससे सरकार को लगभग 2,000 करोड़ की बचत हुई थी। कुछ जिलों से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि मार्कफेड के जिला स्तर एवं राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा राइस मिलर्स से प्रति चिंटल धान पर 20 रू की रिश्वत की राशि ली गयी है, जो कस्टम मिलिंग के धान के बिल पास कराने के एवज में ली गयी है। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सकरार की उपलब्धियों से विचलित होकर भाजपा नेताओं ने झूठी शिकायतें की है। फिर भी यह बेहतर होगा की प्रकरण की गंभीरता पूर्वक जांच यथाशीघ्र करायी जाये ताकि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की सच्चाई सामने आ सकें। यदि शिकायतें सही पायीं जाती है तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये ताकि इसके बाद कोई अधिकारी भ्रष्टाचार करके सरकार की छवि खराब न कर सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, संयुक्त महासचिव अजय साहू, प्रवक्ता नितिन भंसाली, ऋषभ चंद्राकर शामिल थे।

# शांति मिलन

## स्व. कैलाश चंद्र शर्मा



''शर्मा परिवार'' रुपी विशाल वट वृक्ष
का तीसरा स्तंभ शांति से महाप्रयाण कर गया है!
आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक आयुर्वेद के अनूठे
समन्वय से उन्होंने अपनी जीवन यात्रा में
असंख्य लोगों के जीवन को सुखद स्वास्थ्यवर्धक
स्पर्श के साथ प्रभावित किया। उनका स्वजनों, मित्रों
और स्नेहीजनों को बिना विभेद के एक सा स्नेह मिला।
सामाजिक सर्वभागिता, कुपोषित बच्चों के पोषण, स्त्री
शिक्षा और जरुरतमंदों को नेत्र चिकित्सा का उन्होंने
बखूबी संवर्धन किया। साहित्यिक अभिरुचि का भी
परिमार्जन जीवन पर्यन्त किया। जब कोई बड़े वृक्ष की
प्रमुख शाखा गिरती है तो उसका कंपन लंबे समय तक
महसूस होता है---उनकी असीम छाया में बिताये पलों की
धरोहर उनकी स्मृति को अशेष बनाए रखेगा!

जन्म : 01.02.1939 निर्वाण : 16.10.2023

## कार्यक्रम

**दिनांकः**
27.10.2023 (शुक्रवार)
**समयः**
शाम 4 बजे से 5 बजे तक
**स्थानः**
पुजारी पार्क **'मानस भवन'**
पचपेढ़ी नाका रोड, रायपुर (छ.ग.)
: 89668-45000

### शोकाकुल

मनोज शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा (पुत्र)
राजेन्द्र शर्मा, दिनेश शर्मा, महेश शर्मा, श्याम शर्मा (भतीजे)
एवं समस्त सन् एंड सन् परिवार (शर्मा परिवार, रायपुर)

**विशेष अनुरोध : आज का यह कार्यक्रम अंतिम सामाजिक शोक मिलन कार्यक्रम है। इसके उपरांत शोक सम्बन्धी कोई बैठक नहीं होगी।**

### संबंधित प्रतिष्ठान

• श्री शर्मा आयुर्वेदिक फार्मेसी • शर्मा इण्डस्ट्रीज • संदीप कोल्ड स्टोरेज • सन् एंड सन् ज्वेलर्स • सन् एंड सन् इन्फ्रामेट्रिक प्रा. लि.
• सन् एंड सन् कोल्ड स्टोरेज • सन् एंड सन् सॉल्यूशन्स • सन् एंड सन् केटल फीड प्रा. लि. • सन् एंड सन् कोल्ड एण्ड ट्रेड प्रा. लि.

**उल्टा पुल्टा**

संता- अच्छा बच्चों बताओ, ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है?
पप्पू- अंकल जी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जायेगा।

## संपादकीय

### किसानों को कर्ज माफी होगी फिर कारगर?

*छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के लिये अगले महीने होने जा रहे चुनावों में दोनों प्रमुख राजनैतिक दल- कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों की घोषणा हो जाने से अब साफ हो गया है कि कौन किससे लड़ेगा। कुछ अन्य दलों एवं निर्दलीयों के मैदान में होने के बावजूद यह साफ है कि मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा के बीच है। एक के खिलाफ एक का संघर्ष होने से यह तो तय है कि सभी स्थानों पर कांटे की टक्कर होगी। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि कौन सा दल मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिये पर्याप्त प्रभावित कर सकता है। 15 वर्षों तक राज चलाने वाली भाजपा पिछले 5 वर्षों से विपक्ष में है और उसकी संख्या कांग्रेस के सामने बेहद कम है- भारी-भरकम 71 के मुकाबले केवल 13।*

*ऐसे में भाजपा जहां कांग्रेस को शराब, कथित भ्रष्टाचार आदि के मामलों पर घेरने की कोशिश कर रही है वहीं कांग्रेस ने फिर से किसानों को कर्ज माफ करने का संकेत दिया है। शीघ्र ही जारी होने वाले घोषणापत्र में इसका वादा होने के अनुमान हैं। देखना यह है कि क्या कांग्रेस इसके बल पर वापस सरकार बना लेगी क्योंकि पिछले यानी 2018 के चुनाव में इस घोषणा ने बाजी पलटकर रख दी थी। पहले जहां भाजपा काफी मजबूत लग रही थी और 15 वर्षों तक विपक्ष में बैठने से कांग्रेस कमजोर दिखती थी, जिसका मनोबल भी बहुत ऊंचा नहीं लगता था। ऐसे में कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान भाजपा को ले डूबा था। उस समय प्रदेश में किसानों की संख्या करीब 20 लाख थी जो अब बढ़कर 23 लाख के आसपास हो चुकी है।*

*पिछले चुनाव में कांग्रेस बतौर विपक्षी दल के रूप में गई थी जबकि अब वह सत्तारुढ़ पार्टी के रूप में जनता के सामने जा रही है। विपक्ष में रहते अगर उसकी कर्ज माफी की घोषणा का असर इतना हुआ है तो सम्भव है कि इस बार भी उसका यह ऐलान कारगर सिद्ध हो जाये। पिछले पांच साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों का विश्वास इस लिहाज से हासिल किया है कि उसने न सिर्फ किसानों के कर्ज माफ किये बल्कि यहां की मुख्य फसल धान की खरीदी का वह अच्छा न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) मूल्य भी दे रही है। कई फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। कृषि उत्पादों की तर्ज़ पर करीब 56 तरह के वनोपजों के लिये भी आदिवासियों को अच्छा एमएसपी मिल रहा है। इसके अलावा किसान न्याय योजनाओं से किसानों तथा खेतिहर मजदूरों को नगद राशि मिल रही है। इससे उन्हें खेती-किसानी करने में आसानी हुई तथा उनका सशक्तिकरण भी हुआ है। देखना होगा कि भाजपा इसकी क्या काट निकालती है।*

# आज 15 नामांकन भरे गये, 16 ने खरीदा नामांकन पत्र

## कांग्रेस से अरूण वोरा, मुकेश चंद्राकर, निर्मल कोसरे ने भरा नामांकन



**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत आज दुर्ग जिले की 6 विधानसभा सीटों के लिये आज 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किये। 16 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। आज भी नामांकन पत्र भरने व खरीदने वालों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में भारी गहमागहमी देखी गई।

आज नामांकन पत्र जमा करने वालों में कांग्रेस से अरूण वोरा दुर्ग, मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर, निर्मल कोसरे अहिवारा, एवं दुर्ग क्षेत्र से निर्दलीय अनूप कुमार पाण्डेय, अरूण कुमार जोशी, विनोद सेन कौशिक, लंगूर ध्रुव कुमार सोनी छत्तीसगढ़ महतारी पार्टी, दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र से संजीव कुमार विश्वकर्मा आम आदमी पार्टी, ईश्वर कुमार निषाद बसपा अहिवारा से, शैलेन्द्र बंजारे निर्दलीय, महेन्द्र बंजारे निर्दलीय पाटन से हैदर भाटी, संतोष मारकण्डे निर्दलीय ने नामांकन पत्र जमा किये।

विधायक दुर्ग अरूण वोरा आज सपरिवार नामांकन पत्र जमा करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उनके साथ उनकी पत्नी, बहन, भाई राजीव वोरा, दोनों पुत्र सुमित एवं संदीप वोरा के साथ ही छ.ग. पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, महापौर धीरज बाकलीवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, परमजीत सिंह भुई, व अन्य लोग थे। श्री वोरा ने बताया कि आज के मुहूर्त के अनुसार नामांकन पत्र भरने आये है। जिले के सभी विधायक एक साथ 30 अक्टूबर को नामांकन पत्र जमा करेगें। क्या नामांकन रैली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस प्रियंका गांधी भी साथ रहेगी। इस पर श्री वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति निश्चित है मगर श्रीमती गांधी का अभी तक कोई अधीकृत कार्यक्रम नहीं मिला है। श्री वोरा यह 7 वां चुनाव लड़ रहे है। इस वर्ष नामांकन पत्र पूरी सादगी से भरा जा रहा है। पार्टियों के झंडे, बैनर, पोस्टर व नारेबाजी कलेक्टर परिसर में प्रतिबंधित है। अत: लोग अकेले या एक दो साथियों के साथ ही बिना किसी शोरगुल व नारेबाजी के आ रहे और जा रहे है।

आज नामांकन पत्र खरीदने वालों में गिकेन्दर कुमार खाण्डवे गण सुरक्षा पार्टी, मनोज कुमार गायकवाड़ निर्दलीय, विकास शर्मा जनता कांग्रेस जोगी, केहर प्रसाद पाण्डेय गण सुरक्षा पार्टी, लोकेन्द्र साहू निर्दलीय, संदीप पाल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आशीष मांडले, संतोष जोशी, रामप्रसाद धृतलहरे निर्दलीय, रीति देशलहरा जनता कांग्रेस जोगी, गणेश कुमार, हिमांशु रिया सेन भाजपा, शंकर लाल साहू छग. स्वाभिमान मंच, नारायण सोनवानी, भारत भूषण सिन्हा निर्दलीय, अजय झग्गर साहू एनसीपी शामिल है।

## राम नगर मुक्तिधाम का डोम चिल्हर लेकर वैशाली नगर से नामांकन दाखिल करने पहुंचा



**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आज चिल्हर व नोट लेकर रामनगर मुक्तिधाम में डोम की सेवा देने वाले शंकर लाल साहू अपना नामांकन पत्र जमा कराने पहुंचे।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने प्रेस से चर्चा में बताया कि समाज की गंदगी को साफ करके विकास करने का दृष्टिकोण को लेकर वे चुनावी समर में उतरा हूं। उसने बताया कि कोरोना काल में अपने तीन बच्चों को साथ लेकर पूरे समय लोगों की सेवा की है। मानव सेवा ही जीवन का उद्देश्य मानकर वे हार जीत की परवाह किये बगैर मैदान में उतर रहे है। उनके पास सभी बूथों में बैठाने के लिये आदमी भी नहीं है किंतु जनता की ताकत व आर्शीवाद की उम्मीद लगाये मैदान में उतर रहे है। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने के लिये उन्होंने बतौर जमानत राशि 5 हजार रूपयों की व्यवस्था बच्चों के गुल्लक तोड़कर राशि जमा की है।

## आज भाजपा की सामुहिक नामांकन रैली व आमसभा




■ सभा को पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद व सांसद सरोज पाण्डेय करेगें संबोधित

**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कल 27 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे दुर्ग जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों दोनों जिला भाजपा अध्यक्षों दुर्ग जितेन्द्र वर्मा एवं बृजेश बिचपुरिया भिलाई के संयोजन में अपना नामांकन पत्र जमा करायेगें। नामांकन जमा करने से पहले पुरानी गंजमंडी गंजपारा में आमसभा होगी। आमसभा को पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय संबोधित करेगें।

आमसभा के उपरांत मंडी प्रांगण में नामांकन रैली सीधे कलेक्ट्रेट के लिये निकलेगी। रैली में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल पाटन, प्रेमप्रकाश पाण्डेय भिलाई नगर, रिकेश सेन वैशाली नगर, गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण, एवं डोमनलाल कोर्सेवाड़ा अहिवारा नामांकन जमा करेगें। आज दिन भर गंजमंडी में आमसभा की तैयारी चलती रही। अधिसूचना जारी होने के बाद भाजपा संगठन का यह पहला कार्यक्रम है।

## बेमेतरा में छठवें दिन 7 अभ्यर्थियों ने दाखिल किये नामांकन

■ 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिए
■ अब तक कुल 50 प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र

**बेमेतरा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज छठवें दिन 26 अक्टूबर को जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र के 17 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र फार्म ख़रीदें। वही 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। फार्म दाखिल करने वाले उम्मीदवार साजा विधानसभा क्षेत्र से श्री संजीव अग्रवाल है। नवागढ़ से भारतीय गंधर्व, मनीशंकर और सनत कुमार मार्कण्डेय ने फार्म जमा किए। इसी प्रकार बेमेतरा के लिए सुखदेव टंडन, भुवनेश्वर गन और गिरधारी लाल देवांगन ने जमा किए।




आज गुरुवार को नामांकन के छठवें दिन कुल 17 नामांकन फार्म बिके। इनमें साजा विधानसभा से 3 नामांकन श्री सलक्ष्मी नारायण साहू ने भारतीय शक्ति सेना से, श्री ओमप्रकाश गायकवाड़ और श्री कुमार गायकवाड़ ने फ़ार्म लिया। नवागढ़ से 7 प्रत्याशियों श्री भानुप्रताप चतुर्वेदी, करुणा निदान, कांशीराम बांधे, मानदास चतुर्वेदी, भागवली सिवारे, लक्ष्मी नारायण साहू और चन्द्रभान साहू ने फ़ार्म ख़रीदा। इसी प्रकार बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिया। जो इस प्रकार है - सर्व श्री सुशील कुमार, गोपालप्रसाद, बहल सिंह, चंद्रभान साहू, रोहित सिन्हा दीपेश साहू, भाजपा से, और रुक्मणी निषाद ने फ़ार्म लिए। इस प्रकार अब तक कुल जिले की तीनों विधानसभा के लिए अब तक 50 फार्म बिके है।

## पीसीसी प्रतिनिधि देवेश मिश्रा ने दिया जिला प्रवक्ता पद से त्यागपत्र



**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस प्रवक्ता देवेश मिश्रा ने प्रवक्ता पद से त्यागपत्र जिला अध्यक्ष गया पटेल को पोस्ट के माध्यम से भेज दिया है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि पिछले कई वर्षो से वे कांग्रेस प्रवक्ता दुर्ग शहर के रूप में कांग्रेस पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने पार्टी को तन मन धन से सेवाएं दी हैं। वर्तमान परिस्थितियों में बदले हुए परिवेश में स्थानीय कांग्रेस संगठन में कांग्रेस प्रवक्ता के रूप में भूमिका निर्वहन करने में अपने को असहज महसूस कर रहे हैं। इसलिये दुर्ग शहर कांग्रेस प्रवक्ता के पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। यह त्यागपत्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को प्रेषित कर स्वीकार करने का आग्रह किया है।

ज्ञात हो कि देवेश मिश्रा जिला प्रवक्ता के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रतिनिधि हैं। उन्होंने जिला कार्यकारिणी में कार्य करने में असमर्थता जताई है। देवेश मिश्रा ने बताया कि जिला अध्यक्ष गया पटेल द्वारा उनके निवास पर त्यागपत्र स्वीकार नहीं करने पर उन्होंने पोस्ट के माध्यम से अपना त्यागपत्र उन्हें राजीव भवन दुर्ग कार्यालय भेज दिया है।

## मतदान दल रवानगी से लेकर ईवीएम सिलिंग तक का दिया गया प्रशिक्षण



**बेमेतरा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में सकुशल संपन्न कराने के लिए आज यहां जिला पंचायत के सभागार में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सीलिंग के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनको चरणबद्ध तारीके से किया जाये तो यह बहुत आसान होता है। प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध होता है। उसका मिलान कर लिया जाये। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री सुनील कुमार झा ने मतदान दल की रवानगी से लेकर मतदाता पर्ची, ईवीएम के शुरू करने, मॉक पोल कराने से लेकर मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम सीलिंग तक की प्रक्रिया के बारे में बताया।

प्रशिक्षण में मतदान के दिन इवीएम के प्रयोग, कान्ट्रोल यूनिट (सीयू) बैलेट यूनिट (बीयू) से संबंधित छोटी से छोटी बारीक जानकारी इस प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री झा ने दी। सीयू एवं बीयू का सीलिंग सही तरीके से हुआ या नहीं यह भी बताया गया। वीवीपैट के नंबर से मिलान करने, मतदान के शुरू व मतदान के बाद वाली गतिविधियां संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि सभी लोग ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## जिले के सभी 27 आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्रों में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**मतदाताओं ने हाथों में स्लोगन तख्ती लेकर मतदान करने प्रेरित किया**



**बेमेतरा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस एल्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत स्वीप नोडल श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले सभी 27 आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। बुजुर्ग मतदाताओं के माध्यम से मतदान किए जाने हेतु जनसामान्य को संदेश दिया गया एवं मतदाता शपथ ली गयी। कर्मचारियों और मतदाताओं ने हाथों में स्लोगन तख्ती लेकर मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित किया।

पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के पिछले विधानसभा निर्वाचन में कम प्रतिशत कम प्रतिशत मतदान वाले क्षेत्र से शुरू किया है। मतदाताओं को जागरूक मतदान करने विभिन्न प्रचार माध्यमों नुक्कड़ नाटक, स्कूल कॉलेजों में चित्रकला, रंगोली, रैली प्रचार रथ आदि माध्यम से गांव-गांव अभियान चल रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी बेमेतरा डॉ, वीना मिश्रा, ने बताया कि जिले के सभी 27 आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्रों स्वीप अभियान के तहत अधिकारी - कर्मचारियों सहित पूरे स्वास्थ्य अमले को मतदान की शपथ दिलायी गयी।

## दो शातिर बदमाशों को रासुका के तहत जेल में निरूद्ध करने के आदेश

**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग की अनुशंसा पर जिले दो शातिर बदमाशों गुडों को रासुका की विभिन्न धाराओं के तहत 3-3 माह के लिये जेल में निरूद्ध करने का आदेश पारित किया है। ये दो गुंडा बदमाश अनिल कुंजाम (गोंड़) पिता नंदू गोंड़ (28) बांधा तालाब गंजपारा दुर्ग एवं बबलू इरानी उर्फ जाकिर हुसैन पिता मुकद्दर अली (46) निवासी ईरानी डेरा केलाबाड़ी दुर्ग है।

प्रशासन से जारी जानकारी के अनुसार उक्त दोनों शातिर बदमाशों ने अपनी असामाजिक गतिविधियों से आम लोगों को समाज में काफी भयभीत करके उनका जीवन दूभर कर दिया था। अनिल कुंजाम गोंड़ वर्ष 2013 से अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। उसके विरूद्ध थाने में 21 अपराध दर्ज है। उसके विरूद्ध आदतन गुंडागर्दी, मारपीट, चाकूबाजी, दादागिरी एवं चोरी जैसे अपराध दर्ज है। उसके विरूद्ध लोग थाने में शिकायत दर्ज कराने में भी कतराते है। इसे देखते हुए अनिल गोंड़ को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत उसे 3 माह के लिये केन्द्रीय जेल में निरूद्ध करने का आदेश जारी किया गया है।

इसी तरह एक अन्य शातिर बदमाश बबलू ईरानी उर्फ जाकिर हुसैन के विरूद्ध भी वर्ष 91 से अपराधों की दुनिया में लिप्त है। उसके विरूद्ध कुल 47 अपराध पुलिस में दर्ज है।

इनमें गुंडागर्दी, चाकूबाजी, अवैध वसूली सहित अनेक अपराध दर्ज है। लोगों में उसे लेकर भारी आतंक व्याप्त है। लोग उसके विरूद्ध भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने से कतराने लगे है। इसे देखते हुए एसपी दुर्ग के प्रतिवेदन पर उसे भी 3 माह के लिये केन्द्रीय जेल में निरूद्ध करने के आदेश रासुका के तहत दिये गये है।

## हेमचंद विवि में जनजातियों पर केन्द्रीत सर्टिफिकेट कोर्स का समापन

### प्रथम कौशल साहू, द्वितीय अभिषेक सपन, तृतीय प्रणाली अहिर, शत प्रतिशत मतदान का भी लिया संकल्प



**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में एक माह से चल रहे छत्तीसगढ़ की जनजातियां विषय पर केन्द्रित सर्टिफिक्रेट कोर्स का आज विष्वविद्यालय परिसर स्थित टैगोर हॉल में शत-प्रतिशत् मतदान करने की शपथ के साथ समापन हो गया। यह जानकारी देते हुए कोर्स समन्वयक तथा डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि एक माह अवधि के ऑनलाईन सर्टिफिक्रेट कोर्स में 75 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में सफल प्रतिभागियों को सर्टिफिक्रेट एवं मेडल प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, क्रीडा संचालक, डॉ. दिनेश नामदेव तथा एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल उपस्थित थें।

डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की जनजातियों पर केन्द्रित इस सर्टिफिक्रेट पाठ्यक्रम में लिखित परीक्षा, प्रोजेक्ट एवं सामूहिक चर्चा के प्राप्तांकों के आधार पर कुल 65 प्रतिभागियों में से 49 प्रतिभागियों को सफल घोषित किया गया। इनमें प्रथम स्थान 82 प्रतिशत् अंकों सहित साइंस कॉलेज, दुर्ग के कौषल साहू को मिला, द्वितीय स्थान पर मठपराई कलाकार डुमरडीह के अभिषेक सपन 81 प्रतिशत् अंकों के साथ रहे, तृतीय स्थान पर दुर्ग की कुमारी प्रणाली अहिर ने 80 प्रतिशत् अंक प्राप्त किये। इस सर्टिफिक्रेट कोर्स के दौरान आमंत्रित व्याख्यान देने वालों में विवेकानंद शोधपीठ, रायपुर की चेयरमेन, डॉ. मीताश्री मित्रा, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, आदिमजाति कल्याण विभाग के संचालक, रूपेन्द्र कवि, वि.वि. के सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार, आदिमजाति कल्याण विभाग की सहाकय प्रबंधक, कुमारी अमूल्या सहारे थे।

समापन समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप तथा कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इस तरह के सर्टिफिक्रेट पाठ्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि अगले सर्टिफिक्रेट पाठ्यक्रम से लिखित परीक्षा/ऑफ्लाईन पद्धति से आयोजित होगी। डॉ. पल्टा ने आमंत्रित व्याख्यानों के समय में परिवर्तन की प्रतिभागियों की मांग को भी स्वीकार कर लिया। समारोह में प्रतिभागी एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने टैगोर हॉल में उपस्थित सभी को शत-प्रतिशत् मतदान की शपथ दिलायी। प्रतिभागियों की ओर से डॉ. सपना शर्मा सारस्वत, हितेश कुमार तथा डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने फीडबैक तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सीबीएएस 23 के पदों पर भर्ती परीक्षा 29 को दो पालियों में

**आब्जर्वर नियुक्त**

**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावयायिक परीक्षा मण्डल द्वारा सीबीएएस 23 के पदों पर भर्ती परीक्षाओं का आयोजन 29 अक्टूबर को दो पालियों में प्रथम पाली सुबह 10 से 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 से 4.15 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए अधिकारियों को आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। नियुक्त आब्जर्वर 29 अक्टूबर को प्रथम पाली 7.30 बजे एवं द्वितीय पाली 12.30 बजे गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु जिला कोषालय में उपस्थित होकर परीक्षा की गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा केन्द्रों तक पहुचाएंगे तथा परीक्षा उपरांत परीक्षा की गोपनीय सामग्री परीक्षा केन्द्रों से प्राप्त कर कोआर्डिनेटर सेंटर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर ऑटोनामस पीजी कॉलेज दुर्ग में जमा करेंगे। नियुक्त आब्जर्वर अपने विभागीय वाहन के साथ उपस्थित होंगे।

## जनता कांग्रेस के प्रत्याशी लोकनाथ ने किया प्रचार



**डोंगरगढ़**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मध्यनजर राष्ट्रीय पार्टी के अलावा प्रादेशिक पार्टिया भी चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशियों को उतार रही है। इसी कड़ी में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 में भाजपा कांग्रेस के साथ-साथ जनता कांग्रेस छ जे के विधानसभा प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने भी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्राम मोहारा मुड़िया चेतूखपरी सहित अन्य ग्रामों में पहुंच ग्रामीणों से जनसंपर्क करके विधायक बनने पर यह 10 काम पूरी प्राथमिकता के साथ कराने वचन पत्र दिया। जिसमें 1 मोहारा क्षेत्र किसानों के खेत में प्रधानपाठ बैराज से नाली विस्तार करके सिंचाई हेतु पानी की सुविधा। 2 मोहारा, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## प्रदेश के वैष्णव का होगा राजस्थान में सम्मान



**दुर्ग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। अ.भा. बैरागी वैष्णव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव का 29 अक्टूबर को सालासर धाम जिला चुरू राजस्थान में समारोह पूर्वक सम्मान किया जायेगा। समाज के स्थानीय पदाधिकारी संजय वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जे.के.वैष्णव छोटे राजा परिवार छुईखदान के नाम से प्रसिद्ध है। उन्हें छत्तीसगढ़ में वैष्णव महासभा को एकजुट करने में काफी सहयोग करने का श्रेय दिया जाता है। सालासरधाम राजस्थान में उक्त अवसर पर समाज की आमसभा प्रतिभा सम्मान व शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ वैष्णव समाज के प्रतिनिधि काफी बड़ी संख्या में शामिल रहेगें।

## पूर्व विधायक प्रत्याशी सैकड़ों कांग्रेस प्रवेश

**भिलाईनगर।** आज विश्वास यात्रा के दूसरे दिन एक क्रांति सेना के कई पदाधिकारी और सतनामी समाज की वरिष्ठ नेत्री सहित कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। विधायक देवेंद्र यादव और पूरा विश्वास जताया और वे कॉंग्रेस में शामिल हुए। सीएम भूपेश बघेल के विकास को गति देने वालो योजनाओं और उनके 5 साल के कार्यकाल से प्रभावित होकर सब ने कांग्रेस ज्वाइन किया है। समाज सेविका रामप्यारी भारती, बिंदु दिवाकर, सीमा कुर्रे, संतोष भारती, अहिल्या बंजारे, सौरभ अग्रवाल, बल्लू बंधे और अपने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किए। जिनका विधायक श्री यादव ने और पूरे कांग्रेस परिवार से स्वागत किया और कांग्रेस का गमछा भेंट कर सब को विधिवत प्रवेश करवाया। छावनी क्रांति सेना संगठन के शुभम वर्मा आज राहुल वर्मा, विकास वर्मा, दीप सोनी, सुमित दुबे, देवेंद्र पटेल, हिमांशु साहू, हिरेंद्र वर्मा मनीष यादव कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किए।

# बिना अनुमति होर्डिंग्स बैनर पर होगी कार्रवाई

## निगम भिलाई का अमला कर रहा लगातार मॉनिटरिंग

**भिलाईनगर,** 26 (देशबन्धु) । निगम क्षेत्र में लगे हुए यूनिपोल, भवनों के छत पर लगे हुए बड़े होर्डिंग्स और चौक चौराहो पर स्थापित एलईडी स्क्रीन पर बिना अनुमति विज्ञापन लगाए जाने पर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा चुनाव के मददेनजर प्रभावशील आदर्श आचार संहिता को देखते हुए निगम ने सभी विज्ञापन एजेंसी को निर्देशित किया है कि किसी प्रकार से राजनैतिक विज्ञापन के लिए अनुमति लेना आवश्यक है। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम का अमला निगम के अधिपत्य एवं एजेंसियों द्वारा निगम क्षेत्र में स्थापित सभी यूनिपोल, बड़े होर्डिंग्स और एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किस जाने वाले विज्ञापनों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। निगम ने सभी विज्ञापन एजेंसियों से कहा है कि राजनैतिक विज्ञापन प्रसारित किए जाने से पूर्व स्थान, बोर्ड की संख्या एवं आकार की विधिवत अनुमति है या नहीं, होर्डिंग्स लगाने की अनुमति कितने दिनों के लिए है किस स्थान पर विज्ञापन के लिए अनुमति लिए उसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। बिना अनुमति विज्ञापन लगाए जाने पर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिते सप्ताह में खुर्सीपार, जीई रोड, मुख्य मार्ग में बिना अनुमति लगाए गए बैनर और यूनिपोल के होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई निगम भिलाई के तोड़फोड़ दस्ता द्वारा किया गया। निगम में स्थापित चुनाव कार्यालय जनगणना विभाग की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने आचार संहिता में विज्ञापन एजेंसियों को निर्देश दिए है कि छ.ग. सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 का कड़ाई से पालन करना होगा। एलईडी स्क्रीन में चलाए जा रहे विज्ञापन में किसी व्यक्ति के उपर व्यक्तिगत आक्षेप अथवा आपत्तिजनक विज्ञापन होने पर किसी भी समय दी गई अनुमति निरस्त कर दी जाएगी। इसी प्रकार संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत निजी भवनों में प्रचार प्रसार किए जाने की अनुमति भवन मालिक से प्राप्त कर विधिवत अनुमति लिया जाना भी आवश्यक होगा। ज्ञात हो कि प्रदेश में विधान सभा चुनाव के घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होते ही, निगम भिलाई के टीम ने विद्युत पोल व सार्वजनिक स्थानों से वैनर, होडिंग्स को हटाने का कार्य शुरु कर दिया था। जो लगातार जारी है।




## भाजपा की सरकार बनी तो 75 हजार में मिलेगा

**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2015-16 में भारत सरकार द्वारा देश में प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई थी। इसके साथ ही उस समय छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा भी सभी शहरी क्षेत्रों में योजना लागू करने का निर्णय लिया गया था। जिसमें शहरी क्षेत्रों में जिनका वार्षिक आय 3 लाख तक के परिवार इस योजना के लिए पात्र हितग्राही थे जिनका देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं था और वे नगरीय क्षेत्र में 31 अगस्त 2015 से पहले से निवास कर रहे थे। ऐसी सभी हितग्राहयों का सर्वेक्षण भी नगरीय निकायों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे हितग्राही परिवार जिनके पास 30 वर्षीय पट्टे या स्वयं की जमीन थी उनके मकान बनाने के लिए 2.35 लाख की मदद अनुदान के रूप में दी जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें भारत सरकार द्वारा 1.50 लाख और राज्य शासन द्वारा 0.85 लाख कुल 2.35 लाख रूपये किश्तों में बी.एल.सी.अंतर्गत दिया गया। अतिरिक्त व्यय की व्यवस्था हितग्राही को करना था। अनुदान राशि 4 किश्तों में हितग्राही के खातों में डी.बी.टी. की गई। श्री पाण्डेय ने कहा कि यदि भाजपा की सरकार बनती है तो हम निश्चित रूप से आवासहीनों को उनका अधिकार दिलायेंगे और पूर्व की तरह ही 75 हजार रूपए में उन्हें आवास दिलायेंगे। टाउनशिप की बस्तियों में निवासरत लोगों को भी निश्चित रूप से इसका लाभ दिया जायेगा।



## धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वाधान में बाबा डॉ आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में अशोक दिवस, धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भंते बुद्ध रत्न एवं अतिथियों द्वारा सामुहिक पूजा, वंदना व संविधान की प्रस्तावना पढी गई। मुख्य वक्ता डॉ सत्यजीत चंद्रिकापुरे नागपुर, मुख्य अतिथि सुरेश कुमार पंचभाई जीएम बीएसपी, विशिष्ट अतिथि गौतम साहू फाउंडर ओबीसी महासभा और अध्यक्षता कर रहीं सविता मेश्राम अध्यक्ष हल एवं अन्य संस्था के पदाधिकारियों ने प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथि ने अपने उद्बोधन में डॉ आंबेडकर ने सन1956 में नागपुर के दीक्षा भूमि पर बुद्ध धम्म की भंते चंद्रमनी द्वारा दीक्षा ली थी और पांच लाख को दीक्षा दी थी इस प्रकार धम्मचक्र अनुवर्तन किया था इसलिए इस दिन के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। मुख्य वक्ता ने अशोक विजय दिवस और धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस को ऐतिहासिक महत्व को बताया। सविता मेश्राम ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और संस्था में चल रही गतिविधियां बताई। उपाध्यक्ष विनोद वासनिक ने आभार प्रदर्शित किया। तत्पश्चात कवि सम्मेलन में कवियत्री लता किरण, माधुरी किरणए कवि शैलेश शैलए अंत झकास और सुनील समय्या ने कविता के माध्यम से संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर कृष्णा बंसोड, देवानन्द मेश्राम, अजय अडकने, प्रदीप सोमकुंवर, प्रियंवदा वासनिक, भागवत बागडे, सुभाष बंसोडकर, बलवंत खोब्रागडे, रविन्द्र गाडगे, विधायक चौथे, मूलचंद गडपायले, जयश्री बौद्ध, कल्पना गजभिये, मीना नरेन्द्र नारनवरे, पूनम ढोक, उज्वला लव्हाले, सुनिता सुखदेव, करूणा खोब्रागडे, लीना वैद्य, केशर बौद्ध, कुसुम गजभिये, सीमा वासनिक उपस्थित थे।

## जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे भिलाई से जहीर बने प्रत्याशी

**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने दूसरी सूची पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति की स्क्रीनिंग 25 अक्टूबर को जारी की। भिलाई नगर विधानसभा सीट से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) जहीर खान के नाम की घोषणा की गई है। जिनके कारण उनकी पार्टी में उत्साह का माहौल है। उनके निवास स्थान पर बधाई देना लोगों का तांता लगा हुआ है। जहीर खान का कहना है कि अब भिलाई विधानसभा क्षेत्र में मुक़ाबला त्रिकोण होगा। छत्तीसगढ़ में जनता कांग्रेस जोगी भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रही है। पार्टी चुनावी ताल ठोंकते हुए प्रत्याशियों को उतार रही है। पार्टी की दूसरी सूची में डॉ.रेणु जोगी, लेकर ऋचा जोगी के साथ शिक्षाधानी भिलाई से जहीर खान को अपना प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। ज्ञात हो कि पूर्व में जहीर खान कांग्रेस में युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रह चुके है। वे पिछले लम्बे समय से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से जुड़कर राजनीति कर रहे है। गौरतलब है कि पार्टी ने इससे पहले छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया था। इसके बाद पार्टी ने 16 प्रत्याशियों की अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें पहले चरण में होने वाले मतदान क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।



## सिक्कों को लेकर पहुंचा नामांकन भरने शंकर

**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। रामनगर मुक्ति धाम में शवों का अंतिम संस्कार में लोगों की मदद करने वाले शंकर साहू ने आज गुरुवार को वैशाल नगर विधान सभा क्षेत्र से निर्दिलय के रुप में आपना नामांकन भरा। सबसे ज्यादा आश्चर्यजनक बात यह है कि उन्होनें एक दो व पांच दस के सिक्को से भरा कैरिबैंग चुनाव राशि के रुप म जमा किया। उन्होनें बताया कि वे विकास करना चाहता है। समाज की गंदगी को साफ करने समर में कूद रहा हूं। कोरोना काल में मैंने खुद और अपने तीन बच्चों को मानव सेवा में दिखाया है। जीत हार जगह पर है पर मैं मरते दम तक मानव सेवा के लिए ही समर्पित हूं। इस लिये मैं वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन करने आया हूं। मैं गरीब हूं, मेरे लिए बूथ में बैठने वाला शायद कोई नहीं हो लेकिन मैं जनता की ताकत और आशीर्वाद से चुनाव लड़ रहा हूं। मैं 35 वर्ष मुक्तिधाम में डोम के रूप में निस्वार्थ मानव सेवा का हूँ। बच्चों के गुल्लक में जमा 5 हजार के सिक्के और नोट लेकर मुझे नामांकित किया गया है। मै विकास और समाजसेवा के लिए गरीब शंकर को जिताने में घर.घर के लोगों से संपर्क कर वोट की अपील की जाएगी। आज 1, 2, 5 और 10 के सिक्के और छोटे छोटे नोट लेकर 10 हजार की रकम जमा कराई। डोम शंकरलाल साहू कार रेजिडेंट वार्ड-12 में जमा हो गए। सुपेला ने नामांकित नामांकन किया है। शंकरलाल ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी भी बड़ी पार्टी के उम्मीदवार से नहीं है, मैं गरीब हूं राजनीतिक विचारधारा के लोगों के लिए मेरे पास आटा नहीं है, लेकिन मुझे यह पता है कि समाज की गंदगी साफ करना और विकास के लिए जरूरी है इसलिए मानव सेवा के जज्बे और जनता के आशीर्वाद से ही नेता के रूप में समर में कूद पड़ा हूं। उन्होनें कहा कि इसके पूर्व उन्होनें महापौर पद के रुप में भी अपना नामांकन जमा कर चुके है। उन्होनें कहा कि चुनाव में नामांकन करना मेरा अधिकार है, जनता इसमें कितना सहयोग करेगी इसका मुझे इंतजार रहेगा।



## किसानों व मजदूर को मतदान के लिए कॉलेज छात्रों ने किया जागरुक



श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम दनिया (बोरी) के ग्रामीण लोगों तथा खेतों मे काम करने वाले मजदूरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की स्वीप टीम ने घर-घर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्वीप टीम ने घर.घर जा कर तथा खेतों में काम करने वाले मजदूरों को बिना लालच मतदान कर अपने कर्तव्य को निभाने, शत-प्रतिशत मतदान करने और अपने मित्रों, पड़ोसियों तथा रिश्तेदारों को भी मतदान के प्रति जागरुक कर लोकतंत्र के इस विशेष पर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। इस अभियान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गाप्रसाद राव, स्वीप कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष नाथ सिंह, ठाकुर देवराज सिंह, डॉ. महेंद्र शर्मा, कविता कुशवाहा, राज किशोर पटेल आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि श्री शंकराचार्य महाविद्यालय द्वारा लगातार अलग-अलग क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के लिये लोगों को जागरुक कर रहे है। इसी तरह निगम भिलाई द्वारा अलग-अलग क्षेत्र से लोगों 9 संकल्प दिलाकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया है।

## श्रमिकों की सुविधा पर कटौती न करे सेल : मिश्रा

**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई श्रमिक सभा (एचएमएस) की एक बैठक भिलाई निवास कॉफी हाउस में संध्या 7 बजे हुई। बैठक का मुद्दा श्रमिकों का बोनस वेज रिविजन के लंबित मुद्दों व 39 महीनों का बकाया एरियर्स एवं अन्य सुविधाओं पर प्रबंधन का रवैया रहा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एच एस मिश्रा ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि प्रबंधन का रवैया समझ के परे है। इस तरह मनमाने निर्णय लेकर उच्च प्रबंधन यह जाहिर कर रहा कि वह श्रमिकों के मुद्दों पर कतई गंभीर नही है। श्री मिश्रा ने कहा कि यदि एन जे सी एस सदस्य व स्मेफी के राष्ट्रीय महासचिव संजय वधावकर सेल चेयरमैन को पत्र न लिखते तो शायद वे बैठक बुलाने की जहमत भी न उठाते शायद इसका कारण सरकारों की यूनियन व श्रमिक विरोधी नीति जिसके तहत सभी पी एस यु कम्पनी को निजीकरण कर रहे है। जिसके दबाव में अब तक चले आ रहे परम्परा का उल्लंघन कर सेल चेयरमैन ने श्रमिक विरोधी चेहरे से खुद ही नकाब हटा दिया है। सेल प्रबंधन की यह मनमानी गलत तानाशाही पूर्ण है। लोकतंत्र में जनता अपने वोट के चोट से सरकार बनाती है। सरकार यदि लोगों की अपेक्षा करेगी तो जनता समय इसका जवाब देती है। सेल में कार्यरत सभी वेतनभोगी अधिकारी हैं। मजदूर हित में फैसला लेते हुए निर्णय ले और सुविधाओं में जो कटौती कर रहे है उसे तत्काल बंद करें व पूर्ण वेतन समझौता जल्द से जल्द लागू करने का काम करें। जिससे प्लांट सुचारू रूप से चल सके और कर्मचारियों का मनोबल बढ़े। उन्होनें कहा कि सेल के सारे कर्मचारी आक्रोशित है। एच एस मिश्रा ने कहा कि आचार सहिंता समाप्त होते ही प्रबंधन के इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया जाएगा देवन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारे स्मेफी के राष्ट्रीय महासचिव संजय वधावकर ने सेल चेयरमैन को पत्र लिख कर अपना विरोध जाहिर कर दिया है उनसे अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर श्रमिक हित मे सभी केंद्रीय यूनियन की बैठक बुला कर इस मामले का सर्वमान्य समाधान करने को लिखा है अगर जल्द ही ऐसा नही होता है तो इससे श्रमिकों में असन्तोष हो सकता है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने रोष जाहिर करते हुए कहा कि अब अंतिम निर्णय लेने का समय आ गया है अब प्रबंधन की मनमानी बर्दाश्त नही करेंगे । एच एस मिश्रा ने कहा अपने हक व अधिकारों के लिए प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ हर तरह के संघर्ष के लिए तैयार रहें क्योंकि अभी नही तो कभी नही। उपस्थित सभी सदस्यों ने अध्यक्ष की बातों का समर्थन किया। बैठक में एच एस मिश्रा, प्रेम सिंह चंदेल, देवेंद्र कुमार सिंह, जी जे राव, जे के गहिन, राजेश शमा, एम के जगदाल, एच एन भारती, टीकाराम साहु, अनु कुमार, एम बी सिंह, अभिषेक मिश्रा, विशाल कुमार, रमेश चन्द्र तिवारी, अशोक पंडा, ए चिन्नय्या, शिव कुमार, सीताराम, एन के पटेल, विष्णु कुमार, राजेश श्रीवास्तव, एन के सिंह, महफूज़ खान, डी आर प्रसाद, एस एन सिंह उपस्थित रहे।




## छत्तीसगढ़ को दूसरा पदक स्वर्ण पदक हुआ प्राप्त



**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन राज्य शासन गोवा के द्वारा गोवा में 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय खेल में वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) खेल का आयोजन कैम्पल ओपन ग्राउण्ड प.जी. गोवा में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। आज को राष्ट्रीय खेल के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ राज्य की ज्ञानेश्वरी यादव ने 49 कि.ग्रा.वर्ग में स्नैच में 80 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 97 कि.ग्रा.सहित कुल 177 कि.ग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। दूसरे स्थान पर हरियाणा की प्रीति रही जिसने स्नैच में 79 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 95 कि.ग्रा. सहित कुल 174 कि.ग्रा. उठाकर रजत पदक तथा उड़ीसा की झिल्ली डाला बेहेरा ने स्नैच में 73 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 94 कि.ग्रा. सहित कुल 167 कि.ग्रा. वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की आकर्षी कश्यप ने बैडमिंटन में छत्तीसगढ़ राज्य को पहला कांस्य पदक दिलाया था। छत्तीसगढ़ राज्य ने 37वी राष्ट्रीय खेल में अब तक 01 स्वर्ण पदक एवं 01 कांस्य पदक सहित कुल 02 पदक प्राप्त किये है।

## दशहरा में लेजर ई.आतिशबाजी देखने उमड़ी भीड़




**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धर्मनगरी और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। जगह जगह रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले दहन किए गए। रावण दहन पर मैदान खचाखच भर गया। शाम को भगवान श्रीराम ने अग्नि बाण चलाकर अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय स्वरूप पुतलों को अग्नि में समाहित कर संपूर्ण समाज को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। सार्वनिक दशहरा उत्सव समिति नव युवा चेतना मंच बीएमवाय चरोदा द्वारा दशहरा का भव्य आयोजन हुआ जिसमें काकीनाड़ा के फटाखों के साथ महाराष्ट्र के लेजर म्यूजिकल ई.आतिशबाजी के साथ डौंडीलोहारा वनांचल से आए गेड़ी नृत्य और क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकार संतोष कुर्रे की टीम द्वारा डीजे के साथ विभिन्न पारम्परिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। 70 फीट के रावण दहन व कार्यक्रमों की मधुर प्रस्तुति के साथ अध्यक्ष तीजराम वर्मा के आव्हान पर हजारों की भीड़ ने प्रभु श्री राम मय होकर एक साथ अपने मोबाइल के टॉर्च से रोशनी करते हुए राम भक्ति में झूमने लगे। अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद व पाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विधायक विजय बघेल, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, शशिकांत बघेल ने क्षेत्रवासियों का अभिवादन करने के साथ शुभकामनाएँ दी। अतिथिगण व दर्शकों ने दशहरा कमेटी के भव्य आयोजन की खुब सराहना की। इस अवसर पर लोगों की बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एसबीआई के एटीएम में लूट का प्रयास मामला दर्ज

**भिलाईनगर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के एटीएम पर समय-समय पर हो रही लूट की कोशिश पुलिस के लिये चुनौती बन गई है। हलाकि पुलिस ऐसे करने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर आरोपियों की गिरफ्तार भी कर चुकी है। किन्तु उसके बाद भी एटीएम लूट की घटना पर अंकुश नही लग पा रहा है। एटीएम में सेंधमारी का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गौरव पथ पर ओम शांति चौक के पास स्थित एसबीआई के एटीएम में सेंधमारी का प्रयास किया गया। 24 व 25 अक्टूबर की दरमियानी रात को एटीएम में सेंधमारी हुई। अज्ञात बदमाश ने एटीएम में घुसकर एसजी लॉक तोड़ दिया लेकिन रुपए नहीं निकाल पाया। घटना की शिकायत के बाद छावनी पुलिस ने मामले अज्ञात के खिलाफ 380, 457, 511 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में 36/37 मानसरोवर कालोनी पदुम नगर भिलाई 3 निवासी उत्तम कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह टीएसआई में सर्विस सुपरवाइजर के पद पर हैं। 25 अक्टूबर की सुबह 10 बजे रायपुर आफिस से उन्हें फोन कर बताया गया कि ऊं शांति चौक गौरव पथ रोड मदर टेरेसा नगर केम्प 1 के एसबीआई के एटीएम में तोडफोड कर चोरी का प्रयास किया गया है। सूचना के बाद मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एसबीआई के एटीएम में चोरी करने उद्देश्य से घुसकर एटीएम मशीन का शटर लाक आदि तोड़ दिया। रुपए चोरी नहीं हुए लेकिन तोड़फोड़ के कारण 40 से 50 हजार रुपए तक का नुकसान हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

## वायर रॉड मिल में नया उत्पाद टीएमटी एफई 550डी

**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र ने बाज़ार में ग्राहकों की मांग को देखते हुए वायर रॉड मिल विभाग में नया उत्पाद टीएमटी एफई-550डी विकसित किया है। यह उत्पाद मुंबई की तटीय परियोजना में उपयोगी साबित होगा। बीएसपी की टीम ने हाल ही में सितंबर 2023 में मुंबई के ग्राहक परिसर की का दौरा किया। इस दौरान ग्राहकों द्वारा यह इच्छा व्यक्त की गई कि यदि संभव हो तो वायर रॉड मिल को टीएमटी एफई 550डी वायर रॉड का उत्पादन करना चाहिए। ग्राहकों की इस आवश्यकता को देखते हुए। भिलाई इस्पात संयंत्र में 18 अक्टूबर 2023 को सी.स्ट्रैंड में पुराने वायर रॉड मिल से पहली बार टीएमटी 8 मि.मी.एफई-550डी का एक नया उत्पाद विकसित किया गया। इसके लिए, एसएमएस.3 में कार्बन और मैंगनीज के उन्नत रसायन के साथ आवश्यक तापमान प्रदान किया गया। इस सामग्री के साथ डाले गए इनपुट बिलेट्स टीएमटी बार को मौजूदा टीएमटी जल मापदंडों के साथ आवश्यक क्षमता और इष्टतम लचीलापन प्राप्त करने में सहायक होते हैं। रोलिंग पैरामीटर जैसे भट्ठी का तापमान, लेइंग हेड तापमान, जल.शमन मापदंड और संख्या रोलिंग के दौरान कॉइल्स के सिरों में हॉट टर्न्स की कड़ाई से निगरानी की गई। पहले 3 कॉइल के ऑनलाइन नमूने लिए गए एवं यांत्रिक परीक्षण के लिए भेजा गया। जिसके ऑनलाइन परिणाम आवश्यक मूल्य से कुछ अधिक थे इसलिए शमन मापदंडों में आवश्यक समंजन किये गए। आवश्यक यांत्रिक गुणों के साथ 1477 टन टीएमटी एफई.550डी के उत्पादन हेतु विकसित गुणवत्ता को अगले 2 दिनों के लिए सी.स्ट्रैंड में सफलतापूर्वक रोल किया गया। इस सामग्री का उपयोग ग्राहक द्वारा चल रही मुंबई तटीय सड़क परियोजना में किया जाएगा। यह उत्पाद बेस ग्रेड एफई.500डी की तुलना में अतिरिक्त राजस्व अर्जित करने में भी सहायता करेगा इस नए उत्पाद को विकसित करने के कार्य का निष्पादन मुख्य महाप्रबंधक एम.के. गोयल के कुशल नेतृत्व में महाप्रबंधक एन.के.खरे और उनकी वायर रॉड मिल की टीम द्वारा कार्यान्वित किया गया। इस टीम में महाप्रबंधक एम. हुसैन, महाप्रबंधक सुश्री अनुपमा कुमारी, प्रबंधक आरसीएल एस. पाणिग्रही और सहायक प्रबंधक आरसीएल जी सुरेश का इस नए उत्पाद के विकास में सक्रिय रूप से योगदान रहा।



# कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश ने मांगा जनसमर्थन

**बालोद/देवरी बंगला,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। तीनों प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सानिध्य में अपना अपना नामांकन फार्म जमा किए।

चुनावी आमसभा को संबोधित करने एवं अपने प्रत्याशियों के नामांकन में शिरकत करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हेलिकाप्टर से तांदुला रिसार्ट (बालोद) में बनाए हेलीपेड में उतरे और वहां से सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां जिले के तीनों कांग्रेस के प्रत्याशी संजारी बालोद विधानसभा से संगीता सिन्हा, डौंडी लोहारा विधानसभा से अनिला भेड़िया एवं गुण्डरदेही विधानसभा से कुंवर सिंह निषाद उपस्थित थे। तीनों प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सानिध्य में अपना अपना नामांकन फार्म जमा किए। उनके नामांकन दाखिल करने के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी जब रायपुर आए थे। तो उन्होंने घोषणा की थी कि, कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हम जाति जनगणना करवाएंगे एवम प्रियंका गांधी ने ने भी कहा था की साढ़े सत्रह लाख गरीब परिवार के लोगों को आवास योजना का लाभ दिलाएंगे। जिसके तहत हमने साढ़े सात लाख गरीब लोगों को आवास योजना का लाभ देते हुए पहला किश्त जारी कर दिया है। हमने साढ़े सात लाख गरीब परिवार के लोगों को आवास की व्यवस्था करवाई है, और पच्चीस ङ्क पच्चीस हजार रुपए उनके खाते में राशि डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के किसान को शक्तिशाली, समृद्ध बनाने के लिए हम फिर से उनके कर्ज माफी की घोषणा किए हैं। जिससे गरीब, आदिवासी, किसान, मजदूर के चेहरे में खुशहाली आएगी। केंद्र सरकार पैसा



**कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश ने मांगा जनसमर्थन**

दे या ना दे हम गरीब परिवार के आवास बनाके रहेंगे, यह मेरा वादा है, हमारी सरकार किसान, मजदूर, गरीबों की सरकार है।

किसानों के कर्ज माफी की घोषणा से बीजेपी वालों को पीड़ा होती है, कांग्रेस के काम से बीजेपी वालों को पीड़ा होती है, भाजपा वाले हमारी घोषणाओं को रेवड़ी कहते हैं, उनको पीड़ा होने दो, मैं छत्तीसगढ़ महतारी के खातिर छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर की खुशहाली के लिए यह सब घोषणाएं की है, उन्होंने जनमानस से कहा की भाजपा को वोट दोगे, तो पैसा अडानी के पास जाएगा, और कांग्रेस को वोट दोगे तो, किसान, गरीब आदिवासी मजदूरों एवम पिछड़ो की सुख समृद्धि बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व कांग्रेस के कई नेताओं से सभा को बारी बारी से संबोधित करते रहे। इस मौके पर बालोद, गुरुर, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संगीता सिंहा, अनिला भेड़िया, कुंवर सिंह निषाद के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, ब्लाक अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, संगठन जिला प्रभारी बीरेश ठाकुर, राजेंद्र साहू, पुरषोत्तम पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, आलोक चंद्राकर, संजय साहू, सलीम ख़ान, गोपाल प्रजापति, पीयूष सोनी, राजेन्द्र साहू, रामजीभाई पटेल, अनिल यादव, प्रेमचंद, हँसमुख तुवानी, दुलीचंद गोयल, साजन पटेल, प्रशांत बोकड़े, अनिल यादव, मतीन खान, रश्मि दुबे, भगवती सोनकर, हसीना बेगम, चमेली साहू, दाऊद खान, अंचल साहू, व कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता, महिला मंडल, महिला कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# एन आकांक्षा भरत शास्त्रीय कथक नृत्य प्रवीन सम्मान प्राप्त कर लौहनगरी का बढ़ाया मान

**नृत्य कला ऐसा मंच, जो बच्चियों को उनकी छुपी प्रतिभा प्रदर्शित करने करती सहायता : शर्मा**

**दल्लीराजहरा,** 26 अक्टुवर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया डांस एसोसिएशन एवं नितृयति कला के तत्वाधान में सेंट्रेल मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर भारत सरकार द्वारा समर्थित नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवॉर्ड एवं नृत्य नन्दा लहरी का आयोजन भिलाई सेक्टर 2 स्थित अय्यप्पा मंदिर के ऑडिटोरियम हाल में किया गया इस आयोजन में दल्लीराजहरा नगर की अंतराष्ट्रीय कथक नृत्यांगन एन आकांक्षा ने अपने अध्दुत प्रस्तुति से भरत शास्त्रीय नृत्य प्रवीन सम्मान प्राप्त कर लौह नगरी बालोद व दूर्ग जिले को गौरवान्वित किया है।



इस आयोजन में कथक नृत्य शिक्षक तरूण कुमार शर्मा ने बताया की इस आयोजन में भारत देश के विभिन्न प्रांत के साथ यूएई के प्रतिभागियों ने अपनी अपनी विधाओंमें कथक भरतनाट्याम, मोहनिअट्टम कुचिपुडी, ओडिसी आदि नृत्यों की प्रस्तुति दिये इस आयोजन में दल्लीराजहरा निवासी जो वर्तमान में रिसाली की निवासी एन आकांक्षा ने कथक नृत्य शैली प्रस्तुत कर सम्मान अर्जित कर लौहनगरी को गौरवान्वित किया है। जिसका दल्लीराजहरा भिलाई के लोगों ने स्वागत किया है ज्ञात हो की अंतराष्ट्रीय कथक नृत्यांगन एन आकांक्षा बचपन से ही नृत्य कला में रूची रखती थी। नृत्य प्रतिभा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगित में भाग लेती रही है। इनके माता मित्रों परिवार जनों समस्त शुभचिंतकों ने इस सम्मान के लिए एन आकांक्षा को शुभकामनाएं दी है। आकांक्षा ने अपनी सफलता का श्रय अपनी माता व अपने कथक नृत्य गुरूजी तरूण कुमार शर्मा को दिया है जिनके निरंतर प्रेरणादयी प्रोत्साहन के कारण आज में कथक नृत्यांगन में सफलता तक पहुंची हूं। कथक नृत्य शिक्षक तरूण कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा की नृत्य कला प्रतिभा एक ऐसा मंच है जो बच्चियों को उनकी छुपी हुई कला प्रदर्शित करने में सहायता करती है जो निश्चय ही उनके भविष्य में उपयोगी सिद्ध होते है।

## शीतला पारा में शानदार रामलीला मंचन

**नवापारा-राजिम,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के शीतला पारा स्थित रावण भांठा में राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में पारम्परिक रामलीला मंचन का आयोजन हुआ। मंदिर ट्रस्ट के मोहन अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल सभी परिवार सहित पं. ब्रह्मदत्त शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कुम्हार पारा से आए रामलीला मंडली के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मंडली में आए भगवान श्रीराम के दल से राम के पात्र में जिनेंद्र चक्रधारी, लक्ष्मण भागवत चक्रधारी, अंगद लोकेश महार, सुग्रीव चंदन चौहान, जामवंत नरेश चक्रधारी, हनुमान बंटी प्रजापति आदि ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इसी प्रकार रावण दल से रावण के पात्र में चेतन कुमार चौहान, मेघनाथ प्रीतम चौहान, कुंभकरण अजय कुंभकार, द्वारपाल अक्षय प्रजापति और बसंत चक्रधारी भी अपने-अपने वेशभूषाओं में सुसज्जित नजर आए। रामलीला के मंचन में दर्शक काफी लोटपोट हुए। अंत में रावण वध के पश्चात उपस्थित दर्शकों द्वारा वहां पर लगे सोन पत्ता को तोड़कर एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी। रामलीला को सफल बनाने में भूषण चक्रधारी, विजय चौहान, प्रेम देवांगन, प्रकाश बयां, नूतन ताम्रकार, कौशल साहू, प्रमेन्द्र बयां, टीकम चक्रधारी, सीताराम सोनकर, रामाधार कहार एवं रामायण मंडली का विशेष सहयोग रहा।



## विस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की हरविंदर सिंह मंगे ने ली बैठक

**डोंगरगढ़,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के बूथ एवं शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर रोजाना हरविंदर सिंह मगे संपर्क कर रहे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार व संगठन जो कहती है वह कार्य को अवश्य पूर्ण करती है हमने प्रदेश में डॉ रमन सिंह की भाजपा सरकार 15 वर्ष तक भय मुक्त चलाई है गरीबों के लिए काम किया है शोषितों, पिछड़ों के लिए काम किया है अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व युवाओं, महिला एवं बुजुर्गों के लिए काम किया है।



यह भाजपा की ही सरकार थी जो 14 परसेंट ब्याज दर को 0त्न में कर किसानों को राहत देने का प्रयास करके शिक्षा कर्मियों को 500 से लेकर वेतन वृद्धि लगातार की और आज उनका वेतन व स्वयं देख सकते है। उन्होंने आगे कहा कि विगत 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने क्या किया इसकी तुलना कर सकते हैं कांग्रेस सरकार ने अनियमित कर्मचारियों से जो वादा किया था उसे भी पूरा नहीं की लगातार वादा खिलाफी करते आ रहे हैं चाहे वह शराब, बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे पर हो चाहे वह महिला समूह को जो 1500, 1000 राशि देने की बात की थी उस मुद्दे पर हो आप देख रहे हैं लगातार छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है जहां देखो वहां पर दिनदहाड़े गोली व चाकू चल रहे हैं भाजपा के कार्यकर्ताओं के ऊपर लगातार हमले हो रहे हैं अब भय मुक्त सरकार चाहिए या अपराध का गढ़ छत्तीसगढ़ की जनता को समझना है।

## शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन

**बालोद,** 26 अक्टूबर। गृह-सी विभाग छत्तीसगढ़ शासन विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन 29 जनवरी से 05 फरवरी 2024 तक किया गया है। अपर कलेक्टर जिला बालोद द्वारा जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को इस परीक्षा में शामिल होने के ईच्छुक अधिकारी-कर्मचारियों से आवेदन प्राप्त कर नाम, पद नाम एवं कार्यालय का नाम 05 दिसंबर 2023 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियो के आवेदन के साथ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा शामिल होने वाले परीक्षा के विषय का नाम आदि का उल्लेख करते हुए सम्पूर्ण जानकारी 05 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से जमा करने के भी निर्देश दिए है। निर्धारित तिथि तक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त नही होने पर यह मान लिया जाएगा कि संबंधित कार्यालय में उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अब कोई अभ्यर्थी शेष नही है।

## छग राज्य सह. बैंक व जिला सह. केंद्रीय बैंक मर्यादित में विभिन्न पदों पर भर्ती परीक्षा 29 को

**बालोद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु 29 अक्टूबर 2023 को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं व्यापम के नोडल अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि इसके अंतर्गत सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर) कार्यालय सहायक/सामान्य सहायक/समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के पदों के लिए भर्ती परीक्षा रविवार 29 अक्टूबर को सुबह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह कनिष्ठ प्रबंधक(2)/ कनिष्ठ प्रबंधन संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल)/उप प्रबंधक/ सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा द्वितीय पाली दोहपर 02 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित की गई है। इसके लिए परीक्षा केंद्र वार प्रेक्षकों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

# जिला साहू संघ अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रवेश किया

**कवर्धा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से टिकट की मांग कर रहे थे किंतु पिछले साल झंडा कांड के बाद भारतीय जनता पार्टी में लाइमलाइट में आए विजय शर्मा को भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया. टिकिट वितरण को लेकर कवर्धा के साहू समाज के लोग काफी नाराज थे उन्होंने इस बात को भाजपा संगठन के सामने भी रखा परंतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा विजय शर्मा को ही प्रत्याशी घोषित किया गया जिससे नाराज होकर एन मतदान के 10 दिन पहले आज जिला साहू संघ के अध्यक्ष शीतल साहू, उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित समस्त पदाधिकारी कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कांग्रेस में प्रवेश किया।

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में साहू समाज के मतदाता 20 त्न से 22त्न की तादाद में है ऐसे में साहू समाज के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी का कांग्रेस में प्रवेश करना एक ओर जहां कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के लिए जीत की राह को और आसान बना रहा है वहीं भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी विजय शर्मा के लिए मुश्किलें खड़ी हो गए हो रही है. बता दें कि चुनावी आगाज से ही भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा कवर्धा के विकास महंगाई बेरोजगारी की बजाय मुक्ति संग्राम के नारों के साथ विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार की शुरुआत की। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में साहू समाज की बहुलता और भाजपा संगठन से निकटता कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को कहीं ना कहीं मजबूती प्रदान करती रही किंतु इन चुनाव के 10 दिन पहले साहू समाज के अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री सहित समस्त पदाधिकारी के कांग्रेस में प्रवेश से भाजपा के एक बड़े वोट बैंकिंग को सेंध लगी. अब देखना यह है कि आने वाले समय में भाजपा प्रत्याशी अपने इस वोट बैंक में लगी सेंध के डेमेज को किस प्रकार से मेनेज करते है।

## कलेक्टर के बिना अनुमति पर अधिकारी कर्मचारी को नहीं मिलेगा अवकाश

**खैरागढ़,** 26 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा 9 अक्टूबर 2023 से उक्त तिथि से छत्तीसगढ़ राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शील से लागू होने के कारण जिला स्तर पर जिले के अंतर्गत समस्त शासकीय राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों के अमले के अवकाशों की स्वीकृति जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा को आगामी आदेश तक अधिकृत किया गया है। कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी बिना कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्व अनुमति अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। यह भी निर्देशित किया गया है कि अगर कोई भी अधिकारी- कर्मचारी 07 दिवस से अधिक अवधि के लिये अवकाश पर प्रस्थान करते हैं तो इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी जायेगी। जिले के सभी विभाग प्रमुखो को उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ



**डोंगरगढ़,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को स्थानीय भगत सिंह चौक में कांग्रेस पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया गया जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान, अंत व्यवसाय निगम अध्यक्ष धनेश पाटीला, कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल, नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, थानेश्वर पाटिला, संध्या देशपांडे, संजीव गोमस्ता मंचस्थ थे।

कार्यक्रम में प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि लगभग 5 वर्षों से मैं क्षेत्र में हर वर्ग के हित के लिए मेहनत कर रही हूं जिस पर कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर भरोसा करके आज कांग्रेस प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के लिए काम करके जिस वार्ड व बूथ को हम जीता लेते हैं तभी हम नेता कहलाएंगे और कोई भी काम के लिए अपने हक से आवाज उठा सकते हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से आगामी 7 दिसंबर अपना आशीर्वाद व सहयोग कांग्रेस पार्टी को देने की अपील की। तदत्पश्चात प्रत्याशी श्रीमती बघेल ने नगर के मुख्य मार्ग में पैदल निकलकर जनसंपर्क करके मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान जितेंद्र सिंह भाटिया हरीश भंडारी संजय श्रीवास्तव संदीप सिंह गहरवार रिमी भाटिया रूपचंद खोबरागड़े शेखर सोनी किरण मेश्राम नरेश करसे शिशुपाल भारती इंद्रपाल सिंह राजा सोहेल अली खान ललिता साखरे रेखा खोबरागड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती केवला सिंह

**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर। एमआईजी 1/436 हुड़को निवासी श्रीमती केवला सिंह का आज निधन हो गया। वे 80 साल की थी उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वरिष्ठ अधिवक्ता भिलाई इस्पात साइंस के संयंत्र के पूर्व विधि अधिकारी गिरजा शंकर सिंह की पत्नी, प्रेमशंकर सिंह, दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रवि शंकर सिंह की मां, जबलपुर के सांसद राकेश कुमार सिंह की सास थी।



### हज़्ज़न कहकशां अंजुम

**भिलाई नगर,** 26 अक्टूबर। सेक्टर-6 सड़क-35 निवासी कांग्रेस नेता कलाम खान की हमराह हज्जन कहकशां अंजुम का इंतकाल आज दोपहर लगभग ढाई बजे बीएम शाह अस्पताल मे हो गया। फातिमा ज़ोहरा कमेटी की पूर्व अध्यक्षा कहकशा अंजुम फिलहाल मदरसा दारुल राहत की प्रेसिडेंट थीं। वो अपने पीछे एक बेटी और 3 बेटों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनकी जनाज़े की नमाज़ सेक्टर-6 जामा मस्जि़द मे जुमे की नमाज़ के बाद अदा की जाएगी और उसके बाद रामनगर स्थित हैदर गंज कब्रिस्तान मे उन्हे सुपुर्द ए खाक़ किया जाएगा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### मतदान दल रवानगी से लेकर...

सिलिंग कार्य की बारीकियों को अच्छे से समझ ले और टीम भावना, बिना गलती किये सावधानी के साथ अपने दल के साथ काम को सही तरीके से करें। उन्होंने कहा कि मतदान दल रवानगी होने से पहले चेक लिस्ट के हिसाब से सभी सामग्रियों का मिलान भी कर लें। कई अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्वाचन का अनुभव भी है वह अपने सहयोगी को भी अपने निर्वाचन के अनुभव का लाभ दें। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में मतदानवार ईवीएम और वीवीपैट का रेंडमाइजेशन होगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सी.एल मार्कण्डेय, उप निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रिटर्निंग ऑफिसर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनता कांग्रेस के प्रत्याशी लोकनाथ ने ..

मुढ़ीपार, पाड़ादाह में नवीन कॉलेज खोलने। 3 डोंगरगढ़ नगर पालिका का विस्तार करके नगर निगम बनाने। 4 डोंगरगढ़ शहर में एक बड़ा उद्यान (गार्डन) सर्वसुविधायुक्त बनाने। 5 शहर को अपराध मुक्त व कानून का राज रखने 6 किसानों के कृषि बिजली कनेक्शन आवेदन के तीन महिनों के अंदर निःशुल्क कनेक्शन देने 7 डोंगरगढ़ में शुद्ध पेयजल की सुविधा एवं बाईपास रोड बनाने 8 ठेलकाडीह, मोहारा, को उपतहसील बनाने। 9 बेलगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं बैंक‚ ञ्जरू की सुविधा देने। 10 डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी टुटी-फूटी बदहाल मार्गों को प्राथमिकता के साथ संपूर्ण डोंगरगढ़ क्षेत्र का विकास करने का पत्र के माध्यम से वचन देकर मतदाताओं को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी को मतदान करने की अपील की है।

# नगझर में वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**गुरुर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम नगझर वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप की नोडल अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव की उपस्थिति में कार्यक्रम में किए गए।

**कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश**

विशाल सामूहिक स्वीप सुआ नृत्य की प्रस्तुति से समूचा माहौल जीवंत एवं मतदाता जागरूकता अभियान से साराबोर हो गया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश देने वाली सुमधुर संगीत की धुन पर सामूहिक स्वीप सुआ नृत्य किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को देश के लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। नवयुवकों एवं ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने हेतु स्वीप दौड़ का भी आयोजन किया गया।

**ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु स्वीप प्रश्नोत्तरी का किया गया आयोजन**




**सुआ नृत्य की दी गई आकर्षक प्रस्तुति**

कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर स्वीप दौड़ को रवाना किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु स्वीप प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की परिभाषा, वोट डालने वाले मशीन का नाम तथा उसके प्रकार आदि प्रश्न भी पुछे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सही उत्तर देने वालों को पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया।

**स्वीप दौड़ मे विजेताओं का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को पौधा भेंट कर सम्मानित किया एवं उन्हें आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। समारोह में श्री शर्मा ने स्वीप सुआ नृत्य में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले तथा स्वीप दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नवयुवकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम नगझर में कार्यक्रम स्थल के समीप स्थित शीतला मंदिर में पहुंचकर दर्शन की। समारोह में ''जवान हो सियान-17 नवंबर को करबो मतदान'', ''बालोद जिले का अभिमान-शत प्रतिशत मतदान'' कार्यक्रम में एसडीएम जी.डी. वाहिले, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी विपिन जैन एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# राहुल गांधी की कवर्धा में विशाल जनसभा 29 को : चोवा साहू



**कवर्धा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के स्टार प्रचार सांसद राहुल गांधी 29 अक्टूबर को कवर्धा के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कबीरधाम जिले की कवर्धा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मो. अकबर तथा पंडरिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ (नीलू) चन्द्रवंशी के पक्ष में एक चुनावीसभा को संबोधित करेगे। इस संबंध में कवर्धा कृषि उपज मण्डी के उपाध्यक्ष चोवा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी दिल्ली से पहले हेलीकाप्टर से प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचेंगे जहां से वे पहले राजनांदगांव में जनसभा करेंगे तत्पश्चात दोपहर करीब 1.00 बजे हेलीकाप्टर से ही कवर्धा आएंगे। जहां वे स्थानीय सरदार पटेल मैदान से एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री साहू ने बताया कि उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, कवर्धा कांग्रेस प्रत्याशी मो. अकबर, पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी नीलकंठ (नीलू) चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं स्टार प्रचार सांसद राहुल गांधी के कवर्धा आगमन को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं कांग्रेस उनके आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां कर रही है।

**राहुल गांधी के कवर्धा आगमन की खबर से कांग्रेस में भारी उत्साह**

**वर्ष 2018 में की गई राहुल गांधी की घोषणाओं को भूपेश सरकार ने किया पूरा:** चोवा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भी राहुल गांधी 14 नवम्बर को कवर्धा आए थे और उन्होने कवर्धा के इसी सरदार पटेल मैदान से जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया था, तब भी कवर्धा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मो. अकबर ही थे। उन्होने बताया कि वर्ष 2018 की उस चुनावी सभा में राहुल गांधी ने मुख्य रूप से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर दस दिनो के भीतर किसानो की कर्जा माफी तथा कवर्धा में मेडिकल कॉलेज खोले जाने जैसी घोषणाएं चुनावी मंच से की थी। जिसमें से किसानो की कर्जा माफी प्रदेश की भूपेश सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में ही पूरी कर दी थी वहीं जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है जिसके लिए जमीन चिन्हांकन से लेकर अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण भी हो चुकी है। श्री साहू ने कहा कि इस बार भी कांग्रेस द्वारा जो घोषणाएं की जा रही है उसे सरकार बनते ही पूरा किया जाएगा।

# कलेक्टर एल्मा ने ब्लॉक साजा के स्वास्थ्य केंद्र सहित जनपद और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया



**बेमेतरा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज साजा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र मे स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीज वार्ड, प्रयोगशाला कक्ष, दवाई कक्ष, स्टोर रूम और ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया। इलाज हेतु भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए ओपीडी सेवाओं, भर्ती की सुविधा, प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला, रोगी वार्ड एवं प्रसव कक्ष स्टोर रूम टीकाकरण कक्ष, नेत्र विभाग आदि का बारीकी से जायज़ा लिया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त किये। कलेक्टर ने अस्पताल को सुविधायुक्त बनाए रखने की बात कही। ताकि विशेष परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को इलाज में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके बाद कलेक्टर श्री एल्मा जनपद पंचायत साजा पहुँचे। उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में कार्यों का अवलोकन किया। कार्यों को समय पर निराकरण के निर्देश दिए। कार्यालय में पुराने व अनुपयोगी टूटे फर्नीचर, दस्तावेज को नियमानुसार अपलेखन करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने कार्यालय मे साफ सफाई रखने और मरम्मत के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**ज़रूरी आवश्यक सुविधाएँ देखी, मरीज़ों से की बातचीत**

कलेक्टर ने इसके पश्चात् साजा तहसील कार्यालय का का भी निरीक्षण किया। उनके द्वारा तहसील कार्यालयों में संधारित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन पंजी, प्रतिलिपि शाखा, कोटवार पंजी, पटवारियों का पासबुक सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के पंजी का अवलोकन किया गया एवं प्रकरणों के निराकरण की जानकारी तहसीलदारों से ली गई। राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बार.बार पेशी न बढ़ाया जावे। तहसील कार्यालय के सूचना बोर्ड में कोर्ट दिवस का उल्लेख किया जाये द्य उन्होंने आरबीसी 6.4 की जानकारी लेकर समय अवधि में निराकरण करने कहा। उन्होंने रिकॉर्ड रूम का भी अवलोकन किया तथा अभिलेख को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# एक दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव 29 को

**बेमेतरा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। शरद पूर्णिमा महोत्सव समिति बेमेतरा के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार दिनांक 29 अक्टूबर 2023 को श्री राम मंदिर प्रांगण बेमेतरा में शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक शरद पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित है संस्था के सदस्य अनिल रजक द्वारा जानकारी दिया गया कि डोंगरगढ़ संगीत विद्यालय के शास्त्रीय गायक एवं प्रोफेसर पंडित मनुराज द्विवेदी द्वारा शास्त्री गायन की विशेष प्रस्तुति एवं तबला संगत में श्री राजा शर्मा की मनमोहक प्रस्तुति होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतकार सतानंद यादव बेरा व विश्राम मिश्रा बीजाभाठ द्वारा होगा। महोत्सव में बेमेतरा क्षेत्रों के प्रसिद्ध संगीतकारों गुरुजनों का सम्मान होगा, यह धार्मिक कार्यक्रम है इसलिए आचार संहिता का पालन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समिति एवं श्री राम मंदिर परिवार के पं. शिव पाठक, नारायण पाठक, रामजी पाठक, संतोष साहू, अनिल रजक, भागबली देवांगन, नोहर मानिकपुरी, राजेश योगी, अगम मानिकपुरी, बसंत साहू, कृपा साहू, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन मानिकपुरी, धर्मेंद्र साहू, मोहन नंदवाना, पंचू साहू, रिझन सिंह सेन, देवराम साहू, दिनेश कसार, रवि पांडेय, बाबा तंबोली, राजेश रोहरा एवं हेमू त्रिपाठी सहित अनेक सदस्य कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे हैं।

# छुईखदान नगर में किया गया जिला बल आरपीएफ बल के द्वारा फ़्लैग मार्च

**खैरागढ़**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के छुईखदान में 25 अक्टूबर को एसपी अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में एएसपी नेहा पाण्डेय एसडीओपी लालचंद मोहलेके दिशा निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर जिला बल व आरपीएफ बल के द्वारा छुईखदान नगर में फ़्लैग मार्च निकाल कर भ्रमण किया गया जवानों ने सम्पूर्ण टाउन का भ्रमण कर फ़्लैग मार्च निकाला

# जंगल में 21 जुआरियों को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा



**गुरुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी पुरुर के निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में क्षेत्र के जंगल में जुआ खेल रहे 21 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। यह करवाई बालोद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव निर्देशन में एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

**बैटरीमय एलईडी बल्ब के सामने खेल रहे थे जुआ:** मुखबिर के जरिए सूचना मिलने के बाद पुलिस ग्राम बोरीदकला के जंगल में पहुंचा, जहां रेड की कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा। सभी आरोपी बैटरीमय एलईडी लाइट के साथ 52 पत्ती ताश से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे।

**लाखो रुपये, मोटरसाइकिल, कार सहित मोबाइल बरामद**

पकड़े गए सभी आरोपियों में दिनेश कुमार दुगा उम्र 37 वर्ष ग्राम फरसगाँव, भागवत यादव उम्र 49 वर्ष ग्राम धमतरी, सुरेश कुमार उम्र 57 वर्ष धमतरी, पूनम चंद उम्र 50 वर्ष ग्राम बागतराई, मनोहर गुप्ता उम्र 42 वर्ष ग्राम धमतरी, बुद्धेश्वर यादव उम्र 34 वर्ष ग्राम अरकार, उमेश कुमार साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम खपरी, संदीप खरे उम्र 37 वर्ष ग्राम धमतरी, सुनील कुमार 43 वर्ष सोरीद नगर धमतरी, दीपक पांडे उम्र 56 वर्ष ग्राम फ़रसगांव, नारायण लाल उम्र 42 वर्ष बांसपारा धमतरी, अजीत चंदेल उम्र 44 वर्ष पलारी, वेंकटेश्वर 35 वर्ष संजय नगर कुरूद, कमलेश साहू एक 40 वर्ष रवानगुड़ा अर्जुनी, परमानंद उम्र 29 वर्ष ग्राम हँचलपुर, विजय उम्र 36 वर्ष ग्राम कोस्टापारा धमतरी, रवि साहू 31 वर्ष श्यामतराई, दिनेश कुमार 30 वर्ष ग्राम सुभाष नगर धमतरी, शैलेश सिंह 38 वर्ष फरसगांव, शेष कुमार 27 वर्ष लालबगीचा धमतरी एवं सुजल शिंदे 25 वर्ष मराठापारा धमतरी निवासी को पकड़ा। सभी आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर छत्तीसगढ़ जूवा प्रतिषेध अधिनियम 2022 (3) 2 का पाए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# गांव की बेटी चांदनी चितेश्वरी सलाम का बीएसएफ के लिए हुआ चयन



**गुरुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम पंचायत दुपचेरा की बेटी चांदनी चींतेश्वरी सलाम का बीएसएफ के लिए (पश्चिम बंगाल) हुआ है। गांव की बेटी अब देश की सेवा करेगी, जो अन्य बेटियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। चांदनी चींतेश्वरी सलाम के पिता कृष्णा सलाम एक कृषक व माताजी संतोषी सलाम गृहणी है।

गांव की बेटी का बीएसएफ के लिए चयन होने के बाद दशहरा पर्व के दिन ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

इस दौरान जनपद के सभापति एसकुमार कलिहारी, ग्राम पंचायत दुपचेरा के सरपंच गैदलाल सोनबोईर एवं ग्राम पटेल नीलांबर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष देवगन नागवंशी सहित ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया एवं देश की सेवा में हमेशा तत्पर रहने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा ने कलेक्ट्रेट में जमा किया नामांकन



**गुरुर**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक भूपेश बघेल के साथ संजारी बालोद विधानसभा प्रत्याशी संगीता सिन्हा ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया, तत्पश्चात जिला मुख्यालय बालोद के सरदार पटेल मैदान में सभा आयोजित की गई।

**गुरुर एवं बालोद से पहुंचे कार्यकर्ता**

प्रत्याशी संगीता सिन्हा के साथ में बालोद एवं गुरुर क्षेत्र से सैकडो की संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। सभा के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह प्रदेश किसान, मजदूर, नौजवान और महिलाओं का है। जब तक इनको आर्थिक रूप से मजबूत नहीं करोगे, छत्तीसगढ़ कैसे मजबूत होगा, इन्हें मजबूती देने के लिए यह सब काम किया जा रहा है।

**सभा में दिखाई एकता:** जानकारी के मुताबिक तांदुला रिसोर्ट में मुख्यमंत्री के उतारने के लिए हेलीपैड बनाया गया था, जहां दोपहर 12-38 बजे में हेलीकॉप्टर लैंडिंग हुई, एक घंटा पहले ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंच गए थे।

बाइक और चार पहिया वाहनों की लाइन लग गई थी, हालांकि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरते ही सीधे कलेक्टर चले गए, वहां से 15 मिनट बाद शहर के मैदान में सभा आयोजित की गई। नामांकन दाखिल करने के बाद आयोजित सभा में लगभग 7 हजार की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे, जहां सभी ने एकता दिखाते हुए कांग्रेस सरकार के पक्ष में नारे भी लगाए।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त युवा को मनोचिकित्सालय सेंद्री बिलासपुर में किया गया भर्ती



**खैरागढ़**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जिला न्यायाधीश राजनांदगांव आलोक कुमार के निर्देश पर तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास के द्वारा साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, लोक अदालत व नालसा की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के दौरान ग्राम मदुराकुही में 25 अक्टूबर को एक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त अस्वस्थ में मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम दुर्गेश साहू बताया लेकिन अपना निवास स्थान नही बता पा रहा है। आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त हुई की उसका नाम दुर्गेश यादव है। उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम मारूटोला खुर्द थाना खैरागढ़ जिला केसीजी का रहने वाला है। दुर्गेश पिछले 15 - 16 वर्षों से मानसिक रूप से कमजोर अस्वस्थ चल रहा है। वह इधर-उधर निर्वस्त्र होकर भी घूमता रहता है। पैरालीगल वॉलिंटियर गोलुदास साहू के द्वारा उनके माता पिता से मिलकर पूरी जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि माता पिता आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 15 वर्षों में उनके पास जो पैसा था वहा इलाज में खर्च हो गया है। गरीब माता पिता अपने बेटे का इलाज बहुत कराए पर सफल नही हुआ

**पैरालीगल वॉलिंटियर का रहा विशेष सहयोग**

दुर्गेश के माता पिता अपने जवान बेटे को इस हॉल में देखकर बहुत चिंतित व दुखी रहते है।

पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास के द्वारा रेस्क्यू कर सिविल अस्पताल खैरागढ़ में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन के द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए छत्तीसगढ़ राज्य मनोरोग चिकित्सालय सेंद्री बिलासपुर रेफर किया गया रेफर के दस्तावेज को लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग के द्वारा भर्ती करने के लिए निर्देशित किया गया जिसका इलाज डॉ. दीप्ति व उनके टीम के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास व सरपंच ग्राम पंचायत मदुराकुही उत्तम सिन्हा का विशेष सहयोग प्राप्त रहा।

# भाजपा का जिले की तीनों विस सीटें जीतने का सपना ऐसे में कैसे होगा पूरा



**बालोद**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय बालोद में नामांकन रैली निकालकर अपनी ताकत दिखाई। इस रैली में बालोद, गुण्डरदेही और डौण्डीलोहारा तीनों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली की खासियत यह रही कि एक दिन पहले हुई कांग्रेस की रैली की तुलना में भाजपा ने ज्यादा भीड़ जुटाई। सबसे अधिक कार्यकर्ता गुण्डरदेही क्षेत्र से पहुंचे थे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए। वहीं स्थानीय विधायकों को भी आड़े हाथों लिया। रैली में डौण्डीलोहारा प्रत्याशी के भारी विलंब से पहुंचने को लेकर भी चर्चा रही। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने बालोद शहर में नामांकन रैली निकालकर नगर भ्रमण किया। रैली में काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में सभा का आयोजन किया गया। इससे पहले प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। सभा को अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ चुनाव सहसंचालक नितिन नवीन ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर आग उगला। उन्होंने कहा कि यहां के लोग मेहनतकश हैं लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ को कलंक लगा दिया है। भूपेश बघेल ने लोगों को छला है। नकली चेहरा बनाकर वे किसानों का मसीहा बनना चाहते हैं। दरअसल कांग्रेस की सरकार ने केंद्र से आने वाली सारी योजनाओं का बंटाधार किया है। गरीबों का आवास उन्होंने छीना, गोबर में घोटाला किया। इसके अलावा आकंठ भ्रष्टाचार में यहां की सरकार डूबी हुई है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि भाजपा की सरकार के आने के बाद किसानों को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ का पैसा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खाते में जाता है। यहां की सरकार एटीएम बनी हुई है। नितिन ने कहा कि धान का 80 प्रतिशत राशि केंद्र से आता है और ये लोग श्रेय लेने की कोशिश करते हैं।

सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मंत्री रविंद्र राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार पाप में पूरी तरह डूब चुकी है। यह सरकार सिर्फ लोगों को ठगने और छलावा करने के अलावा और कुछ भी नहीं कर रही है। भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबी हुई है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ को जिस उद्देश्य से बनाया गया था वह उम्मीद 15 साल तक भाजपा के शासन तक टिकी रही। अब इसे कांग्रेस पूरी तरह नष्ट कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुण्डरदेही क्षेत्र के प्रत्याशी वीरेंद्र साहू ने कहा कि गुण्डरदेही के स्थानीय विधायक के चलते न केवल सरपंच बल्कि आम जनता भी परेशान हैं। आज क्षेत्र में गांव-गांव में अवैध शराब गुण्डरदेही विधायक के संरक्षण में चल रहा है। गरीबों का आवास बन नहीं रहा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाला विधायक आज करोड़ों के बंगले में रह रहा है। सभा को संबोधित करते हुए बालोद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश यादव ने कहा कि बालोद विधानसभा का भाग्य यह है कि संगीता सिन्हा तो विधायक हैं लेकिन उसकी विधायकी उनके पति भैया राम सिन्हा करते हैं। क्षेत्र में अवैध कारोबार का जिम्मेदार विधायक व पूर्व विधायक ही हैं। उनका पूरा संरक्षण यहां के अवैध कारोबारियों को मिला हुआ है। राकेश यादव ने कहा कि बालोद को जिला बनाने से लेकर बालोद के विकास की ओर केवल भाजपा ने ध्यान दिया। कांग्रेस केवल ढोंग रच रही है। सभा को संबोधित करते हुए सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से आने वाले पैसे का बंदर बांट कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा के लिए केंद्र से करोड़ों रुपए आते हैं लेकिन इसका सही लाभ यहां की सरकार नहीं उठा पा रही है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल स्कूल तीन साल से स्वीकृत है, लेकिन यहां के विधायकों की लड़ाई के चलते नहीं खुल पा रहा है। यहां कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने में लगी हुई है। इस बार इस सरकार को उखाड़ फेंकना है और बीजेपी की सरकार लाना है।

नामांकन रैली एवं आम सभा में सुबह से ही पहुंचे कार्यकर्ताओं के लिए रखी गई खाने की व्यवस्था अवस्था में बदल गई। आधे से ज्यादा कार्यकर्ताओं को भोजन नहीं मिला। उन्हें बिना भोजन किए ही वापस लौटना पड़ा। चर्चा में रही की एक दिन पूर्व कांग्रेस की आम सभा में खाने की व्यवस्था अच्छी थी अलग-अलग विधानसभाओं के हिसाब से व्यवस्था रखी गई थी और पूरे कार्यकर्ताओं को भोजन प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी की आयोजित रैली में संजारी बालोद, गुण्डरदेही के प्रत्याशी समय पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए थे। उन्होंने उद्बोधन भी दिया लेकिन डौण्डीलोहारा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर आमसभा की समाप्ति के 5 मिनट पूर्व तीन बजे पहुंचे। तब मुख्य अतिथि का उद्बोधन समाप्ति की ओर था। उन्हें उद्बोधन का मौका भी नहीं दिया गया जो कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा में रहा। सभा शुरू होते ही मंच पर केवल दोनों विधायक प्रत्याशियों को देखकर लोग एक दूसरे से पूछने लगे थे कि डौण्डीलोहारा प्रत्याशी कहां हैं। मंच से भी बार-बार यही कहा जा रहा कि वे आ रहे हैं लेकिन वे सभा की समाप्ति के समय पहुंचे।

वंही नाम निर्देशन जमा करने वालों में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद से शबनम रानी गौर (अखिल भारत हिन्दू महासभा), विनोद नागवंशी (हमर राज पार्टी), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही से बालमुकुन्द देवांगन (भाजपा), विरेन्द्र कुमार साहू (भाजपा), जशवंत कुमार डडसेना (आम आदमी पार्टी) शामिल रहे। साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने वालों में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद से पुनेश्वर कुमार देवांगन (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा से होरी लाल रावटे, पदुमलाल साहरे, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही से राजेन्द्र कुमार राय (छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस), हुमन साहू (इंडियन नेशनल कांग्रेस), डोमार सिंह ठाकुर (हमर राज पार्टी), अशोक आडिल (बहुजन समाज पार्टी), भगत राम सोनी (हमर राज पार्टी) शामिल रहे।

# शीतल साहू का कांग्रेस प्रवेश निजी मामला, समाज भाजपा के साथ अपने स्थान पर तटस्थ है : अशोक साहू



**कवर्धा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। साहू समाज के जिला अध्यक्ष एवं उनके तीन साथियों का कॉंग्रेस प्रवेश पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा शीतल साहू का कॉंग्रेस प्रवेश उनकी निजी महत्वाकांक्षा के अतिरिक्त कुछ नहीं है. भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा समाज का सम्मान किया और समाज ने भी पार्टी का साथ दिया है. उन्होंने कहा 1993 से लेकर 2018 तक लगातार साहू समाज के व्यक्ति को टिकट दिया है मै स्वयं समाज से हूँ भारतीय जनता पार्टी ने मुझे दो बार विधायक बनने का मौका दिया. डॉ सियाराम साहू को भाजपा ने चार बार विधायक बनने का मौका दिया. डॉ सियाराम साहू जी भाजपा सरकार में संसदीय सचिव रहे साथ ही लगातार आयोग के अध्यक्ष भी रहे. वर्तमान में मै जिला अध्यक्ष हूँ. पुरे प्रदेश में भी देखें तो हमारे प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भी साहू समाज से ही आते है सर्वाधिक टिकट भी समाज के लोगो को दिया गया. आस पास में साजा, बेमेतरा, लोरमी सीटो पर समाज के लोगो को प्रतिनिधित्व पार्टी ने दिया है. उन्होंने कहा शीतल साहू ने मुझसे बात नही कि यदि कोई नाराजगी था तो बातचीत से समाधान होता है कॉंग्रेस पार्टी ने समाज के अंदर फुट डालने की कोशिश कर ही अपनी राजनितिक जमीन साधा है. कॉंग्रेस के नेताओं को बताना चाहिए साहू समाज को कवर्धा जिले में कब प्रतिनिधित्व मिला है. अपने पार्टी के जिलाध्यक्ष जो हमारे समाज से है उनको एक व्यापारी के संतुष्टि के लिए बाहर कर देने वाली कांग्रेस और मो अकबर क्या राजनितिक सुचिता की बात करेंगे. शीतल साहू को मोहरा बनाकर राजीनति करने का प्रयाश है. शीतल साहू को भी बताना चाहिए क्या उन्होंने समाज को भरोसे में लेकर कॉंग्रेस प्रवेश किया है या फिर स्वयं के निर्णय थोपकर समाज की छबि धूमिल करने की कोशिश की है. अशोक साहू ने कहा समाज सम्पन्न और अच्छे बुरे का ज्ञान रखता है किसी एक व्यक्ति के जाने आने से समाज का मत नही बदलता. शीतल साहू एवं उनके दो अन्य सहयोगियों को केवल तीन व्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए. कॉंग्रेस पार्टी ने कभी भी समाज को जिले में प्रतिनिधित्व नही दिया. यह पूरी घटना मिडिया में बने रहने के लिए किया गया प्रप्रंच के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है।

## मतदान दिवस 7 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीडोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दिवस मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# डोंगरगांव जीतेंगे, प्रदेश में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार: मेहुल मारू

**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पीसीसी सचिव और विधानसभा प्रभारी मेहुल मारू ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के जोन और सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की बैठक मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, चुनाव कार्यालय प्रभारी मोहन अय्यर, जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, मंडी अध्यक्ष गणेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



■ जोन और सेक्टर की समीक्षा बैठक संपन्न

मेहुल मारू ने कहा सभी जोन और सेक्टर प्रभारी से कहा वो अपने-अपने बूथों में अनुभागवार बूथ कमेटी का गठन तत्काल करे और प्रत्येक अनुभाग से एक सियान एक जवान एवं एक महिला कार्यकर्ता की नियुक्ति करें।

मतदाता सूची में जुड़े नये मतदाताओं से संपर्क करने का कार्य करें। चौक-चौराहों, गलियों में वॉल राइटिंग का कार्य करें। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग से संबंधित आरक्षण बिल को केंद्र की भाजपा सरकार के दबाव में राज्यपाल द्वारा रोका गया है। इन बातों को पार्टी कार्यकर्ता प्रचारित करें और कांग्रेस वक्ताओं कि टिम बनाकर गांव के हाट बाजारों में जाकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं का प्रचार करें। अपने-अपने बूथ में पदयात्रा कर डोर-टू-डोर जनसंपर्क करें और पार्टी की योजनाओं का भूपेश सरकार की योजनाओं का प्रचार करें और कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू को विजयी बनाने का कार्य करें। गांव की चौपाल में भूपेश सरकार की योजना जैसे किसानों का कर्ज माफ करने और सरकार बनने पर बचा हुआ बोनस देने जैसी महत्वपूर्ण बातें को चौपाल चर्चा में लाने का कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में सेक्टर और जोन प्रभारी वारेंद साहू, कमल नारायण वैष्णव, योगेंद्र साहू, मुस्ताक खान, नीलम गोस्वामी, रवि शुक्ला, ऐश्वर्य जांघेल, भूवाल साहू, किशोर बनाफर, देवेंद्र साहू, लोकेश सिन्हा, रोशन साहू, मुरली निषाद, जितेंद्र चुनाकर, रेवाराम साहू, संतोष ठाकुर, विशंभर साहू, भरोसा साहू, रोशन यदु, प्रमोद साहू, टेकचंद कुमार और निखिल सागर उपस्थित रहे।

## डॉ. रमन सिंह कल मोहड़ से रोड शो कर जनसंवाद करेंगे

**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह का चुनाव प्रचार अभियान गति पकड़ चुका है, पार्टी के सारे कार्यकर्ता चुनावी मैदान में उतरकर अपने प्रत्याशी के भारी जीत के लिये निरंतर सक्रिय हो गये है। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, उत्तर मंडल, दक्षिण मंडल व ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा अन्य मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में सघन रूप से जनसंपर्क अभियान में जुट गये है, कार्यकर्ता घर-घर में झण्डे लगा रहे है, पाम्पलेट बांटना, मतदाता पर्ची का वितरण तथा पार्टी के कार्यों की जानकारी देकर लोगों से मेल-मुलाकात कर रहे है। इसी क्रम में प्रचार अभियान को दुरुतगति प्रदान करने के लिये कल 27 अक्टूबर शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह आमलोगों से जनसंवाद करने मोहड़ वार्ड से अपना रोड शो प्रारंभ करेंगे।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. सिंह का रोड शो व जनसंवाद शाम 05 बजे मोहड़ वार्ड से प्रारंभ होगा, वे सिंगदई, नंदई चौक, गंज चौक होते हुये लखोली नाका होते हुये दुर्गा चौक लखोली पहुचेंगे, जहाँ एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम निर्धारित है। पार्टी की विज्ञप्ति में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा संबंधित वार्ड के कार्यकर्ता इस दौरान सक्रिय रहेंगे।

# पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी

**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना राजनांदगांव द्वारा जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी (सलाह) जारी किया गया है। जांच के दौरान स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 एवं छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जारी एडवाइजरी (सलाह) में कहा गया है कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बास, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने नहीं बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैम्प, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वत- बन्द हो जाए।

जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन नहीं गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 केजी क्षमता का डीपीएस अग्नि शामक यन्त्र होना चाहिए। (इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है।) दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक व कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाना चाहिए। अग्निशमन वाहन को उपलब्धता के अनुसार शाम 7 बजे से 10 बजे (रस ऑवर) के समय स्टैंड बाई ड्यूटी हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

# सिटी कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की सयुक्त कार्यवाही

- आदतन आरोपी से एक नग देशी पिस्टल एवं 02 नग जिंदा कारतूस किया गया जप्त
- दोनों आदतन आरोपियों को 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत किया गया गिरफ्तार
- दोनो आदतन आरोपी पूर्व में भी हत्या व हत्या के प्रयास के मामलें में जेल में जा चुके है
- आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया जेल





**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने थाना क्षेत्र में असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.10.2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि-

एक व्यक्ति संगम चौक तुलसीपुर में पिस्टल लेकर घुम रहा है, आसपास के लोग दहशत में है, कि सूचना पर तत्काल पुलिस बल भेजकर घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता किशन साहू उर्फ झिल्ली पिता किशोर साहू उम्र 18 वर्ष 04 माह साकिन संगम चौक शेरे पंजाब गली तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया। जिसके कब्जे से एक नग देशी पिस्टल एवं 02 नग 7.65 एम0एम0 का जिंदा कारतूस मिला जिसे मौके पर जप्त किया गया।

आरोपी आदतन आरोपी है, पूर्व में अपराध कमांक 198/22 धारा 324, 34 भादवि0, 895/22 धारा 302, 34 भादवि0 के मामलें में जेल जा चुका है, अभी कुछ ही दिन पूर्व जेल से छुटा है।

एक व्यक्ति नया बस स्टैण्ड दशमेश ढाबा के सामने राजनांदगांव के पास चाकू लेकर घुम रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल थाने से स्टॉफ भेजकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता .धन्नू उर्फ धनराज साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 22 वर्ष साकिन ब्लॉक नं. 09 अटल आवास पेन्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छ0ग0) तलाशी लेने पर एक नग धारदार चाकू मिला, जिसे मौके पर कब्जे से जप्त किया गया।

आरोपी आदतन आरोपी है, पूर्व में अपराध क्रमांक 462 धारा 25 आर्म्स एक्ट के मामलें में जेल जा चुका है, तथा धारा 151/107,116 (3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जा चुका है।

उपरोक्त दोनों आदतन आरोपियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मकसद से अवैध रूप से पिस्टल एवं चाकू रखना पाये जाने से मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

आरोपियो का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत सबूत पाये जाने से आरोपीगणों के विरूद्व थाना कोतवाली राजनांदगांव में पृथक-पृथक अपराध क्रमांक 823/23 एवं 824/23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षकएमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि0 संतोष सिंह, प्र0आर0 जी0 सिरिल, संदीप चैहान, आर0 प्रख्यात जैन, अविनाश झा, रंजीत चैरसिया, रामखिलावन सिन्हा, मनोज खुंटे एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# दलेश्वर साहू तीसरी बार जीते तो मंत्री बनना तय

**राजनंदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू का पलड़ा इस चुनाव में भी भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। पहले चुनाव में उन्होंने भाजपा के कद्दावर नेता दिनेश गांधी को हराया दूसरे में फिर कगद्दार नेता पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को पटकनी दी और तीसरे में दफा पूर्व जिला पंचायत सदस्य भरत वर्मा को धूल चटाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं।



■ भरत वर्मा के लिए लोहे के चने साबित हो रहे हैं सिटिंग एमएलए

दलेश्वर साहू के बारे में आम चर्चा यह होती है कि वह अपने क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों को बाय फेस और बाय नाम जानते हैं। उन्होंने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में सभी समाज के विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्हें कुछ न कुछ सहयोग किया है। उनकी वरिष्ठता के हिसाब से भाजपा प्रत्याशी भरत वर्मा नए मालूम पड़ते हैं। यह भी जन चर्चा है कि दलेश्वर साहू भले प्रचार प्रसार में भारत वर्मा से पीछे हो लेकिन अपने क्षेत्र वासियों से परिचय में बहुत आगे हैं। उनके पास विकास योजनाओं की खाखा पहले से तैयार हैं। जिसमें से वह कई को अंजाम तक पहुंच चुके हैं। शेष योजनाओं या शेष विकास कार्यों को वह फिर से विधायक बनने के बाद पूरा करने के लिए उद्यत है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा अर्जुनी में कॉलेज खोलने की घोषणा करवाई और उसे समय रहते हैं पूरा भी करवाया। क्योंकि एक साथ और भी क्षेत्र से मांग किये जाने के बाद दिक्कत पूर्ण था। उसे समय आने पर पूरा किया जाएगा। जैसे कि तुमड़ीबोर्ड में कॉलेज की मांग अधूरी रह गई है। उसे भी पूरा करने के लिए उनके मन में कसक है। लेकिन दोबारा मौका मिले तो उसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण करेंगे। इसी प्रकार रेवाडीह से जंगलपुर डब्ल्यूएम रोड डामरीकरण और बीच में रपट पुल निर्माण के साथ करने की भी योजना है। जिसे डॉक्टर रमन सिंह डोंगरगांव विधायक रहे थे और राजनांदगांव विधायक रहे थे मुख्यमंत्री होकर भी नहीं कर पाए उसे पूर्ण करने के लिए श्री साहू के मन में योजना है। तीसरी बार मौका मिले तो उसे अवश्य पूरा करेंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वह हमेशा आगे रहते हैं। 24 घंटे में किसी भी समय किसी प्रकार की समस्या आ जाने पर फोन रिसीव जरूर करते हैं नहीं तो बाद में कॉल बैक करके समस्या के बारे में पूछते और हल करते हैं यह उनकी खासियत है दूसरा यह की भारत वर्मा को जातीय समीकरण के चलते भी चुनाव जीतने में मुश्किलें जा रही है। उनकी जगह है भाजपा यदि किसी साहू प्रत्याशी को उतरे होते तो जाति समीकरण का लाभ उन्हें जरूर मिलता लेकिन भरत वर्मा के लिए यह माइनस पॉइंट है। बड़ी बात यह भी है कि किसान भूपेश सरकार से खुश हैं इसलिए भी दलेश्वर साहू को उनकी योजनाओं से लाभ मिलने की संभावना बढ़ गई है।

# मतदाता जागरूकता लिखा संदेश एयर बैलून हवा में छोड़कर अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों ने ली शपथ



**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीडोमन सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता संदेश 7 नवम्बर 2023 शत प्रतिशत मतदान राजनांदगांव की पहचान लिखा बड़ा एयर बैलून उड़ाया। इसके अलावा कई छोटे-छोटे गुब्बारे भी छोड़े गए। जिला निर्वाचन अधिकारीसिंह ने जब एयर बैलून को हवा में छोड़ा, तब नगर पालिक निगम राजनांदगांव की स्वच्छता दीदियां उपस्थित थी। स्वच्छता दीदियों ने भी हवा में गुब्बारों को उड़ाकर जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी स्वच्छता दीदियों ने मतदाता जागरूकता संदेश लिखा एयर बैलून हवा में छोड़कर शपथ ली और 7 नवम्बर को अवश्य मतदान करेंगे और लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाएंगे जैसे नारे भी लगाएं। कलेक्टरसिंह ने कहा कि आसमान में उड़े ये गुब्बारे न केवल कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे हैं, बल्कि जनसामान्य में लोकतंत्र के पर्व को मजबूत करने का संदेश दे रहे है। उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि 7 नवम्बर को जिले में होने वाले विधानसभा निर्वाचन में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी गई हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारीअमित कुमार, सहायक नोडल स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह, ई-जिला प्रबंधकसौरभ मिश्रा,फैज मेनन उपस्थित थे।

# सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक की उपस्थिति में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से द्वितीय रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षकएम मल्लिकार्जुन नायक, डोंगरगांव विधानसभा एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षकमुकेश कुमार, पुलिस प्रेक्षकनीलाभ किशोर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीडोमन सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से ईव्हीएम एवं वीवीपेट के द्वितीय रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओअमित कुमार, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांवअरूण वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारीखेमलाल वर्मा, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़गिरिश रामटेके, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगांवअश्वन पुसाम, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सामान्य प्रेक्षकमुकेश कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया अंतर्गत साफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटर में रेंडमाइजेशन किया जाता है। रेंडमाइज करने पर मतदान केन्द्रों हेतु विधानसभा को आबंटित मशीनों में से ही ईव्हीएम की क्रमसंख्या हर बार परिवर्तित होते जाएगी। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे से ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग की जाएगी। ईव्हीएम मशीन को मतदान के लिए तैयार कर परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी मौजूद रहेंगे। इस दौरान किसी भी तरह की आशंका होने पर इनका निराकरण किया जाएगा। ईव्हीएम मशीनों में से 5 प्रतिशत मशीनों में 1-1 हजार वोट डालकर प्रतीकात्मक तौर पर परीक्षण किया जाएगा एवं वीवीपेट की पर्चियों की गणना से मिलान किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने के लिए कहा।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 2479 बीयू यूनिट, 1497 सीयू यूनिट, 2079 वीवीपेट यूनिट है। जिसमें से 1473 बीयू यूनिट, 1206 सीयू यूनिट, 1306 वीवीपेट यूनिट चारों विधानसभाओं के लिए आबंटित किया गया। जनसामान्य को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए 80 बीयू यूनिट, 80 सीयू यूनिट, 80 वीवीपेट यूनिट का उपयोग किया गया था, जो पृथक स्ट्रांग रूम में रखा गया है। एफएलसी ओके अंतर्गत शेष 926 बीयू यूनिट, 211 सीयू यूनिट, 693 वीवीपेट शेष है। विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत 270 मतदान केन्द्र है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 324 एवं वीवीपेट यूनिट 351 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है, जिनमें बीयू यूनिट 534, सीयू यूनिट 267 एवं वीवीपेट यूनिट 289 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 252 है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 302 एवं वीवीपेट यूनिट 327 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 261 है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 313 एवं वीवीपेट यूनिट 339 है।

# नांदगांव विधानसभा से डॉ. रमन सिंह की बिदाई होने वाली है: राधिका खेड़ा

- सिंह पर दर्जनों भ्रष्टाचार के आरोप होने पर भी इडी नहीं करती कार्रवाई
- पनामा पेपर लीक मामले का फिर से निकला जिन्न, रमन सिंह को घेरने की हुई कोशिश



**राजनांदगांव,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की को- आर्डिनेटर व छत्तीसगढ़ प्रभारी राधिका खेड़ा ने गुरूवार को एक प्रेसवार्ता लेते हुए नांदगांव विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को पूर्व के विभिन्न मामले उठाकर घेरने की कोशिश की किन्तु पत्रकारों के सवाल पर वे कई बार खुद घिरती नजर आई। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी राधिका खेड़ा ने प्रेसवार्ता में कहा कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह की राजनांदगांव विधानसभा से विदाई होने वाली है। अब वे सिर्फ एक विधायक ही होकर रह गए है। वे वीवीआईपी है जो सदा जेड प्लस सिक्योरिटी से घिरे रहते है। इससे वे जनता से मिल नहीं पाते इसलिए उनकी संस्कारधानी नगरी से विदाई हो रही है। अब नांदगांव का भांजा गिरीश देवांगन यहां से जीत कर कांग्रेस का परचम लहरायेगा । कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राधिका खेड़ा ने डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामले को एक-एक कर गिनाया व पीडीएस घोटाले, पानामा पेपर, मामला नान घोटाला, प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला, चिटफंड घोटाला आदि को सामने रखकर कहा कि भाजपा के 15 वर्षों के शासन काल में डॉ. रमन सिंह की एक ही पालिसी रही कि छत्तीसगढ़ को लूटो व पनामा पेपर में भरो (यहां एक प्रकार से भाजपा का छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बनाने का जवाब था) छ.ग. कांग्रेस प्रभारी ने पनामा पेपर मामले में डॉ. सिंह के पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के संलग्न होने की बात भी अभिषाक सिंह कह-कह कर बार-बार बात उठाई लेकिन जब इस मामले में वर्तमान उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव का हवाला दिए जाने परांत श्रीमती खेड़ा, श्री सिंह देव की बात को नहीं जानती कहा। इसी तरह केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में भेदभाव की बात को श्री सिंह देव द्वारा गलत कहे जाने पर भी वह इससे अनभिज्ञता जताई।

पत्रकारों के द्वारा कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के बीएनसी मिल चालू करने सम्बंधी दिए गए बयान जो झूठा साबित हुआ के प्रश्न पर उन्होंने चुप्पी साध ली और जवाब देने प्रेसवार्ता में मौजुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र शर्मा को माईक थमा दी। श्री शर्मा बीएनसी मिल नहीं चालू होने के लिए इसकी कम्पनी एनटीपीसी को जिम्मेदार ठहरा दिया कि उसने परमीशन नहीं दी। इस पर भी श्री शर्मा घिरते नजर आए क्योंकि बीएनसी मिल से सम्बंधित कंपनी का पूरा नाम न बता कर नेशनल थर्मल पावर कोरबा के नाम को सामने कर दिया। इस तरह बीएनसी मिल मामले में इन लोगों ने राहुल गांधी को बचाने की पूरी कोशिश की।

इस सब के बावजूद छ.ग. प्रभारी खेड़ा ने आगस्ता वेस्ट लेन्ड में हेलीकाफ्टर खरीदी के घोटाले का पैसा पानामा पेपर लिंक में डॉ. सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह के बैंक खाते में जमा होने की बात दुहराती रही। उन्होंने डॉ. रमन सिंह का नान घोटाला 36 हजार करोड़ का बताया। प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले में मुख्य आरोपी द्वारा नार्को टेस्ट में डॉ. रमन सिंह को एक करोड़ रूपए देने की बात को उठाई। चिटफंड घोटाले में इसके जगह-जगह कार्यालय खुलने पर डॉ. सिंह द्वारा फीता काटने की बात कह डॉ. सिंह पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए किन्तु जब पत्रकारों द्वारा छत्तीसगढ़ में लगभग पांच साल तक कांग्रेस की सरकार रहने के बावजूद कथित भ्रष्टाचार पूर्व सीएम पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई कहे जाने पर कहा गया कि भाजपा वाले इसमें कोर्ट की स्टे ले आते है। साथ ही उन्होंने कहा कि इडी वाले मोदी जी से डरते है। मोदी विदेशों में जमा कालाधन ले आउंगा कहा आज तक नहीं ले आये। इडी वाले इसे पूछते तक नहीं है। खेड़ा ने पनामा का सारा पैसा यूपी के लखनऊ व नागपुर के आरएसएस में पहुंचा कहकर उन्होंने डॉ. सिंह पर अंटागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी को 7 करोड़ रूपए में खरीदने की बात कही। पत्रकारों द्वारा यह सवाल पूछे जाने पर कि भूपेश बघेल सरकार अपने विज्ञापनों में छत्तीसगढ़ के समृद्ध किसान का उल्लेख करती है। जबकि यहां के किसानों का पिछले विस चुनाव में कर्जा माफ किया गया था। तब कैसे छत्तीसगढ़ के किसानों पर 6 हजार 7 सौ करोड़ रूपए का कर्ज चढ़ा हुआ है ? इस पर खेड़ा ने कहा कि प्रदेश में किसानों की संख्या बढ़ गई है व इसकी एक वजह कोरोना महामारी को भी उसने बताया तथा कहा कि हमारी सरकार आने पर यह कर्जा भी धीरे धीरे खत्म हो जाएगा। अंत में छ.ग. प्रभारी खेड़ा ने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने तय कर लिया है कि छ.ग. के पूर्व सीएम को इस बार बिदाई देंगे। क्योंकि डाक्टर रमन सिंह के राज में संस्कारधानी बीमार हो गई है। पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा व महामंत्री हनी ग्रेवाल संहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

देशबन्धु | रायपुर, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 3

# प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

## उल्टा पुल्टा

दादी और पोता आपस में बात करते हुए...
**दादी**- लगता है उस लड़की को लकवा हो गया है। देख कैसे उसका एक हाथ ऊपर हो रहा है और मुंह पिचका सा हो गया है।
**पोता**- दादी लकवा नहीं मारा वो तो सेल्फी ले रही है!!!

## संपादकीय

### किसानों को कर्ज माफी होगी फिर कारगर?

छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के लिये अगले महीने होने जा रहे चुनावों में दोनों प्रमुख राजनैतिक दल- कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों की घोषणा हो जाने से अब साफ हो गया है कि कौन किससे लड़ेगा। कुछ अन्य दलों एवं निर्दलीयों के मैदान में होने के बावजूद यह साफ है कि मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा के बीच है। एक के खिलाफ एक का संघर्ष होने से यह तो तय है कि सभी स्थानों पर कांटे की टक्कर होगी। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि कौन सा दल मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिये पर्याप्त प्रभावित कर सकता है। 15 वर्षों तक राज चलाने वाली भाजपा पिछले 5 वर्षों से विपक्ष में है और उसकी संख्या कांग्रेस के सामने बेहद कम है- भारी-भरकम 71 के मुकाबले केवल 13।

ऐसे में भाजपा जहां कांग्रेस को शराब, कथित भ्रष्टाचार आदि के मामलों पर घेरने की कोशिश कर रही है वहीं कांग्रेस ने फिर से किसानों को कर्ज माफ करने का संकेत दिया है। शीघ्र ही जारी होने वाले घोषणापत्र में इसका वादा होने के अनुमान हैं। देखना यह है कि क्या कांग्रेस इसके बल पर वापस सरकार बना लेगी क्योंकि पिछले यानी 2018 के चुनाव में इस घोषणा ने बाजी पलटकर रख दी थी। पहले जहां भाजपा काफी मजबूत लग रही थी और 15 वर्षों तक विपक्ष में बैठने से कांग्रेस कमजोर दिखती थी, जिसका मनोबल भी बहुत ऊंचा नहीं लगता था। ऐसे में कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान भाजपा को ले डूबा था। उस समय प्रदेश में किसानों की संख्या करीब 20 लाख थी जो अब बढ़कर 23 लाख के आसपास हो चुकी है।

पिछले चुनाव में कांग्रेस बतौर विपक्षी दल के रूप में गई थी जबकि अब वह सत्तारुढ़ पार्टी के रूप में जनता के सामने जा रही है। विपक्ष में रहते अगर उसकी कर्ज माफी की घोषणा का असर इतना हुआ है तो सम्भव है कि इस बार भी उसका यह ऐलान कारगर सिद्ध हो जाये। पिछले पांच साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों का विश्वास इस लिहाज से हासिल किया है कि उसने न सिर्फ किसानों के कर्ज माफ किये बल्कि यहां की मुख्य फसल धान की खरीदी का वह अच्छा न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) मूल्य भी दे रही है। कई फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। कृषि उत्पादों की तर्ज़ पर करीब 56 तरह के वनोपजों के लिये भी आदिवासियों को अच्छा एमएसपी मिल रहा है। इसके अलावा किसान न्याय योजनाओं से किसानों तथा खेतिहर मजदूरों को नगद राशि मिल रही है। इससे उन्हें खेती-किसानी करने में आसानी हुई तथा उनका सशक्तिकरण भी हुआ है। देखना होगा कि भाजपा इसकी क्या काट निकालती है।

## मुरूम माफिया व खनिज विभाग की मिलीभगत से शासन को लग रहा लाखों का चूना





**नवापारा-राजिम,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस समय मुरम माफ़ियाओ का गढ़ अभनपुर विधान सभा क्षेत्र बना हुआ है। वही जिले मे पदस्थ खनिज विभाग के अधिकारियो को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही करना मिलीभगत की ओर इशारा करता है। जिससे क्षेत्र मे बेखौफ़ मुरम माफ़िया लम्बे समय से पदस्थ अधिकारीयो की मिलीभगत पर सक्रिय है। यह भी जानकारी मिली हे कि मुरम माफ़ियों के साथ मिलकर अधिकारी सरकार को मिलने वाली रायल्टी बतौर राशि को हड़पने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर समीप खोला गाँव मे सरकारी चारगाह की जमीन, जल संसाधन की जमीन को तालाब सौदर्यीकरण के नाम पर दिये जो मुरम माफ़ियों द्वारा आपसी मिलीभगत कर करोड़ो रूपये की मुरम निकाल कर सरकारी राजकीय कोष को मिलने वाली रायल्टी का चूना लगाया गया। जिसकी शिकायत संचालक भौमिकी इंद्रावती भवन, रायपुर कलेक्टर व उच्च अधिकारीयों को जागरूक लोगो द्वारा दिये गए, साथ ही विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे क्षेत्र में लगातार लापरवाही पर हाई कोर्ट बिलासपुर में शिकायत करने पर मन बना रहे हैं

वही मुरम माफ़िया इस कदर बेखौफ़ हो गयें हैं जो कलेक्टर रायपुर द्वारा आचार सहिंता पर अवैध खनन पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही हैं पर जिले मे पदस्थ खनिज विभाग के ही अधिकारी, कलेक्टर द्वारा कही जाने वाली बातो को झुठलाने मे लगे हुए हैं।

मिली जानकारी अनुसार अभनपुर समीप ग्राम सकरी मे मुरम माफ़ियों द्वारा पंचायत प्रतिनिधि से आपसी साँथ गांठ कर लाखो रुपए का मुरम की राशि हडपने मे लगे थे जो ग्रामवासियों द्वारा एक जुट होकर अभनपुर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी जगन्नाथ वर्मा, तहसीलदार व खनिज विभाग के अधिकारी को सुचना दिये पर कार्यवाही मे लेट लतीफी हुई जिससे ग्रामीण कमीशनर के साथ साथ मंत्रालय में देने की बात कही, साथ ही अधिकारीयों की उदासीनता पर व निष्क्रियता पर सवाल उठाया।

## जिले के तीनों विधानसभा हेतु चौथे दिन 20 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए

- **अब तक कुल 59 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए**
- **बलौदाबाजार एवं कसडोल से 3-3 और भाटापारा से आज 1 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किए जमा**

**बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही जारी हैं। नाम निर्देशन पत्र के चौथे दिन आज संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल हेतु आज 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम लवन से डेरहाराम, ग्राम अर्जुनी से छबीराम पैकरा, पलारी से कृष्ण कुमार, ग्राम दतरेंगी से लीलाधर निषाद, ग्राम परसाडीह से संजय, पलारी से देवदत्त एवं नेकदत्त, ग्राम खैरा क से गोरेलाल साहू, ग्राम बैजनाथ से संदीप साहू, मड़कड़ा से धनीराम केंवट एवं ग्राम छरछेद से भरतदास मानिकपुरी का नाम शामिल है। इस तरह कसडोल के लिए अभी तक कुल 24 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसके साथ कसडोल विधानसभा में नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है जिसमें लेखराम साहू एवं संदीप साहू ने दो सेट जमा किए है।

इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदाबाजार हेतु आज 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम फुलवारी से इंद्रजीत साहू, कसडोल नगर से दशरथ लाल जायसवाल एवं ग्राम लवन से दुर्गेश्वरी धृतलहरे ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए है। इस तरह बलौदाबाजार के लिए अभी तक कुल 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसके साथ ही आज 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए है। जिसमें शैलेष नितिन त्रिवेदी, गंगाराम शेर एवं गौकरण निषाद का नाम शामिल है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा हेतु कुल 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए 40 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किए नाम निर्देशन पत्र



- **अभ्यर्थियों ने आज दाखिल किये 8 नाम निर्देशन पत्र**
- **तीनों विधानसभाओं के लिए अभ्यर्थियों ने प्राप्त किये 6 नाम निर्देशन पत्र**

**धमतरी,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत आज जिले की तीनों विधानसभा धमतरी, कुरुद और सिहावा के लिये कुल 6 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया। आज विधानसभा क्षेत्र 56-सिहावा में 1, विधानसभा क्षेत्र 57-कुरूद में 3 और विधानसभा क्षेत्र 58-धमतरी में 2 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया। इसी तरह जिले की तीनों विधानसभाओं में अभ्यर्थियों ने कुल 8 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। इनमें विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा से 2, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद से 3 और विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी से 3 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये। इस तरह जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए 40 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा लिये जा चुके हैं, जिसमें सिहावा विधानसभा से 9, कुरूद विधानसभा से 16, धमतरी विधानसभा से 15 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये गये हैं। इसी तरह जिले की तीनों विधानसभाओं में 10 व्यक्तियों द्वारा 14 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये हैं, जिसमें सिहावा विधानसभा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र, कुरूद विधानसभा में 6 अभ्यर्थियों द्वारा 8 नाम निर्देशन पत्र और धमतरी विधानसभा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये हैं।

ज्ञात हो कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आगामी 17 नवम्बर को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## भाजपा की नामांकन रैली में दिखा कार्यकर्ताओं का उत्साह





**महासमुंद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों ने आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल के मैदान से रैली निकालकर कलेक्टोरे पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। महासमुंद विधानसभा के लिए योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधानसभा के लिए अलका चंद्राकर, बसना विधानसभा के लिए संपत अग्रवाल और सरायपाली विधानसभा के लिए सरला कोसरिया को भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। नामांकन रैली के पूर्व स्कूल मैदान में आमसभा हुई जहां भाजपा के दिग्गज पहुंचे थे। सभा उपरांत जिले के 1 हजार 75 मतदान केंद्रों से पहुंचे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ रैली में सिरकत की और नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरे पहुंचे जहां सभी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। सभी प्रत्याशी रथनुमा वाहन पर सवार थे। टिकट के दौड़ में महासमुंद विधानसभा से डा. विमल चोपड़ा के निर्दलीय चुनाव लड़ने की संभावना समाप्त हो गई है। उन्होंने आमसभा में संबोधन उपरांत प्रत्याशी के पक्ष में प्रस्तावक समर्थक भी बने है। ज्ञात हो कि टिकट नही मिलने से उनके समर्थकों में नाराजगी थी और उन पर चुनाव लड़ने दबाव बनाया जा रहा था और महासमुंद झलप में बैठके हुई थी।

## सफाई को लेकर अधिकारी उतरे मैदान पर

- **उपायुक्त पीसी सार्वा ने सफाई कार्यो का किया औचक निरीक्षण**
- **सफाई कर्मचारियों के उपस्थिति की जांच की**



**धमतरी,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर प्रॉपर मॉनिटरिंग किया जा रहा है नतीजा शहर में सफाई व्यवस्था पहले से बेहतर दिख रही है। गुरुवार सुबह 6 बजे उपायुक्त पीसी सार्वा ने नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने शहर का दर्पण कहे जाने वाले बस स्टैण्ड इलाके में जगह-जगह पसरी गंदगी को देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई कराने के सख्त निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों को डस्टबिन रखने की समझाईश दी तथा कचरा सड़क पर नहीं फेंकने की हिदायत दी। साथ ही बस स्टैंड के सामने से जाने वाली नेशनल हाईवे रोड में जमी धूल की परत को तत्काल सफाई करने का निर्देश दिया। निर्देश प्राप्त होते ही नेशनल हाईवे से धूल को हटाने का काम प्रारंभ कर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि साफ-सफाई नियमित रूप से हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में सफाई की मॉनिटरिंग की जा रही है।

**गंदगी पसारने वालों पर जुर्माना लगाने के दिए निर्देश, डोर टू डोर कचरा संग्रहण का लिया जायजा, स्वयं खड़े होकर कराई नालियों की सफाई:** उपायुक्त पीसी सार्वा ने सुबह निरीक्षण के दौरान वार्ड में कार्य कर रहे स्वच्छता दीदियो से चर्चा कर घर-घर कचरा संग्रहण पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी लिया तथा संबंधित अधिकारी को सूखे और गीले कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण कराने और उसे एसएलआरएम सेंटर भेजवाने का निर्देश दिया। उन्होंने शहर के विभिन्न मुख्य मार्ग, मुख्य बाजार सहित अन्य इलाकों का पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का मुआयना किया। उन्होंने जालमपुर वार्ड में खड़े होकर नालियों की सफाई कराई। इस दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मोहम्मद शेर खान, राजस्व विभाग से दीपक पांडे, सुनील सोलंकी, गोविंद पात्रे, सफाई सुपरवाइजर धनेश सिन्हा सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## 310 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब व 5100 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त



**महासमुंद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में मंगलवार को कच्ची शराब के अवैध बिक्री की शिकायतों के मद्देनजर आबकारी स्टाफ सरायपाली मण्डल और एसडीओपी सरायपाली स्टाफ द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। आबकारी वृत्त.सरायपाली अंतर्गत ग्राम.नूनपानी, थाना.सरायपाली निवासी दाऊ लाल सिदार 40 वर्ष के कब्जे से 75 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 1000 किलोग्राम महुआ, कमला साहू .35 वर्ष के कब्जे से 105 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 2150 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम लिमाऊगूड़ा, थाना. सरायपाली में 46 वर्षीय भोला चौहान से 90 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 1550 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 48 वर्षीय रतन चौहान से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और 400 किलो ग्राम लाहन जप्त किया गया। आरोपियों से कुल 310 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ मदिरा और 5100 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त कर उक्त चारों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आजमानती होने पर न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरायपाली उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक विकास बढेंद्र, आबकारी उपनिरीक्षक अनिल झरिया और आबकारी उपनिरीक्षक नितेश कुमार बैस सहित अधीनस्थ आबकारी स्टाफ और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरायपाली के स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मेरी सरकार बनी तो राजिम जिला बनेगा : अमित जोगी



**प्रदेश की दारू दुकाने बंद होगी उसकी जगह दुध की दुकानें खुलेगी**

**नवापारा राजिम,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरूवार की शाम राजिम के मेला मैदान में एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए ऐलान कर दिया कि यदि मेरी सरकार बनती हैं तो राजिम जिला बन जाएगा। कहा कि प्रदेश में जितनी भी शराब दुकाने चल रही हैं वे सब बंद कर दिए जाएंगे और शराब की जगह वहां दुध की दुकाने खुलेगी। मालूम हो कि यह प्रदेश का पहला नेता हैं जो राजिम की नब्ज को पकड़ लिया और जिला बनाए जाने का ऐलान कर दिया। इससे समूचे राजिम शहर में लोगो ने प्रसन्नता जाहिर किया हैं। श्री जोगी शाम 5 बजे राजिम पहुंचे यहां पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में गाजे-बाजे के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालो में पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर निषाद, किरण उबेलाल टंडन, जेठुराम कोसरे, विशाल चंद्राकर, संतोष मारकंडे, हरीश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। श्री जोगी पहली बार धोती वाले वेशभूषा में नजर आए। वे भीड़ देखकर प्रसन्न हो गए। कहा कि जो लोग ये बोलते हैं कि अजीत जोगी नहीं रहे, ऐसे लोग यहां आकर देख लें एक जोगी मरेगा तो एक लाख जोगी पैदा होंगे। उन्होने छत्तीसगढ़ी में बहुत ही मार्मिक अंदाज में अपने पापा अजीत जोगी के हुबहु स्टाइल में बात करते हुए कहा कि मेरे पास न तो सत्ता हैं और न ही पैसा हैं। मेरी यदि ताकत हैं तो आपका दिया हुआ संबल हैं। आपके प्रेम और दया ही मेरी ताकत हैं। उन्होने सीएम भूपेश बघेल और पूर्व सीएम रमन सिंह का नाम लेते हुए कहा कि ये दोनो घोषणा तो करते हैं और उसके बाद भुल जाते हैं। आपने 15 साल का भाजपा सरकार देखा और 5 साल का भूपेश सरकार। 2018 के चुनाव में इन्होने गंगाजल की कसम खाया था पर उसपे अमल नही किया। कोरोना काल में कका के राज में दारू दुकान को छोड़कर बाकी सब दुकान कल कारखाने सब बंद रहे। उन्होने यह भी कहा कि मुझे दिल्ली में न तो मोदी से इजाजत लेना पड़ेगा और न ही राहुल गांधी से छत्तीसगढ़ में फैसला हम किसी से नही बल्कि आम जनता से पुछकर ही करेंगे। मेरी लड़ाई न कांग्रेस से हैं और न ही भाजपा से, मेरी लड़ाई सिर्फ गरीबी से हैं। सरकार हमारी बनती हैं तो गरीबी सबकी दूर हो जाएगी। हमने हाइकोर्ट में 100 रूपए के स्टाम्प पेपर में एफीडेविट कराकर दे दिया हैं यदि हम झूठ बोलेंगे और अपने किए घोषणा को पूरा नही करेंगे तो दो साल का सजा हमें भुगतना पड़ेगा। कोई भी व्यक्ति हमारे खिलाफ क्लेम कर सकता हैं। उन्होने गैस सिलेण्डर 300 रूपए में और किसानो का धान 4000 रूपए में खरीदने की बात कही साथ ही बिजली मुफ्त में और तीन माह के भीतर जो जहां पर हैं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कांग्रेस नेता गोरेलाल ने दाखिल किया निर्दलीय नामांकन



**कांग्रेस ने स्थानीय लोगों की उपेक्षा की : गोरेलाल**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्र.18 के कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य एवं बलौदाबाजार भाटापारा जिला पंचायत सभापति गोरेलाल साहू ने पत्रकार सदन कसडोल में पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थानीय व्यक्ति को टिकट नही देने का आरोप लगाते हुए पैरासूट प्रत्याशी देने की बात कही है। उन्होने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी से कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लिए टिकट की मांग की थी, लोगों का भी समर्थन मिला था। किन्तु पार्टी ने किसी भी स्थानीय व्यक्ति पर भरोसा न कर बाहरी व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी का टिकट दिया है, इसी से व्यथित होकर मजबूरी में निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ रहा है इसकी जानकारी पार्टी को दे दी गई है।

गोरेलाल साहू ने आगे कहा कि उनके परिवार ने आज तक किसी भी चुनाव नहीं हारी है। सन 1997में पहले बार चुनाव लड़ा और ग्राम पंचायत खैरा का सरपंच बना, तब से लगातार उनके परिवार ने 5 बार सरपंच चुनाव जीता है। उनकी माता जी सरपंच रह चुकी है, वे स्वयं तीन बार सरपंच रहे, वर्तमान में उनकी पत्नी श्रीमती उषाबाई साहू सरपंच >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन करने एडवायजरी जारी

**धमतरी,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी दीपावली पर्व को सुरक्षित एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी श्रीमती शोभा ठाकुर ने निर्मित स्थायी/अस्थायी संरचना एवं पंडालों में संचालित पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन कर अग्निशमन यंत्र रखते हुए सावधानियां बरतने के संबंध में एडवायजरी जारी की है। जारी एडवायजरी में उन्होंने कहा है कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। उक्त दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर एवं एक-दूसरे के सामने न बनाई जाए।

एडवायजरी में यह भी बताया गया कि पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग और किसी भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अब तुलसी की पत्तियों से कीटनाशक

## सब्जी व फल उत्पादक किसानों को राहत



**भाटापारा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। सब्जी और फल की खेती करने वाले किसानों के लिए राहत की खबर। अब तुलसी और नीम की पत्तियों से प्राकृतिक कीटनाशक तैयार किये जा सकेंगे। बेहद आसान विधि से बनाए गए इन दोनों कीटनाशकों में बड़ा गुण यह है कि यह, पौधे और वृक्ष की समग्र सेहत भी सुधारते हैं।

रबी हो या खरीफ। दोनों सत्र की फसल को बेतरह नुकसान पहुंचाते हैं तरह-तरह के शत्रु कीट। उपाय केवल एक ही है रासायनिक कीटनाशक का छिड़काव किया जाना, लेकिन बड़ी दिक्कत यह कि खरीदी पर बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है, तो तैयार होने वाली फसल की प्राकृतिक गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। अब नई खोज से इन दोनों समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकेगा।

**इसलिए प्राकृतिक कीटनाशक**

रासायनिक कीटनाशक प्रभावी रोक तो लगाते हैं लेकिन प्रतिकूल असर कृषि उत्पादन की गुणवत्ता पर पड़ता है। इसके अलावा मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कमजोर होती है। इसलिए कृषि वैज्ञानिकों ने जो खोज की, उसमें तुलसी और नीम की पत्तियों को उपयुक्त पाया गया है। अब इन दोनों की मदद से सभी प्रकार की कीट व्याधि पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

**ऐसे बनाएं तुलसी और नीम अर्क**

50 ग्राम तुलसी की पत्तियां। रात में 3 लीटर पानी में भिगाएं। सुबह इन पत्तियों को पीस लें। जो अर्क निकलेगा, उसे 8 से 12 मिलीलीटर तरल साबुन के घोल में मिला दें। छिड़काव के लिए तैयार है तुलसी का अर्क। नीम अर्क के लिए 1 किलो हरी पत्तियों को पीसकर 12 घंटे के लिए छोड़ दें। इस समय अवधि के पश्चात निकलने वाला तरल द्रव्य को छानकर मानक मात्रा में तरल साबुन मिलाएं। तैयार है, प्राकृतिक कीटनाशक छिड़काव के लिए।

**यह कीट काबू में**

फल और सब्जी फसलें। लाल मक्खियां, लाल मकड़ी और चित्तीदार भृंग। आम हैं इनका हमला। शत्रु कीट की लगभग हर प्रजाति का आसान निशाना बनती हैं यह दोनों फसलें। तैयार फसल को नुकसान तो पहुंचाते ही हैं, साथ ही मित्र कीट को भी खत्म करते हैं, ऐसे शत्रु कीट। नई विधि से तैयार तुलसी और नीम की पत्तियों के कीटनाशक से इन सभी शत्रु कीट पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।

**पर्यावरण हितैषी तुलसी एवं नीम**

यह रासायनिक कीटनाशकों का एक प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। यह लाभकारी कीटो और परागणकों के लिए सुरक्षित है। तुलसी-नीम आधारित कीटनाशकों में एंटीफंगल और रोगाणुरोधी गुण होते हैं। यह पौधों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार करता है।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री),** बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

# कलेक्टर ने धान उपार्जन के लिए अधिकारियों की ली बैठक

**गरियाबंद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा 1 नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जायेगा। समर्थन मूल्य पर धान कॉमन 2183 रूपये प्रति क्विंटल एवं धान ग्रेड ए 2203 रूपये प्रति क्विंटल की दर से क्रय किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में विगत दिनों संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, मार्कफेड, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के जिला अधिकारी पर्यवेक्षक एवं सुपरवाईजर तथा जिले धान उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



**शासन द्वारा 1 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी**

बैठक में बताया गया कि जिले के 67 समितियों के 90 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान उपार्जन किया जायेगा। कलेक्टर ने धान उपार्जन के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धान का उपार्जन समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से औसत अच्छी किस्म का क्रय करे। धान खरीदी के लिए सभी अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं उपार्जन केन्द्र प्रभारी को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए धान उपार्जन करने को कहा। उन्होंने कहा कि वास्तविक कृषकों से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करे तथा पंजीकृत कृषक अपने नाम की ऋण पुस्तिका को अन्य कृषक को न दे। यह भी ध्यान रखे कि ऋण पुस्तिका पर कोचिया/बिचौलियों द्वारा धान खपाने का प्रयास न करें। धान खरीदी में सभी उपार्जन केन्द्रों के लिए टोकन से खरीदी अनिवार्य है एक किसान को अधिकतम 3 टोकन ही जारी किया जायेगा। किसान का एक टोकन निरस्त करने पर उसका शेष बचे 2 टोकन से ही खरीदी किया जाए।इसलिए टोकन जारी करते समय सावधानी बरते। टोकन निरस्त होने के कारण की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रविष्टि करें। नया टोकन बनाने के लिए रविवार से शुक्रवार तक प्रातः 9.30 से शाम 5 बजे का समय सीमा निर्धारित करे। बैंक खाता सत्यापित नही हुए किसानों का टोकन जारी करने की अनुमति नही है। किसान का समिति सदस्यता क्रमांक दर्ज नहीं हुए किसानों का टोकन जारी करने की अनुमति नही है।

# शीतला पारा में शानदार रामलीला मंचन



**नवापारा-राजिम,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के शीतला पारा स्थित रावण भांठा में राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में पारम्परिक रामलीला मंचन का आयोजन हुआ। मंदिर ट्रस्ट के मोहन अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल सभी परिवार सहित पं. ब्रह्मदत्त शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कुम्हार पारा से आए रामलीला मंडली के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मंडली में आए भगवान श्रीराम के दल से राम के पात्र में जिनेंद्र चक्रधारी, लक्ष्मण भागवत चक्रधारी, अंगद लोकेश महार, सुग्रीव चंदन चौहान, जामवंत नरेश चक्रधारी, हनुमान बंटी प्रजापति आदि ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इसी प्रकार रावण दल से रावण के पात्र में चेतन कुमार चौहान, मेघनाथ प्रीतम चौहान, कुंभकरण अजय कुंभकार, द्वारपाल अक्षय प्रजापति और बसंत चक्रधारी भी अपने-अपने वेशभूषाओं में सुसज्जित नजर आए। रामलीला के मंचन में दर्शक काफी लोटपोट हुए। अंत में रावण वध के पश्चात उपस्थित दर्शकों द्वारा वहां पर लगे सोन पत्ता को तोड़कर एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी। रामलीला को सफल बनाने में भूषण चक्रधारी, विजय चौहान, प्रेम देवांगन, प्रकाश बयां, नूतन ताम्रकार, कौशल साहू, प्रमेन्द्र बयां, टीकम चक्रधारी, सीताराम सोनकर, रामाधार कहार एवं रामायण मंडली का विशेष सहयोग रहा।

# आज भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू नामांकन भरेंगे

**केन्द्रीय राज्यमंत्री व पूर्व मंत्री की उपस्थिति में**



**राजिम,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में नामांकन रैली का आयोजन किया गया है। नामांकन रैली के पहले चुनावी सभा भी होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी भी शामिल होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू और जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अक्टूबर को भाजपा की नामांकन रैली है। जिसमें जिले के दोनो विधानसभा बिंद्रानवागढ़ और राजिम के प्रत्याशी गोवर्धन सिंह मांझी व रोहित साहू अपना नामांकन दाखिल करेंगे। रैली में मुख्य अतिथि रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री और प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी लेखी शामिल होगी। इसके अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवम विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सहित प्रदेश और जिले के कई बड़े नेता भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन रैली के पहले जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में सवेरे 11 बजे से चुनावी सभा भी होगी। सभा में जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहे है।

# विद्यार्थियों ने ली अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ



**गरियाबंद,** 26 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु आज जिले के विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आज शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया मतदाता एवं आम नागरिकों को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। युवा मतदाताओं ने सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी ली। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता पर आधारित रंग-बिरंगे रंगोली बनाकर आम लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। आम नागरिकों एवं मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया।

# अनियंत्रित ट्रक गड्ढे में पलटी ड्राइवर व कंडेक्टर बाल-बाल बचे



**बागबाहरा,** 26 अक्टूबर (देशबंधु)। नुआपाड़ा ओड़िशा से सीमेंट खाली कर वापस आ रहे ट्रक नेशनल हाईवे रोड में वन डिपो चंडी मंदिर के सामने बीती रात्रि में अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। जिसमें ट्रक के ड्राइवर एवं कंडेक्टर बाल-बाल बच गए। पुलिस ने बताया कि उक्त खाली ट्रक ओड़िशा से आते हुए रायपुर जा रहा था। जो बागबाहरा नगर प्रवेश करने के पूर्व ही बीती रात्रि में खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक पलटने के बाद ट्राली अलग एवं उसके अगले हिस्से अलग-अलग दो भागों में कटकर बंट गए। इस मामले की सूचना पुलिस थाना बागबाहरा में दी गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेंट खाली कर नुआपाड़ा ओड़िशा से बागबाहरा की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक एन एल 01 ए जी -9612 नगर प्रवेश करने के पहले ही वन डिपो चंडी मंदिर के सामने नेशनल हाइवे रोड में बीती रात्रि में सड़क किनारे गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ड्राइवर एवं कंडेक्टर बाल-बाल बच गए। उक्त ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में पलटने से ट्राली एवं उसके मुख्य हिस्से अलग होकर दो भागों में बंट गए। उक्त ट्रक खाली होने के कारण किसी भी प्रकार के धनहानि नहीं हुई। बल्कि उक्त ट्रक गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलटने से भारी क्षति हुई है। इस घटना की जानकारी बागबाहरा पुलिस को दे दी गई है। बहरहाल पुलिस ने इस मामले को विवेचना में लिया है। अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे रोड के किनारे बड़े गड्ढे में पलटे ट्रक अभी भी उक्त स्थान पर पड़ा हुआ है।

# दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा में उमड़ी भीड़



**पिथौरा,** 26 अक्टूबर। नगर में नवरात्रि पर्व में विराजित दुर्गा पंडालों में माँ दुर्गा, ज्योत, जंवारा का विसर्जन शोभायात्रा यात्रा मांदर की थाप में जसगीत की धुनों, डीजे संगीत में धूमधाम से निकाली गई। जिसे दर्शन करने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर मे नवरात्रि पर्व का समापन माता विसर्जन शोभायात्रा से की गई। नगर के विभिन्न चौक चौराहों में भव्य पंडालों में विराजित माँ दुर्गा प्रतिमाओं का सार्वजनिक दुर्गा समितियों ने विसर्जन यात्रा निकाली एक साथ माता के विसर्जन यात्रा को देखने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ अपने आराध्य मां दुर्गा को नम आँखों से विदाई दी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह जगह विसर्जन यात्रा में शामिल श्रदालुओं के लिये जल पान, भंडारा का आयोजन किया था। जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जस गीत की धुनों मांदर की थाप में श्रद्धालुओं ने जमकर नाचते गाते दिखे। बाना सांग लिये भक्तों ने सुख, शांति, समृद्धि के लिये माता के प्रति धन्यवाद करते सब की मंगलकामना की प्रार्थना की। विसर्जन शोभायात्रा में साथ चल रहे ज्योत जंवारा धारण किये मातृ शक्तियों का भी जगह जगह पूजा आरती के साथ नारियल, फल आदि प्रदान कर पूजा कीं इसके पूर्व अष्टमी को विभिन्न माता स्थापित स्थलों में यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जहां श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दी, कन्या पूजन बाद भंडारा का भी आयोजन किया। इस अवसर पर नगर के हजारों महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

## आज मनाया जाएगा राजा दशहरा



**फिंगेश्वर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऐतिहासिक राज परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला राजा दशहरा आज बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ पारंपरिक तरीके से भगवान बालाजी श्री राम मावली माता सॉन्ग देवता अस्त्र-शास्त्र की पूजा सभी आवश्यक विधि मंदिर देवालयों में ध्वजारोहण का कार्य पूरे राज परिवार के सदस्यों पंच मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों द्वारा राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह सर्वराकार द्वारा किया जाएगा राजमहल से मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड होते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी इस दौरान लोक नृत्य एवं अस्त्र-शस्त्र धारी सैनिकों की भांति दलबल राजा की सवारी के साथ अगवानी करेंगे हजारों लाखों भक्तों द्वारा भगवान श्री की रथ यात्रा का दर्शन लाभ लेंगे आने वाली क्षेत्र की जनता के लिए सर्व सुविधा की व्यवस्था नगर में की गई है पुलिस बल के द्वारा अपनी व्यवस्था को लेकर पूर्व में ही तैयारी कर ली गई है पूरे मुख्य मार्ग में छोटी-छोटी दुकान मेला की तरह पूरा नगर शोभा देते हुए गेट लगाए गए हैं छत्तीसगढ़ के एवं आसपास क्षेत्र के सरायपाली बसना महासमुंद बागबाहरा राजीम नवापारा गरियाबंद बिंद्रा नवागढ़ दूर दराज से क्षेत्र के लोग राजा दशहरा का उत्सव देखने पहुंचेंगे रात भर लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेंगे राजा नीरेंद्र बहादुर ने दशहरा के दिन आने वाले सभी अतिथियों को आमंत्रित किया है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने प्रशिक्षण का लिया जायजा



**गरियाबंद,** 26 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निर्बाध रूप से संपादित करने के लिए मतदान अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षण में दिया जा रहा है। इस कड़ी में शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद में संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केन्द्रों के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 एवं 3 में लगे अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आए तो तत्काल उसका निराकरण आपके द्वारा किया जा सके। सभी प्रशिक्षाणार्थी ईवीएम और वीवीपेट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यदि पहली बार मतदान करवाने की ड्यूटी लगाई गई है ऐसे अधिकारी प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर तरीके से रखे, ताकि किसी भी प्रकार की गलती होने की संभावना न होने पाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन कार्य मे मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी फार्म-12 भरकर जरूर दें। प्रशिक्षण में 110 मतदान केन्द्रों के अधिकारियों ने ईवीएम मशीनों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## पूर्व विधायक प्रत्याशी सैकड़ों कांग्रेस प्रवेश

**भिलाईनगर।** आज विश्वास यात्रा के दूसरे दिन एक क्रांति सेना के कई पदाधिकारी और सतनामी समाज की वरिष्ठ नेत्री सहित कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा।

## निधन

### श्रीमती केवला सिंह


**भिलाईनगर,** 26 अक्टूबर।



एमआईजी 1/436 हुड़को निवासी श्रीमती केवला सिंह का आज निधन हो गया। वे 80 साल की थी उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वरिष्ठ अधिवक्ता भिलाई इस्पात साइंस के संयंत्र के पूर्व विधि अधिकारी गिरजा शंकर सिंह की पत्नी, प्रेमशंकर सिंह, दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रवि शंकर सिंह की मां, जबलपुर के सांसद राकेश कुमार सिंह की सास थी।

### हज्जन कहकशां अंजुम

**भिलाई नगर,** 26 अक्टूबर।



सेक्टर-6 सड़क-35 निवासी कांग्रेस नेता कलाम खान की हमराह हज्जन कहकशां अंजुम का इंतकाल आज दोपहर लगभग ढाई बजे बीएम शाह अस्पताल मे हो गया। फातिमा ज़ोहरा कमेटी की पूर्व अध्यक्षा कहकशा अंजुम फिलहाल मदरसा दारुल राहत की प्रेसिडेंट थीं। वो अपने पीछे एक बेटी और 3 बेटों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनकी जनाज़े की नमाज़ सेक्टर-6 जामा मस्जिद मे जुमे की नमाज़ के बाद अदा की जाएगी और उसके बाद रामनगर स्थित हैदर गंज कब्रिस्तान मे उन्हे सुपुर्द ए खाक़ किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिले के तीनों विधानसभा ...

पत्र लिया है। जिसमें ग्राम सेंदरी से रेशम लाल जोगी, भाटापारा नगर से राधेश्याम शर्मा, ग्राम अकलतरा से सेवकराम साहू, ग्राम बुड़गहन से खेमदास टण्डन, ग्राम लेवई से राधेलाल मिर्झा एवं ग्राम तरपोंगा से राजेन्द्र कुमार जांगड़े शामिल है। इस तरह भाटापारा के लिए अभी तक कुल 19 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसके साथ ही 1 अभ्यर्थी इंद्रकुमार साव ने अपना दोबारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए है। इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज चौथे दिन 20 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। आज दिनांक तक कुल 59 नाम निर्देशन पत्र लिए गए है एवं नाम निर्देशन पत्र कुल जमा करने वालों की संख्या 8 है।

### धमतरी जिले की तीनों ...

जिले में मतदान होगा और 3 दिसम्बर को मतों की गणना की जायेगी। इसके लिए अभ्यर्थियों द्वारा 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। इसी तरह 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा आगामी 2 नवम्बर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### मेरी सरकार बनी तो ...

उन्हें उस मकान जमीन का पट्टा। कहा कि दारू दुकान पूरे प्रदेश में बंद जो जाएंगे और उसकी जगह दुध की दुकाने चलेगी। राजिम सहित प्रदेश के चार स्थान शिवरीनारायण, गिरौदपुरी और सोनाखान का कायाकल्प 10 हजार करोड़ रूपए लगाकर करेंगे। प्रारंभ में पार्टी के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर निषाद और किरण टंडन ने संबोधित किया।

### कांग्रेस नेता गोरेलाल ने दाखिल ...

एवं सरपंच संघ कसडोल विकासखंड की अध्यक्ष है और स्वयं वर्तमान में बलौदाबाजार -भाटापारा जिला का जिला पंचायत क्षेत्र क्र.18 से सदस्य एवं सहकारिता एवं उद्योग विभाग का सभापति है। इस तरह आज तक उनके परिवार ने एक भी चुनाव नहीं हारा है।

निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के सम्बन्ध में पूछने पर गोरेलाल साहू ने बताया कि चुकि मैं कांग्रेस पार्टी के किसी पद में नहीं हूं किन्तु हमेशा से कांग्रेस समर्थक रहा हूँ। इसीलिए कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की इच्छा थी। कांग्रेस पार्टी ने किसी भी स्थानीय व्यक्ति को प्रत्याशी बनाते तो मैं निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ता। कांग्रेस पार्टी ने क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को टिकट दिया है, इसीलिए कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जन भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र भर कर लोगों के सहयोग से चुनाव जीतूंगा। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि चाहे चुनाव का परिणाम जो भी हो मैं हमेशा लोगों के बीच रहकर उनके सुख दुख में भागीदार रहूँगा। वहीं क्षेत्र के मूलभूत समस्याओ एवं आवश्यकताओं जैसे सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए काम करने का लक्ष्य रखते हुए आम नागरिकों की सेवा करने के लिए तत्पर रहुंगा। उल्लेखनीय है कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रभावशील साहू समाज के कांग्रेस नेताओं द्वारा कसडोल विधानसभा के लिए कांग्रेस से टीकट की मांग की गई थी। लेकिन पैरासूट प्रत्याशी उतार देने के चलते क्षेत्र के समाज के लोगों में नाराजगी देखी गयी। जिसके चलते समाज एवं समर्थको से रायसुमारी कर आशिर्वाद लेते हुए गोरेलाल साहू ने निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल कर चुनाव मैदान मे सक्रिय हो गया है। इन संभावनाओं को लेकर गत दिवस देशबन्धु ने समाचार प्रकाशित की थी जो आज चरितार्थ होते दिखाई दे रहा हैं। पर देखना है कि नामांकन वापसी तक की स्थिति क्या बनती बिगडती है।

### पटाखा दुकानों में सुरक्षा ...

पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए (इसकी मानक क्षमता 6 फीट होती है)। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होना चाहिए। पटाखा दुकानें के सामने बाइक/कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाये। अग्निशमन वाहन को उपलब्धता के अनुसार शाम 7 बजे से 10 बजे तक स्टैंड बाई ड्यूटी हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। उक्त एडवायजरी का पालन नहीं करने पर संबंधित संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# पूर्व नपं अध्यक्ष पवन सोनकर ने भाजपा का दामन छोड़, कांग्रेस प्रवेश कर की घर वापसी



**राजिम,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। 25 अक्टूबर को राजिम के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एव पूर्व सोसायटी अध्यक्ष पवन सोनकर ने छत्तीसगढ़ के किसान हितैसी यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा राजिम के विकास पुरुष के नाम से प्रख्यात अमितेश शुक्ल के जनहितैषी कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा से स्वीकार देकर कांग्रेस प्रवेश कर घर वापसी की। यहां यह बताना लाजिमी होगा की पवन सोनकर राजिम नगर पंचायत के तथा राजिम सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष रहे है। विधानसभा चुनाव के ऐन पहले उनका भाजपा को छोड़ कांग्रेस में प्रवेश करना, भाजपा के लिए एक बड़ा झटका है। मिली जानकारी के अनुसार पवन सोनकर पिछले चुनाव के बाद कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश किए थे मगर भाजपा ने उन्हें किसी प्रकार की तवज्जो नहीं दी जिसके चलते वे भाजपा से नाराज चल रहे थे चुनाव के दौरान भी उनकी कोई पूछ परख नहीं होने के कारण उन्होंने भाजपा छोड़ वापस कांग्रेस प्रवेश किया। श्री सोनकर ने इसे अपने घर वापसी बताया।

# गोंडवाना शुभ विवाह छग का नि:शुल्क बॉयोडाटा का व्हाट्सअप ग्रुप का शुभारंभ




**पलारी**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुछ लोग भले ही सोशल मीडिया को मनोरंजन या किस्से कहानियों का जरिया माने,लेकिन जिले में गोंडवाना शुभ विवाह छ. ग.का नि:शुल्क वैवाहिकी बॉयोडाटा एक व्हाटसअप मैरिज समूह बनकर उभरा है! इसमें 7साल में ग्रुप के जरिये बड़ादेव की आशीर्वाद से 500 से अधिक रिस्ते तय हुये है! यह एक अनुकरणीय और सामाजिक सेवा गोंड़ समाज ने युवक -युवती परिचय ग्रुप बनाकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अक्टूबर 2023 से पुन: प्रारंभ किया जा रहा है !

युवक और युवतियों के परिचय और रिस्ते तय करने के लिये ग्राम बाँसबिनौरी,नगर पंचायत पलारी जिला बलौदाबाजार निवासी भानु ध्रुव ने 1 फरवरी 2017 को गोंडवाना शुभ विवाह छ. ग. नि:शुल्क बॉयोडाटा युवक-युवती परिचय के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है !उनकी इस अनोखी सोच और पहल को अनेक समाजिक लोगो ने सराहा है! व्हाट्सएप ग्रुप की सफ़लता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ग्रुप मे 7 साल में ही 500 से अधिक रिश्ते तय हुये है! ग्रुप से जुड़े गोंड़ समाज के सदस्यों का कहना है कि सोशल मीडिया का ये प्रयोग बेहद सुखद है,क्योंकि भाग दौड़ भरी जिंदगी व रिश्तो के सीमित होते दायरों में लोगो को अच्छी बहु व दामाद तलाशने में लंबा समय लग जाता है! इस दौर में इस ग्रुप ने रिश्ते तलाशने का अच्छा प्लेटफार्म लोगो को दिया है! बेटे बेटी के लिये अच्छे रिश्ते की खोज यदि घर बैठे हो जाए तो अभिभावकों के लिये इससे अच्छा कुछ हो नही सकता! इससे पैसे की बर्बादी भी रुकती है!

**सोशल मीडिया पर बनाया ग्रुप 7 साल में 500 से अधिक रिश्ते तय**

**अलग अलग कैटेगरी के मिलते है बॉयोडाटा:** गोंडवाना शुभ विवाह नि:शुल्क बॉयोडाटा ग्रुप की विशेषता यह है कि यंहा अलग अलग कैटेगरी के हिसाब से बॉयोडाटा मिल जाते है! इसमें गृहणी, व्यवसायी, डॉक्टर, सी.ए. इंजिनीयर , ग्रैजुएट, नॉन मैट्रिक, विधवा, विधुर,तलाक़शुदा, आदि को अपने मनपसंद रिश्ते चुनने में आसानी हो रही है! ग्रुप के एडमिन भानु ध्रुव पलारी,नरेंद्र सिंह ध्रुव-रायपुर, थानू ध्रुव (नेताम) बलौदाबाज़ार, देवी प्रसाद मरकाम बलौदाबाज़ार, कमलेश मंडावी पलारी, राजकुमार ध्रुव भाटापारा, देवेंद्र नेताम भिलाई, रामबगस नेताम बिलाईगढ़, द्रोण ध्रुव भाटापारा,तानेश्वर कुंजाम छुरा रूपेश नागवंशी भाटापारा, प्रेमीन ध्रुव पलारी का बतौर सहयोग मिल रहा है! उल्लेखनीय है कि व्हाटसअप विवाह ग्रुप 5 बना हुआ है जिसमे 18 प्रकार के नियम व शर्ते बनाया गया है ,सभी को नियम पालन करते हुये समूह के सदस्यों को निर्देशित किया गया है,जिसमे प्रदेश भर के कई जिलों से सामाजिक लोग व विवाह योग्य युवक युवती जुड़े हुये है! ग्रुप में लगभग 3000 से अधिक सदस्य है,एडमिन से सम्पर्क कर ग्रुप में नाम,उम्र,गोत्र, पता, देकर समूह में जुड़ सकते है एवं बॉयोडाटा प्रेषित कर सकते है!

**नि:शुल्क व नि:स्वार्थ भाव से काम कर रहे है : भानु**

गोंडवाना शुभ विवाह नि:शुल्क बॉयोडाटा के एडमिन भानु ध्रुव ग्रुप की सफलता का श्रेर्य ग्रुप से सहायक एडमिन एवं जुड़े सदस्यों को दिया है! उनका कहना है सभी के सहयोग से आगे भी इस तरह की नि:शुल्क व नि:स्वार्थ सेवा देने का प्रयास करेंगे! ग्रुप के सभी सहएडमिन नि:शुल्क एवं नि:स्वार्थ सेवा दे रहे है!

इस अवसर पर शुभारंभ के मौके पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, उपाध्यक्ष मनोहर मण्डावी,जिला सहसचिव दशरथ ध्रूव, अभय ध्रूव, संरक्षक टेक सिंह ध्रूव,गैन्दराम ध्रूव, प्रताप सिंह नाग,के.पी.ध्रूव,बालाराम मरकाम,नोहरी लाल ध्रूव, डॉ बी.एस.ध्रूव, यू.के नागवंशी, छन्नू ध्रुव, धनंजय ध्रूव,मुन्ना लाल ध्रुव, यशवंत ध्रुवे ,मोतीलाल मण्डावी,प्यारे लाल ध्रूव, विजेन्द्र मरकाम,अजय ध्रूव, कामेश मण्डावी,उमाशंकर ध्रूव, मनहरण लाल ध्रूव ,कृष्णा ध्रुव,कुलदीप ध्रूव, केशव कुंजाम, नोहर सिंह नेताम,संदीप ध्रूव, विजय ध्रूव, राधा ध्रुव,देवकी ध्रूव,पदमनी ध्रूव,पार्वती ध्रुव, ने प्रशन्नता जाहिर करते हुये अधिक से अधिक जुड़ने की बात कही!

# विधायक किस्मत लाल नन्द जोगी कांग्रेस में शामिल



**सरायपाली**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस विधायक किस्मत लाल नन्द की टिकट कटने से नाराज हो कर आजजोगी कांग्रेस में शामिल हो गए आज 26 अक्टूबर को दोपहर को जोगी बंगला पहुँच कर जनता कांग्रेस जोगी में शामिल हो गए श्री नन्द अकेले ही पार्टी छोड़ कर जोगी कांग्रेस में गए हैं कोई पदाधिकारी के शामिल होने की जानकारी नहीं है श्री नन्द के जोगी कांग्रेस में शामिल होते ही पार्टी ने उन्हें सरायपाली से प्रत्याशी घोषित कर दिया इस सारे घटना क्रम में सरायपाली के पूर्व विधायक जोगी कांग्रेस के उपाध्यक्ष डॉ हरिदास भारद्वाज की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है डॉ भारद्वाज की पार्टी ने पहले सरायपाली से प्रत्याशी घोषित किया था प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नन्द अपने टिकट के प्रति पूर्ण रूप से आश्वस्त थे 22 अक्टूबर की शाम तक कार्यकर्ताओं से कह रहे थे कि आज रात या कल तक टिकट फाइनल हो जाएगी टिकट मुझे ही मिलेगी वे कहते थे कि गाड़ा समाज में मेरे से बड़ा चेहरा कौन है लेकिन जब टिकट चातुरी नन्द को मिली तो श्री किस्मत लाल नन्द आहत हो गए और इस सदमे को सह नहीं पाए उनके समर्थ उन पर दबाव बनाने लगे कि आप निर्दलीय चुनाव लड़े पार्टी ने आपकी उपेक्षा की है क्षेत्र की जनता के लिए आपने काम किया है सक्रिय विधायक की टिकट काट दिया गया कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने की जरूरत है लेकिन विधायक नन्द ने कार्यकर्ताओं से कहते रहे कि धैर्य रखें सब ठीक हो जायेगा।

**सरायपाली से लड़ेंगे चुनाव कांग्रेस को लगा झटका**

# नम आँखों से दी गई माता को विदाई



**पलारी**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। अँचल मे रविवार और सोमवार को देवालयो और दुर्गा पँडोलो मे मँत्रोचार के साथ हवन पूजन कर यज्ञ कुँड मे स्वाहा स्वाहा किया गया पश्चात नगर मे अधिकतर जगहो मे रात मे ही चमरी तालाब में विसर्जन किया वही वार्ड नं 12 दुर्गोत्सव समिति 51 मूर्तियों वाली माता को नगर भ्रमण करते हुए 8 ट्रेक्टर वाहन मे साथ मे धमाल और डीजे के धुन में नाचते गाते हुए माता को अँतिम विदाई दी गई वही तिसरे बुधवार को भी विसर्जन का सिलसिला जारी रहा यहां व्यपारी दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्टेट बैँक के पास विराजी माँ दुर्गा प्रतिमा का देवी जसगीतो के गानो मे उत्साह और उमँग से नाचते गाते विसर्जन किया गया इस दौरान व्यापारी सँघ के आशीष साहू ,नागेश धीवर, अमन साहू ,सैम साहू, चंदन साहू ,श्रवण ,रवि, कुलेश्वर धीवर, सूरज वर्मा,शौर्य चंद्राकर, मनहरण निषाद, पंडा मंजू सपहा, यशवंत धीवर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की नामांकन रैली आज



**गरियाबंद**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में नामांकन रैली का आयोजन किया गया है। नामांकन रैली के पहले चुनावी सभा भी होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी भी शामिल होगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू और जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अक्टूबर को भाजपा की नामांकन रैली है। जिसमें जिले के दोनो विधानसभा बिंद्रानवागढ़ और राजिम के प्रत्याशी गोवर्धन सिंह मांझी व रोहित साहू अपना नामांकन दाखिल करेंगे। रैली में मुख्य अतिथि रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री और प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी लेखी शामिल होगी।

इसके अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवम विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सहित प्रदेश और जिले के कई बड़े नेता भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन रैली के पहले जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में सवेरे 11 बजे से चुनावी सभा भी होगी। सभा में जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहे है।

**केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के उपस्थिति में दोनो प्रत्याशी भरेंगे नामांकन**

# वेदराम मनहरे नहीं लड़ेंगे चुनाव, आरंग में डॉ. शिव डहरिया और गुरु खुशवंत में सीधा मुकाबला



**आरंग**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा में वेदराम मनहरे के निर्दलीय चुनाव लड़ने की अटकलों को विराम लग गया है ।मनहरे ने भाजपा पार्टी के हित में निर्दलीय चुनाव नही लड़ने का फैसला किया है ।अब आरंग में कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया का सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी गुरु खुशवंत साहेब से होगा। आपको बता दे कि भाजपा से वेदराम मनहरे टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन भाजपा ने सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के बेटे गुरु खुशवंत को टिकट दे दिया जिसके बाद से आरंग भाजपा में विरोध का दौर शुरू को गया था ।वेदराम मनहरे के निर्दलीय चुनाव नही लड़ने के फैसले से भाजपा पार्टी के पदाधिकारियों ने जरूर राहत की सांस ली होगी लेकिन पार्टी द्वारा लगातार सर्वे कराए जाने के बाद भी सर्वे में शामिल दावेदारों को टिकट न देना पार्टी के कार्यकर्ताओं को हजम नही हो रहा है।

# कार्यकर्ता नींव का पत्थर होता है : चातुरी नन्द



**सरायपाली**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। आर एस स्कूल बगईजोर में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नन्द ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजनीति के क्षेत्र में यह मेरी पहली सीढ़ी है इसके लिए आपकी कर्जदार हूँ रही बात सम्मान की तो आपको सम्मान दूँगी तब मुझे सम्मान मिलेगा कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी कार्यकर्ता नीव का पत्थर है कार्यकर्ता मजबूत होगा तो मैं मजबूर होऊंगी मुझे कार्यकर्ता मानसम्मान का भूखा होता है जानकारी मिली है कि कांग्रेस के 11प्रकोष्ठों में नियुक्ति नई हुई है उसे पूरा करना है आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी विधानसभा प्रभारी नरेंद्र सेन ने कहा कि सुनना महेंद्र नायक सीता पटेल गिरधारी साहू रतन बंजारे हेमसागर पटेल हरदीप सिंह रैनासब की है करना अपने हिसाब से है उन्होंने ब्लाक अध्यक्षों से कहा कि कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नन्द को जीता कर लाने की जिम्मेदारी आप लोगों की है उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गद्दारी नहीं चलेगी गद्दारो पर तुरंत कार्यवाही होगी घोषणा पत्र के सहारे चुनाव नहीं जीत सकते कार्यकर्ताओं को घर घर जा कर कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकारी देना होगा क्षेत्र की जनता से सम्पर्क में रहे सभा को भंवरपुर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिदार शहर अध्यक्ष रामनारायण आदित्य ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल विश्वनाथ नायकआदि ने संबोधित करते हुए भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नन्द को भारी बहुमत से विजयी बनाने की बात कही संचालन संतलाल बारिक ने किया नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में मुख्यछुईपाली अध्यक्ष बलराम भोई युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज बीसी रूपबसना जनपद पंचायत अध्यक्ष रुक्मिणी पटेल विमला नायक से दौलत रात्रे कुमुदिनी भोई पूजा तिवारी तिरिथ कुमारी मानिकपुरी युधिष्ठिर तांडी संजय प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता जनाब खान डब्बू सेन मनोहर खाखा गोकुल चौधरी उत्तरा पटेल रामदयाल पटेल बलराम पटेल चित्र सेन बीसी मोहन पटेल प्रमोद ग्वाल परसु चौहान वीरेन्द्र पटेल मोहित रौतिया मनोरंजन भोई मनभंजन पटेल नरेन्द्र साहू बिरंची बेताल मोहन गुप्ता हीरा लाल साहू राजेश मेहेर कल्याण सिंह सिदार सन्त कुमार पटेल पिंगल गार्डिया तेजराम पटेल नीलांचल भोई परमानन्द नायक जफर खान फिरोज खान शहादत हुसैन मनोज यादव निर्मल प्रधान दीपक साहू सुनील नायक मणि साहू मायाधार डडसेना विजय यादव मोहन भोई दीपक मखीजा नूतन अग्रवाल अनंत अग्रवाल गोपाल अग्रवाल शम्भू चौहान मोहन भोई अमृत पटेल पुरुषोत्तम चौधरी अर्जुन बंसोड़सुरेश भोई साधुराम विनोद चौहान सहित पांच सरपंच जनपद सदस्य राजीव युवा मितान क्लब गोठान समिति सोसायटी के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकता उपस्थित थे

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन की व्यवस्था का भौतिक सत्यापन की



**बिलाईगढ़**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने निर्वाचन भंडार गृह, निर्वाचन कार्यालय, वाहन कक्ष, प्रेक्षक कक्ष, मतदान दलों की रवानगी-वापसी कक्ष आदि का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने लोक निर्माण विभाग और सारंगढ़ के मंडी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन मूलभूत सुविधाओं और वाहन व्यवस्था के नोडल अधिकारी से उपलब्ध और आवंटित वाहनों की जानकारी ली। इसी प्रकार भंडार कक्ष में आवश्यक प्रपत्रों, मोकपोल सहित अन्य सील, स्टांप, निर्वाचन नियमावली के पुस्तक आदि की उपलब्धता की जानकारी ली। इस अवसर पर डॉ. सिद्दीकी ने मतदान दलों को संबंधित मशीनों का वितरण के बाद रवानगी और वापसी का रजिस्टर में रिपोर्टिंग आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

# रावण की नाभि पर छोड़ तीर फिर हुआ रावण का वध



**खरोरा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)।ग्राम केशला में रामलीला का मंचन मंगलवार को किया गया। मंचन के पूर्व कलाकारों द्वारा गणेश वंदना एवं माता सेवा का वंदना किया गया। सभी अतिथियों द्वारा भगवान रामचन्द्र भैया लक्ष्मण माता सीता हनुमान जी, जामवंत एवं वानर सेना का पूजा अचर्ना किया गया। दशहरा पर्व को ग्रामीण अंचल में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव में परंपरागत रामलीला का मंचन हुआ।जिसका आनंद ग्रामवासियों ने देर रात तक उठाया। केशला क्षेत्र के अंचल में दशहरा आयोजन की तैयारी मंगलवार देर शाम तक पूरी कर ली गई थी। विजयादशमी पर्व पर सत्य की जीत और असत्य की हार हुई। जिसमें रामलीला का मंचन हुआ। रावण भाठा मैदान में जमकर आतिशबाजी की गई। रणभूमि में एक तरफ रावण दल तो दूसरी तरफ राम दल था। दोनों दल के बीच घमासान युद्ध हुआ। 61 फीट का रावण का पुतला दहन किया गया। राम को रावण के भाई विभीषण ने बताया कि रावण के नाभि में अमृत कुंड है। नाभी में बान चलाओ, तभी रावण की मृत्यु होगी। राम ने रावण के नाभी में तीर कमान चलाई तब जाकर श्री राम कहते हुए रावण ने अपने प्राण त्यागे ।

# एकादशी पर आदर्श रामलीला का मंचन भगवान के राज्याभिषेक के साथ हुआ समापन

## रामलीला के मंचन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी वर्गों को मंडली ने किया साधुवाद



**भाटापारा**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श रामलीला नाटक मंडली के 104 वर्ष के मंचन का आखिरी दिन भगवान श्रीराम की राज्याभिषेक से पूर्ण हुआ। भगवान श्रीराम, सीताजी, लखन लालजी,भरतजी, शत्रुघ्नजी, गुरु वशिष्ट के रूप में भगवान के राम दरबार की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। राजगद्दी के उपलक्ष में आम जनता की तरफ से अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सुनील गुप्ता, ठाकुर क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि के रूप में मुन्ना सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, बसंती ठाकुर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उपस्थित रही। संरक्षक मंडल की तरफ से सत्यनारायण जोशी, अशोक तिवारी, गौरी भाई जोशी उपस्थित थे। भाटापारा शहर की अति प्राचीन भजन मंडल सखी परिकर पंचायती मंदिर की महिलाओं के द्वारा आरती में उपस्थित उल्लेखनीय रही। करीब 70 वर्ष पुरानी सखी परिकर का रामलीला के संचालक मंडल ने स्वागत किया। सखी परिकर की प्रतिनिधि के रूप में गंगा जोशी, शांति भुषानिया, सरला नत्थानी ममता अग्रवाल कलाकार अभी की दादी,शारदा बंसल, पुष्पा दाउ, ममता अग्रवाल, लता बंसल शुभी अग्रवाल एवं संगीता चौरसिया उपस्थित थे। अपने संबोधन में बसंती ठाकुर ने सभी कलाकारों एवं व्यवस्थापकों का अच्छा कार्य करने के लिए बधाई दी, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने इतनी शानदार मंचन के लिए आयोजक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी परिषद से जो व्यवस्था बनेगी वह हम जरूर करेंगे शायद इससे भी ज्यादा अच्छा करने का प्रयास होगा । सखी परिकर के तरफ से बोलते हुए गंगा जोशी कलाकार राम की दादी ने कहा कि आज सखी परिकर अभिभूत हो गया है इस मंच पर राम दरबार की आरती करके विगत 70 वर्षों से पुरानी सखी परिकर को बड़ी प्रसन्नता हुई ऐसे आयोजन से शांति भुषानिया ने कहा कि शहर में रहते हुए मुझे करीब 30 बरस हो चुके, पहली बार मैं रामलीला प्रांगण में आकर बहुत ज्यादा आनंदित हुई भक्ति भाव से सरोबार हो गई इसका एहसास मुझे बहुत रोमांचित कर रहा है । शुभी अग्रवाल ने कहा कि इस रामलीला मंचन को मैं लगातार 10 दिनों से देख रही हूं वह मेरे बेटे के सहयोगी कलाकारों के साथ मेरा निरंतर वार्तालाप बना रहता है अंत में संगीता चौरसिया ने कलाकारों एवं नन्हे मुन्ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ अच्छे संस्कारों की शिक्षा दी और दशहरा मैदान की व्यवस्था को उन्होंने ऐतिहासिक सफल बताया।

**11 दिनों के मंचन का भगवान राज्याभिषेक के साथ हुआ समापन, रामलीला मैदान पर हुई आतिशबाजी**